जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

39वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन

(1 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2009 तक)

नई दिल्ली–110067

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
मुख्य अंश	**1 - 11**
आख्यान	**12 - 15**
↳ **शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश**	**16 - 21**
↳ **विश्वविद्यालय के निकाय**	**22 - 25**
↳ **संस्थान और केन्द्र**	**26 - 245**
↳ कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	26 - 35
↳ जैव प्रौद्योगिकी संस्थान	36 - 40
↳ कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	41 - 45
↳ पर्यावरण विज्ञान संस्थान	46 - 53
↳ अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	54 - 89
↳ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	90 - 94
↳ भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	95 - 123
↳ जीवन विज्ञान संस्थान	124 - 136
↳ भौतिक विज्ञान संस्थान	137 - 144
↳ सामाजिक विज्ञान संस्थान	145 - 227
↳ विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	228 - 236
↳ संस्कृत अध्ययन केन्द्र	237 - 241
↳ आणविक चिकित्सा-शास्त्र केन्द्र	242 - 245
↳ **अकादमिक स्टाफ कालेज**	**246 - 249**
↳ **छात्र गतिविधियाँ**	**250 - 256**
↳ **कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं**	**257 - 262**
↳ **विश्वविद्यालय प्रशासन**	**263 - 265**
↳ **विश्वविद्यालय वित्त**	**266 - 268**
↳ **पाठ्येत्तर गतिविधियां**	**269 - 275**
↳ यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति (जीएसकैश)	
↳ पूर्व छात्रों से संबंधित मामले	
↳ जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान	
↳ अन्तरराष्ट्रीय सहयोग	
↳ **केन्द्रीय सुविधाएं**	**276 - 284**
↳ विश्वविद्यालय पुस्तकालय	
↳ विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र	
↳ उच्च यंत्रीकरण सुविधा	
↳ विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन ब्यूरो	

- ***शिक्षकों के प्रकाशन*** **285 – 364**
- ***शिक्षकों की शोध परियोजनाएं*** **365 – 381**

परिशिष्ट **382 – 393**

- ***विश्वविद्यालय निकायों की सदस्यता***
  - *विश्वविद्यालय कोर्ट* 382 – 386
  - *कार्य परिषद* 387
  - *विद्या परिषद* 388 – 392
  - *वित्त समिति* 393
- ***शिक्षक*** **394 – 407**
  - *शिक्षक* 394 – 403
  - *इमेरिट्स/ऑनरेरी प्रोफेसर* 404
  - *शिक्षकों की नियुक्तियां* 405 – 406
  - *पुनर्नियुक्ति के बाद अंतिम रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक* 406
  - *त्यागपत्र देने वाले शिक्षक* 406
  - *स्थायी हुए शिक्षक* 407
  - *स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक* 407
- ***शोध छात्र*** **408 – 439**
  - *पी–एच.डी.* 408 – 423
  - *एम.फिल.* 423 – 438
  - *एम.टेक* 439

....

विश्वविद्यालय के अधिकारी
(31.3.2009 को)

प्रो. यशपाल	कुलाधिपति
प्रो. बी.बी. भट्टाचार्य	कुलपति
प्रो. राजेन्द्र प्रसाद	कुलदेशिक
प्रो. रामाधिकारी कुमार	कुलदेशिक
प्रो. वी.के. जैन	कुलसचिव और डीन (छात्र)
श्रीमती रेवती बेदी	वित्त अधिकारी
डॉ. एस. चन्द्रसेकरन	समन्वयक (मूल्यांकन) कार्यकारी पुस्तकालयाध्यक्ष

अध्ययन संस्थानों के डीन

प्रो. एच.एस. शिवा प्रकाश	डीन, क.सौ. शा. सं.
प्रो. अपर्णा दीक्षित	डीन, जै.प्रौ.सं.
प्रो. एन. परिमाला	डीन, कं. व प.वि.सं.
प्रो. के.जी. सक्सेना	डीन, प.वि.सं.
प्रो. वाई.के. त्यागी	डीन, अं.अ.सं.
प्रो. इंदिरा घोष	डीन, सू.प्रौ.सं.
प्रो. शंकर बासु	डीन, भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. आर. मधुबाला	डीन, जी.वि.सं.
प्रो. रूपमंजरी घोष	डीन, भौ.वि.सं.
प्रो. हरजीत सिंह	डीन, सा.वि.सं.

अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष

प्रो. अनुराधा एम. चिनॉय	अध्यक्ष, रू.म.ए.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. चिन्तामणि महापात्रा	अध्यक्ष, क.यूएस.ले.अ..अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. संगीता बंसल	अध्यक्ष, अं.व्या.वि.के/अं.अ.सं.
प्रो. अजय कुमार दुबे	अध्यक्ष, प.ए.अ.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. पी. सहदेवन	अध्यक्ष, द.म.द.पू.ए.द.प.म.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. श्रीकांत कोंडापल्ली	अध्यक्ष, पू.ए.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. राजेश राजगोपालन	अध्यक्ष, अं.रा.सं.नि.के./अं.अ.सं.
प्रो. भरत एच. देसाई	अध्यक्ष, अं.वि.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. आर.के. जैन	अध्यक्ष, यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. चन्द्रजीत सिंह	अध्यक्ष, रू.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. एस.ए. रहमान	अध्यक्ष, अ.अ.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. शंकर बासु	अध्यक्ष, स्पे.पु.इ.ले.अ.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. अन्विता अब्बी	अध्यक्ष, भा.वि.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. चमन लाल	अध्यक्ष, भा.भा.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. अख्तर महदी	अध्यक्ष, फा.म.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. अनिता खन्ना	अध्यक्ष, जा.उ.पू.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. प्रियदर्शी मुखर्जी	अध्यक्ष, ची.द.पू.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. एन. कमला	अध्यक्ष, फ्रे.फ्रें.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. राजेन्द्र डेंगले	अध्यक्ष, ज.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. एस.के. सरीन	अध्यक्ष, अं.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. गीता बी. नाम्बिसन	अध्यक्ष, जा.हु.शै.अ.के./सा.वि.सं.
डॉ. पी.एन. देसाई	अध्यक्ष, वि.नी.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. नीलाद्री भट्टाचार्य	अध्यक्ष, ऐ.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. सी.पी. चन्द्रसेखर	अध्यक्ष, आ.अ.नि.के./सा.वि.सं.

प्रो. तिलपुत नांग्रब्री	अध्यक्ष, सा.प.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. मोहन राव	अध्यक्ष, सा.चि.सा.स्वा.के./सा.वि.सं.
प्रो. आर.के. शर्मा	अध्यक्ष, क्षे.वि.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. वी. रोड्रिग्ज	अध्यक्ष, रा.अ.के./सा.वि.सं.
डॉ. भगत ओइनाम	अध्यक्ष, द.शा.के./सा.वि.सं.
प्रो. नीरजा गोपाल जयाल	अध्यक्ष, वि.अ.अ.के.
डॉ. आर.के. त्यागी	अध्यक्ष, आ.चि.शा.के.
प्रो. शंकर बासु	अध्यक्ष, सं.अ.के.
प्रो. सरस्वती राजू	निदेशक, महिला अध्ययन कार्यक्रम
प्रो. कुणाल चक्रबर्ती	निदेशक, अकादमिक स्टाफ कॉलेज

विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी

डॉ. सचिदानन्द सिन्हा	एसोसिएट डीन (छात्र)
श्रीमती दमयंती वी. ताम्बे	उप निदेशक (शारीरिक शिक्षा)
डॉ. गौतम पात्रा	मुख्य चिकित्सा अधिकारी
प्रो. हिमाद्री बी. बोहिदार	मुख्य कुलानुशासक
डॉ. अरुण के. मोहन्ती	अध्यक्ष, विदेशी छात्र सलाहकार
प्रो. के.सी. उपाध्याय	निदेशक (प्रवेश)
प्रो. आदित्य मुखर्जी	निदेशक, ज.ने.उच्च अध्ययन संस्थान
प्रो. आनन्द कुमार	मुख्य सलाहकार, पूर्व छात्रों से संबंधित मामले
श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	जन–सम्पर्क अधिकारी

सम्पादकीय मण्डल (वार्षिक प्रतिवेदन)

प्रो. जी.जे.वी. प्रसाद,	अध्यक्ष
डॉ. देवेन्द्र कुमार चौबे	सदस्य
डॉ. एन्ड्रयू लिन	सदस्य
डॉ. रोहिनी मुथुस्वामी	सदस्य
श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	सदस्य सचिव

मुख्य अंश

महान राजनेता और विचारक पं. जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रीय स्मारक के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1966 में की गई थी। विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन 14 नवम्बर 1969 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

> *'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान, प्रज्ञान एवं समझदारी का प्रसार व अभिवृद्धि करना तथा विशिष्टतः उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यन्त काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तरराष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।'*

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और शिक्षकों को विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने और उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- विश्वविद्यालय में अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तरराष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय के संस्थानों, केन्द्रों और अन्य निकायों की गतिविधियों का 1 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2009 तक का विवरण नीचे दिया गया है।

संस्थान

विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः संस्थान और इनमें केन्द्र होंगे। विश्वविद्यालय में इस समय 10 संस्थान हैं :

- कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
- जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान
- कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण विज्ञान संस्थान
- अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
- सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
- जीवन विज्ञान संस्थान
- भौतिक विज्ञान संस्थान
- सामाजिक विज्ञान संस्थान

इनके साथ–साथ निम्नलिखित विशेष केन्द्र हैं :

- विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र
- आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र
- संस्कृत अध्ययन केन्द्र

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान की स्थापना वर्ष 2001 में हुई और यह निरन्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है। अपनी स्थापना के अल्पकाल में ही यह संस्थान पारम्परिक और समसामयिक प्रकृति के कला एवं व्यवहार के भिन्न सिद्धान्तों के क्षेत्रों में अन्तरविषयक अध्ययन और शोध को उन्नत कराने वाला केंद्र बन गया है।

संस्थान ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अनेक सुप्रसिद्ध विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किए, जिनमें शामिल हैं – डॉ. पेद्रो मौरा कार्वाल्हो, हार्वर्ड विश्वविद्यालय; जेनेट लिल्ली, ओल्सोई, डेनमार्क आदि। संस्थान के शिक्षकों ने लगभग 45 राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान पाने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – पारुल दवे मुखर्जी; कविता सिंह; एन.पी. अहूजा और रजनी मजुमदार।

जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान को वर्ष 2006 में एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण द्वारा जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए पूरे देश में प्रथम स्थान पर घोषित किया गया। संस्थान जैव–प्रौद्योगिकी में एम.एस–सी. और पी–एच.डी. दोनों पाठ्यक्रम चलाता है। संस्थान, जैव–प्रौद्योगिकी, जैव–रसायन, जैव–भौतिकी, सूक्ष्म जीवविज्ञान, अणु जीवविज्ञान के भौतिक–रसायनिक पक्षों के शिक्षण पर बल देता है और एन्जाइम विज्ञान, जैव–रसायन इंजीनियरी, फर्मनटेशन टेक्नोलाजी और प्रतिरक्षा प्रौद्योगिकी में विशेषीकृत कोर्स भी चलाता है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान में व्याख्यान देने आए सुप्रसिद्ध विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. क्रिस्टोफर फ्रेंको; फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया; डॉ. लालजी सिंह, सी.सी.एम.बी., हैदराबाद, माटिया सिलो, स्विट्जरलैण्ड दूतावास। संस्थान के शिक्षकों ने 27 शोध परियोजनाएं शुरू की तथा 17 शोध आलेख प्रकाशित कराए।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान (1975) उन श्रेष्ठ संस्थानों में से एक है जहां कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण एवं शोध कार्यक्रम चलाए जाते हैं। संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक. और पी–एच.डी. उपाधियों के लिए अध्ययन एवं शोध पाठ्यक्रम चलाता है।

पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं टी.वी. विजय कुमार। संस्थान के शिक्षकों ने लगभग 20 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया और 10 शोध आलेख प्रस्तुत किए। संस्थान के प्रकाशनों में डी.पी. विद्यार्थी द्वारा "शैड्यूलिंग इन डिस्ट्रीब्युटिड कंप्यूटिंग सिस्टम : एनालिसिस डिजाइन ऐंड मॉडल्स" शीर्षक प्रकाशन शामिल हैं।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान (1974) की शोध रूचि विभिन्न भू, वातावरणीय और जीव–वैज्ञानिक प्रक्रियाओं में विभक्त हैं। पारिस्थितिक और सामाजिक प्रक्रियाओं के बीच संयोजन संस्थान को एक अतिरिक्त आयाम प्रदान करते हुए सुसंगत बनाता है। इसलिए पाठ्यचर्या में भौतिक विज्ञान, भू एवं वातावरणीय विज्ञान, पर्यावरणीय जीव विज्ञान और पर्यावरणीय मानिटरिंग एवं प्रबंधन जैसे अन्तरविषयक क्षेत्र शामिल हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शिक्षकों के लगभग 72 शोध आलेख प्रकाशित हुए और उन्होंने 38 शोध परियोजनाएं शुरू कीं। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – एस. भट्टाचार्य, के. कुमार, डी. मोहन, के.जी. सक्सेना और ए.एल. रामनाथन।

अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान (1969) की शुरू में स्थापना वर्ष 1955 में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संथान के नाम से हुई थी। यह विश्वविद्यालय का सबसे पुराना संस्थान है। अपनी स्थापना के 54 वर्षों के दौरान संस्थान ने अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों और क्षेत्रीय अध्ययन के लिए पूरे देश में अपने को एक विशिष्ट संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान में अनेक चेयरों की स्थापना हुई हैं। इनमें शामिल हैं – अप्पादुराई चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, पर्यावरण विधि एवं अन्तरिक्ष विधि में चेयर, भारतीय स्टेट बैंक चेयर और राजीव गांधी चेयर। अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों पर पं. हृदय नाथ कुंजरू स्मारक व्याख्यानमाला का आयोजन संस्थान का एक नियमित वार्षिक कार्यक्रम बन गया है।

संस्थान में नौ केन्द्र हैं, जिनमें विभिन्न विषयों में शोध एवं शिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

- **कनाडियन, यू.एस. और लेटिन अमेरीकी अध्ययन केन्द्र –** केन्द्र में व्याख्यान देने आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं –

प्रो. ब्रिंसले सामारू, यूनिवर्सिटी ऑफ त्रिनिदाद और टोबागो; प्रो. मारिया मैक एड्रयू, यूनिवर्सिटी ऑफ मोट्रियल; डॉ. पीटर जोंस, यूनिवर्सिटी ऑफ ओटावा। केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 11 राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं प्रीति सिंह।

- **पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए विशिष्ट विद्वानों में शामिल हैं – डॉ. वोंग, तमकांग यूनिवर्सिटी; प्रो. इलियट स्पर्लिंग इण्डियाना यूनिवर्सिटी, प्रो. क्लाज लेंग, आई.टी.एस.; जर्मनी। वर्ष के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 7 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – श्रीकांत कोंडापल्ली और लालिमा वर्मा। शिक्षकों के लगभग 6 शोध आलेख प्रकाशित हुए।

- **यूरोपीय अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 17 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले में शामिल हैं – उम्मु सलमा बावा, गुलशन सचदेवा और भास्वती सरकार। केन्द्र के शिक्षकों के लगभग चार शोध आलेख प्रकाशित हुए।

- **अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केन्द्र** – समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र में व्याख्यान देने आए विद्वान हैं – श्री शिशिर प्रियदर्शनी, डबल्यू टी.ओ., जिनेवा; डॉ. वैद्यनाथ गुंडलपत, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी; प्रो. डेनियल डार्च, यार्क यूनिवर्सिटी। केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 20 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं मौसमी बासु और जयती श्रीवास्तव।

- **अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र** – केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 30 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – संगीता बंसल, ए.एस. राय और अपर्णा साहनी। केन्द्र के शिक्षकों ने 6 शोध परियोजनाएं शुरू कीं। शिक्षकों के लगभग 7 शोध आलेख प्रकाशित हुए।

- **रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र में व्याख्यान देने आए विद्वानों में शामिल हैं – डॉ. एलेग्जेंडर लुमकिन, मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी; डॉ. एंड्रयु जेंक्स, केलोफोर्निया स्टेट यनिवर्सिटी। केन्द्र के शिक्षकों ने 44 राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने 31 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। शिक्षकों ने 10 शोध परियोजनाएं शुरू की और उनके 8 शोध आलेख प्रकाशित हुए।

- **पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र** – केन्द्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. हुसैन सोलोमन, सी.आई.पी.एस.; दक्षिण अफ्रीका; प्रो. फ्रेड हैंड्रिक, ह्यूमेनिटीज यूनिवर्सिटीज; प्रो. अब्दुलवहित काकिर और प्रो. रफीक तुरन, गाजी विश्वविद्यालय। वर्ष के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 40 राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केन्द्र**

सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान – वर्ष 2001 में स्थापित हुए इस संस्थान में तीन केंद्र हैं। संस्थान मुख्यतः शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर बल देता है।

- **अभिकलनात्मक जीव–विज्ञान और जैव–सूचना–विज्ञान केन्द्र** – यह केन्द्र जीव विज्ञान और जीवन विज्ञान के सभी क्षेत्रों में शोध कर रहे शोधार्थियों को सूचनाएं और अभिकलनात्मक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 1988 से कार्य कर रहा है।

- **संचार और सूचना सेवाएं** – विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्टता को बनाए रखने की परंपरा का निर्वाह करते हुए अपने शिक्षण एवं शोध कार्यक्रमों में आधुनिक इंटरनेट प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए एक और महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

- **उच्च निष्पादन कंप्यूटर केन्द्र** – उच्च स्तरीय क्लस्टर कम्यूटिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। जिसका अनुरक्षण सी–डेक कम्पनी कर रही है। इसका वित्त पोषण जेएनयू – यू.पी.ओ.ई. योजना के माध्यम से किया गया है।

  संस्थान के दौरे पर आए विद्वानों में प्रमुख हैं – प्रो. मार्टिन कार्पल्स, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल; डॉ. राजीव अरोड़ा, सेंट लुइस यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. और डॉ. विजय चंद्रु, आई.आई.एस.सी., बंगलौर। संस्थान के शिक्षकों द्वारा सात शोध परियोजनाएं चलायी जा रही हैं। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं आर. रामास्वामी और प्रदीप्त बंदोपाध्याय।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान (1971) में विभिन्न शास्त्रीय, आधुनिक भारतीय और विदेशी भाषाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। संस्थान, विश्वविद्यालय के सभी जरूरतमंद छात्रों के लिए विशेष सहायता के रूप में विभिन्न भाषाओं विशेषकर अंग्रेजी भाषा में उपचारात्मक कोर्स चलाता है, जिनमें प्रत्येक वर्ष काफी छात्र भाग लेते हैं।

संस्थान में ग्यारह केंद्र और एक मल्टीमीडिया भाषा प्रयोगशाला है। यह प्रयोगशाला समूह आडियो–वीडियो रिकार्डिंग, एज्यूकेशनल साफ्टवेयर प्रोडक्शन की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

- **अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग नौ राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शिक्षकों के लगभग सात शोध आलेख प्रकाशित हुए।
- **चीनी और दक्षिण पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र** – वर्ष के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं डॉ. सुन पिंग, एन.सी.ई.पी.यू., बीजिंग और डॉ. हर प्रसाद रे। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं प्रियदर्शी मुखर्जी। शिक्षकों के लगभग आठ शोध आलेख प्रकाशित हुए।
- **अंग्रेजी अध्ययन केन्द्र** – केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 33 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया। केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. वोल्फगांग जाख, यूनिवर्सिटी ऑफ इंसब्रुक, आस्ट्रिया; प्रो. आर्थर फ्लावर्स, सिराकुस यूनिवर्सिटी न्यूयार्क, डॉ. पाल शाराद, वोलोंगोंग यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं मकरंद प्रांजपे। शिक्षकों ने लगभग 4 शोध परियोजनाएं चलायी।
- **फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केन्द्र** – वर्ष के दौरान पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं किरण चौधरी और आशिष अग्निहोत्री। शिक्षकों ने दो शोध परियोजनाएं चलाईं और उनके 6 शोध आलेख प्रकाशित हुए।
- **जर्मन अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. कीपलर, फ्री यूनिवर्सिटी, बर्लिन, मैथ्यू बेल, लंदन; प्रो. मार्टिन आर., डीन स्विट्जर लैंड। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – आर.सी. गुप्ता और परनल चिरमुले। वर्ष के दौरान शिक्षकों के लगभग 5 शोध आलेख प्रकाशित हुए।
- **भारतीय भाषा केन्द्र** – केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 36 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों तथा सम्मेलनों में भाग लिया। केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं गिलियन राइट, प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह, डॉ. ताशमिर्जा खालमीरजाव। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – के. नाचिमुथु। वर्ष के दौरान शिक्षकों द्वारा तीन शोध परियोजनाएं चलाई गईं। शिक्षकों के लगभग 14 शोध आलेख प्रकाशित हुए।
- **जापानी, कोरियाई और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र** – केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में प्रमुख हैं – प्रो. कोबायाशी, दिल्ली विश्वविद्यालय; प्रो. ओकामोतो, जापान। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – जनश्रुति चंद्रा।
- **भाषा विज्ञान केन्द्र** – केन्द्र के शिक्षकों ने 12 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार एवं सम्मान पाने वाले शिक्षकों में शामिल हैं आय्यशा किदवई। शिक्षकों द्वारा 2 शोध परियोजनाएं चलाई गईं।
- **फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र** – वर्ष के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – अख्तर महदी और अखलाक अहमद अंसारी। केंद्र के शिक्षकों ने लगभग 6 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।
- **रूसी अध्ययन केन्द्र** – केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 14 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। केन्द्र में आए प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं – डॉ. सर्गे वी. चेर्कास, रशियन सेंटर ऑफ साइंस ऐंड कल्चर; प्रो. ए.एस. कातसेव, किर्गीज रशियन स्लावोनिक यूनिवर्सिटी; प्रो. तातियाना लारिना, फ्रेंडशिप यूनिवर्सिटी।
- **इस्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शिक्षकों द्वारा लगभग दो शोध परियोजनाएं चलाई गईं। शिक्षकों के चार शोध आलेख प्रकाशित हुए और उन्होंने आठ राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

जीवन विज्ञान संस्थान (1970) एक अग्रणी बहु–विषयक शोध एवं शिक्षण विभाग रहा है। संस्थान ने आधुनिक जीव विज्ञान के चुने हुए क्षेत्रों में नवीनतम शोध एवं शिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं। संस्थान पादप अणु जीव विज्ञान, आनुवांशिकी, कोशिका और अणु जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, विकिरण, प्रकाश–जैविकी, कैंसर जीव विज्ञान और सूक्ष्म जीव विज्ञान में उच्च स्तरीय एवं महत्त्वपूर्ण

शोध कार्यक्रम चलाता है। संस्थान की भावी योजनाओं में तंत्रिका जीव विज्ञान, अणु जैव–भौतिकी और संरचनात्मक जीव विज्ञान के क्षेत्रों में अध्ययन के लिए केंद्रीयकृत सुविधाएं विकसित करने के साथ–साथ पादप जीवाणुओं और उष्णकटिबंधीय तथा आनुवंशिक रोगों की जीन प्रौद्योगिकी पर गहन शोध के लिए उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि करना शामिल है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. ए. रोजर, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, साउथ आस्ट्रेलिया; डॉ. सचिन कोटक, यूनिवर्सिटी ऑफ फ्रेंकफुर्त; डॉ. सिग्रिड रोबर्ट, पैसिक यूनिवर्सिटी। पुरस्कार और सम्मान पाने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – आर.के. सक्सेना, पी.के. यादव, एन.बी. सरीन, ए.के. जौहरी, जे. पाल और आर. मधुबाला। शिक्षकों द्वारा लगभग 78 शोध परियोजनाएं चलाई गईं।

भौतिक विज्ञान संस्थान (1986) पिछले वर्षों में संस्थान ने एम.एस–सी. और प्री पी–एच.डी. स्तरों पर महत्त्वपूर्ण शिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं। संस्थान की शोध गतिविधियां मुख्यतः क्लासिकल ऐंड क्वांटम केआस, कंप्यूटेशनल फिजिक्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम, नॉनलिनियर डायनेमिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि, क्वांटम आप्टिक्स और स्टेटिस्टिकल मैकेनिक्स के सैद्धान्तिक क्षेत्रों तथा केमिकल फिजिक्स, कंप्लेक्स फ्लुइड्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और नानलिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – एस. घोष, बृजेश कुमार, पी. मुखोपाध्याय, एस. पटनायक और आर. रामास्वामी। वर्ष के दौरान शिक्षकों के 50 से अधिक शोध आलेख प्रकाशित हुए। संस्थान के दौरे पर आए प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं – दान फ्रेंकल, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज, स्टीफन थीसेन, अल्बर्ट आइनस्टाइन इंस्टीट्यूट; मार्को जेनेती, यूनिवर्सिटी ऑफ सलेरनो।

सामाजिक विज्ञान संस्थान (1969) के 9 केंद्रों में चलाए जा रहे एम.ए., एम.फिल. / पी–एच.डी. और पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रत्येक वर्ष 450 से अधिक छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्तपोषित 'महिला अध्ययन कार्यक्रम' तथा प्रौढ़, अनुवर्ती शिक्षा और विस्तार की एक विशेष यूनिट भी है। संस्थान में समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार और शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट भी है। संस्थान के सभी केंद्रों में शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं, जबकि एम.ए. पाठ्यक्रम केवल पाँच केंद्रों में ही चलाए जाते हैं। इन केंद्रों सहित जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता विभाग कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान राशि प्राप्त हो रही है।

- **आर्थिक अध्ययन और नियोजन केन्द्र –** समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र द्वारा आयोजित 16वें और 17वें कृष्णा भारद्वाज स्मारक व्याख्यान के वक्ता थे क्रमश : डॉ. गारेथ आस्टिन, लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स और प्रो. इरफान हबीब, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, केन्द्र के दौरे पर आए। विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. अनानीश प्रदीप्त चौधरी, यूनिवर्सिटी ऑफ आकलैण्ड; डॉ. जेनेत हंटर, लंदन स्कूल ऑफ इकानोमिक्स। केन्द्र के शिक्षकों के लगभग 27 शोध आलेख प्रकाशित हुए। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं – प्रवीण झा, के.जी. दस्तीदार और विकास रावल।
- **दर्शनशास्त्र केन्द्र –** केन्द्र के दौरे पर आए मुख्य वक्ताओं में शामिल हैं – प्रो. डेविड वेबरमैन, सेंट्रल यूरोपीय यूनिवर्सिटी, बुडापेस्ट; प्रो. हार्वर्ड दुचारमे, यूनिवर्सिटी ऑफ एकरॉन, यू.एस.ए.; प्रो. एवांड्रो अगाज्जी, जिनोवा यूनिवर्सिटी। शिक्षकों ने लगभग 12 राष्ट्रीय / अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया।
- **राजनीतिक अध्ययन केन्द्र –** केन्द्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. एस. कविराज, कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, प्रो. इंग्रीड रोबिंस, इरासमस यूनिवर्सिटी; प्रो. ए रिचर्ड हिग्गोत, वारविक यूनिवर्सिटी। समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र द्वारा आयोजित चौथा निर्माण फाउंडेशन व्याख्यान प्रो. मार्क गलांटर, जोन और रायला बोस्सार्ड (प्रो. इमिरेट्स), यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कोसिन ने दिया। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं – बलवीर अरोड़ा, अजय गुडावर्थी और टी.जी. सुरेश। केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 17 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भी भाग लिया।
- **सामाजिक चिकित्सा–शास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –** वर्ष के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं – आलिवर रजुम, यूनिवर्सिटी ऑफ बेलेफील्ड, जर्मनी; प्रो. सेवल इकगुण, बेसकंट यूनिवर्सिटी, टर्की। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – रामा बारु। केन्द्र के शिक्षकों ने 17 राष्ट्रीय / अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।
- **क्षेत्रीय विकास अध्ययन केन्द्र –** समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र ने चौथे सतपाल मित्तल व्याख्यान के अन्तर्गत डॉ. अनरुद्ध के. जैन, द पाप्युलेशन काउंसिल, न्यूयार्क, का व्याख्यान आयोजित किया। केन्द्र में आए विद्वानों में प्रमुख हैं – डॉ. उलरिख कैम्प, यूनिवर्सिटी

ऑफ मोंटाना; डॉ. लुईस ओवेन, यूनिवर्सिटी ऑफ सिंसिनाती; डॉ. सुसेत समिद्त, यूनिवर्सिटी ऑफ हीडलबर्ग। केन्द्र के शिक्षकों के लगभग 26 शोध आलेख प्रकाशित हुए और उन्होंने लगभग 86 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं – डी.के. मिश्रा; एस. राजीव और हरजीत सिंह।

- **विज्ञान नीति अध्ययन केन्द्र** – केन्द्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. हेलमुथ लेंग, जर्मनी; प्रो. माइकल वॉरबायज, यू.के.; डॉ. वालट्राट रिटर, हाँगकाँग। केन्द्र के शिक्षकों के 6 शोध आलेख प्रकाशित हुए और उन्होंने लगभग 17 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया।
- **सामाजिक पद्धति अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. लारा बाल्बो, यूनिवर्सिटी ऑफ पादोवा; प्रो. एस.टी. हैटिग, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलम्बिया; प्रो. अरी सितास, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलु; प्रो. घनानाथ ओबेसिकरे, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं – योगेन्द्र सिंह, टी.के. ऊमन और विवेक कुमार। केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 50 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया।
- **शैक्षिक शोध रिकार्ड यूनिट** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केंद्र ने चौथा जे.पी. नायक स्मारक व्याख्यान आयोजित किया। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. एस.के. थोरट ने दिया। केंद्र के शिक्षकों ने लगभग 6 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया और तीन शोध परियोजनाएं चलाई।
- **प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप** – समीक्षाधीन अवधि के दौरान केंद्र में आए प्रमुख विद्वान हैं – प्रो. रूप, कुलपति और डॉ. प्रोफेसर ग्रेगॅर लांग – वोजतासिक, यूनिवर्सिटी ऑफ एज्युकेशन, वींगार्टन, जर्मनी। ग्रुप के शिक्षकों ने लगभग 35 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया और तीन शोध परियोजनाएं चलाई।
- **महिला अध्ययन कार्यक्रम** – पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – जी अरुणिमा। केन्द्र के दौरा पर आए प्रमुख विद्वान हैं – डॉ. रश्मि सदाना, कोलम्बिया यूनिवर्सिटी; डॉ. शेफाली चंद्रा, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस, डॉ. आरोन गुडफेलो, जान हापकिंस यूनिवर्सिटी। केन्द्र के शिक्षकों ने लगभग 19 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया।
- **जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केन्द्र** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक हैं – दीपक कुमार, मिनाती पाण्डा और ध्रुव रैना। केंद्र के दौरे पर आए प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं – प्रो. जेम्स अलविस, यूनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड; डॉ. सिद्धार्थ चंद्रा, यूनिवर्सिटी ऑफ पीट्सबर्ग; प्रो. टिम अलेण्डर, सिडनी यूनिवर्सिटी।
- **भेदभाव एवं अपवर्जन अध्ययन हेतु कार्यक्रम** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान व्याख्यान देने आए प्रमुख विद्वानों में शामिल हैं – डॉ. रामनारायण रावत, यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवानिया; प्रो. जी. कृष्णा रेड्डी, उस्मानिया विश्वविद्यालय।
- **ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र** –

विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र (2000) – केन्द्र के शैक्षिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी उच्च स्तरीय शोध संस्था विकसित करना है जो शैक्षिक प्रकाशनों में चल रहे वाद–विवाद तथा मामलों में सहयोग कर सके। केन्द्र नीति विषयक मामलों पर बहस शुरू करके एक व्यावहारिक प्रशिक्षण भी देता है ताकि वह परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सके।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र के दौरे पर आए प्रमुख विधिवेत्ताओं में शामिल हैं – ओरलांडा रुथवेन, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी; फिलिप्पा विलियम्स, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज; डेनियल ड्रेचे, योर्क यूनिवर्सिटी आदि। पुरस्कार और सम्मान पाने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – अमिता सिंह और अमित प्रकाश। केन्द्र के शिक्षकों द्वारा आठ शोध परियोजनाएं चलाई गईं।

आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र (1999) केन्द्र का उद्देश्य मानव रोगों के अध्ययन में आणविक और कोशिकीय जीव विज्ञान के सीधे अनुप्रयोग के साथ इस क्षेत्र में शोध कार्य को प्रोत्साहन देना है। वर्ष के दौरान केन्द्र में आए विद्वानों में शामिल हैं – डॉ. पूनम तनेजा, माइक्रोडिसेक्शन सिस्टम, यू.एस.ए.; डॉ. नीरजा करनानी, यूनिवर्सिटी ऑफ विर्जिनिया; डॉ. एस. दास गुप्ता और लीफ किर्सेबम, उपासला यूनिवर्सिटी। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – आर.के. त्यागी और एस.के. धर। वर्ष के दौरान केन्द्र के शिक्षक दस शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे।

संस्कृत अध्ययन केन्द्र (2001) – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र में अनेक प्रतिष्ठित विद्वान आए और व्याख्यान दिए। इनमें शामिल हैं – डॉ. सी.बी. पटेल, भुवनेश्वर; डॉ. अने कुंगा, वाशिंगटन यूनिवर्सिटी और वी.एन. शुक्ला, सी–डेक नोएडा। केन्द्र के शिक्षकों द्वारा 4 शोध परियोजनाएं चलाई गईं और वर्ष के दौरान लगभग 21 शोध आलेख प्रकाशित हुए।

रक्षा/अनुसंधान और विकास संस्थान

जेएनयू ने देशभर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को मान्यता प्रदान की है। यह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाता है। इन संस्थानों के प्रतिनिधि जेएनयू के विभिन्न शैक्षिक और सांविधिक निकायों में रहते हैं। इसके साथ ही जेएनयू के शिक्षक भी इन संस्थानों के शैक्षिक निकायों और सांविधिक निकायों में भाग लेते हैं। इसके साथ ही जेएनयू के शिक्षक भी इन संस्थानों के शैक्षिक निकायों में भाग लेते हैं।

रक्षा संस्थान

- सेना कैडेट महाविद्यालय, देहरादून
- सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे
- सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकन्दराबाद
- सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे
- नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला

अनुसंधान और विकास संस्थान

- कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद
- विकास अध्ययन केंद्र, तिरूवनन्तपुरम्
- केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
- सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट्स, लखनऊ
- सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़
- अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अन्तर–विश्वविद्यालय त्वरित केंद्र, नई दिल्ली
- रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर
- राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
- भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुम्बई

छात्र

विश्वविद्यालय में देश के सभी भागों से छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। ये छात्र भारतीय समाज की भाषिक, धार्मिक, जातिगत और आर्थिक भिन्नता को दर्शाते हैं। इस संबंध में वर्ष 2008–2009 के आंकड़े नीचे दिए गए हैं। छात्र–शिक्षकों का अनुपात 12 : 1 है।

जेंडर प्रोफाइल		सोशल प्रोफाइल		पाठ्यक्रम	
• पुरूष	3659	• अनुसूचित जाति	837	• शोध (पी–एच.डी./एम.फिल./एम.टेक.)	3699
		• अनुसूचित जनजाति	461	• स्नातक (एम.ए./एम–एस.सी./एम.सी.ए.)	1598
• महिला	2366	• शारीरिक रूप से विकलांग	132	• पूर्व स्नातक (बी.ए. ऑनर्स)	728
		• विदेशी छात्र	278		
		• अन्य पिछड़ा वर्ग	772		
		• अन्य	3545		
कुल	**6025**				

प्रवेश

विश्वविद्यालय छात्रों को प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है। यह प्रवेश परीक्षा देश के विभिन्न भागों में स्थित 69 केन्द्रों और एक विदेश में स्थित केन्द्र – काठमांडु (नेपाल) में आयोजित की जाती है। प्रवेश संबंधी सूचना अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के सभी मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में दी जाती है। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवेश प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटों की निश्चित संख्या के आधार पर दिया जाता है।

विश्वविद्यालय जेएनयू सहित 43 संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए एम–एस.सी. (जैव–प्रौद्योगिकी) में संयुक्त प्रवेश परीक्षा भी आयोजित करता है।

वर्ष 2008–2009 के दौरान विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित छात्रों को प्रवेश दिया गया।

जेएनयू प्रवेश परीक्षा

बेचे व प्राप्त किए गए आवेदन पत्र



	2006	2007	2008
बेचे गए कुल आवेदन पत्र	61342	66314	66265
कुल प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्र	52870	57525	57100
विकल्प सहित आवेदन पत्र	77596	83026	81726

प्रवेश–परीक्षा में बैठे/प्रस्ताव भेजे/प्रवेश लिया



	2006	2007	2008
प्रवेश परीक्षा में बैठे कुल उम्मीदवार	63139	64507	64144
प्रवेश हेतु भेजे गए कुल प्रस्ताव	1951	2012	2081
प्रवेश लेने वाले कुल उम्मीदवार	1484	1492	1535

प्रवेश लेने वाले कुल विदेशी छात्र



	2006	2007	2008
प्रवेश लेने वाले कुल विदेशी छात्र	109	101	109
देशों की संख्या	34	36	36

पाठ्यक्रम वार उम्मीदवारों की संख्या



	2006	2007	2008
एम.फिल./पी–एच.डी.	631	680	635
एमए/एमएस–सी./एमसीए	603	562	620
बी.ए. (ऑनर्स)	250	250	280

शिक्षक

जेएनयू में लगभग 497 शिक्षक हैं। छात्रों की तरह शिक्षक भी हमारे देश की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुल शिक्षकों में से लगभग एक चौथाई महिला शिक्षक हैं। पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है :

वर्तमान संख्या (31.3.2009 को)	497	पुरुष महिला	357 140
प्रोफेसर 228	एसोसिएट प्रोफेसर 138	सहायक प्रोफेसर 131	
प्रोफेसर इमेरिटस 19		मानद प्रोफेसर 04	

शैक्षिक उपलब्धियाँ

विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता इसके शिक्षकों द्वारा विकसित किए गए नवीनतम अध्ययन पाठ्यक्रम और कोर्स हैं। शिक्षक अपने परम्परागत विशेषीकृत क्षेत्रों की सीमाओं के पार शिक्षण, मार्ग–दर्शन और शोध के अतिरिक्त, पुस्तकों के लेखन, संपादन और पुस्तकों के लिए अध्याय लेखन, शोध आलेख प्रकाशित करने, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करने और इनमें भाग लेने, व्याख्यान देने और शोध परियोजनाओं के प्रबंधन में भी संलग्न रहे। वर्ष 2008–2009 के दौरान उनकी संयुक्त उपलब्धियाँ निम्नलिखित थीं :

• पुस्तकें	135
• पुस्तकों में प्रकाशित अध्याय	219
• पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख	478
• संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता	1138
• विश्वविद्यालय से बाहर दिए गए व्याख्यान	665
• शोध परियोजनाएं	307

विश्वविद्यालय पुस्तकालय

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 9153 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने 4698 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें से 1115 पुस्तकें उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में पुस्तकालय में कुल संग्रह 551463 था। पुस्तकों की खरीद पर रु. 31.65 लाख की राशि खर्च हुई और पत्रिकाओं पर रु. 3.32 करोड़ खर्च किए गए। पुस्तकालय ने 941 पत्रिकाएं मंगाई और 105 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं।

अकादमिक स्टाफ कॉलेज

जेएनयू में अकादमिक स्टाफ कालेज की स्थापना वर्ष **1989** में हुई थी। यह कॉलेज शिक्षकों के लिए निम्नलिखित विषयों में पुनश्चर्या कोर्स आयोजित कर रहा है : अंतरराष्ट्रीय संबंध, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और जैव–प्रौद्योगिकी। यह सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञानों में अनुशीलन कोर्स भी आयोजित करता है।

अकादमिक स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित कोर्सों के लिए वरिष्ठ शिक्षक कोर्स समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं। जेएनयू तथा अन्य संस्थानों के विद्वान विशेषज्ञ के रूप में कार्य करते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 09 पुनश्चर्या और 04 अनुशीलन कोर्स आयोजित किए गए।

परियोजनाएं

वर्ष 2008–2009 के दौरान विभिन्न भारतीय और अन्तरराष्ट्रीय वित्तपोषक एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित 286 परियोजनाओं से संबंधित आय और व्यय क्रमशः रु. 300255331 और रु. 212906241 था।

उच्च यंत्रीकरण सुविधाएं

विश्वविद्यालय ने 'यूसिक' के अन्तर्गत उच्च यंत्रीकरण की सुविधाओं की स्थापना की है। ये सुविधाएं अत्याधिक आधुनिक किस्म की है तथा इनका प्रयोग भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में शोध कार्यों के लिए किया जाएगा। उपकरण प्राप्त हो गए हैं और इनकी स्थापना के लिए स्थान का नवीकरण किया जा रहा है। उच्च यंत्रीकरण सुविधाओं में शामिल विश्लेषणात्मक उपकरण – टाइम रिजोल्वड ल्युमिनिसेंस/फ्लोरेसेंसस्पेक्ट्रोमीटर की स्थापना हो गई है और इसकी सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है।

इन सुविधिाओं के लिए प्राप्त किए गए उपकरण हैं – लेजर स्केनिंग कनफोकल माइक्रोस्कोप,एक्स.आर.डी. फार मेक्रोमोलक्यूल्स ऐंड प्रोटीन क्रिस्टेलोग्राफी, एक्स.आर.डी. फार पाउडर ऐंड थिन फिल्म्स, एफ.टी.आई.आर. स्पेक्ट्रोमीटर विद लेजर रमन एटैचमेंट, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोप (टी.ई.एम.),स्कैनिंग इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोप (एस.ई.एम.), हाई ऐंड लो वेक्यूम, डब्ल्यू.डी.एक्स.आर. स्पेक्ट्रोमीटर, ई.डी.एक्स.आर.एफ.स्पेक्ट्रोमीटर, सरकुलर डायक्रोइज्म ऐंड फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमीटर विद स्टाप फ्लो एटेचमेंट्स ऐंड असेसरीज, लिक्विड नाइट्रोजन प्लांट, जी.सी. – मास स्पेक्ट्रोमीटर, केपिलरि इलेक्ट्रोफोरेसिस, हाई परफार्मेंस सेल सार्टर ऐंड फ्लो साइटोमीटर, सर्फेस प्लासमोन रिसोनेंस एनालाइजर, टाइम रिजोलव्ड ल्युमिनिसेंस/फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमीटर।

विश्वविद्यालय के निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्य परिषद्, विद्या परिषद् जैसे निकाय और वित्त समिति जैसी सांविधिक समितियाँ हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार कार्य परिषद् द्वारा निर्धारित तिथि को होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की पिछले वर्ष की रिपोर्ट, आय और व्यय का विवरण, लेखा–परीक्षित तुलन–पत्र और अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्य परिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार उन परिस्थितियों में है, यदि इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो और विश्वविद्यालय की शक्तियों, जो अधिनियमों या संविधियों में नहीं दी गई हैं, का प्रयोग करने का अधिकार है।

विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक – 20 जनवरी, 2009

विश्वविद्यालय कोर्ट ने 20 जनवरी, 2009 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 01 अप्रैल, 2007 से 31 मार्च 2008 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2007–2008 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2008–2009 का बजट प्राप्त किया। इसने विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्राप्त किया।

कार्य परिषद

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की एक उच्चतम और महत्त्वपूर्ण कार्य निकाय है; इसे चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर शिक्षकों और अन्य ग्रुप 'ए' के अधिकारियों की नियुक्ति, उनकी परिलब्धियाँ और उनकी ड्यूटी निश्चित करने की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। कार्य परिषद् को विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ के बीच अनुशासन बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय के वित्त, लेखाओं और अन्य प्रशासनिक मामलों का प्रबंध और विनियमन करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं।

कार्य परिषद् की बैठकें – 21 अप्रैल, 2008
– 31 सितम्बर, 2008
– 16 दिसम्बर, 2008

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्य परिषद् ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और उन पर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए। इसने संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलपति द्वारा कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करके उनका अनुमोदन भी किया। परिषद् ने शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए

विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों पर कुलपति द्वारा किए गए अनुमोदनों का भी अनुमोदन किया।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षिक निकाय है। विद्या परिषद् को अन्य के साथ–साथ विभाग, विशेष केन्द्र, विशेषीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए कार्य परिषद् को सुझाव देने की शक्तियाँ प्राप्त हैं। विद्या परिषद् को शैक्षिक पदों के सृजन और समाप्त करने, उनका वर्गीकरण करने, प्रवेश और परीक्षाओं पर मसौदा अध्यादेश तैयार करने, परीक्षकों की नियुक्ति और उनके शुल्क का निर्धारण करने, मानद उपाधियाँ और अध्येतावृत्तियाँ, छात्रवृत्तियाँ आदि स्थापित करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं। विद्या परिषद् को अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के डिप्लोमा और डिग्रियों को मान्यता प्रदान करने, विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु समितियाँ गठित करने, परीक्षाओं के आयोजन और उन्हें आयोजित करने की तिथि निर्धारित करने और विभिन्न विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने आदि की व्यवस्था करने की शक्ति भी प्राप्त है।

विद्या परिषद् की बैठकें	–	30 अप्रैल, 2008
	–	05 जून, 2008
	–	24 नवम्बर, 2008

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् ने अपनी बैठक में विभिन्न संस्थानों से सदस्यों को सहयोजित किया, विभिन्न संस्थानों/विशेष केन्द्रों के अध्ययन मण्डलों/विशेष समितियों में शिक्षक/विशेषज्ञ नामित किए, और वर्ष 2008–2009 में प्रवेश का तथ्यात्मक डाटा प्राप्त किया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

वित्त समिति की बैठक	–	30 जून, 2008
	–	25 नवम्बर, 2008

वित्त समिति ने अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के वर्ष 2008–2009 के लिए 'अनुरक्षण' खाते में 13316.55 लाख रुपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

आख्यान

"विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिन्तन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है। इसका उद्देश्य मानव जाति को निरन्तर महत्तर लक्ष्य की ओर प्रेरित करना होता है। अगर विश्वविद्यालय अपने कर्तव्य ठीक से निभाएं तो यह देश और जनता के लिए अच्छा होगा।"

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसम्बर 1947 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर दिए गए उपर्युक्त वक्तव्य से यह परिलक्षित होता है कि पं. नेहरू ने भारत में विश्वविद्यालीय शिक्षा को विशेष महत्त्व दिया है। नेहरू का दृढ़ विश्वास था कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के मन में आधारभूत मूल्यों को बैठाते हुए, जिनमें वे विश्वास रखते हैं, राष्ट्र के स्वरूप को बदलने और उसे शक्तिशाली बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ऐसे महान राजनेता के विचारों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना जेएनयू अधिनियम 1966 (1966 का 53) के अन्तर्गत वर्ष 1966 में की गई थी। पं. जवाहरलाल नेहरू को और अधिक सम्मान देने की दृष्टि से विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. श्री वी.वी. गिरी द्वारा पं. नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर 1969 को किया गया था। संयोगवश यह वर्ष महात्मा गाँधी का जन्मशती वर्ष भी था।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं –

अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान का प्रसार व अभिवृद्धि करना, उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यंत काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तरराष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और शिक्षकों को उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और शिक्षकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी के साथ–साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तरराष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु विभिन्न देशों से आए छात्रों और शिक्षकों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की अद्वितीयता का प्रमाण इसके मूल दर्शन, नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों से मिलता है, जिनका उल्लेख विश्वविद्यालय के अधिनियम में स्पष्ट रूप से किया गया है। तदनुसार, विश्वविद्यालय का हमेशा यही प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियां और अध्ययन कार्यक्रम विकसित किए जाएं जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं में मात्र विस्तार न होकर राष्ट्रीय संसाधनों में महत्त्वपूर्ण वृद्धि करें। इस तरह विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जो राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए संगत हों। इस संबंध में, विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रयास किए हैं –

- विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, जैसे विचारों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जीवन के प्रति विश्वव्यापी और मानववादी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं।
- विश्वविद्यालय ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों और शिक्षकों का चयन करके अपने राष्ट्रीय चरित्र को बनाए रखा है।
- ज्ञान की अविभाज्यता को स्वीकारते हुए अन्तर–विषयक शिक्षण तथा शोध को बढ़ावा दिया गया है और तदनुसार अध्ययन

संस्थानों और केन्द्रों की स्थापना की गई है।

- विश्वविद्यालय में अपरम्परागत क्षेत्रों में शिक्षण एवं शोध पर बल देते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां तक संभव हो सके अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की पुनरावृत्ति न हो।
- विश्वविद्यालय में भारतीय और विदेशी भाषाओं के शिक्षण और शोध का एक मॉडल भाषा संस्थान स्थापित करने पर ध्यान दिया गया है। इसमें विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित भाषा प्रयोगशालाएं और केन्द्र हैं जहाँ सम्बन्धित देशों के साहित्य, संस्कृति और सभ्यता का अध्ययन काफी उपयुक्त और प्रभावी ढ़ंग से होता है।
- विश्वविद्यालय में एक ऐसी पद्धति विकसित की गई है, जिसके अन्तर्गत पढ़ाए जाने वाले कोर्स, उन कोर्सों की संक्षिप्त विषय–वस्तु और मूल्यांकन पद्धति जैसे मूल शैक्षिक निर्णय स्वयं शिक्षकों द्वारा ही लिए जाते हैं।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देश भर में फैले 69 केंद्रों और विदेशों में स्थित एक केन्द्र पर आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश–परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर दिया जाता है।
- भारत सरकार की नीति के अनुसार, विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रवेश में और शिक्षकों को भर्ती में आरक्षण दिया जाता है।
- विश्वविद्यालय में मेरिट–कम–मींस छात्रवृत्तियों/अध्येतावृत्तियों के लिए उदार प्रावधान हैं। छात्रों के साथ–साथ शिक्षकों को उनके शोध कार्य के लिए देश–विदेश का दौरा करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।
- विश्वविद्यालय अन्तरराष्ट्रीय समझ को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विदेशों के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेता है। विश्वविद्यालय ने कई विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए हैं।
- छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।
- एक स्वच्छ सामाजिक वातावरण और जेएनयू समुदाय में सुरक्षा की भावना विकसित करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति का गठन किया है।
- बाबा साहेब अम्बेडकर चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, अप्पादुरई चेयर, राजीव गांधी चेयर, आर.बी.आई. चेयर, एस.बी.आई. चेयर, ग्रीक अध्ययन में चेयर जैसी कई चेयर स्थापित की गई हैं।
- विश्वविद्यालय के दलित छात्रों के शैक्षिक/वित्तीय सम्बन्धी मामलों की देख–रेख के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।
- विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में वेटेज देने से संबंधित महत्त्वपूर्ण कदम वर्ष 1995 में उठाए थे।
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से 43 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. – जैव–प्रौद्योगिकी, एम.एस–सी. – कृषि जैव–प्रौद्योगिकी, एम.वी.एस–सी. (एनिमल) जैव–प्रौद्योगिकी और एम.टेक. जैव–प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव–प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। यह प्रवेश–परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः 9 संस्थान होंगे :

1. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
2. सामाजिक विज्ञान संस्थान
3. अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
4. जीवन विज्ञान संस्थान
5. पर्यावरण विज्ञान संस्थान
6. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
7. भौतिक विज्ञान संस्थान

8. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान

9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

इनमें से पहले चार अध्ययन संस्थानों ने वर्ष 1971 में नई दिल्ली में अपनी गतिविधियां आरम्भ कीं। वर्ष 1974 और 1975 में क्रमशः पर्यावरण विज्ञान संस्थान तथा कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना हुई। भौतिक विज्ञान संस्थान वर्ष 1986 में शुरू हुआ। वर्ष 2001 में कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू हुए। वर्ष 2006 में जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र को जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान के रूप में अपग्रेड किया गया। वर्ष 1972 में इंफाल (मणिपुर) में स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। अंततः वर्ष 1981 में यह केन्द्र मणिपुर विश्वविद्यालय का एक हिस्सा बन गया।

पिछले लगभग 41 वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्ययन केन्द्र सृजित किए गए और इन्हें सम्बन्धित संस्थानों को सौंपा गया :

1. सामाजिक विज्ञान संस्थान	– सामाजिक पद्धति अध्ययन केन्द्र – ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र – राजनीतिक अध्ययन केन्द्र – क्षेत्रीय विकास अध्ययन केन्द्र – सामाजिक चिकित्सा–शास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केन्द्र – विज्ञान नीति अध्ययन केन्द्र – आर्थिक अध्ययन और नियोजन केन्द्र – दर्शनशास्त्र केन्द्र – प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप
2. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	– फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केन्द्र – जर्मन अध्ययन केन्द्र – स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केन्द्र – अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र – भारतीय भाषा केन्द्र – भाषा–विज्ञान केन्द्र – अंग्रेजी अध्ययन केन्द्र – फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र – जापानी, कोरियाई और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र – चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र – रूसी अध्ययन केन्द्र
3. अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	– कनाडियन, यूएस और लेटिन अमरीकी अध्ययन केन्द्र – अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र – पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र – रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र – अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केन्द्र – दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केन्द्र – पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र – अंतरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केन्द्र – यूरोपीय अध्ययन केन्द्र – राजनीतिक सिद्धान्त और तुलनात्मक राजनीति ग्रुप

4. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	–
5. जीवन विज्ञान संस्थान	–
6. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	–
7. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	–
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	–
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	– जैव–सूचना–विज्ञान केन्द्र – संचार और सूचना सेवाएं – कंप्यूटर केन्द्र
10 जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान	–
11. संस्कृत अध्ययन केन्द्र	–
12. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र	–
13. विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	–

इनके अतिरिक्त, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने अपने राष्ट्रीय चरित्र के अनुसार देश भर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को विशेष डिग्रियाँ प्रदान करने के लिए मान्यता प्रदान की है।

1. रक्षा संस्थान	– सेना कैडेड महाविद्यालय, देहरादून – सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे – सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकंदराबाद – सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू – राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे – नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला
2. अनुसंधान और विकास संस्थान	1. कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद 2. विकास अध्ययन केन्द्र, तिरूवनन्तपुरम 3. केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ 4. सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट, लखनऊ 5. सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़ 6. अन्तरराष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली 7. राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली 8. अंतर–विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, नई दिल्ली 9. रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर 10. राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली. 11. भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, ट्राम्बे, मुम्बई

शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश

अध्ययन पाठ्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय ने 64 विषयों में पी–एच.डी., एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./ पी–एच.डी. और एम.पी.एच/पी–एच.डी. कोर्स चलाए।

पाँच विषयों में एम.एस–सी./एम.सी.ए., 23 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 9 विदेशी भाषाओं में स्नातक पाठ्यक्रम (प्रथम और द्वितीय वर्ष) चलाए। इनके अतिरिक्त, विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और उच्च डिप्लोमा कोर्स भी चलाए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित अध्ययन पाठ्यक्रम चलाए गए :

कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान

- एम.फिल. : कला और सौन्दर्य–शास्त्र
- एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम दृश्य और अभिनय कला के सैद्धांतिक और आलोचनात्मक अध्ययन पर केन्द्रित है।

कंप्यूटर और पद्धति–विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : यह पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न पक्षों पर केन्द्रित है।
- एम.टेक./पी–एच.डी. (कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी) : यह 2–वर्षीय पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। एम.टेक. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीद्वार पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) : इस 3–वर्षीय पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि छात्रों को विज्ञान और इंजीनियरी के क्षेत्र में कंप्यूटर अनुप्रयोग सम्बन्धी सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि एवं व्यावहारिक अनुभव की आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके तथा डाटा प्रोसेसिंग के क्षेत्र में मानव–शक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : चार विस्तृत क्षेत्रों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। (विस्तृत विवरण इस संस्थान के अध्याय में दिया गया है।)
- एम.एस–सी. – पर्यावरण विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम वायुमंडलीय, भूमि, प्रदूषण और जीव–विज्ञानों के क्षेत्र में विशेषीकरण सहित पर्यावरण के मुख्य आयामों से सम्बद्ध है।

अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : कोर्स कार्य और शोध सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं : अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, अन्तरराष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक भूगोल, युद्ध और शांति अध्ययन (निरस्त्रीकरण और राजनयिक अध्ययन), अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन, अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास, दक्षिण एशियाई अध्ययन, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन, मध्य एशियाई अध्ययन, चीनी अध्ययन, जापानी अध्ययन और कोरियाई अध्ययन, पश्चिमी एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन, उप–सहारीय अफ्रीकी अध्ययन, अमरीकी अध्ययन, लेटिन अमरीकी अध्ययन, यूरोपीय अध्ययन, कनाडियन अध्ययन तथा रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन।
- एम.ए. राजनीति (अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय मामलों, क्षेत्रीय राजनीति, राजनीतिक सिद्धांत, तुलनात्मक राजनीति और आर्थिक विकास के क्षेत्र शामिल हैं। इनसे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन की गहन जानकारी प्राप्त होती है।
- एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्रों को अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की ठोस सैद्धांतिक पृष्ठभूमि उपलब्ध होती है और वे विश्व अर्थव्यवस्था के विकास को विश्लेषणात्मक ढंग से समझने के लिए तैयार होते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

- एम.टेक. : कंप्यूटेशनल ऐंड सिस्टम्स बायोलॉजी

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : अरबी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, हिन्दी, हिन्दी अनुवाद, भाषा–विज्ञान, रूसी, चीनी, फारसी, स्पेनी और उर्दू।
- एम.फिल. : पुर्तगाली।
- एम.ए. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, जापानी, भाषा–विज्ञान, फारसी, रूसी, स्पेनी और उर्दू।
- बी.ए. (ऑनर्स) : अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और स्पेनी (प्रथम और द्वितीय वर्ष में प्रवेश सहित)। यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीद्वार सम्बन्धित भाषा के एम.ए. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।

अंशकालिक पाठ्यक्रम

- जन–संचार माध्यम में उच्च डिप्लोमा (उर्दू)
- पुर्तगाली और पश्तो में उच्च प्रवीणता डिप्लोमा
- भाषा इंदोनेशिया, इतालवी, पुर्तगाली और पश्तो में प्रवीणता डिप्लोमा।
- भाषा इंदोनेशिया, इतालवी, मंगोली, पश्तो, उर्दू और पुर्तगाली में प्रवीणता प्रमाण–पत्र।

जीवन विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : जीवन विज्ञान के निम्नलिखित क्षेत्रों में : रेग्यूलेशन आफ जीन एक्सप्रेशन, न्यूक्लेइक एसिड थेराप्यूटिक्स, प्लांट फीजियोलॉजी ऐंड बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स, फंक्शनल जीनोमिक्स, मोलक्यूलर पैरासिटोलॉजी, मोलक्यूलर बायोफिजिक्स ऐंड स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, इम्युनोलॉजी, रेडिएशन बायोलॉजी ऐंड न्यूरोफिजियोलॉजी आदि।
- एम.एस–सी. – जीवन विज्ञान : बायोकेमेस्ट्री, जेनेटिक्स, माइक्रोबॉयोलाजी, मैथेमैटिक्स, कैमिस्ट्री और फिजिक्स में फाउंडेशन के बाद निम्नलिखित कोर्स चलाए जाते हैं : एप्लाइड मोलक्यूलर बायोलॉजी, वीरोलॉजी, बायोइफॉर्मेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी ऐंड ह्यूमन जैनेटिक्स, सेल सिग्नेलिंग ऐंड जीन एक्सप्रेशन इन सेल डिफरेंसिएशन ऐंड डिसीज्स, मोलक्यूलर बायोफिजिक्स, स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, एडवांस्ड माइक्रोबायल फीजियोलॉजी, मोलक्यूलर बायोलॉजी आफ स्ट्रेस आदि।

भौतिक विज्ञान संस्थान

- पी–एच.डी. : संस्थान की शोध गतिविधियां मुख्यतः नॉन–लिनियर डायनेमिक्स, क्लासिकल ऐंड क्वांटम केओस, केमिकल फिजिक्स, केंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम्स, नॉन–इक्वीलिब्रियम, स्टेटिस्टीकल मैकेनिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि ऐंड पार्टिकल फिजिक्स, मैथमेटीकल फिजिक्स, क्वांटम आप्टिक्स, स्टेटिस्टीकल न्यूक्लियर फिजिक्स के सैद्धांतिक क्षेत्रों तथा कंप्लेक्स फ्लूइड्स, मैग्नेटिज्म और नॉन–लिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं।
- एम.एस–सी. – भौतिक–विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन–विज्ञान और गणित स्ट्रीम के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

सामाजिक विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : निम्नलिखित विषयों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं :

  आर्थिक अध्ययन और नियोजन; शैक्षिक अध्ययन (मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा का इतिहास); ऐतिहासिक अध्ययन; राजनीतिक अध्ययन; क्षेत्रीय विकास (भूगोल, अर्थशास्त्र और जनसंख्या अध्ययन); सामाजिक पद्धति; सामाजिक चिकित्सा–शास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य; विज्ञान नीति और दर्शन शास्त्र।
- जन–स्वास्थ्य स्नातकोत्तर (एम.पी.एच.)/पी–एच.डी. : इस पाठ्यक्रम में तीन मुख्य क्षेत्र शामिल है – सामाजिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग।
- एम.ए. – (4–सत्रीय) : अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र।

जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान

- पी–एच.डी. : संस्थान के पाठ्यक्रम अन्तरविषयक प्रकृति के हैं। कोर्स कार्य और सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं :

  प्रोटीन इंजीनियरी; प्रोकारियोटिक/यूकारियोटिक जीन अभिव्यक्ति; संक्रामक रोग – अणु जीव–विज्ञान; अणु प्रतिरक्षा विज्ञान; प्रोटीन स्टेबिलिटी, कन्फरमेशन ऐंड फोल्डिग; बायोप्रोसेस स्केल–अप ऐंड आप्टिमाइजेशन; यूकोरियोटिक जीन का अनुलेखन।

- एम.एस–सी. – जैव प्रौद्योगिकी : 4–सत्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों को आनुवंशिकी इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से अवगत कराने और इनका उपयोग उद्योग, कृषि और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में करने की दृष्टि से तैयार की गई है।

विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम : विधि और अभिशासन में।

संस्कृत अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी. : संस्कृत में।
- एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम भारतीय बौद्धिक परम्परा, संस्कृत भाषा–विज्ञान परम्परा, कंप्यूटेशनल भाषा–विज्ञान का परिचय और संस्कृत साहित्य पर केन्द्रित है।

आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र

- पी–एच.डी. शोध गतिविधियां मोलक्यूलर मेडिसिन पर तथा शिक्षण और शोध गतिविधियां मेटाबोलिक डिसआर्डर, इनफेक्शस डिजीज और डायग्नोस्टिक्स पर केन्द्रित हैं।

शैक्षिक सत्र 2008–2009 (प्रवेश और छात्रों की संख्या)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित 69 केन्द्रों पर 15–18, मई 2008 को जे.एन.यू. प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। ये राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश हैं – आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, तमिलनाडु, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनके अतिरिक्त, सार्क देश में स्थित एक केंद्र – काठमांडू (नेपाल) – में भी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई।

1) विश्वविद्यालय ने 66,265 आवेदन–पत्र बेचे। इनमें से प्रवेश के इच्छुक उम्मीद्वारों से पूर्ण रूप से भरे हुए 57,100 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। उम्मीद्वारों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों में विभिन्न विषयों/अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए भरे गए विकल्पों के आधार पर यह संख्या बढ़कर 81,726 हो गई।
2) उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के आधार पर 2081 उम्मीद्वारों को प्रवेश प्रस्ताव भेजे गए। इनमें से 1535 उम्मीद्वारों ने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।
3) 22.5% (अ.जा. 15% और अ.ज.जा. 7.5%) आरक्षित सीटों में से 23.88% (अ.जा. 14.90% और अ.ज.जा. 8.41%) उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।
4) शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 3% आरक्षित सीटों में से 2.52% उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।
5) विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1535 उम्मीद्वारों में :
   - 635 उम्मीद्वारों ने एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.पी.एच./पी–एच.डी. और 620 उम्मीद्वारों ने एम.ए./ एम.एस–सी./एम.सी.ए. और शेष 280 उम्मीद्वारों ने विदेशी भाषाओं में बी.ए. (आनर्स) के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया;
   - प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों में 778 पुरुष और 757 महिला उम्मीद्वार थीं;

➢ कुल 306 अ.पि. वर्ग से संबंधित उम्मीद्वारों (लगभग 20.26% उम्मीद्वार) का विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन हुआ।

6) विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों ने अपनी अर्हक परीक्षा 139 भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों/बोर्डों से पास की थी।

7) प्रवेश पाने वाले 1535 उम्मीद्वारों में से 552 उम्मीद्वार निम्न और मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रुपये से कम थी और 983 उम्मीद्वार उच्च आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रुपये से अधिक थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से छात्रों का अनुपात क्रमशः 591 : 944 था। केवल 423 उम्मीद्वारों ने अपनी स्कूली शिक्षा पब्लिक स्कूलों से प्राप्त की थी और शेष 1112 ने नगर–निगम और अन्य स्कूलों से।

8) विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1535 उम्मीद्वारों के अलावा 195 उम्मीद्वार निम्नलिखित वर्गों से थे :

विदेशी छात्र (36 देशों से)	:	84*+25**
सीधे पी–एच.डी. में प्रवेश	:	60
गत वर्ष ज्वाइन न कर पाने वाले छात्र	:	15
'नेट' परीक्षा उतीर्ण (कनिष्ठ शोधवृत्ति धारक)	:	36
		195

(* एब्सेंसिया श्रेणी में)
(** 25 उम्मीद्वार प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आए और ये 1535 में शामिल हैं)

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 18 मई 2008 को देश–भर में 79 केन्द्रों पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित 43 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस-सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एम.वी.एस-सी. (एग्रीकल्चर)/एम.एस-सी. (एनीमल बायोटेक्नोलॉजी) और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव-प्रौद्योगिकी प्रवेश-परीक्षा आयोजित की।

शैक्षिक वर्ष 2008-2009 के लिए विभिन्न प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीद्वारों से कुल 23955 आवेदन-पत्र (एम.एस-सी. (बायोटेक्नोलॉजी) – 21799; एम.एस-सी. (एग्रीकल्चर) और एम.वी.एस-सी. – 854 तथा एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) – 1302) प्राप्त हुए। इनमें से 21216 उम्मीद्वार (एम.एस-सी. (बायोटेक्नोलॉजी) – 19438, एम.एस-सी. (एग्रीकल्चर) और एम.वी.एस-सी. – 764 तथा एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) – 1014) प्रवेश-परीक्षा में बैठे और 499 उम्मीद्वारों को प्रवेश-प्रस्ताव भेजे गए।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए कुल 517 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 142 उम्मीद्वारों ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया – सी.ओ.पी. में 57, डी.ओ.पी. में 42 और ए.डी.ओ.पी. में 43।

छात्रों की संख्या

1.9.2008 को विश्वविद्यालय में 6025 पूर्णकालिक छात्र पंजीकृत थे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का विवरण इस प्रकार है – 3699 छात्र शोध कर रहे थे और 1598 छात्र एम.ए./एम.एस–सी./ एम.सी.ए. और 728 छात्र (अंशकालिक पाठ्यक्रम सहित) स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत थे।

प्रदान की गई उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्थानों के 2848 छात्रों को अपने–अपने पाठ्यक्रम

सफलतापूर्वक पूरा करने पर उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान किए गए :

(1)	पी–एच.डी.	:	318
(2)	एम.फिल.	:	349
(3)	एम.टेक. (कंप्यूटर विज्ञान)	:	24
(4)	एम.ए.	:	551
(5)	एम.एस–सी./एम.सी.ए./एम.पी.एच.	:	90
(6)	बी.ए. (ऑनर्स)/(पास)	:	189
(7)	उच्च डिप्लोमा/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट	:	103
(8)	बी.ए. (ऑनर्स)/(पास)/(मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	218
(9)	बी.एस.–सी. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	448
(10)	बी.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	553
(11)	एम.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	05
	कुल	:	**2848**

प्रवेश प्रक्रिया

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्क्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा समय–समय पर अनुमोदित प्रवेश नीति और प्रक्रिया के अनुसार दिए जाते हैं।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सीटों (एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों सहित) की संख्या का निर्धारण संबंधित केन्द्रों/संस्थानों की सिफारिशों के आधार पर विद्या परिषद् द्वारा किया जाता है। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों की सीटें केन्द्रों/संस्थानों द्वारा एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई सीटों के अतिरिक्त होती हैं।

प्रवेश में आरक्षण : विश्वविद्यालय अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों को आरक्षण उपलब्ध कराता है। 22.5% स्थान अ.जा./अ.ज.जा. (क्रमश : 15% और 7.5%, आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है) और 12% स्थान अ.पि.व.तथा 3% स्थान शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में निश्चित सीटों के अलावा 15% सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी छात्रों के लिए निर्धारित 15% सीटों में से 7.5% सीट प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से तथा 7.5% सीट 'एब्सेंसिया' में भरी जाती हैं। आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रवेश सूचना : प्रवेश संबंधी सूचना अखिल भारतीय स्तर पर प्रमुख समाचार–पत्रों में प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के लगभग दूसरे सप्ताह में प्रकाशित की जाती है।

लिखित–परीक्षा : विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देश भर में फैले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लिखित–परीक्षा आयोजित की जाती है। यह लिखित परीक्षा प्रत्येक वर्ष मई माह के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है। प्रत्येक पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए तीन घंटे की अवधि वाला एक प्रश्न–पत्र तैयार किया जाता है। प्रवेश–परीक्षा तीन दिन चलती है। प्रत्येक दिन दो सत्रों में परीक्षा होती है, जिनमें तीन–तीन घंटे के प्रश्न–पत्र होते हैं। उम्मीद्वार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिखित–परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा मौखिक–परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) के आधार पर दिया जाता है। जहाँ मौखिक–परीक्षा लागू है वहाँ लिखित परीक्षा 70 अंकों की होती है।

प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपेक्षित पात्रता : प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपेक्षित पात्रता (सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग दोनों के लिए) विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार निर्धारित होती है। पाठ्यक्रम विशेष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हक परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को भी प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है। परन्तु प्रवेश हेतु चुन लिए जाने की स्थिति में उनका प्रवेश अर्हक परीक्षा में निर्धारित अंक प्राप्त करने तथा प्रवेश के समय अर्हक परीक्षा की अंतिम अंक तालिका सहित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मान्य होता है। किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि वर्ष की 14 अगस्त होती है। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाता।

मौखिक परीक्षा : एम.फिल./पी–एच.डी./प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों और विदेशी भाषाओं (अंग्रेजी को छोड़कर) में एम.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों को एक मौखिक–परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा के लिए 30% अंक आबंटित है। केवल उन्हीं

उम्मीद्वारों को एम.फिल./पी–एच.डी./ प्री–पी–एच.डी. और एम.ए. (विदेशी भाषाओं) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मौखिक परीक्षा मे बुलाने के लिए पात्र माना जाता है जिन्होंने लिखित परीक्षा में न्यूनतम क्रमशः 35% और 25% अंक प्राप्त किए हों। अ.जा.,/ अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 10% अंकों की छूट होती है। प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सामान्यतः विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित सीटों से तीन गुना उम्मीद्वारों को ही मौखिक–परीक्षा के लिए बुलाया जाता है।

उम्मीद्वारों का चयन : प्रत्येक कोर्स/अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए सामान्य, अ.जा./अ.ज.जा., शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी उम्मीद्वारों की अलग–अलग योग्यता–क्रम सूची तैयार की जाती है। विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में उम्मीद्वारों को अंतिम रूप से प्रवेश उम्मीद्वारों से संबंधित वर्गों में इंटर से–मेरिट के आधार पर दिया जाता है। यह मेरिट उम्मीदवार की लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) में प्राप्त अंकों और अतिरिक्त अंकों (जहाँ लागू हो) के आधार पर तैयार की जाती है।

पंजीकरण : जो उम्मीद्वार प्रवेश के लिए चुन लिए जाते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा बनाई जाने वाली समय–सारणी के अन्दर ही अपने पंजीकरण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

विश्वविद्यालय निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, विद्या परिषद, कार्य परिषद और वित्त समिति जैसे निकाय हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट की कार्यपरिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार उन परिस्थितियों में है, जब इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो।

विश्वविद्यालय कोर्ट की पिछली वार्षिक बैठक 20 जनवरी, 2009 को हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 1 अप्रैल 2007 से 31 मार्च 2008 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2007–2008 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2008–2009 के बजट अनुमान भी प्राप्त किए। मा.सं.वि.मं. और वि.अ.आ. के निदेशों और विश्वविद्यालय की वित्त समिति के निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे प्रोद्भूत लेखा पद्धति के आधार पर तैयार किए गए।

आरम्भ में कुलपति ने विश्वविद्यालय और कोर्ट के सदस्यों की ओर से कुलाधिपति प्रो. यशपाल का स्वागत किया। कुलाधिपति ने कोर्ट के सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया तथा कुलपति के नेतृत्व में सम्पन्न हुई विभिन्न गतिविधियों के लिए उनका धन्यवाद किया।

कुलपति ने 1.4.2007 से 31.3.2008 के दौरान विश्वविद्यालय में हुए निम्नलिखित कार्यों के बारे में कोर्ट को जानकारी दी कि :

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने आवृत्ति अनुदान के अन्तर्गत रु. 144.14 करोड़ और अनावृत्ति अनुदान के अन्तर्गत रु. 70.04 करोड के अनुदान का अनुमोदन किया तथा 280 शिक्षकों की भर्ती के लिए भी मंजूरी दी; इनमें से 95 शिक्षकों के पद (20 प्रोफेसर, 40 एसोसिएट प्रोफेसर और 35 सहायक प्रोफेसर) केन्द्रीय शैक्षिक संस्थानों (प्रवेश अधिनियम–2006 में आरक्षण) में अ.पि.व. के आरक्षण को लागू करने के लिए प्रथम वर्ष में भरे जाने हैं। उपरोक्त अनुदान/शिक्षकों के पदों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत नई शैक्षिक गतिविधियाँ शुरू करने के लिए 53 शिक्षकों के पदों सहित रु. 147.80 करोड़ की राशि भी मंजूर की है।
- *550 छात्रों की क्षमता वाले एक नए छात्रावास 'कोयना' का उपयोग जल्दी ही शुरू होने वाला है। इसमें बॉलकनी, बड़े कमरे, फर्नीचर, सोलर हीटिंग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, छात्रों और छात्राओं के लिए अलग–अलग जिमनेजियम और कॉमन रूप जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। 550 छात्रों की क्षमता वाले एक नए छात्रावास का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होगा।*
- *शिक्षकों और अधिकारियो के लिए 112 मकानों (प्रत्येक मकान का 1500 वर्ग फिट कारपेट क्षेत्र) के आवासीय परिसर का निर्माण शीघ्र शुरू होने वाला है।*
- *गोमती अतिथि गृह की पूर्ण रूप से मरम्मत की गई है और 35, फिरोजशाह रोड पर स्थित आडिटोरियम की मरम्मत की योजना भी है।*
- *आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न छः सैटेलाइट व्याख्यान कक्षों वाले व्याख्यान थिएटर परिसर का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है।*
- *कला और सौन्दर्यशास्त्र में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में दृश्य अध्ययन, निष्पादन अध्ययन और फिल्म अध्ययन जैसी तीन पृथक स्टीमों की शुरुआत।*
- *भौतिक विज्ञान संस्थान में गणित में पी–एच.डी. पाठ्यक्रम की शुरूआत।*
- *तमिल में पी–एच.डी. पाठ्यक्रम की शुरुआत जुलाई, 2009 से। इस पाठ्यक्रम का विस्तार करके तमिल में एम.फिल./पी–एच.डी. किया जाना है।*
- *उत्तर–पूर्वी भारत अध्ययन, भेदभाव एवं अपवर्जन अध्ययन हेतु कार्यक्रम, मानवाधिकार कार्यक्रम, महिला अध्ययन कार्यक्रम में शोध कार्यक्रम बढ़ाना।*

- *11वीं योजना पर वि.अ.अ. की विजिटिंग विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर विश्वविद्यालय भी नए केन्द्र खोलने पर विचार कर रहा है। ये केन्द्र हैं : सेंटर फार नैनो साइंस, सेंटर फार कॉम्पलेक्स सिस्टम्स ऐंड सिस्टम्स बायोलाजी, स्पेशल सेंटर फार मीडिया रिसर्च, और सेंटर फार स्माल ऐंड मीडियम एंटरप्राइजिज; और*
- *विचाराधीन नई चेयर है : मा.सं.वि.मं. से वित्तपोषित सामाजिक विज्ञान संस्थान के आर्थिक अध्ययन और नियोजन केन्द्र में आईपीआर चेयर; महाराष्ट्र सरकार द्वारा वित्तपोषित मराठी चेयर; पंजाब सरकार द्वारा वित्तपोषित पंजाबी चेयर।*

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की शैक्षिक प्राधिकरण है। विद्या परिषद् सामान्य विनियमों पर नियन्त्रण रखती है और यह विश्वविद्यालय में अनुदेश, शिक्षा और परीक्षा का मानक बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् की तीन बैठकें 30.04.2008, 05.06.2008 और 24.11.2008 को हुईं। परिषद् ने विभिन्न शैक्षिक मामलों पर विचार–विमर्श करने के अतिरिक्त, शिक्षकों/विशेषज्ञों को विभिन्न संस्थानों के अध्ययन मण्डलों और विज्ञान संस्थानों/विशेष केन्द्रों की विशेष समितियों में नामित किया। परिषद् ने विश्वविद्यालय में वर्ष 2008–2009 के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित तथ्यात्मक डाटा भी नोट किए। परिषद् द्वारा अपनी उपरोक्त बैठकों में अनुमोदित किए गए कुछ महत्त्वपूर्ण मामले इस प्रकार हैं :

- शैक्षिक सत्र 2008–2009 से प्रौढ़ शिक्षा में सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करना।
- शैक्षिक सत्र 2009–2010 से सामाजिक विज्ञान संस्थान के महिला अध्ययन कार्यक्रम में सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करना।
- शैक्षिक सत्र 2009–2010 से सामाजिक विज्ञान संस्थान के भेदभाव एवं अपवर्जन अध्ययन हेतु कार्यक्रम में सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करना।
- कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम के साथ एम.फिल. पाठ्यक्रम को समन्वित करना।
- शैक्षिक सत्र 2009–2010 से सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अभिकलनात्मक जीव–विज्ञान और जैव–सूचना–विज्ञान केन्द्र में दो–सत्रीय प्री–पीएच.डी. कोर्स कार्य शुरू करना।
- अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर शामिल नहीं है) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश में 12% आरक्षण लागू करना।
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के जापानी, कोरियाई और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र में जापानी साहित्य में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू करना।
- शैक्षिक सत्र 2009–2010 से भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के जापानी, कोरियाई और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र में कोरियाई में एम.ए. पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश शुरू करना।
- सामाजिक विज्ञान संस्थान के सामाजिक चिकित्सा–शास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम.पी.एच. पाठ्यक्रम की वर्तमान 03 सत्र की अवधि को बढ़ाकर 04 सत्र की करना।
- महाराष्ट्र सरकार से 1.5 करोड़ रुपये का वन टाइम अनुदान स्वीकार करके भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के भारतीय भाषा केन्द्र में मराठी चेयर स्थापित करना।
- सामाजिक विज्ञान संस्थान के आर्थिक और नियोजन केन्द्र में आई.पी.आर. चेयर की स्थापना प्रस्ताव में उल्लिखित सभी पदों और गतिविधियों के लिए मा.सं.वि.मं. से आवश्यक निधि प्राप्त होने के बाद की जाएगी।

कार्य परिषद्

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की कार्य निकाय है और यह सामान्य प्रबंधन और प्रशासन की प्रभारी है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसकी तीन बैठकें हुईं। ये बैठकें 21.04.2008, 03.09.2008 और 16.12.2008 को हुईं। इन बैठकों में परिषद् ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और उन पर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए। इसके अतिरिक्त, परिषद ने संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलपति द्वारा कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करते

हुए उनका अनुमोदन किया। परिषद ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों का अनुमोदन किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान लिए गए कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय निम्नलिखित हैं :

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त दिनांक 15.02.2008 के पत्र सं. एफ. 3–1/94(पीएस)/पीटी के अनुसार 65 वर्ष की आयु के बाद सेवानिवृत्त शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति के लिए बनाए गए मॉडल दिशा–निर्देशों को उसी समिति को भेजने का निर्णय लिया जिसने शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति के लिए पहले से ही दिशा–निर्देश तैयार किए थे। समिति मॉडल दिशा–निर्देशों व विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए जा रहे दिशा–निर्देशों का निरीक्षण करने के बाद जो उपयुक्त सिफारिश करेगी उसे कार्य परिषद् को भेजा जाएगा और जो निर्णय लिया जाएगा उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेज दिया जाएगा। परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि भविष्य में पुनर्नियुक्ति के सभी मामलों पर विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित किए जाने वाले दिशा–निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।
- विश्वविद्यालय में निम्नलिखित व्यक्तियों को विश्वविद्यालय की तरफ से बिना किसी वित्तीय उत्तरदायित्वों के एडजंक्ट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया। विवरण निम्न प्रकार से है :

  क) प्रोफेसर अमिताभ चट्टोपाध्याय, एडजंक्ट प्रोफेसर, आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र।

  ख) प्रोफेसर सुभाशीष गंगोपाध्याय, एडजंक्ट प्रोफेसर, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान।
- अ.पि.व. अनुदान के अन्तर्गत सभी लेन–देन/व्यय के लिए भारतीय स्टेट बैंक, जेएनयू शाखा में "जेएनयू इंफ्रास्ट्रक्चर डिवलपमेंट अकाउंट" नामक नया बैंक खाता खोलने का निर्णय लिया।
- साउथ एशियन यूनिवर्सिटी को पूर्णतः अस्थायी आधार पर ओल्ड सीआरएस बिल्डिंग में कुछ खाली कमरों का उपयोग करने की अनुमति दी बशर्ते इससे जेएनयू के कार्य में किसी भी स्तर पर बाधा उत्पन्न न हो।
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के भारतीय भाषा केन्द्र में मराठी चेयर स्थापित करने का सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन किया। इस चेयर की स्थापना के लिए सभी प्रकार के खर्चों के लिए महाराष्ट्र सरकार रु. 1.50 करोड़ का 'वन टाइम' अनुदान देगी।
- शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत शोध प्रस्तावों और मानविकी विषयों सहित एम.फिल./पीएच.डी. शोध प्रस्तावों की भी समीक्षा करने के लिए इंस्टीट्यूशनल एथिक्स रिव्यू बोर्ड–जेएनयू (आईईआरबी–जेएनयू) का गठन करने के प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया। इंस्टीट्यूशनल एथिक्स रिव्यू बोर्ड उक्त समीक्षा के बाद एथिकल क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जारी करने के लिए उत्तरदायी होगा।
- प्रारंभिक निधि को छोड़कर, सभी शिक्षकों, चाहे वो विज्ञान, मानविकी या सामाजिक विज्ञान स्ट्रीमों में कार्य कर रहे हों, को 31 मार्च, 2012 तक 'कैपिसिटी एनहांसमेंट' हेतु विज्ञान स्ट्रीम में कार्य कर रहे शिक्षकों को रु. 10.00 लाख और मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान स्ट्रीम में कार्य कर रहे शिक्षकों को रु. 3.00 लाख आबंटित करने का निर्णय लिया।

अपनी सेवानिवृत्ति की उम्र तक निम्नलिखित चार शिक्षा संस्थानों में से कम–से–कम दो संस्थानों के फेलो शिक्षकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पात्रता शर्तें पूरी करने पर 1.11.2008 से रु. 15000/– प्रतिमाह विशेष मानदेय देने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अपने दिनांक 1.11.2008 के अ.शा. पत्र सं. एफ–I–14/2006 (सीपीसी–II) द्वारा प्रेषित योजना को अपनाने का अनुमोदन किया :

क) राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद
ख) भारतीय विज्ञान अकादमी, बंगलौर
ग) भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली
घ) भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरी अकादमी, नई दिल्ली

- निर्णय लिया गया कि कुलपति को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अन्य सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों की तरह चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।,
- विजिटिंग प्रोफेसर/विजिटिंग फेलो/विजिटिंग स्कॉलर की नियुक्ति हेतु अद्यतन दिशा–निर्देशों का अनुमोदन करने का निर्णय लिया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अपने दिनांक 21.06.2007 के पत्र संख्या एफ. 2–2/2007/(सीयू/जेआरसी) द्वारा सम्प्रेषित कुक की सीधी भर्ती के पदों के लिए संशोधित मॉडल भर्ती नियमों को अपनाने का निर्णय लिया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/मानव संसाधन विकास मंत्रालय से आदेश प्राप्त होने के बाद कुलपति को शिक्षकों के छठे

वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान लागू करने के लिए प्राधिकृत करने का निर्णय लिया।

- विभिन्न प्रमाण–पत्र, छात्रों को सरकारी प्रतिलिपियाँ जारी करने और विभिन्न नियोजकों से विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त शैक्षिक दस्तावेजों के प्रमाणीकरण आदि के लिए शुल्क ढांचे में संशोधन के लिए कुलपति द्वारा गठित समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने का निर्णय लिया।
- सामाजिक विज्ञान संस्थान के आर्थिक अध्ययन और नियोजन केन्द्र में आईपीआर चेयर की स्थापना, प्रस्ताव में उल्लिखित सभी पदों और गतिविधियों के लिए मा.सं.वि.मं. से आवश्यक निधि प्राप्त होने के बाद, करने का सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन करने का निर्णय लिया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् के अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

वित्त समिति ने विश्वविद्यालय के वर्ष 2008–2009 के लिए 'अनुरक्षण खाते' में 13,316,55 लाख रुपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान दृश्य कला, रंगमंच, निष्पादन कला और सिनेमा अध्ययन के क्षेत्र में कला अध्ययन के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभरा है। संस्थान में प्रवेश लेने के लिए पूरे विश्व से छात्र आते हैं। कई अन्तरराष्ट्रीय विद्वानों ने संस्थान का दौरा किया और व्याख्यान दिए। इनमें शामिल हैं – हंस बेल्टिंग (जर्मनी के प्रसिद्ध कला इतिहासकार), प्रो. देबोराह क्लिमबर्ग–साल्टर, वियना यूनिवर्सिटी; मेलिसा चिऊ (डायरेक्टर, एशिया सोसायटी म्यूजियम और वाइस प्रेजिडेंट, ग्लोबल आर्ट प्रोग्राम्स इन न्यूयार्क), निल्स रोलर, अकादमी आफ आर्ट इन ज्यूरिख; ज्योति भट्ट और ज्योत्सना भट्ट (सुप्रसिद्ध कलाकार, बड़ौदा), जेनित लिल्ली, ओसोल, डेनमार्क। संस्थान के तीन छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्येतावृत्ति प्राप्त हुई। छात्रों ने संस्थान में आयोजित कार्यशालाओं और सम्मेलनों सहित बाह्य संस्थानों विशेषकर बड़ौदा, शांति निकेतन में आयोजित कार्यशालाओं में भी भाग लिया। संस्थान भविष्य में भी 'स्पीयर' परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विद्वानों को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित करना चाहता है ताकि छात्रों को उनके शोध अनुभवों के संबंध में विचारों का आदान प्रदान करने का अवसर मिल सके। संस्थान अगले वर्ष में 'द आर्किटेक्चर्स आफ इरोटिका : पालिटिकल, सोशल – रिचुअल्स' विषयक एक अन्तरविषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। इसमें तीनों विषयों की परस्पर सम्बद्धता पर चर्चा की जाएगी।

संस्थान तीन विषयों – दृश्य अध्ययन, रंगमंच एवं निष्पादन अध्ययन और सिनेमा अध्ययन – में समन्वित एम.ए. पाठ्यक्रम और इसके बाद प्रत्येक विषय में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। वर्ष 2008–2009 की मुख्य गतिविधियां निम्न प्रकार से हैं –

- प्रत्येक क्षेत्र में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का सक्रिय रूप से आयोजन किया गया।
- संस्थान ने संगोष्ठियां, जन व्याख्यान और शैक्षिक व्याख्यान आयोजित किए।
- संस्थान ने इस वर्ष 'स्पीयर' परियोजना चलाई है। यह एक तीन–वर्षीय परियोजना है जिसका मुख्य उद्देश्य कला के तीनों सत्रों में सहायक सामग्री और संसाधन उपलब्ध कराने की योजना तैयार करना है। परियोजना के तीन वर्षों के दौरान संस्थान प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित करेगा, निरन्तर कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करेगा, शोध कार्यों के लिए अन्य संस्थानों का सहयोग प्राप्त करेगा; जन व्याख्यानों का आयोजन करेगा और प्रतियोगिताओं के आधार पर छात्र अध्येतावृत्तियों का वितरण करेगा। इस परियोजना का उद्देश्य तीन वर्षों के गहन अनुभव के माध्यम से कला शिक्षा की गति को बढ़ाना। परियोजना की उपलब्धियां अन्य संस्थानों के लिए एक माडल का कार्य करेगी। 'स्पीयर' परियोजना का वित्त पोषण टाटा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।
- प्रो. शिवप्रकाश के मार्गदर्शन में संस्थान और अन्य विभागों के 20 छात्रों ने उर्मिमाला सरकार द्वारा निर्देशित नृत्य कला का प्रदर्शन किया। इस नृत्य मंडली ने 27 सितम्बर से 26 अक्टूबर 2008 के दौरान जापान के कुछ शहरों – टोक्यो, क्वाचिनागानो, याओ, नारा, कैजुका, हाशिमोता और नारूताकी का दौरा किया। इनके आयोजन की व्यवस्था ओसाका इन द वर्ल्ड कमेटी द्वारा की गई। इन प्रस्तुतियों का उद्देश्य दो भिन्न संस्कृतियों के बीच आदान–प्रदान को बढ़ावा देना था। इस प्रस्तुति का मंचन जेएनयू समुदाय के लिए 18 जनवरी 2009 को जेएनयू वार्षिक दिवस अवसर पर भी किया गया।
- डा. कविता सिंह नमन आहुजा और शुक्ला सावंत ने देवी आर्ट फाउंडेशन में 'वेअर इन द वर्ल्ड' शीर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसमें समसामयिक कला के प्रचुर निजी संग्रह को प्रस्तुत किया गया। मुख्यतः इसमें पिछले दस वर्षों में सृजित भारतीय समसामयिक कला की परम्परा और मुख्य बिंदुओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें मुख्य विषय थे वैश्वीकरण, भूमण्डलीकरण, कला बाजार की आर्थिक तेजी, कला कार्य का शोषण और ऐसे सामाजिक, पर्यावरणीय तथा राजनीतिक मामले जिन पर कलाकारों को आघात पहुँचा।
- संस्थान ने इण्डियन सोसायटी थिएटर रिसर्च की रंगमंच और निष्पादन विषयक सम्मेलन आयोजित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- संस्थान ने इस वर्ष मार्च में 'सर्किट्स आफ द पाप्यूलर' विषयक पहले अन्तरराष्ट्रीय 'स्पीयर' अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

रिपोर्ट का विस्तृत विवरण नीचे प्रस्तुत है :

संस्थान द्वारा शुरू किए गए नये कोर्स (नियमित और उपचारात्मक)

- डॉ. नमन आहूजा ने एम.ए. स्तर पर 4 क्रेडिट का 'द आर्ट आफ गंधार : आइकोनोग्राफी, न्यूमिसमेटिक्स और आर्किओलाजी' शीर्षक वैकल्पिक कोर्स चलाया।

संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशालाएं :

- पारूल दवे मुखर्जी और कविता सिंह ने 10–11 अक्टूबर 2008 को मैक्समुलर भवन, नई दिल्ली के सहयोग से हेंस बेल्टिंग और पीटर वेबल द्वारा 'ग्लोबल आर्ट ऐंड म्यूजियम : द ग्लोबल टर्न ऐंड आर्ट इन कन्टेम्पोरेरि इण्डिया' का आयोजन करने में सहयोग किया।
- रजनी मजुमदार ने एम.फिल. छात्रों के लिए 'यूरोपीयन आर्ट सिनेमा ऐंड रेस' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया और इसमें व्याख्यान देने के लिए मार्क बेट्स, किंग्स कालेज, लंदन, यू.के. को आमंत्रित किया।
- शुक्ला सांवत और पारूल दवे मुखर्जी ने 24 जनवरी 2009 को सुमन गोपीनाथ और ग्रांट वाटसन के सहयोग से 'नासरीन मोहम्मदी' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।
- ईरा भास्कर ने बंगलादेश के सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता तनवीर मोकम्मल के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की और इसमें उनकी फिल्म – स्वप्नभूमि की स्क्रिनिंग पर चर्चा की। यह फिल्म बाटवारे पर आधारित है और बंगलादेश के सृजन तथा देश में बिहारी मुसलमानों की हालत का विवरण प्रस्तुत करती है।
- एच.एस. शिव प्रकाश और विष्णुप्रिय दत्त ने 28 से 30 जनवरी 2000 तक इण्डियन सोसायटी फार थिएटर रिसर्च के लैंग्यूवेज(स) आफ थिएटर' 5वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया।
- एच.एस. शिव प्रकाश ने फरवरी 2009 के प्रथम सप्ताह में डेनमार्क से आए जेनेत लिल्ली की नृत्य कार्यशाला और ओलसोल की रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया।
- नमन आहूजा ने 28 फरवरी 2009 को 'स्पीयर' के अन्तर्गत 'रिसर्च आन न्यू सल्तनत ऐंड मुगल आर्ट' विषयक एक दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें डा. पैड्रो मौरा कार्वाल्हो (आगा खां विजिटिंग प्रोफेसर, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी), डा. उर्सुला विकेज (विजिटिंग प्रोफेसर, जेएनयू) डा. जत्ता जैन न्युबाउर (इंडिपेंडेंट स्कालर), डा. अशोक दास (सेवानिवृत्त निदेशक, सवाई मानसिंह म्यूजियम, जयपुर), डा. नमन आहूजा और सुश्री आभा सेठ ने आलेख पढ़े और इसके एम.फिल. पाठ्यक्रम की दो वरिष्ठ छात्राओं – श्रीनयनी रेड्डी और पारूल सिंह ने प्रस्तुति पेश की।
- एच.एस. शिव प्रकाश, पारूल दवे मुखर्जी, रजनी मजुमदार ने संस्थान में 16–18 मार्च को 'सर्किट्स आफ द पाप्यूलर' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रचलित संस्कृति के मुद्दों : इसके प्रचार–प्रसार, परिचालन और लोक उत्पति पर चर्चा करते हुए समाज पर इसके प्रभाव, इसके संरक्षण की अद्वितीय अनूठी प्रकृति, इसके विश्वस्तरीय परिचालन के धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव की जानकारी हासिल करना था।

संस्थान द्वारा आयोजित व्याख्यान

- हेंस बेल्टिन, आधुनिक यूरोपीय कला के मध्य तथा प्राचीन कालीन कला के साथ–साथ समसामयिक कला और सिद्धान्त के कला इतिहासकार, हीडलबर्ग यूनिवर्सिटी, ने 13 अक्टूबर 2008 को 'इमेज एंथ्रोपोलाजी : डेथ ऐंड द मेकिंग आफ पिक्चर्स' विषयक व्याख्यान दिया। इसका आयोजन मैक्समूलर भवन, दिल्ली के सहयोग से किया गया था।
- देबोराह क्लिमबर्ग – साल्तर, वियना यूनिवर्सिटी में एशियन आर्ट हिस्ट्री के प्रोफेसर और नेशनल रिसर्च नेटवर्क के डायरेक्टर ने 23 अक्टूबर 2008 को जेएनयू में 'द कल्चर हिस्ट्री आफ द वेस्टर्न हिमालय फ्राम 8थ सेंचुरी' विषयक व्याख्यान दिया। यूरोपीय एसोसिएशन आफ साउथ एशियन आर्कियोलाजी के प्रेजिडेंट, अफगानिस्तान सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए गणित यूनेस्को इंटरनेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी के सदस्य (वर्ष 2003 से इसकी स्थापना से) ने बामियान, द हिन्दुकुश और ककराक क्लिमबर्ग विषयक व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान उच्च अध्ययन संस्थान, जेएनयू के सहयोग से 'गंधार आर्ट ऐंड अफगानिस्तान' विषयक विशेष कोर्स के संबंध में आयोजित किया गया।
- मलिसा चियू डायरेक्टर, एशिया सोसायटी म्यूजियम और वाइज प्रेजिडेंट, ग्लोबल आर्ट प्रोग्राम, न्यूयार्क और फाउंडिंग डायरेक्टर, एशिया–आस्ट्रेलिया ने 23.10.08 को 'कंटेम्पोरेरि आर्ट इन चाइना : वेयर हेस इट कम फ्राम ऐंड वेयर इज इट हेडिंग' विषय पर व्याख्यान दिया।

- नीलस रोलर, प्रोफेसर फार मीडिया थीअरि, अकादमी आफ आर्ट इन ज्यूरिख, ने 27 अक्टूबर 2008 को 'ट्रेंड्स इन मीडिया थीयरी ऐंड मीडिया आर्ट' विषयक व्याख्यान दिया।
- राक मीडिया कोलेक्टिव (जीवेश बागची, सुधाब्रत सेनगुप्ता और मोनिका नरूला) ने 7 नवम्बर 2008 की स्थापना के सभागार में 7थ एडिशन आफ मेनिफेस्टा, द यूरोपीयन बाइनिअल आफ कंटेम्पोरेरि आर्ट' के लिए एक विस्तृत व्याख्यान दिया और साथ ही उन्होंने अपने क्यूरेशन के लिए व्यक्तिगत प्रस्तुति भी दी।
- सावित्री प्रीता नायर, न्यू इण्डिया फाउंडेशन फेलो 2008–2009 ने 2 फरवरी 2009 को 'ऐट द इंटरफेस बिटवीन आर्ट ऐंड साइंस : तंजोर रिस्पोंस टु द क्लोनिअल एनकांउटर 1798–1832' विषयक व्याख्यान दिया।
- तेपिओ मकेला, ए.एच.आर.सी. रिसर्च फेलो, क्रिएटिव टेक्नोलाजी, यूनिवर्सिटी आफ साल्फोर्ड, यू.के. ने 5 फरवरी 2009 को 'टेक्नोलाजीस आफ लोकेशन' विषयक व्याख्यान दिया।
- जान और एलिदा आसमैन, प्रोफेसर्स इन इजिप्टोलाजी, यूनिवर्सिटी आफ हीडलबर्ग, जर्मनी ने 17 फरवरी 2009 को 'कल्चरल मैमोरी' विषयक व्याख्यान दिया।
- बिल हस्टन, एक सुप्रसिद्ध एबस्ट्रेक्ट पेंटर ने 20 फरवरी 2009 को 'अंडरस्टेंडिंग ऐन आल्टर्नेटिव ट्रजेक्टरी आफ माडर्नीज्म : कनटेम्पोरेरि अफ्रीकन अमरीकन आर्ट' विषयक व्याख्यान दिया।

संस्थान द्वारा आयोजित प्रदर्शिनियां, परिचर्चाएं और फील्ड ट्रिप्स

- संस्थान के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा 21 मार्च 2009 को देबी आर्ट फाउंडेशन में आयोजित 'वेअर इन द वर्ल्ड' विषयक प्रदर्शनी के अवसर पर 'आइडियास, एग्जिक्यूशन ऐंड टुडे'स आर्टिस्ट' विषयक परिचर्चा आयोजित की गई। फोटोग्राफर वास्वो एवस वास्वो अपने अभ्यास के सहयोगात्मक कार्य के बारे में वक्तव्य दिया और आल्टर्नेटिव ला फारेन के लारेंस लियांग ने 'न्यू सब्जेक्टिविटी आफ द आर्टिस्ट' विषयक चर्चा की और एक छात्र क्यूरेटर द्वारा इसकी प्रस्तुति पेश की गई।
- संस्थान के गैलरी में 18 मार्च को अर्चना हांडा द्वारा आर्काइवल फोटोग्राफ की एक प्रदर्शनी लगाई गई।
- संस्थान ने कई फील्ड ट्रिप आयोजित किए। थिएटर ऐंड परफार्मेंस स्टडीज प्रभाग ने पुरूलिया शान्तिनिकेतन और सानदति के लिए फील्ड ट्रिप आयोजित किए। इसका मुख्य उद्देश्य एम.फिल. छात्रों के क्षेत्रीय अध्ययन की परिचर्चा के लिए स्थानीय लोक कला की प्रोफेशनल और सेमी प्रोफेशनल महिला कलाकारों पर एक प्रलेखन तैयार करना था।
- विजुअल स्टडीज प्रभाग ने विजुअल स्टडीज के एम.फिल. छात्रों की साइट परिचर्चा के लिए आगरा, मथुरा, मोर्ट सोंख के प्राचीन ऐतिहासिक और मध्यकालीन स्थलों के लिए एक फील्ड ट्रिप आयोजित किया।

सम्मेलनों में प्रतिभागिता/प्रदर्शनियों का आयोजन/प्रस्तुतियां

- शिव प्रकाश ने 28–30 जनवरी 2009 को नई दिल्ली में आयोजित 'लैंग्यूवेज आफ थिएटर' विषयक आई.एस.टी.आर. के 5वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया।
- शिव प्रकाश और उर्मिमाला सरकार ने 27 सितम्बर से 26 अक्टूबर 2008 के दौरान 20 छात्रों के एक ग्रुप के साथ जापान का दौरा किया और नृत्यकला का प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन प्रो. शिव प्रकाश के मार्गदर्शन में उर्मिमाला सरकार द्वारा किया गया। नृत्यकला की प्रस्तुतियां तोक्यो, कावाचिनागानो, याओ, नारा, कौजुका, हाशीमातो, नारूताकी आदि शहरों में पेश की गई।

शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियो/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- पारूल दवे मुखर्जी ने 9–11 जुलाई 2008 को यूनिवर्सिटी आफ मानचेस्टर, यू.के. में आयोजित 'आर्ट हिस्ट्री आफ्टर इंडिपेडेंस : साउथ एशियन रिकनफिगरेशंस' विषयक ई.सी.एम.एस.ए.एस. सम्मेलन की पैनल परिचर्चा का संयोजन किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 10 अक्टूबर 2008 को मैक्समुलर भवन में आयोजित कार्यशाला (हंस बेल्टिंग एंड्रिया बुडडनसिएग द्वारा चलाई गई 'ग्लोबल आर्ट ऐंड द म्यूजियम' विषयक परियोजना पर आधारित) में भाग लिया और 'हाऊ ग्लोबल इज आर्ट हिस्ट्री टुडे' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।

- पारूल दवे मुखर्जी ने 15 नवम्बर 2008 को जेएनयू में आयोजित 20वें इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ हिस्टोरियन आफ एशिया में 'परफार्मिंग सोलो : परफार्मोटिव मिमेसिस इन एन पुष्पमाला'स फोटो परफार्मेंस' में जैंडर डिस्कोर्स इन एशियन हिस्ट्री इमेजिंग फैमिनिटी ऐंड मैसक्युलिनिटी विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 19 नवम्बर 2008 को दर्शनशास्त्र दिवस के अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'फिलास्फी ऐंड एस्थेटिक्स एक्सपिरियंस' विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में 'ईस्ट–वेस्ट डिवाइड इन स्टडी आफ इंडियन एस्थेटिक्स' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 7–9 दिसम्बर 2008 को रणथम्बोर, राजस्थान में आस्ट्रेलियन–इण्डियन कांउसिल, आस्ट्रेलियन अकादमी आफ सोशल साइंसिस और आई.सी.एस.एस.आर., नई दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यशाला में 'ग्लोबलाइजेशन ऐंड द स्टेट आफ नालेज इन आर्ट हिस्ट्री' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 18–21 दिसम्बर को बनारस में आयोजित 'डेमोक्रेसी इन अवर टाइम : द पास्ट ऐंड फ्यूचर आफ एनलाइनमेंट' विषयक संगोष्ठी में 'पाप्यूलर फेस्टिवल्स, पाप्यूलिस्ट विजुअल कल्चर ऐंड द मोदी मास्क्स' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 7 फरवरी 2009 को नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय, नई दिल्ली में आयोजित 'न्यू कल्चर्स आफ इंटिमेसी ऐंड टुगेदरनेस इन एशिया' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता की।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 24 फरवरी 12009 को गेटी रिसर्च इंस्टीट्यूट, ला में आयोजित 'आर्ट हिस्ट्री ऐज ए डिवलपिंग प्रैक्टिस' विषयक एक–दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 25–28 फरवरी 2009 को लास एंजलिस, यूएसए में आयोजित कालेज आर्ट एसोसिएशन सम्मेलन में 'द केरियर आफ ए क्लासिकल आर्ट ट्रीटीज, द सित्रा सूत्र इन इण्डियन आर्ट हिस्ट्री' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 27 फरवरी 2009 को सी.ए.ए., लास एंजलिस में इफ्तिकार दादी द्वारा आयोजित 'आर्ट ऐंड ट्रांसनेशनलिज्म' विषयक गोलमेज चर्चा में भाग लिया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 18 मार्च 2009 को कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान, जेएनयू में आयोजित 'सर्किट्स आफ द पाप्यूलर' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'विजुअल कल्चर, नरेशन ऐंड द इमर्जिंग मोड्स आफ विजुअल्टी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 14 मई 2008 को सेल्जबर्ग, आस्ट्रिया में मैकग्रेगर और माइकल कनफोर्टी द्वारा आयोजित सेल्जबर्ग ग्लोबल सेमिनार के 'अचीविंग द फ्री सर्कुलेशन आफ कल्चर आर्टिफैक्ट्स' विषयक 453वें सत्र में 'यूनिवर्सल म्यूजियम्स : द व्यु फ्राम बिलो' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 9 जुलाई 2008 को मानचेस्टर यूनिवर्सिटी में यूरोपीयन कमेटी फार मार्डन साउथ एशियन स्टडीज कांफ्रेंस द्वारा आयोजित 'आर्ट हिस्ट्री आफ्टर इंडिपेंडेंस साउथ एशियन रिकनफिग्रेशन' विषयक पैनल में थ्री नेशनल म्यूजियम्स : इण्डिया, पाकिस्तान, बंगलादेश शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 11 जुलाई 2008 को यूनिवर्सिटी मानचेस्टर यूनिवर्सिटी, यू.के. में यूरोपीयन कमेटी फार माडर्न साउथ एशियन स्टडीज कांफ्रेंस द्वारा आयोजित 'पब्लिक पर्सेप्शंस आफ ए रिलिजन काल्ड हिन्दुइज्म' विषयक पैनल में 'एटर्नल रिटर्न आफ द टेम्पल : दिल्ली'स अक्षरधाम' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 11 अक्टूबर 2008 को मैक्समुलर भवन में प्रो. हंस बेल्टिंग और डा. एंड्रिया बुडडनसेग, जैड के एम काल्सरूहे, जर्मनी द्वारा आयोजित 'ग्लोबल आर्ट म्यूजियम वर्कशाप में 'म्युजियम्स आफ तिब्बेतियन एक्साइल कम्युनिटी ऐंड द प्रोडक्शन आफ एथनिसिटी' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 14 दिसम्बर 2008 को 'सियाही' जयपुर द्वारा आयोजित 'द नरेटिव टेक्सटाइल्स आफ मिथ' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन के 'मेंटल्स आफ मिथ' विषयक सत्र में 'अनचैंजिंग इमेज इन ए चैंजिंग वर्ल्ड : फड़ पैंटिंग्स आफ राजस्थान' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- कविता सिंह ने 13 जनवरी 2009 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दीपांकर गुप्ता द्वारा आयोजित 'माई फवरेट लेवि स्ट्रास' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'मिथ आन द वाल : एनालाइजिंग फड़ पेंटिंग्स आफ राजस्थान' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 26 फरवरी 2009 को आई.सी.सी.आर. और हेबिआर्ट फांउडेशन द्वारा आयोजित 'साउथ एशियन आर्ट : प्रजेंट सिनारिओ ऍंड फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'नेशनलीज्मस ऍंड म्यूजियम्स इन साउथ एशिया' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- कविता सिंह ने 14 फरवरी 2009 को देवी आर्ट फांउडेशन में 'आर्ट ऍंड शाक' विषयक कला प्रदर्शनी आयोजित की।
- कविता सिंह ने 21 मार्च 2009 को जेएनयू में 'आर्ट ओनरशिप ऍंड आर्थरशिप' विषयक कार्यशाला आयोजित की।
- सांवत शुक्ल ने 11 अप्रैल को पी.एसबी.टी. और आई.एच.सी. गुलमोहर हाल, इण्डिया हैबिटेट सेंटर के सहयोग से मैक्समूलर द्वारा इण्डिया और जर्मनी वृत्तचित्र महोत्सव के अवसर पर आयोजित 'आर्ट ऍंड पावर' विषयक कार्यशाला में 'डिजेनरेट आर्ट ऍंड नाजी आइडिओलाजी' शीर्षक परिचर्चा की अध्यक्षता की।
- सांवत शुक्ल ने 21–22 अगस्त 2008 को ज्यूरिख, स्विटजरलेण्ड में आयोजित प्रो. देलवितीआ क्यूरेटर्स प्लेटफार्म संगोष्ठी में भाग लिया और 'रिसेंट प्रोजेक्ट्स ऍंड एक्सपिरियंसिस विद इंटरनेशनल आर्टिस्ट ऍंड पार्टनर इंस्टीट्यूशंस' विषयक सत्र में उनके कृतित्व का प्रदर्शन किया।
- सांवत शुक्ल ने 2 अक्टूबर 2009 को इमामी चेसिल आर्ट में श्री अमित मुखोपाध्याय द्वारा आयोजित 'द ट्रेंड्स/टेंडेंसिज आफ डि–कनटेक्सचुअलाइजिंग आर्ट टुडे' विषयक इंटरएक्टिव सत्र में 'इंस्टालेशन ट्रम्प आफ लेबर पार्ट–II' में उनके कृतित्व की प्रस्तुति की। इसका उद्घाटन श्री प्रयाग शुक्ल ने किया।
- सांवत शुक्ल ने 11 अक्टूबर 2008 को मैक्समुलर भवन, नई दिल्ली में प्रो. हंस वेल्टिंग और डा. एड्रिया वुड्डनसेग, जे.के. एम. कार्ल्सरूहे, जर्मनी द्वारा आयोजित ग्लोबल आर्ट म्यूजियम कार्यशाला में 'द ग्लोबल टर्न ऍंड आर्ट इन कनटेम्पोरेरि इण्डिया' विषयक सत्र में 'द टेंशन बिटवीन लोकल ऍंड द ग्लोबल' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- सांवत शुक्ल ने 16 अक्टूबर 2008 को सप्रु हाउस, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली में आयोजित 'इण्डिया–स्पेन डायलाग फोरम' की चौथी बैठक में भाग लिया और 'कल्चर : कंटेम्पोरेरि आर्ट ऍंड फिल्म' विषयक गोलमेज–IV परिचर्चा में भाग लिया।
- सांवत शुक्ल ने 27 फरवरी 2009 को इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर में हैबिआर्ट फांउडेशन और आई.सी.सी.आर द्वारा आयोजित 'साउथ एशियन आर्ट – प्रजेंट सिनरिओ : फ्यूचर विजंस' विषयक कार्यशाला में 'द यूनिवर्सिटी ऐज ए साइट आफ पब्लिक आर्ट' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- सांवत शुक्ल ने 8 मार्च 2009 को महरौली में सुहेल हाशमी के साथ मिलकर साइट कार्यशाला आयोजित की और 10 मार्च 2009 को 'आर्किटेक्चर हेरिटेज आफ द साइट' विषयक जांच की।
- सांवत शुक्ल ने 7–30 मार्च 2009 को कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान में 'स्पीयर' परियोजना के अन्तर्गत कलाकारों – अर्चना हांदे और सुरेश पांचाल के साथ फर्स्ट आर्टिस्ट रेसिडेसी, एग्जीविशन आफ मल्टी मीडिया इंस्टलेशन रेलिक्स आफ ग्रे, और अर्चना हांदे के जन व्याख्यान का समन्वयन किया।
- सांवत शुक्ल ने 16–18 मार्च 2009 तक कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान द्वारा आयोजित 'सर्किट्स आफ द पाप्यूलर' विषयक संगोष्ठी के 'पाप्यूलर पब्लिक 'स्पीयर ऍंड एग्जिबिट्री स्पेसिस' विषयक पैनल में 'लाइसेंस टु लाइबल : हूज आर्ट इज इट एनीवे ?' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एन.पी. आहूजा ने 18 अप्रैल 2008 को येल यूनिवर्सिटी में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'ए पैथिअन रिडिस्कवर' विषयक मुख्य व्याख्यान दिया।
- एन.पी. आहूजा ने 9–11 जुलाई 2008 को इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ द मानचेस्टर, यू.के. में आयोजित ई.सी.एम.एस.ए.एस. सम्मेलन में हिस्टोरियोग्राफी आफ इण्डियन टेरीकोटा 'आर्ट हिस्ट्री आफ्टर इंडिपेंडेंस : साउथ एशियन रिकनफिगरेशंस' आलेख प्रस्तुत किया।

- एन.पी. आहूजा ने 17 नवम्बर 2008 को जेएनयू में आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ द हिस्टोरियन आफ एशिया के सम्मेलन में 'द एवरीडे इमेजिस ऐंड रिचुअल्स आफ गंधार' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एन.पी. आहूजा ने 28 फरवरी 2009 को 'स्पीयर' के तत्वावधान में आयोजित 'द न्यू रिसर्च आन द सल्तनत ऐंड मुगल आर्ट' विषयक कार्यशाला में 'द सल्तनत चंदायन मैन्युस्क्रिप्ट्स : ए रिअसेसमेंट' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एन.पी. आहूजा ने 19 फरवरी 2009 को जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान में आयोजित 'द डायनेमिक्स आफ रिलिजस प्लुरलीज्म : कनफ्लिक्ट, असिमिलेशन ऐंड इनोवेशन इन प्री–माडर्न इण्डिया' विषयक सम्मेलन में 'द सूफी येट हिन्दी, फोक येट रायल – चंदायन : ए केस स्टडी आफ द पाप्यूलर सल्तनत इलस्ट्रेटिड स्टोरी' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एन.पी. आहूजा ने जेएनयू में 16 मार्च 2009 को 'स्पीयर' के तत्वावधान में आयोजित 'सर्किट्स आफ द पाप्युलर' विषयक सम्मेलन में 'आर्ट इन द प्रिमिटिव डोमेन : द पाप्युलर आइकोनोग्राफीज आफ अर्ली – हिस्टोरिक अर्बन सिटीज' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एन.पी. आहूजा ने 23 मार्च 2009 को बिहार पटना में 'बुद्धिज्म' पर आयोजित यूनेस्को इनटेक गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला में 'द आर्ट ऐंड हिस्ट्री आफ बुद्धिज्म इन इण्डिया' विषयक विशेष व्याख्यान दिया।
- रजनी मजुमदार ने जून 2008 में रिसर्च इंस्टीट्यूट फार कास्मोपोलिटन कल्चर्स, यूनिवर्सिटी आफ मानचेस्टर, यू.के. में आयोजित 'मल्टीप्लिसिटीज : वर्ल्ड सिनेमा, ग्लोबलाइज्ड मीडिया ऐंड कास्मोपोलिटन कल्चर्स' विषयक सम्मेलन में 'ए कास्मोपोलिटन आइकोन आफ बाम्बे सिनेमा' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- रजनी मजुमदार ने जुलाई 2008 में सेंटर फार रिसर्च ऐंड एज्यूकेशन इन आर्ट्स ऐंड मीडिया, यूनिवर्सिटी आफ वेस्टमिंस्टर, लंदन, यू.के. द्वारा आयोजित 'इण्डियन सिनेमा' विषयक सम्मेलन में 'बाम्बे सिनेमा'स डांसिंग क्वीन : द केस आफ हेलन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- रजनी मजुमदार ने जुलाई 2008 में सेंटर फार रिसर्च इन मीडिया ऐंड कल्चर स्टडीज, यूनिवर्सिटी आफ सुंदरलैण्ड, यू.के. द्वारा आयोजित 'इण्डियन सिनेमा डे' के अवसर पर 'इण्डियन सिनेमा' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- रजनी मजुमदार ने नवम्बर 2008 में डे बाले, अमस्टडर्म द्वारा आयोजित 'बाई–पास : एवरीडे लाइफ ऐंड कंटेम्पोरेरि अबर्नीज्म इन इंडिया ऐंड चाइना' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'द अर्बन फ्रिंज' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- रजनी मजुमदार ने नवम्बर 2008 में हेनरिक बॉल फांउडेशन, इण्डिया हेबिटेट सेंटर, मैक्समुलर भवन और जुबान द्वारा आयोजित 'पार्टिशन : द लोंग शेडो' विषयक संगोष्ठी में गर्म हवा की पटकथा लेखिका शमा जैदी के साथ परिचर्चा में भाग लिया।
- रजनी मजुमदार ने मार्च 2009 में जेएनयू में आयोजित 'सर्किट्स आफ पाप्यूलर : विजुअल आर्ट्स, सिनेमा थिएटर ऐंड परफार्मेंस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय अन्तरविषयक संगोष्ठी में 'स्टारडम और परफार्मेंस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- वाई.एस. अलोन ने अक्टूबर 2008 में प्रो. हंस बेल्टिंग के साथ गोएथे इंस्टीट्यूट, मैक्समुलर भवन, जेएनयू और सेंटर फार आर्ट ऐंड मीडिया काल्सरूहे, नई दिल्ली द्वारा आयोजित संगोष्ठी में 'ग्लोबल आर्ट ऐंड द म्युजियम – द ग्लोबल टर्न ऐंड आर्ट इन कनटेम्पोरेरि इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- वाई.एस. अलोन ने 23–24 जनवरी 2009 को सामाजिक कार्य संकाय, एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा द्वारा आयोजित 'द रेलिवेंस आफ अम्बेडकर'स थाट इन सोशल वर्क ऐंड सोशल साइंसिस' विषयक सम्मेलन में 'डिस्प्लेसिंग द प्रोसेस आफ सिग्निफिकेशन : अम्बेडकर ऐंड सोशल साइंसिस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- वाई.एस. अलोन ने 5–7 फरवरी 2009 को एसोसिएशन आफ अकादमिक, आर्टिस्ट्स ऐंड सिटीजन्स फार यूनिवर्सिटी आटोनोमी, बदोदरा (इंडिया फांउडेशन आफ आर्ट्स, बंगलौर के सहयोग से) में आयोजित 'आर्काविंग द आर्ट हिस्ट्रीज : एक्सिजेंसीज ऐंड चैलेंजिस इन पैडागागी ऐंड रिसर्च' विषयक सम्मेलन में 'आर्काइवल डाक्युमेंटेशन : कनटेस्टिंग हेगेमनी ऐंड एक्सक्लुजस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- वाई.एस. अलोन ने 14–16 फरवरी 2009 को अम्बेदकर स्टडी सेंटर, पुणे विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा आयोजित 'द चैंजिंग नेचर आफ दलित मूवमेंट्स' विषयक सम्मेलन में 'नेगोसिएटिंग ट्रेडिशन : रिक्रिएटिंग कल्चर स्पेस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- वाई.एस. अलोन ने 5–6 मार्च 2009 को सामाजिक कार्य विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'मैनस्ट्रीमिंग डिजास्टर मैनेजमेंट इन सोशल वर्क एज्यूकेशन' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सोशलवर्क बुद्धिस्ट पर्सपेक्टिव' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- वाई.एस. अलोन ने 10 मार्च 2009 को डिपार्टमेंट आफ आर्ट हिस्ट्री ऐंड आर्ट एप्रिसिएशन, फेक्लटी आफ फाइन आर्ट्स, जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'आर्ट हिस्टोरिकल एंगेजमेंट इन फाइन आर्ट इंस्टीट्यूशन' विषयक सम्मेलन में 'हिस्टिरियोग्राफी, लैंग्वेज : इंटरवेंशन ऐंड इटरप्रिटेशन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ईरा भास्कर ने अप्रैल 2008 में विसकेम्प (वुमन इन सिक्युरिटी, कनफ्लिक्ट मैनेजमेंट ऐंड पीस), नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'एज्यूकेशन फार पीस ऐंड मल्टीकल्चरलीज्म' विषयक शिक्षाविदों की राष्ट्रीय कार्यशाला में 'द यूज आफ फिल्म्स इन एज्यूकेशन फार पीस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ईरा भास्कर ने सितम्बर 2008 में यूनिवर्सिटी आफ सुंदरलैण्ड, यू.के. में आयोजित सम्मेलन के समापन सत्र 'साउंडिंग आउट 4' में 'द सांग इन इण्डियन सिनेमा' विषयक मुख्य व्याख्यान दिया।
- ईरा भास्कर ने फरवरी 2009 को गार्गी कालेज में आयोजित संगोष्ठी 'अंतराल' में 'हिस्ट्री ऐंड सिनेमा' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ईरा भास्कर ने (क्रिश्टिना ग्लेडहिल के साथ) 26–28 मार्च 2009 को एसोसिएशन आफ एशियन स्टडीज, शिकागो के सम्मेलन में 'माइग्रेट्री मेलोड्रामा : द केस आफ इण्डियन सिनेमा' शीर्षक सत्र में 'मेलोड्रामा डायलाग' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- शिव प्रकाश ने 21–24 नवम्बर 2008 को रामपुर, गोलपारा, आसाम में आसाम सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से कन्हैयालाल द्वारा आयोजित उत्तर–पूर्व से आदिवासियों के समारोह 'अंडर साल ट्रीज' विषयक उत्सव में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया और समापन सत्र की अध्यक्षता की।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 6 मई 2008 को यूनिवर्सिटी आफ फाइन आर्ट्स, हमबर्ग, जर्मनी में 'परफार्मेटिव मिमेसिस : ए कनटेम्पोरेरि रिटेक आन इण्डियन एस्थेटिक्स बाई एन पुष्पमाला' विषयक व्याख्यान दिया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 11 नवम्बर 2008 को यूनिवर्सिटी आफ वियना, आस्ट्रिया में 'सित्रा सूत्र ऐंड द पालिटिक्स आफ एथेंटिसिटी' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 10 जनवरी 2009 को ज्ञान प्रवाह, मुम्बई में 'अजंता मुरल्स ऐंड द सित्रा सूत्र आफ विष्णु धर्मोत्तरा पुराण' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- पारूल दवे मुखर्जी ने 6 फरवरी 2009 को ललित कला, नई दिल्ली में 'सेल्फ इन स्टिल्स : फोटो परफोर्मेंस बाई एन. पुष्पमाला' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने 1 अप्रैल 2008 को कुवैत नेशनल म्यूजियम, कुवैत में 'फेंतासिस आफ हिस्ट्री इन इण्डियन पैंटिंग' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने 10 जुलाई 2008 को मानचेस्टर म्यूजियम, यू.के. में 'आर वी रेडी फार फ्री सर्कुलेशन आफ आर्टिफेक्ट्स ?' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने 22 जनवरी 2009 को जयपुर इंटरनेशनल लिट्रेरी फेस्टिवल, जयपुर में 'फड़ पैंटिंग्स आफ कास्ट पालिटिक्स' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- के. मुखोपाध्याय और माधुरी, टी शिरीन ने 26–27 फरवरी 2009 को नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इम्यूनोलाजी, नई दिल्ली में आयोजित दूसरी इण्डियन पेप्टाइड संगोष्ठी में 'एंटीमाइक्रोबायल एक्टिविटी आफ एल्फामिलानोसाइट स्टिम्युलेटिंग हार्मोन ऐंट इट्स कार्बोक्सि टर्मिनल फ्रेगमेंट्स अगेंस्ट मेजर ह्यूमन पैथोजेन स्टेफीलोकोकस आर्यिस' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस. भट्टाचार्य ने 23–24 अप्रैल 2008 को विलेज रिसोर्ट, मानेसर में आयोजित 'इनफेक्शस एजेण्ट' विषयक कार्यशाला में 'रेग्यूलेशन आफ राइबोसोमल आर.एन.ए. सिंथेसिस इन एंटामोइबा हिस्टोलिटिका, एच.जैड.आई.' जेएनयू
- एस. भट्टाचार्य ने 13 सितम्बर 2008 को भारतीय विज्ञान अकादमी के तत्वावधान में सेंट जेवियर कालेज, अहमदाबाद में आयोजित 'वुमन केरियर इन साइंस : केरियर इन साइंस' विषयक संगोष्ठी में 'मोलक्यूलर स्टडीज विद एंटामोइबा हिस्टोलिटिका – द काजेटिव एजेंट आफ ह्यूमन एंटामोइबा' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस. भट्टाचार्य ने 4–6 दिसम्बर 2008 को आगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे में आयोजित आल इण्डिया सेल बायोलाजी कांफ्रेंस में एक्युमुलेशन आफ प्री राइबोसोमल आर.एन.ए. इन ग्रोथ – स्ट्रेस्ड एंटामोइबा हिस्टोलिटिका सेल्स : इज ए स्माल आर.एन.ए. इनवाल्वड ?' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।

- एस. भट्टाचार्य ने 7–9 फरवरी 2009 को जेएनयू में आयोजित 'बायोइनफार्मेटिक्स आफ इंट्रासेल्यूलर पैथाजंस' विषयक कार्यशाला में यूएस–इण्डिया संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
- एस. भट्टाचार्य ने 13–14 फरवरी 2009 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में आयोजित 'फ्रंटीयर्स इन मोलक्यूलर मेडिसिन' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'पैथाजन बायोलाजी ऐंड रोल आफ न्यूट्रिऐंट्स इन डिसीजिस' विषयक सत्र की अध्यक्षता की।
- आई. घोष ने 16–17 जनवरी 2009 को पी.जी.आई.एम.आर., चण्डीगढ़ में आयोजित 'टोबाको कंट्रोल लाज ऐंड रिलेटिड इश्युज इन इण्डिया' (नार्थन रीजन) विषयक रीजनल एडवोकेसी वर्कशाप में 'केन यूथ स्मोकिंग बी प्रीवेंटिड' विषयक व्याख्यान दिया।
- के. कुमार, वी. गुप्ता पी. चांदना, जे.के. लाडा और पी.के. गुप्ता ने 13–20 जुलाई को मोंट्रियल, कनाडा में 37थ कोर्स पर साइंटिफिक एसेम्बली में मिथेन एमिशन एस्टिमेंट्स फ्राम राइज फील्ड्स यूजिंग ग्राउंड ट्रूथ्स ऐंड जी.आई.एस./आर.एस. एप्रोच फार करनाल इन हरियाणा – इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- के. कुमार, वी. गुप्ता, एस. सिंह, ए. तिवारी, पी. चांदना, के. कुमार, जे.के. लाडा, आर.के. गुप्ता और पी.के. गुप्ता ने 4–7 फरवरी 2009 को कृषि विज्ञान की राष्ट्रीय अकादमी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'कंजर्वेशन एग्रीकल्चर : इनोवेशन फार इम्प्रूविंग एफिशिएंसी, इक्विटी ऐंड एनवारनमेंट' विषयक चौथी विश्व कांग्रेस में 'मिटिगेटिंग मीथेन एमिशन इन रासइ विद रिर्सोस कंजर्विंग टेक्नोलाजी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर और जी. कौशिक ने 6–8 नवम्बर 2008 को बायोटेक्नोलाजिकल रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया, हैदराबाद में आयोजित संगोष्ठी में 'आइसोलेशन ऐंड प्रोसेस पैरामीटर्स अप्टिमाइजेशन आफ स्ट्रेंस फार डीकलराजेशन ऐंड डिटाक्सिफिकेशन आफ डिस्टिलरी मील एफ्लुऐंट इन सिक्वेंसिएल बायोरिएक्टर' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर और ए. मिश्रा ने 'करेक्ट्राइजेशन आफ पेंटाक्लोरोफिनाल मोनोआक्सिजिनेस, टेटराक्लोरो–पी.–हाइड्रो क्यूनोन रिडक्टिव डीहालोजिनेस आफ एसिनेक्टोवेक्टर एस.पी. स्ट्रेन आईएसटी3' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर, ए. शर्मा, ए. मिश्रा ने 6–8 नवम्बर 2008 को बायोटेक्नोलाजी रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया, हैदराबाद में 'आइसोलेशन ऐंड करेक्ट्राइजेशन आफ इंट्राडायल रिंग क्लिवेज क्लोरो हाइड्रोलेस एनजाइम इन एसिनेटोबेक्टर एस.पी.आई.एस.टी. 3 फार डिग्रेडेशन आफ पेनटेक्लोरोफिनाल' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर और एस. श्रीवास्तव ने 6–8 नवम्बर 2008 को बायोटेक्नोलाजी रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया, हैदराबाद में 'हेक्सावेलेंट करोमियम–इंडयूस्ड एपोप्टोसिस इन ह्यूमन हेपाटिक सेल लाइन्स' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर, पी.के. जैशवाल, पी.के. साहनी और एम. गोपाल ने 6–8 नवम्बर 2008 को बायोटेक्नोलाजी रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया, हैदराबाद में 'आइडेंटिफिकेशन ऐंड करेक्ट्राइजेशन आफ ए नवल एंथ्रोनाइलेट डिआक्सिजिनेस कम्पोनेंट फ्राम ए डिवेंजोफ्यूरान–डिग्रेडिंग एल्कोफिलिक बैक्टरियम सुडोनोमस एसगिनोसा' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आई.एस. ठाकुर, बायोटेक्नोलाजी रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया, हैदराबाद, 2009
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 7–8 जनवरी 2008 को आईआईटी दिल्ली में आयोजित 'टाइगर्ज डाटा' विषयक कार्यशाला में भाग लिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 11–12 नवम्बर 2008 को एसोचेम इण्डिया हेबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'क्लाइमेट चैंज बिजनेस सस्टेनेबिलिटी ऐंड सोसायटी' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 4 नवम्बर 2008 को पर्यावरण विज्ञान संस्थान में आयोजित 'क्लाइमेट चैंज ऐंड इण्डस्ट्री पर्सपेक्टिव' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 25 मार्च 2009 को रामकृष्ण मिशन विद्यामंदिर, बेलुर मठ, कलकत्ता द्वारा आयोजित 'रोल आफ ग्रीनहाउस गैसिस ऐंड देअर मैनेजमेंट' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- एस मुखर्जी ने 17–19 मार्च 2009 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित 'प्लेनेट अर्थ' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'प्लेनेट अर्थ चैंजिस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- एस मुखर्जी ने 26–29 अगस्त 2008 को यूसीएआर'स सेंटर ग्रीन फैसिलिटी, बाउल्डर, कोलोराडो, यूएसए में आयोजित 'होल हीलिओस्फिर इंटरवल डाटा ऐंड माडलिंग वर्कशाप' विषयक कार्यशाला में 'रिमोट सेंसिंग आफ एनवारयनमेंट' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस मुखर्जी ने 16–18 नवम्बर 2008 को लंदन स्कूल आफ इकोनामिक और इंस्टीट्यूट आफ इकोनोमिक ग्रोथ द्वारा इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'एनवायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी ऐंड क्लाइमेट चैंज' विषयक ईएसआरसी–आईसीएसएसआर कार्यशाला में 'सन–अर्थ एनवायरनमेंट' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस मुखर्जी और एस.एस. राजपूत ने 7–8 नवम्बर 2008 को डिपार्टमेंट आफ माइनिंग इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित 'एनवायरनमेंटल मैनेजमेंट इन माइनिंग इण्डस्ट्रीज' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाही में 'मिनरल एक्सप्लोरेशन बाई रिमोट सेंसिंग ऐंड जी.आई.एस. इन ए पार्ट आफ रवांडा, अफ्रीका' शीर्षक आलेख प्रकाशित हुआ।
- एस मुखर्जी (पी. श्रीवास्तव और एम. गुप्ता के साथ) 19–22 मार्च 2009 को जयपुर में आयोजित इंटरनेशनल ग्राउंडवाटर कांफ्रेस में 'ग्राउंडवाटर क्वालिटी एसेसमेंट ऐंड इट्स रिलेशन टु एलयूएलसी यूजिंग रिमोट सेंसिंग ऐंड जीआईएस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ए.एल. रामनाथन 4 अप्रैल 2008 को 'सिदा' स्वीडन राजदूतावास और 'टेरी' द्वारा इण्डिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित 'कोस्टल' अर्बन सस्टेनेबल डिवलपमेंट' विषयक इण्डो–स्विडिश कार्यशाला में 'स्टेटस आफ ग्राउंडवाटर क्वालिटी' विषयक परिचर्चा की।
- ए.एल. रामनाथन ने 10–12 सितम्बर 2008 को अन्ना विश्वविद्यालय और एलओआईसीजैड द्वारा अन्ना विश्वविद्यालय में आयोजित 'कोस्टल न्यूट्रिऐंट बजटिंग : एल.ओ.आई.सी.जैड. एप्रोच' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में परिचर्चा की।
- ए.एल. रामनाथन ने 21–24 सितम्बर 2008 लांजाओ चीन में आयोजित 'ग्लेशियर इनवेंट्री' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में 'ट्रेसर तकनीक्स फार सर्फेस हाइड्रोलाजिकल स्टडीज इन गंगोत्री ग्लेशियर' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- ए.एल. रामनाथन ने 12–16 जनवरी 2009 को नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजास्टर मैनेजमेंट नई दिल्ली में आयोजित 'एनवायरनमेंट ऐंड डिजास्टर' विषयक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कोर्स में कोस्टल एनवायनमेंटल सेटिंग्स ऐंड हेजार्डस (इंक्लुडिंग डेलटाइक, एस्टुराइन, स्माल आईसलैण्ड्स)' विषयक परिचर्चा की।
- ए.एल. रामनाथन ने 4–5 मार्च 2009 को सी.जी.डब्ल्यू.बी. भारत सरकार द्वारा आई.ए.आर.आई. नई दिल्ली में आयोजित 'ग्रांउडवाटर' विषयक क्षेत्रीय कार्यशाला में 'हाइड्रोजिओकैमिकल टूल्स फार आइडेंटिफाइंग द जिओजिनिक सोर्सिस आफ ग्राउंडवाटर इन दिल्ली' विषयक परिचर्चा की।
- ए.एल. रामनाथन ने 15–17 दिसम्बर 2008 को यूनिवर्सिटी सेंस मलेशिया, पेनांग द्वारा आयोजित 'एनवायरनमेंट' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में आलेख प्रस्तुत किया।
- ए.एल. रामनाथन ने 7–14 जुलाई 2008 को एन.आई.एच., रूड़की द्वारा आयोजित 'वाटरक्वालिटी' कार्यशाला–व–प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिचर्चा में भाग लिया।
- ए.एल. रामनाथन 10–12 दिसम्बर 2008 को कुआलालमपुर, मलेशिया में आयोजित 'एनवायरनमेंटल मैनेमेंट ऐंड टेक्नोलाजिस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला व एक्सपो में आलेख प्रस्तुत किया।
- के.जी. सक्सेना ने 9–16 मार्च 2009 तक यूनिवर्सिटी आफ गोटिंजन, जर्मनी और यूनिवर्सिटी आफ सैम रतुलांगी, इण्डोनेशिया द्वारा मनाडो में आयोजित 'इम्पेक्ट आफ क्लाइमेट चैंज आन बायोडाइवर्सिटी : डज नेचर कंजर्वेशन नीड न्यू स्ट्रेटिजिस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और 'एग्रोबायोडावर्सिटी, क्लाइमेट चैंज ऐंड सस्टेनेबल लिवलिहुड' विषयक आलेख प्रस्तुत किया तथा जर्मन अलुमिनी समर स्कूल में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।
- के.जी. सक्सेना ने 12–18 दिसम्बर 2008 तक नेशनल एग्रीकल्चर ऐंड फारेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट और यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी, लुआंग प्राबांग, ला पीपल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक यूनिवर्सिटी, लुआंग प्राबांग, लाओ पीपल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित फील्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम में विषय–विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

- के.जी. सक्सेना 17–22 नवम्बर 2008 तक वर्ल्ड एग्रोफोरेस्ट्री सेंटर, नेरोबी में आयोजित 'कंजर्वेशन ऐंड सस्टेनेबल मैनेजमेट आफ बिलोग्राउंड डायवर्सिटी' विषयक जीईएफ/यूएनईपी/टीएसबीएफ प्रोग्राम और संचालन समिति की बैठक में भाग लिया।
- के.जी. सक्सेना ने 9–11 दिसम्बर 2008 तक नेशनल एग्रीकल्चरल ऐंड फारेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट और यूनाइटिड नेशंस यूनिवर्सिटी इन लुआंग प्राबांग, लाओ पीपल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'ससटेनेबल लैंड मैनेजमेंट इन द माउटेंस रीजन आफ मैनलैण्ड साउथीस्ट एशिया' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- जे.के. त्रिपाठी, 23–24 मार्च 2009 को अलमोडा, उत्तराखण्ड में आयोजित 'एनविस रिव्यु कमेटी मीटिंग में और चैलेंजिग हिमालयन एनवायरनमेंट ऐंड डिवलपमेट' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- जे.के. त्रिपाठी, 23–25 मार्च 2008 को वाडिया इंस्टीट्यूट आफ हिमालयन जिओलाजी, देहरादून, इण्डिया में आयोजित 'माउंटेन बिल्डिंग ऐंड क्लाईमेट – टेक्नीक इंटरएक्शन' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- एस. यादव ने 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2008 को शिमादुजु एनालिटिकल प्रा. लि. मुम्बई में 'बैसिक फंडामेंटल्स आफ जी.सी. 2010, जी.सी. सोल्यूशन साफ्टवेयर ऐंड मैनटेनस' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. यादव ने 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2008 को शिमादजु एनालिटिकल प्रा.लि., मुम्बई में 'बैसिक फंडामेंटल्स आफ जी.सी.एम.एस.क्यूपी. 2010, जी.सी.एम.एस. सोल्युशन साफ्टवेयर ऐंड मैटेनेस' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. यादव ने 25 अगस्त से 19 सितम्बर 2008 तक अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू नई दिल्ली में 'ओरिएंटेशन कोर्स' में व्याख्यान दिए।
- एस. यादव ने 24 और 25 नवम्बर 2008 को साह इंस्टीट्यूट आफ न्यूक्लिएर फिजिक्स, कोलकाता में 'स्कूल कम वर्कशाप आन ट्रेस एलिमेंट स्पेसिएशन' में भाग लिया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- जे. बिहारी ने अगस्त 2008 में यू.आर.एस.आई मीट (शिकागो) में परिचर्चा की।
- जे. बिहारी ने 21–24 नवम्बर 2008 को जयपुर राजस्थान में आयोजित 'रिसेंट एडवांसिस इन माइक्रोवेव थीअरि ऐंड एप्लिकेशन माइक्रोवेव 2008' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'इफेक्ट आफ मोबाइल फोन रेडिएशन एक्सपोजर आन प्रोडक्टिविटी सिस्टम आफ मेल रेट्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- जे. बिहारी ने 14–16 जनवरी 2009 को कोलकाता में आयोजित 'माइक्रोवेव ऐंड मिलीमीटर वेक्स : बेसिक ऐंड टेक्नोलाजी' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'माइक्रोवेव मिजरमेंटस ऐंड एप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- जे. बिहारी ने 10–13 मार्च 2009 को कम्पाला–युगांडा में आयोजित 'सस्टेनेबल यूटिलाइजेशन आफ एनर्जी ऐंड बायोडाइवर्सिटी रिर्सोसिस फार बैल्थ क्रिएशन डिवलप ऐंड डिवलपमेंट' विषयक गोलमेज सम्मेलन में 'आप्टिमाइजिंग ग्रीन एनर्जी : रिसाइप फार सस्टेनेबल डिवलपमेंट विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. भट्टाचार्य ने 24–28 फरवरी 2009 को सिटी आफ गुआनजुआतो, मैक्सिको में आयोजित 16वीं संगोष्ठी सोबरे एमिबिआसिस 2009 ईएमबीओ कार्यशाला : एमिबिआसिस मोलक्यूलर एप्रोचिस इन एन इम्पोर्टेंट वाट निग्लेक्टिड डिसीज' में प्री राइबोसोमल आर.एन.ए. एक्यूमुलेशन इन ग्रोथ–स्ट्रेस्ड एन्टामोइबा हिस्टोलिटिका सेल्स : ए नावेल रेग्यूलेट्री मकैनिज्म' विषयक परिचर्चा की।
- बी. गोपाल ने 22–24 अप्रैल 2008 को हेरिटेज विलेज रिर्सोट, मानेसर में आयोजित 'इनफेक्शंस एजेंट्स' विषयक एच.जैड.आई. – जेएनयू कार्यशाला में भाग लिया।
- बी. गोपाल 17 जून 2008 को साह इंस्टीट्यूट आफ न्यूक्लियर फिनिक्स कोलकाता में आयोजित मोलिक्यूलर मैकेनिज्म आफ डिसीजिस ऐंड ड्रग एक्शन' विषयक एम.एम.डी.डी.ए. संगोष्ठी में एंटीमाइक्रोबायल पेप्टाइडस : प्रोमिसिंग केंडीडेट्स फार द ट्रीटमेंट आफ स्टेफिलोकोकस आरिएस इनफेक्शन' विषयक व्याख्यान दिया।
- वी.के. जैन ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ में व्याख्यान दिया।
- वी.के. जैन ने देवी अहिल्याबाई यूनिवर्सिटी, इंदौर में व्याख्यान दिया।
- वी.के. जैन ने गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में व्याख्यान दिया।
- वी.के. जैन ने जम्मू विश्वविद्यलाय, जम्मू में व्याख्यान दिया।

- वी.के. जैन ने नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली में व्याख्यान दिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 11–12 नवम्बर 2009 को एसोचेम द्वारा इण्डिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'क्लाइमेट चैंज बिजनेस सस्टेनेबिलिटी ऐंड सोसायटी' विषयक सम्मेलन में 'क्लाइमेट चैंज : वेस्ट, कार्बन इमिशंस ऐंड इण्डियन सिनारियो' विषयक व्याख्यान दिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 7–8 जनवरी 2009 को आई.आई.टी. दिल्ली में आयोजित टिगर्ज डाटा कार्यशाला में 'अंडरस्टेंडिंग स्केवेजिंग आफ क्रस्टल ऐंड एंथ्रोपोजेनिक एरोसोल्स इन इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- यू.सी. कुलश्रेष्ठ ने 25 मार्च 2009 को रामाकृष्णा मिशन विद्या मंदिर, बेलुर मठ, कोलकाता द्वारा आयोजित 'रोल आफ ग्रीनहाउस गैसिस ऐंड देअर मैनेजमेंट' विषयक संगोष्ठी में 'रोल आफ ग्रीनहाउस गैसिस ऐंड देअर मैनेजमेंट इन साउथ एशिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. मित्रा ने 23–26 मार्च 2009 को अकादमिक स्टाफ कालेज, गुवाहाटी विश्वविद्यालय में वरिष्ठ संकाय सदस्य के लिए 'क्लाइमेट चैंज फूड सिक्यूरिटी ऐंड सोशल चैंज' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. मित्रा ने 2 मार्च 2009 को बेपटिस्ट मिशनरी सोसायटी, कोलकाता में चर्च आक्सीलरी फार सोशल एक्शन (सी.ए.एस.ए) द्वारा आयोजित 'क्लाइमेट चैंज' विषयक कार्यशाला में 'क्लाइमेट चैंज ऐंड इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. मित्रा ने 3 मार्च 2009 को हुडको, नई दिल्ली में आई.सी.ई.सी/एस.सी.ए.ए.पी. के अन्तर्गत मैनेजिंग सिटीज इन डिवलपिंग कंट्रीज – एनवायरनमेंट ऐंड इनफ्रास्ट्रक्चर फ्रेमवर्क' विषयक अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीलिंग विद क्लाइमेट चैंज टु एनश्योर सस्टेनेबिलिटी' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. मित्रा ने 12–14 फरवरी 2009 को सी.एस.आई द्वारा नेशनल काउंसिल आफ चर्चिस इन इण्डिया के सहयोग से चैन्नई में आयोजित 'नेशनल कंसलटेशन आन ग्लोबल वार्मिंग' विषयक संगोष्ठी में 'इम्पेक्ट आफ क्लाइमेट चैंज इन एग्रीकल्चर' शीर्षक व्याख्यान दिया।
- वी. राजमणि ने 25 मार्च 2009 को जिओलाजिकल सोसायटी आफ इण्डिया, आटोमिक मिनरल डिविजन, नई दिल्ली में 'पेट्रोजेनी वर्सिस मेट्रोजेनी इन जिओलाजी' विषयक व्याख्यान दिया।
- वी. राजमणि ने 27–28 फरवरी 2009 को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'एटमास्फरिक साइंस ऐंड क्लाइमेट चैंज' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कैमिकल करेक्ट्रस्टिक्स आफ जिओजेनिक एरोसोल्स/डस्ट इन दिल्ली रीजन ऐंड देअर इंप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- वी. राजमणि ने 3 फरवरी 2009 को आईआईटी मुम्बई में 'राक वेदरिंग इन ए ट्रापिकल रीवर कैचमेंट इन साउदर्न इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- वी. राजमणि ने 18 मई 2008 को यूनिवर्सिटी आफ म्यूंस्टर (जर्मनी) में 'राक वेदरिंग इन ए ट्रापिकल रीवर कैचमेंट इन साउदर्न इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- एन.जे. राजू ने 21 नवम्बर 2008 को भू विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में 'आर्टिफिशल रिचार्ज ऐंड रेनवाटर हार्वेस्टिंग ऐंड ग्राउंडवाटर प्रोस्पेक्टिंग' विषयक व्याख्यान दिया।

पुरस्कार/सम्मान/अध्येतावृत्तियां

- एस. भट्टाचार्य, चयनित फेला, नेशनल अकादमी आफ साइंस, इलाहाबाद (2008)
- के. कुमार, समर रिसर्च फेलो, इण्डियन अकादमी आफ साइंसिस, 1 मई 2008 – 30 जून 2008
- डी. मोहन, 10–11 नवम्बर 2008 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की में आयोजित तीसरे उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी कांग्रेस के लिए उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी नामित किया गया।
- ए.एल. रामनाथन, फेलो, ग्लेसिलाजी सोसायटी
- ए.एल. रामनाथन, कार्यकारी सचिव, इंटरनेशनल सोसायटी फार ग्राउंड वाटर फार ससटेनेबल डिवलपमेंट, स्वीडन
- के.जी. सक्सेना, फेलो, नेशनल अकादमी आफ एग्रीकल्चर साइंसिस (1 जनवरी 2009 से)

मण्डल/समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- एस. भट्टाचार्य, सदस्य, भारतीय विज्ञान अकादमी की विभागीय समिति, बैंगलौर; सदस्य, इंस्टीट्यूशनल बायो–सेफ्टी कमेटी, एम्स, नई दिल्ली और सदस्य, रिसर्च एडवाइजरी कमेटी, इंस्टीट्यूट आफ पैथोलाजी, नई दिल्ली; अकादमिक कमेटी, सी.डी.आर.आई. लखनऊ
- आई. घोष, सदस्य, इलेक्ट्रान, माइक्रोस्कोप सोसायटी आफ इण्डिया (ई.एम.एस.आई.)
- बी. गोपाल, सदस्य, एडिटोरियल बोर्ड आफ हाइड्रोबायोलोजिआ (क्लुबर अकादमिक पब्लिकेशन; नीदलैण्ड्स) (1988 से आज तक); सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, रिवर रिसर्च ऐंड एप्लिकेशन (पूर्व रेग्यूलेटिड रिवर्स : रिसर्च ऐंड मैनेजमेंट) (जान विले, यूके) (1991 से वर्तमान); सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, द साइंटिफिक वर्ल्ड जर्नल – फ्रेशवाटर सिस्टम्स डोमेन, (2000 – वर्तमान) इलेक्ट्रोनिक जर्नल; सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, फ्रेशवाटर रिव्युज (फ्रेशवाटर बायोलाजी एसोसिएशन, यूके) 2007–वर्तमान; सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, वेटलैण्ड इकोलाजी ऐंड मैनेजमेंट (एस.पी.बी. अकादमिक नीदरलैण्ड्स) 1990 –वर्तमान; सम्पादक, इंटरनेशनल जर्नल आफ इकोलाजी ऐंड एनवायरनमेंटल साइंसिस (1947–वर्तमान); सदस्य, निदेशक मण्डल, इंटरनेशनल सोसायटी फार रिवर साइंस, 2006–वर्तमान; सदस्य, वेटलेण्ड ग्रुप आफ इंटेकोल, 1980–वर्तमान; महासचिव, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इकोलाजी (इण्डिया) 1978–2009; अध्यक्ष, इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लिम्नोलाजी (एस.आई.एल.) वेटलेण्ड वर्किंग ग्रुप (1983–वर्तमान); अध्यक्ष, रिव्यू टीम फार द नेशनल रिसर्च सेंटर आन कोल्डवाटर फिशरीज, भीमताल (आई.सी.ए.आर.), 2008; (सचिव द्वारा नियुक्त, डी.ए.आर.ई तथा महानिदेशक, आई.सी.ए.आर); कार्यकारी उपाध्यक्ष (विकासशील देश) 2007–2010, इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लिम्नोलाजी (एस.आई.एल.); सदस्य, विशेषज्ञ समिति, हिमाचल प्रदेश, उच्च न्यायालय द्वारा गठित; और सदस्य, हाइड्रोलाजिकल इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट ग्रुप – डाटा यूज ऐंड डाटा डिसेमिनेशन, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार, 2007–जारी।
- दिनेश मोहन, सदस्य, एल्सवायर द्वारा प्रकाशित और सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, पोलिश जर्नल आफ एनवायरमेंटल स्टडीज, एन इंटरनेशनल जर्नल आफ एनवायरनमेंटल।
- वी.के. जैन, सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मुख्य समितियां; सदस्य, चयन समितियां, सी.एस.आई.आर.आर.ए.बी. और सी.एस.आई.आर. – एच.आर.डी.जी. और सदस्य, भारत सरकार की विभिन्न प्रतिष्ठित समितियां।
- यू.जी. कुलश्रेष्ठ, सदस्य, सी.एस.आई.आर. नेट गोपनीय समिति और सदस्य, पैनल आफ ज्यूरीज फार द इवेल्युएशन आफ जे.आर.एफ. पोस्टर कम्पीटिशन, एन.पी.एल.; नई दिल्ली, 2 फरवरी 2009
- के. मुखोपाध्याय, सदस्य, इंटरनेशनल जर्नल आफ बायोसाइंसिस ऐंड टेक्नोलाजी; सदस्य, इंटरनेशनल जर्नल आफ लाइफ साइंसिस ऐंड टेक्नोलाजी, और सदस्य, इंटरनेशनल जर्नल आफ मेडिकल साइंसिस ऐंड टेक्नोलाजी।
- वी. राजमणि, सी.एस.आई.आर; अध्यक्ष नेट–एग्जाम इन अर्थ/ए.टी.एम./ओशन साइंसिस और डी.एस.टी. (सब सर्फेस स्टडीज); अध्यक्ष, शोध सलाहकार समिति।
- ए.एल. रामनाथन, सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, इण्डियन जर्नल मैरिन साइंसिस, सी.एस.आई.आर. (जून 2008 से)
- के.जी. सक्सेना, सदस्य, अध्यक्ष मण्डल, इकोलाजी ऐंड एनवायरनमेंटल साइंसिस, असम यूनिवर्सिटी, सिल्चर (2007–2009); सदस्य, अध्ययन मण्डल, डिपार्टमेंट आफ बॉटनी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी (2007–2009); सदस्य, अध्ययन मण्डल, पर्यावरण प्रबंधन संस्थान, गुरु गोविन्द सिंह, इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली (2009); सदस्य, एनवायरनमेंट इनफार्मेशन सिस्टम प्रोग्राम (एनविस) – एनवायरनमेंट ऐंड सोसायटी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (2008–2010); सदस्य, कार्यक्रम सलाहकार समिति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली (2008–2010); सदस्य, स्कूल बोर्ड आफ ह्यूमन ऐंड एनवायरनमेंट साइंसिस, नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, (2008–2010) और सदस्य, संचालन समिति ग्लोबल एनवायरनमेंटल फेसिलिटी/यूनाइटिड नेशंस एनवायरनमेंटल प्रोग्राम मल्टी–कंट्री प्रोग्राम आन कंजर्वेशन ऐंड सस्टेनेबल मैनेजमेंट आफ बिलो ग्राउंड बायोडाइवर्सिटी, ट्रापिकल सायल बायोलाजी ऐंड फर्टिलिटी इंस्टीट्यूट, नैरोबी (2003–2009)
- आई.एस. ठाकुर, सदस्य, शासन मण्डल, बायोटेक्नोलाजिकल रिसर्च सोसायटी आफ इण्डिया।

अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

वर्ष 1955 में स्थापित अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान विश्वविद्यालय का सबसे पुराना संस्थान है। पिछले 54 वर्षों से अन्तरराष्ट्रीय संबंधों और क्षेत्रीय अध्ययन के शिक्षण एवं शोध में संलग्न इस संस्थान ने अपने को पूरे देश में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

संस्थान ने भारत में अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन को एक शैक्षिक विषय के रूप में विकसित करने और अन्तरराष्ट्रीय मामलों के ज्ञान और समझ को एक अन्तर–विषयक परिप्रेक्ष्य में उन्नत करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। यह संस्थान पूरे देश में 'क्षेत्रीय अध्ययन' को प्रोत्साहित करने और विश्व के विभिन्न देशों एवं क्षेत्रों के बारे में विशेष जानकारी विकसित करने वाला भी पहला संस्थान है। संस्थान ने उच्च अध्ययन केंद्र के रूप में अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है।

लम्बे समय तक संस्थान के शैक्षिक कार्यक्रम केवल शोध पर आधारित रहे और संस्थान केवल पी–एच.डी. उपाधि प्रदान करता रहा। संस्थान के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़ने के शीघ्र बाद ही वर्ष 1971–72 में एम.फिल. पाठ्यक्रम शुरू किया गया। वर्ष 1973–74 में संस्थान ने दो वर्षीय एम.ए. (राजनीति : अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन) पाठ्यक्रम शुरू किया। बहुत बाद में वर्ष 1995–96 में संस्थान के राजनय, अन्तरराष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र अध्ययन केंद्र के अर्थशास्त्र प्रभाग द्वारा अर्थशास्त्र में एक नया और अद्वितीय एम.ए. पाठ्यक्रम (विश्व अर्थशास्त्र में विशेषीकरण के साथ) शुरू किया गया। वर्ष के दौरान संस्थान के पुनर्गठन पर एक विस्तृत अध्ययन किया गया। अध्ययन मण्डल की सिफारिशें विश्वविद्यालय को भेजी गईं। इन सिफारिशों में मुख्य रूप से शामिल था – राजनय, अन्तरराष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र अध्ययन केंद्र को दो केंद्रों – (1) अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केंद्र और (2) अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केन्द्र में बांटना तथा राजनय अध्ययन भाग को अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन एवं निरस्त्रीकरण केंद्र में शामिल करना। यूरोपीय केंद्र के नाम से एक नए केंद्र का गठन भी किया गया, जिसमें पश्चिमी यूरोपीय और पूर्वी यूरोपीय के वर्तमान प्रभागों को शामिल किया गया। नए केन्द्रों ने अपना कार्य कुछ महत्त्वपूर्ण घटनाओं से शुरू किया। यूरोपीय अध्ययन केन्द्र ने इटली के पूर्व प्रधानमंत्री और नीदरलैण्ड के वर्तमान प्रधानमंत्री के व्याख्यानों का आयोजन किया। नीदरलैण्ड के प्रधानमंत्री ने केन्द्र को इसकी गतिविधियों में सहायता करने हेतु 50,000/– यूरो प्रदान किए। अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स के साथ मिलकर "एचिविंग द मिलेनियम डिवलपमेंट गुड्स" और सामाजिक विज्ञान संस्थान के साथ मिलकर "गवर्नेंस" विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित कीं। अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केन्द्र ने भी "राइट्स ऑफ ट्राइबल्स" और "ह्यूमन राइट्स इन द ग्लोबल इकोनामी" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित कीं।

हमारे एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों के अनेक छात्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्येतावृत्ति प्राप्त करने के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी राज्य सरकारों ने एक–एक अध्येतावृत्ति (कुछ मामलों में एक से अधिक) संबंधित राज्यों के 'निवासी' होने की शर्तों को पूरा करने वाले छात्रों के लिए शुरू की हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2007 से सभी पंजीकृत एम.फिल./ पी–एच.डी. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के छात्रों को कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों और सरकारों द्वारा भी कुछ प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। 31 मार्च, 2009 की स्थिति के अनुसार संस्थान ने 1114 शोधार्थियों को पी–एच.डी. और 2886 को एम.फिल. डिग्री प्रदान की है।

हाल ही के वर्षों में संस्थान में कई चेयरों की स्थापना हुई हैं। ये चेयर हैं – अप्पादुरई चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, भारतीय स्टेट बैंक चेयर, राजीव गाँधी चेयर और पर्यावरण विधि एवं अन्तरिक्ष विधि में चेयर। संस्थान के शिक्षकों ने अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन में ज्ञान के विकास एवं प्रसार के लिए न केवल अपने शिक्षण एवं शोध मार्गदर्शन के माध्यम से सहयोग किया, अपितु अन्तरराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें तथा शोध आलेख भी प्रकाशित कराए।

संस्थान प्रत्येक वर्ष समसामयिक अन्तरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े विषयों पर एक व्याख्यानमाला का भी आयोजन करता है। फरवरी 1989 में विद्या परिषद द्वारा लिए गए एक निर्णय के अनुसार यह व्याख्यानमाला "अन्तरराष्ट्रीय संबंधों पर पं. ह्रदयनाथ कुंजरू स्मारक (विस्तार) व्याख्यान" के रूप में जानी जाती है। एशिया पब्लिशिंग हाउस, मुम्बई द्वारा वित्तपोषित वृत्तिदान के तहत महान कवयित्री और देशभक्त सरोजनी नायडु की स्मृति में एक व्याख्यानमाला आयोजित की जाती है। इसमें प्रतिष्ठित विद्वान या राजनेताओं को स्मारक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

संस्थान 'इंटरनेशनल स्टडीज' नामक एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है। जुलाई 1959 से प्रकाशित हो रही इस पत्रिका ने एक प्रमुख भारतीय शैक्षणिक पत्रिका के रूप में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। इसमें अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों तथा क्षेत्रीय

अध्ययनों से संबंधित समसामयिक समस्याओं तथा मामलों पर लिखे मौलिक शोध आलेख प्रकाशित किए जाते हैं। एक संदर्भ पत्रिका होने के कारण इसमें न केवल संस्थान के शिक्षकों तथा अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों/शोध संस्थानों के शिक्षकों अपितु विश्व भर के विद्वानों के आलेख प्रकाशित होते हैं।

संस्थान निम्नलिखित शोध क्षेत्रों में एम.फिल./पी–एच.डी. अध्ययन पाठ्यक्रम चलाता है :

i) अमरीकी अध्ययन
ii) लैटिन अमरीकी अध्ययन
iii) कनाडियन अध्ययन
iv) यूरोपीय अध्ययन
v) अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन
vi) अन्तरराष्ट्रीय व्यापार एवं विकास
vii) चीनी अध्ययन
viii) जापानी और कोरियाई अध्ययन
ix) अन्तरराष्ट्रीय राजनीति
x) अन्तरराष्ट्रीय संगठन
xi) राजनयिक अध्ययन
xii) निरस्त्रीकरण अध्ययन
xiii) राजनीतिक भूगोल
xiv) रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन
xv) दक्षिण एशियाई अध्ययन
xvi) दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन
xvii) मध्य एशियाई अध्ययन
xviii) पश्चिमी एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन
xix) सब–सहारीय अफ्रीकी अध्ययन।
xix) तुलनात्मक राजनीति और राजनीतिक सिद्धांत समूह

इन एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण संबंधित केंद्रों के प्रोफाइल में दिया गया है।

एम.ए. राजनीति (अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन)

संस्थान में एम.ए. राजनीति (अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन) पाठ्यक्रम शैक्षिक वर्ष 1973–74 में शुरू किया गया था। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने की मांग काफी समय से की जा रही थी। इस पाठ्यक्रम में राजनीतिशास्त्र के मुख्य विषयों के अतिरिक्त अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन से संबंधित मुख्य कोर्सों के साथ विषयपरक तथा क्षेत्रीय अध्ययन पर आधारित बहुत से ऐच्छिक कोर्स चलाए जाते हैं। यह विश्वविद्यालय का सर्वाधिक लोकप्रिय तथा विस्तृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम है। फिलहाल इसमें 69 सीटें हैं।

एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषज्ञता के साथ)

यह पाठ्यक्रम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केंद्र द्वारा चलाया जाता है। इस अध्ययन पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केंद्र के प्रोफाइल में दिया गया है।

यूरोपीय अध्ययन केन्द्र

यूरोपीय अध्ययन केन्द्र बहुविषयात्मक विभाग है, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण, शोध को बढाना और यूरोप तथा इण्डो–यूरोपीयन संबंधों में समझ को बढ़ाना है।

अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में यह एक नया केन्द्र है जो वर्ष 2005 में पुराने पश्चिमी यूरोपीय तथा पूर्वी यूरोपीय अध्ययन कार्यक्रमों को मिलाकर बनाया गया था। केन्द्र में इस समय 6 शिक्षक हैं जो अपने विषयों के विशेषज्ञ हैं।

केंद्र यूरोप और यूरोपीय संध दोनों पर कोर्स चला रहा है। एम.फिल. स्तर पर छात्रों के लिए यूरोपियन इकोनामिक इंटीग्रेशन, यूरोपियन सिक्योरिटी, ई.यू. इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स, आइडेंटिटी इश्यूज इन यूरोप और पॉलिटिक्स ऐंड सोसाइटी इन सेंट्रल ऐंड ईस्टर्न यूरोप और यूरोपियन समाज पर कोर्स चलाए जा रहे हैं। क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रमों में भाषा प्रवीणता की आवश्यकता को पहचानते हुए केंद्र जर्मन भाषा में अनिवार्य कोर्स चला रहा है, और जल्दी ही फ्रेंच भाषा में दूसरा कोर्स शुरू करने जा रहा है। रिसर्च मेथडोलाजी विषयक कोर्स सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।

केन्द्र के शिक्षक अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के एम.ए. पाठ्यक्रम के शिक्षण में भी सहयोग करते हैं। वे जर्मन, यूरोपीय संघ, विदेश नीति, और पूर्वी यूरोपीय देशों की राजनीतिक प्रणाली पर कोर्स चलाते हैं। इनके अतिरिक्त आगामी वर्षों में नए एम.ए. कोर्स चलाने की भी योजना है।

व्याख्यान–व–संगोष्ठी कक्ष और इरासमस पुस्तकालय

20 जनवरी, 2006 को नीदरलैण्ड के प्रधानमंत्री और महामहिम डॉ. श्री जॉन पीटर बाल्कैननडे अपनी भारत यात्रा के दौरान जेएनयू आए और उन्होंने "द यूरोपियन यूनियन ऐंड इंडिया : यूनिटी इन डाइवर्सिटी" विषयक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक व्याख्यान–व–संगोष्ठी कक्ष तथा पुस्तकालय स्थापित करने के लिए केन्द्र को 50,000 यूरो की राशि उपहार के रूप में देने की घोषणा की। इन दोनों का उद्घाटन 2 दिसम्बर, 2008 को कुलपति प्रो. बी.बी. भट्टाचार्य और नीदरलैण्ड के राजदूत श्री बॉब हींश्च द्वारा किया गया। इस पुस्तकालय में 500 से अधिक पुस्तकें हैं। छात्र और शिक्षक इस पुस्तकालय का उपयोग कर सकते हैं। इसमें समसामयिक यूरोप और अंतरराष्ट्रीय राजनीति से संबंधित पुस्तकें हैं। इससे शिक्षण और शोध के स्तर में सुधार होगा। नीदरलैण्ड के प्रधानमंत्री से प्राप्त अनुदान का समन्वयन प्रो. यू.एस. बावा द्वारा किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अध्ययन

मार्च, 2009 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्र के यूरोपीय क्षेत्रीय अध्ययन कार्यक्रमों का अनुमोदन किया। केन्द्र की यह मान्यता इसके प्रोफाइल को बढ़ाएगी और इसकी क्षमता विकसित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान करेगी। केन्द्र की शोध और संगोष्ठी गतिविधियाँ चलाने, अद्यतन पुस्तकें प्राप्त करने और शोध प्रकाशनों के लिए सहयोग करने का प्रस्ताव है।

अगले कुछ वर्षों में केन्द्र की यूरोप पर कार्य कर रहे विश्वभर के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के साथ मिलकर परियोजना तैयार करने की योजना है। केन्द्र यूरोप और पहले से विचाराधीन मामलों से संबंधित विषयों पर शैक्षिक सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करता है। केन्द्र यूरोप विषय पर जन–व्याख्यान भी आयोजित कर रहा है। इसमें नीदरलैण्ड, इटली और हंगरी आदि के प्रधानमंत्री और मंत्रियों सहित भारत और यूरोप से वक्ता व्याख्यान देने के लिए आते हैं। केन्द्र में यूरोप फोरम 'यूरोप विषय पर' वाद–विवाद और परिचर्चाओं के लिए नियमित रूप से प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है।

थ्रस्ट एरिया

केन्द्र ने आगामी वर्षों में अपनी शैक्षिक गतिविधियों के थ्रस्ट एरियाओं की पहचान निम्नलिखित दो वर्गों में की है :

शिक्षण और शोध के विकास के लिए यूरोप के निम्नलिखित नए क्षेत्रों की पहचान की गई है :

- पॉलिटिक्स सोसाइटी ऐंड इकोनॉमी ऑफ मेजर यूरोपियन कंट्रीज सच एज फ्रांस, ब्रिटेन ऐंड जर्मनी देशों पर विशेष कोर्स।
- नार्डिक ऐंड मेडिटेरिनियन रीजन्स पर कोर्स

अंतःक्षेत्रीय समस्याएं और मुद्दे

- इस्यूज आफ माइग्रेशन ऐंड एसिलम
- यूरोपियन लीगल सिस्टम
- प्रॉब्लम्स ऑफ इनर्जी ऐंड इनवायरनमेंट इन यूरोप
- यूरोपियन आउटसॉर्सिंग
- इण्डिया ऐंड द यूरोपियन यूनियन

तैयार किए गए कोर्स

- शीतल शर्मा, "सोशल स्ट्रक्चर ऐंड डायनेमिक्स इन यूरोप", एम.फिल. स्तर पर (वैकल्पिक), शीतकालीन सत्र के दौरान।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र

अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र अपनी स्थापना के प्रारंभिक वर्षों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास प्रभाग के रूप में जाना जाता था। इसने अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास के क्षेत्र में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चलाए। वर्ष 1995 में केन्द्र में अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ) में एक पूर्ण रूप से एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू किया गया। परिणाम स्वरूप वर्ष 2005 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केन्द्र का सीएसडीआईएलई से विभाजन हुआ और यह स्वतन्त्र केन्द्र बन गया। केन्द्र ने अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र और आर्थिक विकास के क्षेत्र में शिक्षण एवं शोध में अपने लिए जगह बनाई है। पिछले वर्षों के दौरान केन्द्र ने अपने क्षेत्र को भी बढ़ाया है तथा अर्थशास्त्र में कई अन्य क्षेत्रों को शामिल किया है।

वर्तमान में केन्द्र अर्थशास्त्र में तीन शैक्षिक पाठ्यक्रम चलाता है – स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, एम.फिल. पाठ्यक्रम और पी–एच.डी. पाठ्यक्रम/एम.ए. और एम.फिल. पाठ्यक्रमों के कोर्सों की संरचना सर्वोत्तम ढंग से की गई है। केन्द्र एम.ए. अंतरराष्ट्रीय संबंध के शिक्षण में भी योगदान देता है।

केन्द्र में एक सुसज्जित कंप्यूटर प्रयोगशाला है इसमें 13 डेस्क टॉप, लेन कनेक्शन के साथ उच्च क्षमत वाला सर्वर, एक स्केनर के साथ 2 नेटवर्क प्रिंटर और ई.व्यूज, एसपीएसएस, जीएएमएस और एसटीएटीए 10 जैसे साफ्टवेयर पैकेजों के अधिकृत संस्करण हैं।

केन्द्र के पास फोर्ड फाउंडेशन का वृत्तिदान है। इससे केन्द्र छात्रों को छात्रवृत्ति दे सकेगा, इसके पास स्वयं का सुसज्जित पुस्तकालय है और शिक्षण तथा शोध गतिविधियों में भाग लेने के लिए फोर्ड फेलो भी नियुक्त करेगा। केन्द्र को अपने पिछले फोर्ड फेलो पर गर्व है, जिनमें से कई उच्च अर्थशास्त्र विभागों में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और प्रोफेसर हैं।

केन्द्र में इस समय 35 छात्र एम.ए. में, 07 छात्र एम.फिल. में और 12 छात्र पी–एच.डी. में हैं। केंद्र का एम.ए. पाठ्यक्रम बहुत ही सफल और लोकप्रिय पाठ्यक्रम सिद्ध हुआ है। हमारे छात्रों ने अपने आपको शैक्षिक और कार्पोरेट जगत में एक सफल अर्थशास्त्री के रूप में स्थापित किया है। शैक्षिक वर्ष 2008 में केन्द्र से पास होने वाले एम.ए. के 15 छात्रों में से तीन छात्रों ने पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया तथा 10 छात्रों ने प्रसिद्ध संगठनों में नौकरियां पाईं हैं। इस प्रकार, हम गर्व कर सकते हैं कि केन्द्र से सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के तुरन्त बाद हमारे एम.ए. के 80 प्रतिशत से अधिक छात्रों को नौकरियाँ प्राप्त हुई हैं। चालू बैच के एम.ए. (अंतिम वर्ष) के 16 छात्रों में से 7 छात्रों को पहले ही प्रसिद्ध संगठनों से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो गए हैं। हमारे शोध छात्र भी भारत और विश्व में शैक्षिक जगत में भी पूर्ण रूप से स्थापित हैं। अप्रैल, 2008 से अप्रैल, 2009 के दौरान 11 छात्रों ने अपनी एम.फिल. और 2 छात्रों ने पी–एच.डी. उपाधि पूरी की।

केन्द्र में 9 शिक्षक हैं जो विविध पाठ्यक्रमों के शिक्षण में संलग्न हैं और शोध में भी सक्रिय रूप से संलग्न हैं। शोध रुचि के क्षेत्रों में अर्थशास्त्र का लगभग प्रत्येक क्षेत्र शामिल है। इनमें शामिल है – अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी निवेश, प्रतियोगिता नीति, अनुपर्युक्त अर्थमिति, वित्त, अंतरराष्ट्रीय वित्त, वित्तीय अर्थशास्त्र, विकास का अर्थशास्त्र, प्रौद्योगिकी और शोध एवं विकास, बौद्धिक सम्पदा अधिकार, औषधी और स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, संसाधन अर्थशास्त्र, राजनीतिक अर्थशास्त्र, सतत विकास, विश्व व्यापार संगठन, पर्यावरणीय परिचर्चा औद्योगिक संगठन, खेल पद्धति आदि।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्र में विस्तार हुआ। इसने अपनी सभी प्रकार की शैक्षिक गतिविधियाँ सफलतापूर्वक पूरी कीं।

डॉ. अभिजीत सेन गुप्ता और डॉ. मंदिरा शर्मा ने केन्द्र में क्रमशः 1 जनवरी, 2009 और 1 अप्रैल, 2009 को पूर्णकालिक शिक्षक के रूप में ज्वाइन किया। केन्द्र में प्रोफेसर बी.बी. भट्टाचार्य, प्रोफेसर सुभाशीष गंगोपाध्याय एडजंक्ट प्रोफेसर और प्रोफेसर के.एल. कृष्णा विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में हैं। केन्द्र की प्रोफेसर पुलाप्ते बालकृष्णन को छः माह की अवधि के लिए विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित करने की योजना है। श्री सप्तर्षि मुखर्जी ने केन्द्र में फोर्ड फेलो के रूप में ज्वाइन किया।

केन्द्र ने इंडिया डिवलपमेंट फाउंडेशन के साथ मिलकर 17 मार्च, 2009 को "फाइनेंशियल क्राइसिस ऐंड रिसेसन" विषयक महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्रियों ने वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यशाला में अधिक से अधिक लोगों ने भाग लिया तथा अपनी रुचि दिखाई। कार्यशाला का आयोजन डॉ. संगीता बंसल, प्रोफेसर सुभाशीष गंगोपाध्याय, डॉ. गुरबचन सिंह और डॉ. अभिजीत सेनगुप्ता ने किया।

केन्द्र ने परिचर्चा आलेख श्रृंखला को पुनः शुरू किया तथा संगोष्ठी श्रृंखला भी शुरू की। पिछले वर्ष केन्द्र में निम्नलिखित वक्ताओं ने संगोष्ठी आयोजित की :

- लारेंस एच. वाइट, यूनिवर्सिटी ऑफ मिसौरी – सेंट लुइस, यूएसए
- मेसिमो फिलिपिनी, ईटीएच, स्विटजरलैण्ड
- अरुणावा सेन, इंडियन स्टेटिस्टीकल इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- मनोज पंत, अ.व्या.वि.के., नई दिल्ली
- गुरबचन सिंह, अ.व्या.वि.के., नई दिल्ली
- मोनिका दास, स्किडमोर कॉलेज, एनवाई, यूएसए
- सप्तर्षि मुखर्जी, जेएनयू और इंडियन स्टेटिस्टीकल इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- बर्षि गुहा, सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी, सिंगापुर
- विजय प्रकाश ओझा, श्रीाम कालेज ऑफ कॉमर्स और एनसीएईआर,, नई दिल्ली
- कौशिक देब, टेरी यूनिवर्सिटी

शैक्षिक वर्ष 2009–2010 में केन्द्र की एम.ए. के छात्रों के लिए तीन नए वैकल्पिक कोर्स (प्रत्येक चार क्रेडिट का) शुरू करने की योजना है। ये कोर्स हैं – इंफॉर्मेशन इकोनामिक्स ऐंड इट्स एप्लिकेशंस (संगीता बंसल), इंटरनेशनल ट्रेड, एनवायरनमेंट ऐंड मल्टीलेटरलिज्म (अपर्णा साहनी) और टाइम सीरिज एनालिसिस (मंदिरा शर्मा)

शैक्षिक वर्ष 2008–2009 के दौरान केन्द्र के शिक्षकों ने तीन पुस्तकें लिखी, नौ पुस्तकों में आलेख प्रकाशित हुए, बीस से अधिक शोध आलेख लिखे, आदि। इसके अलावा कुछ शिक्षक दो अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के संपादकीय मण्डल में सदस्य हैं और आठ सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा कई राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों/संगोष्ठियों में भाग लिया।

पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र

केन्द्र की स्थापना वर्ष 1960 में चीनी और जापानी अध्ययन केन्द्र के रूप में हुई थी। पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र में कोरियाई अध्ययन को भी शामिल किया गया। केन्द्र एम.फिल. स्तर पर चीन, जापान और कोरिया के ऐतिहासिक, राजनीतिक, सामाजिक–सांस्कृतिक, आर्थिक और विदेश नीति पक्षों पर कोर्स चलाता है, जबकि पी–एच.डी. शोधार्थी पूर्वी एशियाई क्षेत्र से संबंधित अपनी रुचि के विशेष क्षेत्र पर शोध कार्य करते हैं। केन्द्र के शिक्षक भी संस्थान के एम.ए. स्तर पर कोर्स चलाते हैं। केन्द्र के शिक्षकों ने 64 से अधिक शोध प्रबंधों (लगभग 39 चीनी अध्ययन, 23 जापानी अध्ययन और 2 कोरियाई अध्ययन) और लगभग 233 (115 चीनी, 87 जापानी, 31 कोरियाई) एम.फिल. लघु शोध प्रबंधों का पर्यवेक्षण किया। एम.फिल./पी–एच.डी. स्तर पर कुल 62 छात्रों का पंजीकरण हुआ। केन्द्र नियमित रूप से संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएं और बैठकें आयोजित करता है। केन्द्र शोधार्थियों के आलेखों का भी आयोजन करता है। केन्द्र क्षेत्र विशेष के बारे में जानकारी बढ़ाने हेतु विदेशों से विद्वानों को आमंत्रित करता है। केन्द्र के शिक्षकों की पुस्तकें प्रकाशित हुई तथा इनके पुस्तकों और पत्रिकाओं में शोध आलेख प्रकाशित हुए और कुछ शिक्षकों ने भारत और विदेश के प्रसिद्ध संस्थानों में परामर्शदाता, सलाहकार और मानद फेलो के रूप में सेवा की। केन्द्र के कुछ छात्रों को जापान फाउंडेशन, मोम्बुसो (शिक्षा मंत्रालय, जापान सरकार) साबुरो ओकिता मेमोरियल फेलोशिप, निप्पन फाउंडेशन, कोरिया फाउंडेशन, नेहरू मेमोरियल फेलोशिप और चीनी और ताईवान सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रसिद्ध शोध अध्येतावृत्तियाँ प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, जापान के छात्र भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् से अध्येतावृत्ति प्राप्त करते हैं। पूर्वी एशियाई देशों की रूपरेखा और विकासमान अर्थव्यवस्था के अनुसार केन्द्र शिक्षण, शोध और शैक्षिक सहयोग में नई प्रवृत्तियों के अनुसार अपने आपको अनुरूप बनाने की प्रक्रिया में है।

केन्द्र द्वारा चलाए गए कोर्स : मानसून सत्र : 2008–09 (प्रत्येक 3 क्रेडिट का)

ईए–618	:	रिसर्च मेथडोलॉजी, प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली
ईए–611	:	एज्यूकेशन ऐंड सोसाइटी इन जापान, प्रो. लालिमा वर्मा
ईए–622	:	इश्यूज ऐंड थीम्स इन चाइनीज हिस्ट्री, डॉ. डी. वाराप्रसाद शेखर
ईए–607	:	इंडस्ट्रिएलाइजेशन ऐंड फॉरेन ट्रेड ऑफ जापान, डॉ. एस.आर. चौधरी
ईए–602	:	चाइनीज पॉलिटीकल सिस्टम, रितु अग्रवाल
ईए–608	:	पॉलिटीकल ऐंड इकोनामिक डिवलपमेंट इन कोरिया 1945–1975, डॉ. जितेन्द्र उत्तम
ईए–609	:	मॉडर्न हिस्ट्री ऑफ कोरिया, डॉ. जितेन्द्र उत्तम
ईए–623	:	पॉलिटीकल इकोनॉमी ऑफ जापान (एम.ए. के लिए), डॉ. एच.एस. प्रभाकर

शीतकालीन सत्र : 2008–2009 (प्रत्येक 03 क्रेडिट का)

ईए–603 : चाइना'ज फॉरेन पॉलिसी ऐंड इंटरनेशनल रिलेशंस, प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली
ईए–613 : कंटेम्पोरेरी फॉरेन पॉलिसी ऑफ जापान, प्रो. लालिमा वर्मा
ईए–606 : गवर्नमेंट ऐंड पॉलिटिक इन जापान, डॉ. एच.एस. प्रभाकर
ईए–619 : आर्गेनाइजेशन ऐंड मैनेजमेंट इन जापान, डॉ. एस.आर. चौधरी
ईए–620 : सोसाइटी ऐंड कल्चर इन पोस्ट माओ–चाइना, डॉ. रितु अग्रवाल
ईए–624 : साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी इन चाइना'ज डिवलपमेंट, डॉ. डी. वाराप्रसाद शेखर
ईए–612 : कोरियन पेनिनसुला इन इंटरनेशनल अफेयर्स सिंस 1945, डॉ. जितेन्द्र उत्तम
आईएस–567 : फॉरेन पॉलिसी ऑफ चाइना (एम.ए. के लिए), प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली

केन्द्र द्वारा शुरू किए गए नए कोर्स

मानसून सत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली द्वारा एम.ए. स्तर पर "चाइना ऐंड ईस्ट एशियन सिक्योरिटी : ट्रेडिशनल ऐंड नॉन–ट्रेडिशनल आस्पेक्ट्स" विषयक एक नया वैकल्पिक कोर्स शुरू किया गया। यह चार क्रेडिट का है।

केन्द्र द्वारा नियमित रूप से आयोजित संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/प्रदर्शनियाँ

- फेंग ली कुक, यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर ने 24 अप्रैल, 2008 को "रोल ऑफ गवर्नमेंट इन द राइज ऑफ कंपीटिटवनेस ऑफ चाइनीज इंडस्ट्रीज–एक्जाम्पल्स ऑफ द आटोमोटिव ऐंड आईटी इंडस्ट्री" विषयक व्याख्यान दिया।
- डॉ. झेंग शुलन ने बुधवार,16 जुलाई, 2008 को "चाइना'ज एनवायरनमेंटल सिक्योरिटी इश्यूज" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- डॉ. राबर्ट डी. एल्ड्रीज, एसोसिएट प्रोफेसर, ओसाका यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी को 28 जुलाई, 2008 को केन्द्र में "जापान–यूएसए एलाइंस इन एशिया : चैलेंजिज ऐंड प्रास्पेक्ट्स" विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया।
- डॉ. लियु फु कुओ, रिसर्च फेलो, इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस, नेशनल चेंगची यूनिवर्सिटी, ताइपेई को 30 जुलाई, 2008 को "ईस्ट एशिया ऐंड न्यू ताईवान : मुविंग बैक टु द राइट कोर्स" विषयक संगोष्ठी आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया।
- केन्द्र ने 13 अगस्त, 2008 को केन्द्र के शोधार्थियों के लिए "कंटेम्पोरेरी डिवलपमेंट्स इन ईस्ट एशिया" विषयक कार्यशाला आयोजित की।
- केन्द्र ने 15 से 17 अक्टूबर, 2008 तक ताइपेई इकोनॉमिक ऐंड कल्चरल सेंटर (टीईसीसी) के सहयोग से ताईवान फोटो प्रदर्शनी के तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जिसमें लगभग 40 फोटो फ्रेम शामिल थे।
- केन्द्र ने 8 अक्टूबर, 2008 को प्रो. इलियट स्परलिंग, डिपार्टमेंट ऑफ सेंट्रल यूरेशिया स्टडीज, इंडियाना यूनिवर्सिटी को "हिस्ट्री मॉबीलाइज्ड : द 1986–1987 साइनो–इंडियन बॉर्डर क्लाशेस ऐंड द यूज ऑफ टेक्स्ट्स ऐंड मेमोयर्स इन द पीआरसी" विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।
- प्रो. फुकागावा और वासेदा यूनिवर्सिटी, जापान से छात्रों के प्रतिनिधि मण्डल ने 24 अक्टूबर, 2008 को "जापान–इंडिया इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- केन्द्र ने 5 से 7 नवम्बर, 2008 तक कोरियन ट्यूरीज्म आर्गेनाइजेशन के सहयोग से कोरियाई फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- केन्द्र ने 6 नवम्बर, 2008 को श्री सुइमित्सु दाइकी को "जापानीज इकोनॉमी आफ्टर द बबल बुस्ट : स्पेशन रिफरेंस टु मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस" विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।
- केन्द्र ने 14 नवम्बर, 2008 को प्रो. अलेक्जेंडर बुख, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ ह्यूमैनीटीज ऐंड सोशल साइंस को "जापान'स आइडेंटिटी ऐंड रूसो–जापानीज रिलेशंस" विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।
- केन्द्र ने यूरोपीय अध्ययन केन्द्र, अ.अ.सं. के साथ मिलकर प्रो. वेई–वेई–झांग, सीनियर रिसर्च फेलो, मॉडर्न एशिया रिसर्च सेंटर, जिनेवा और गेस्ट प्रोफेसर, फुदान यूनिवर्सिटी और सिनगुआ यूनिवर्सिटी "इंडिया, यूरोप ऐंड द राइज ऑफ चाइना" विषयक व्याख्यान का आयोजन किया।

- जापान से छात्रों का एक समूह 15 जनवरी, 2009 को केन्द्र के शिक्षकों और छात्रों के साथ शैक्षिक विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए केन्द्र में आया।
- केन्द्र ने 22 जनवरी, 2009 को डॉ. राजीव नारायणन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, लंदन को "नॉर्थ कोरिया एट क्रास रोड" विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।
- केन्द्र ने 12 फरवरी, 2009 को डॉ. ताकेव होशी, यूनिवर्सिटी ऑफ केलिफोर्निया को आमंत्रित किया।
- केन्द्र ने 5 मार्च, 2009 को 'भारत–जापान गोलमेज' का आयोजन किया तथा प्रो. किमुरा मासाके (डीन, वर्ल्ड अफेयर्स, क्योटो सांगयो यूनिवर्सिटी और प्रोफेसर इमेरीटस, क्योटो यूनिवर्सिटी) को "रिपॉजीशनिंग जापान इन ए चेंजिंग ईस्ट एशिया विषयक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र में आए अतिथि

- डॉ. वोंग मिंग सियन, ताम कांग यूनिवर्सिटी गेर मिओं कुआंग और इचोंग के साथ 28 अप्रैल, 2008 को केन्द्र में आए।
- श्री लियु जियानवेई, सिचुआन यूनिवर्सिटी, चीन 2 मई, 2008 को केन्द्र में आए।
- माइकल वानविमोलिंक, न्यूजीलैण्ड उच्चायोग 27 मई, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. विनसेंट वांग 27 मई, 2008 को केन्द्र में आए।
- सुश्री प्रियंका आर. दुबे 27 मई, 2008 को केन्द्र में आईं।
- सुश्री लिवुन चेंग, डॉ. फ्रेंक यी–हुआ कान और डॉ. फु कुओ लिन, रिसर्च फेलो, इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, नेशनल चेंगची यूनिवर्सिटी, ताइपेई 30 जुलाई, 2008 को केन्द्र में आए।
- श्री लियु झायोमिंग 6 अगस्त, 2008 को केन्द्र में आए।
- डॉ. लियु शिगनाना 6 अगस्त, 2008 को केन्द्र में आए।
- कर्नल एन.डी. प्रसाद 8 अगस्त, 2008 को केन्द्र में आए।
- श्री जस्टिन मिल्लर 3 सितम्बर, 2008 को केन्द्र में आए।
- श्री एल. डेविडसन 15 सितम्बर, 2008 को केन्द्र में आए।
- कर्नल डिनु 15 सितम्बर, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. इलियट स्परलिंग, डिपार्टमेंट ऑफ सेंट्रल यूरेशिया स्टडीज, इंडियाना यूनिवर्सिटी, यूएसए 8 अक्टूबर, 2008 को केन्द्र में आए।
- श्री फिलिप ओंग, रिप्रिजेंटेटिव, ताइपेई'स इकोनामिक ऐंड कल्चरल सेंटर और श्री पॉल शेक, नई दिल्ली 15 अक्टूबर, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. फुकुगावा और छात्र प्रतिनिधि मण्डल, वासेदा यूनिवर्सिटी, जापान 24 अक्टूबर, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. क्लाउस लंगे, आईटीएस जर्मनी 29 अक्टूबर, 2008 को केन्द्र में आए।
- अलेक्जेंडर बुख, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ ह्यूमैनीटीज ऐंड सोशल साइंस, सुकुबा यूनिवर्सिटी (जापान) 14 नवम्बर, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. ली वेन वु, सुश्री ली मो क्यू युन, श्री सुई फुमिन और प्रो. वेन, चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज, बीजिंग 28 दिसम्बर, 2008 को केन्द्र में आए।
- प्रो. एन्ड्रू सेठ, ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी 3 फरवरी, 2009 को केन्द्र में आए।
- जापान से छात्रों का एक समूह 15 जनवरी, 2009 को केन्द्र में आया।
- प्रो. मुमिन चेन, नेशनल युंग ह्सिंग यूनिवर्सिटी, ताइवान 11 फरवरी, 2009 को केन्द्र में आए।
- प्रो. ताकेव होशी, आईआरपीएस, यूसीएसडी 2 फरवरी, 2009 को केन्द्र में आए।
- प्रो. सी चेन ली 27 मार्च, 2009 को केन्द्र में आए।

छात्रों की उपलब्धियाँ

- हमारे केन्द्र के कोरियाई अध्ययन प्रभाग में एम.फिल./पी–एच.डी. शोधार्थी श्री जोजिन वी. जॉन वर्ष 2008 में कोरियाई अध्ययन में मेरिट में आए। उन्हें रुपये पन्द्रह हजार का नकद पुरस्कार दिया गया तथा कोरिया गणराज्य की मेडम किम मांग शिक द्वारा स्थापित टैगोर पुरस्कार के लिए संस्तुत किया गया।
- सुश्री भावना सिंह (एम.फिल. छात्रा), रित्युशा मणि तिवारी (एम.फिल. छात्र), श्री राजीव रंजन (पी–एच.डी. छात्र) और श्री जॉय थॉमस (पी–एच.डी. छात्र) को युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित चीन के लिए युवा प्रतिनिधि मण्डल हेतु चुना गया। यह हू जीन ताओ और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बीच 29 जून से 9 जुलाई 2008 के दौरान ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर के अनुसार किया गया।
- श्री के. जॉय थॉमस, पी–एच.डी. छात्र का चयन वर्ष 2008–2009 के लिए जेएनयू–येल एक्सचेंज प्रोग्राम तथा जेएनयू येल फोक्स फेलोशिप प्रोग्राम के लिए हुआ। उन्होंने "विजिटिंग एफिलिएटिड रिसर्च स्टुडेंट" के रूप में ज्वाइन किया।
- श्री शमशाद अहमद खान इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस द्वारा रिसर्च असिस्टेंट के रूप में चुने गए।
- सुश्री संगीता यादव एकेडमी ऑफ कोरियन स्टडीज से एक माह की छात्रवृत्ति के लिए चुनी गईं।

अन्य कोई सूचना

- एम.फिल. और पी–एच.डी. छात्रों की सिनोप्सिस (सार–संक्षेप) का प्रारूप और उनके शोध प्रबंध की पाण्डुलिपि के प्रारूप पर केन्द्र के शिक्षकों और छात्रों की चर्चा हुई। डॉ. एस.आर. चौधरी ने इन गतिविधियों का समन्वयन किया। केन्द्र ने शोधार्थियों द्वारा उनका पी–एच.डी. शोध प्रबंध प्रस्तुत करने से पहले प्रारूप प्रस्तुत करने की प्रणाली शुरू की है।
- सैमसुंग इलेक्ट्रोनिक्स कंपनी लिमिटेड ने केन्द्र को तीन प्लाज्मा टेलीविजन सेट उपहार के रूप में भेंट किए।
- डॉ. ओह ह्वा सियोक, विजिटिंग शिक्षक का कार्यकाल 30 जून, 2009 तक बढ़ाया गया।

भावी योजनाएं

केन्द्र के वेबपेज को अद्यतन किया जा रहा है और http://jnu.ac.in/Academics/Schools/School of International Studies/CEAS/default.htm पर अपलोड किया जाएगा। केन्द्र की इसे आगे समृद्ध करने की योजना है।

- चूंकि पूर्वी एशियाई क्षेत्र का चहुँमुखी विकास (जारी वित्तीय संकट के बावजूद) हो रहा है, इसलिए केन्द्र क्षेत्र का विस्तृत अध्ययन और मूल्यांकन करने के लिए अपने मानव और बौद्धिक संसाधन बढ़ाने की योजना है ताकि लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। केन्द्र ने इस क्षेत्र से संबंधित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया ताकि छात्रों और शिक्षकों को जानकारी दी जा सके। केन्द्र ने नियमित रूप से परिचर्चाएं, संगोष्ठी, कार्यशालाएं आयोजित कीं, समय–सारणी में बदलाव किया तथा औपचारिक सार–संक्षेप (सिनोप्सिस)/लघु शोध प्रबंध/शोध प्रबंध और प्रस्तुतियों में भी सुधार किया। केन्द्र ने एक नई वेब साईट भी तैयार की है जिसमें शिक्षकों, छात्रों, कोर्सों, संबंधित शोध संस्थानों और शोध सामग्री से संबंधित जानकारी है। केन्द्र की पूर्वी एशिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की योजना है।

अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केन्द्र

अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केन्द्र में भिन्न–भिन्न परन्तु परस्पर सम्बद्ध चार प्रभाग हैं :

- अन्तरराष्ट्रीय राजनीति
- अन्तरराष्ट्रीय संगठन
- राजनयिक और निरस्त्रीकरण
- राजनीतिक भूगोल

केन्द्र का उद्गम, वर्ष 1955 में स्थापित इंडियन स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज से खोजा जा सकता है। केन्द्र मूलरूप से आईएसआईएस के दो अलग–अलग विभागों के रूप में अस्तित्व में आया। इसमें अन्तरराष्ट्रीय संबंध और राष्ट्रमण्डल से संबंधित अध्ययन होता था। जब वर्ष 1970 में आईएसआईएस को नए स्थापित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के साथ मिलाया गया तो उस समय विद्यमान अन्तरराष्ट्रीय संबंध राष्ट्रमण्डल विभाग में से अन्तरराष्ट्रीय राजनीति और संगठन का सृजन किया गया। केन्द्र में उस समय अन्तरराष्ट्रीय संबंध के तीन भिन्न–भिन्न लेकिन परस्पर गहन रूप से सम्बद्ध पहलुओं – अन्तरराष्ट्रीय राजनीति,

अन्तरराष्ट्रीय संगठन और निरस्त्रीकरण को शामिल किया गया। संबंधित शोध और शिक्षण क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए और विशेषज्ञ शिक्षकों को नियुक्त करते हुए इनमें से प्रत्येक पहलू को पृथक शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ प्रभाग के रूप में शामिल किया गया है। फिर भी, प्रभाग–वार गठन करके अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के विस्तृत क्षेत्र में अन्तर विषयक दृष्टिकोण की जानकारी हेतु पहचान बनाना था। यह विचारणीय है कि केन्द्र के तीन मूल प्रभाग, जिनमें से दो – अन्तरराष्ट्रीय संगठन और निरस्त्रीकरण – पूर्ण रूप से नए थे और आज विश्वविद्यालयीय प्रणाली में ये विरले हैं। इसके तुरंत बाद, केन्द्र में राजनीतिक भूगोल पर एक अलग प्रभाग भी सृजित किया गया। अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के वर्ष 2005 में किए गए पुनर्गठन में एक नए प्रभाग – राजनयिक अध्ययन (जो पहले अन्य केन्द्र का भाग था) – को अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केन्द्र के साथ मिलाया गया। राजनयिक अध्ययन प्रभाग, वर्ष 1970 में अपनी स्थापना से राजनयिक में ऐतिहासिक और समसामयिक मुद्दों पर शिक्षण और शोध कार्यक्रम चला रहा है। बाद में वर्ष 2007 में, राजनयिक अध्ययन और निरस्त्रीकरण अध्ययन कार्यक्रम को एक प्रभाग में मिला दिया गया है, इसे राजनयिक और निरस्त्रीकरण अध्ययन प्रभाग के रूप में जाना जाएगा।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 119 एम.फिल. और पी–एच.डी. छात्र थे। इनमें 35 अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में, 28 अन्तरराष्ट्रीय संगठन में, 32 राजनयिक और निरस्त्रीकरण अध्ययन में, और 24 राजननीतिक भूगोल में थे। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान के केन्द्र ने 2 छात्रों को सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया और 31 छात्रों को एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों में : 9 छात्रों को अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में, 7 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय संगठन में, 9 छात्रों को राजनयिक और निरस्त्रीकरण अध्ययन में और 6 छात्रों को राजनीतिक भूगोल में प्रवेश दिया।

केन्द्र द्वारा आयोजित संगोष्ठियाँ

- डॉ. अर्चना नेगी, सहायक प्रोफेसर, अ.रा.सं.नि.के. / अ.अ.सं. / जेएनयू ने 2 अप्रैल, 2008 को "कोहरेंस इन ग्लोबल गवर्नेंस : द केस ऑफ ट्रेड ऐंड एनवायरनमेंट" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- श्री यासुयुकी इशिदा, रिसर्च स्कॉलर, अ.रा.सं.नि.के. / अ.अ.सं. / जेएनयू ने 9 अप्रैल, 2008 को "द न्यूक्लियर नॉन प्रॉलिफ्रेशन ट्रीटी इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- शिशिर प्रियदर्शिनी, डायरेक्टर, ट्रेड ऐंड डिवलपमेंट डिविजन, वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन सेक्रेटेरियट, जिनेवा ने 13 अगस्त, 2008 को "द प्रॉमिज ऑफ 'डिवलपमेंट' इन द दोहा राउंड ऑफ ट्रेड निगोसिएशंस" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- श्री नील जोयक (लारेंस लिवरमोर लैब्स, यूएस) और श्री एस. डेविस जाचरी (नवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल, मांटेरे, यूएस) ने 23 सितम्बर, 2008 को "ए डिफेंड ऑफ न्यूक्लियर लर्निंग इन इंडिया" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- डॉ. वैद्यनाथ गुंदुलपेट, पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च एसोसिएट, प्रिंसट इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल ऐंड रीजनल स्टडीज, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी ने 6 जनवरी, 2009 को "बिग स्टिक्स ऐंड कैटेस्टिड कैरट्स : ए पॉवर सेंट्रिक थीअरि ऑफ इंटरनेशनल सिक्योरिटी इंस्टीट्यूशंस" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- श्री नयनचन्दा, येल सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ग्लोबलाइजेशन ने 7 जनवरी, 2009 को "प्रॉमिसिस ऐंड पेरिल्स ऑफ ग्लोबलाइजेशन : ए हिस्टोरीकल पर्सपेक्टिव" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- डॉ. मीनल श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर और एकेडमिक कॉर्डिनेटर, सेटर फॉर ग्लोबल ऐंड सोशल एनालिसिस, अथाबास्का यूनिवर्सिटी ने 7 जनवरी, 2009 को "ग्लोबलाइजेशन स्टडीज : पुशिंग द बाउंड्रीज ऑफ ए 'ग्लोबल पैराडिग्म'" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- प्रोफेसर डेनियल ड्रेच, एसोसिएट डायरेक्टर, राबर्टस सेंटर फॉर कनाडियन स्टडीज और प्रोफेसर, पॉलिटीकल साइंस, यार्क यूनिवर्सिटी ने "डेफिएंट पब्लिक्स ऐंड नियोलिबरलिज्म'स फाइव ओ' क्लाक शेडो : द वेक्सिंग इश्यू ऑफ न्यू सिटीजनशिप प्रेकटीसेज" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- केन्द्र ने 13 मार्च, 2009 को कंट्रोल आर्म्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया (सीएएफआई), नई दिल्ली के सहयोग से "10 इयर्स ऑफ एंट्री इन टु फोर्स ऑफ माइन बैन ट्रीटी ऐंड अंडरस्टेंडिंग द ऑनगोइंग यूनाइटिड नेशंस प्रोसस फार एन आर्म्स ट्रेड ट्रीटी ऐंड अदर डिसार्मामेंट ट्रीटीज" विषयक सम्मेलन आयोजित किया।
- श्री नियामतुल्लाह नजुमी, सेंटर फॉर वर्ल्ड रिलिजंस, डिप्लोमेसी ऐंड कनफ्लिक्ट रिजोल्यूशन, जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी ने 31 मार्च, 2009 को "रीजनल स्टेबिलिटी ऐंड द यूएस पॉलिसी इन साउथ ऐंड सेंट्रल एशिया" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।

रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र

रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र जेएनयू में रूस, मध्य एशिया और पूर्व सोवियत संघ के अन्य गणराज्यों पर अंतरविषयात्मक शोध और अध्ययन का एक प्रमुख केन्द्र है। इसने एक स्वतन्त्र शैक्षिक केन्द्र के रूप में कार्य करना 1960 के अंत में शुरू किया। प्रारंभ में यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में अंतरराष्ट्रीय राजनीति और राष्ट्रमण्डलीय अध्ययन कार्यक्रम का भाग था। यह 1970 के प्रारंभ में जब भारतीय अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान को नए स्थापित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के साथ मिला दिया गया और इसका नाम अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान रखा गया, तब से केन्द्र ने स्वतंत्र और नियमित इकाई के रूप में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में कार्य करना शुरू किया।

- डा. एम. पुनिया ने 11 अप्रैल 2008 को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से 'ओ.जी.सी. स्टेण्डर्स फार सेंसर नेटवर्क्स' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ओ.जी.सी. से संबंधित प्रशिक्षण में प्रतिभागी क्षेत्रों की पहचान करना है। निम्नलिखित चार उप–विषयों की पहचान की गई है – (क) सेंसर युक्त सिस्टम/पर्यावरण के लिए ओ.जी.सी. स्टेण्डर्डस; (ख) ओ.जी.सी. आधारित सेंसर नेटवर्क में वर्तमान प्रवृत्तियां; (ग) एस.डब्ल्यू.ई. में केस स्टडीज/एप्लीकेशंस; (घ) नीति और मानक मुद्दे। इस संगोष्ठी में विभिन्न संस्थानों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें प्रो. बी.बी. भट्टाचार्य, जेएनयू, प्रो. हारलान जे. आसार्ड, मेन यूनिवर्सिटी, यूएसए, जैसे प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. एम. पुनिया ने किया।

केंद्र को उच्च अध्ययन का दर्जा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अप्रैल 2003 में विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्च अध्ययन केंद्र का दर्जा प्रदान किया। ऐसा केंद्र के विशेष सहायता कार्यक्रम के दो चरणों को सफलतापूर्वक पूरा करने तथा वर्तमान में उच्च स्तरीय शोध कार्य की क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। निम्नलिखित शोध के थ्रस्ट एरिया की पहचान की गई है :

- क्षेत्रीय विकास एवं नियोजन
- सामाजिक भूगोलशास्त्र/जनसंख्या भूगोलशास्त्र
- जी.आई.एस. का विकास/रिमोट सेंसिंग कोर्स और अनुप्रयोग सुविधाएं

इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. अतिया हबीब किदवई थी और उप–समन्वयक थे प्रो. हरजीत सिंह। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समीक्षा करने के बाद उच्च अध्ययन केंद्र में विस्तार किया जाएगा। प्रो. एस. राजू को इस कार्य को देखेने के लिए अनुरोध किया गया है।

प्रलेखन यूनिट

केंद्र की प्रलेखन यूनिट ने अब तक लगभग 300 पुस्तकें, मोनोग्राफ और शोध आलेख प्राप्त किए हैं। वर्ष 2008 के मानसून और शीतकालीन सत्रों के दौरान कुल 3650 शोधार्थी/छात्र/संकाय सदस्य ने केंद्र की प्रलेखन यूनिट की सुविधाओं का लाभ उठाया। वर्ष 2008 के दौरान यूनिट के संग्रह में निम्नलिखित वृद्धि हुई :

दस्तावेज	वर्ष 2008 में वृद्धि	कुल
✎ यू.जी.सी. सी.ए–एस के अन्तर्गत प्राप्त पुस्तकें	05	2000
✎ यू.जी.सी. – सी.ए.एस. के अन्तर्गत प्राप्त पुस्तकें		
✎ प्रक्रिया के अन्तर्गत है	08	08
✎ शिक्षकों से प्राप्त पुस्तकें	10	594
✎ जर्नल इकोनामिक्स ऐंड पालिटिकल वीकली, 1995–2008	52	714
केंद्र के शिक्षकों से प्राप्त पुस्तकें		
✎ डेमोग्राफी इण्डिया : 1995–2001	08	38
✎ पाप्युलेशन ऐंड डिवलपमेंट रिव्यु 2000–04	250	115
✎ स्टडीज इन फैमिली प्लानिंग 1990–2003	10	70
✎ अमरीकन इकोनोमिक रिव्यु 1986–96	10	95
✎ जर्नल आफ इकोनामिक लिट्रेचर 1981–96	05	45
✎ जर्नल आफ लेबर इकोनोमिक्स 2003–04	05	30
✎ जर्नल आफ पालिटिकल इकोनामी 1985	12	36
✎ पी–एच.डी. थीसिस	10	231
✎ एम.फिल डिजर्टेशन	45	845
✎ कानफ्रेंस पेपर्स/प्रोसिडिंग्स (नई + पुरानी)	50	1000
✎ शिक्षकों एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त जिरोक्स मैटिरियल	50	1000
✎ यू.एन. गर्वनमेंट पब्लिकेशंस आदि	05	390
✎ सर्कुलेशन आफ डाक्यूमेंट्स	11843	11843
✎ शिक्षकों, स्नातकोत्तर छात्रों/अतिथियों को उपलब्ध प्रलेखन सुविधाएं	3656	

सभी दस्तावेजों को अब वर्गीकृत कर लिया गया है। उपभोक्ताओं के रीडिंग रूम सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक तथा शनिवार और रविवार को 6 घंटे तक खुला रहेगा। उच्च अध्ययन केंद्र के छात्र सम्बद्ध कार्यक्रम से प्राप्त वित्तीय सहयोग के कारण प्रलेखन यूनिट को और अधिक समय तक खुला रखना सम्भव हो सका है। प्रत्येक सत्र में पढ़ाए जा रहे कोर्सों से सम्बन्धित पठन सामग्री यदि प्रलेखन यूनिट में उपलब्ध नहीं होती तो उसे छात्रों के प्रयोग के लिए जेएनयू पुस्तकालय से उधार पर लिया जाता है। अन्य पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों के अध्यायों/सम्बन्धित सामग्री की अनेक फोटोकापियां यूनिट में उपलब्ध हैं। उच्च अध्ययन केंद्र कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान राशि से वर्तमान पुस्तकों में वृद्धि करने की योजना है।

छात्रों की गतिविधियां

प्रकाशन

- जगन्नाथ बेहरा, 'इनफेंट मोर्टेलिटी अमंग द मार्जिनलाइज्ड पीपल इन इण्डिया' विषयक अध्याय एस. राजन पद्यी और विश्वजीत द्वारा सम्पादित पुस्तक 'ट्राइबल डिवलपमेंट इन इण्डिया : कंटेम्पोरेरि इश्युज ऐंड पर्सपेक्टिव्स' में प्रकाशित हुआ, मंगलम पब्लिर्श, दिल्ली, इण्डिया, 2009

- शिबब्रत दास, 'चाइल्डहुड अंडर न्यूट्रिशन : ए कम्पेरिटिव एनालिसिस आफ शेडयूल्ड ट्राइब्स ऐंड अदर्स मिडइण्डियन ट्राइबल रीजन' सोशल चैंज भाग 38, अंक 1, पृ. 64–83, 2008
- शिबब्रत दास, 'पावर्टी, हैल्थ ऐंड एनवायरनमेंट नेक्सस : ए केस स्टडी आफ कम्युनिटी फारेस्ट्री इन इण्डिया' (प्रताप चंद्र मोहन्ती के साथ), एस.के. पाल (सं.) पावर्टी, हैल्थ ऐंड डिवलपमेंट, कामनवेल्थ पब्लिशर्स, दिल्ली, 2009
- शर्मिष्ठा बासु और शिव नारायण सिंह, 'वर्क स्टेटस ऐंड हैल्थ आफ वुमन : ए कम्पेरिटिव स्टडी आफ नार्थर्न ऐंड साउदर्न स्टेट्स आफ इण्डिया' इंटरनेशनल जर्नल आफ वर्ल्ड हैल्थ ऐंड पाप्युलेशन, भाग–10, अंक–2, 2008
- सरिला दास गुप्ता, शुद्धमिता मुखर्जी, सम्पूर्णा सिंह, रोहिनी पांडे और शर्मिष्ठा बासु, 'नाट रेट्डी लुकिंग बिहाइंड लेसंस फ्राम इंटरवेंशंस डिलेइंग मैरिज आफ गर्ल्स इन इण्डिया' आई.सी.आर.डब्ल्यू., सितम्बर 2008
- क्लेयर नरोहना, रोजर जेफरी, पेट्रिसिया जेफरी और शर्मिष्ठा बासु, 'आउटकम्स आफ एज्यूकेशन फार द हैल्थ ऐंड फर्टिलिटी डिसिजन मैकिंग आफ पुअर इन इण्डिया प्रिलिमिनरी रिजल्ट्स फार अलवर ऐंड देवास' आनलाइन पब्लिकेशन इन रिकूप साइट, 2008
- एन.आर. मिश्रा और एच. साहू, 'ऐज ऐट मैरिज ऐंड इट्स कोरिलेट्स इन मध्य प्रदेश, पाप्युलेशन ऐंड हैल्थ इण्डिया 2007' आलोक रंजन (सं.), भोपाल, श्याम इंस्टीट्यूट, पृ. 103–109, 2008
- एच. साहू, 'रीजंस आफ नान अक्सेप्टेंस ऐंड फ्यूचर इनटेंशन टु यूज कंट्रोसेप्टिव मैथड इन इण्डिया : इनसाइट्स फ्राम एन.एफ. एच.एस. डाटा' इण्डियन जर्नल आफ सोशल डिवलपमेंट, भाग–8, अंक–1, पृ. 1–18, 2008

कार्यशाला / संगोष्ठी / सम्मेलनों में प्रतिभागिता

- दिशा तिवारी (नियाती जोयी के साथ सह–लेखक) ने 8 मार्च 2009 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय में आयोजित 6ठे आई.ए.एस. एच. अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'फादरहुड इनफेंट डेथ्स, एम.डी.जी. गोल्स, पाप्युलेशन पालिसी एचीवमेंट इन इण्डिया : एन एनालिसिस आफ एन.एफ.एच.एच. 3' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- दिशा तिवारी ने 7 मार्च 2009 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय में आयोजित आई.ए.एस.एस.एच. अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत 'द आई.एम.एन.सी.आई. अप्रोच टुवर्डस रिएलाइजिंग द एम.डी.जी. गोल : टेकिंग चाइल्डकेयर टु द डोरस्टेप्स आफ द कम्युनिटी इन द शिवपुरी डिस्ट्रिक्ट आफ मध्य प्रदेश' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- जगन्नाथ बहेरा ने 7–9 अप्रैल 2008 को जेवियर इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में आयोजित 5वीं आल इण्डिया आई.ए.एस.एस. एच. सम्मेलन में 'डिस्पेरिटी इन इनफेंट मार्टेलिटी अमंग कास्ट इन उड़ीसा ऐंड इट्स कोजिज : इविडेंस फ्राम एन.एफ.एच.एस. ' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- जगन्नाथ बहेरा ने 17–19 अक्टूबर 2008 को आई.ए.एस.पी. की 30वीं वार्षिक संगोष्ठी में 'ट्रेंडस इन जेंडर डिस्पेरिटी इन चाइल्डहुड इम्युनाइजेशन इन फाइव मेजर लो चाइल्ड रेशिओ स्टेट्स आफ इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- जगन्नाथ बहेरा ने 27–29 जनवरी 2009 को श्याम इंस्टीट्यूट, भोपाल में 'चैंजिंग सोशल ग्रुप डिस्पेरिटी इन इनफेंट मेर्टिलिटी इन मध्य प्रदेश ऐंड इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- जगन्नाथ बहेरा ने 7–8 मार्च 2009 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय में आयोजित छठी आई.ए.एस.एस.एच. अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जेंडर डिस्पेरिटी ट्रेंडस इन चाइल्ड मोर्टिलिटी इन इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- शिवब्रत दास (2008) ने 25–26 सितम्बर 2008 को बी.आर. अम्बेडकर कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'डा. अम्बेडकर ऐंड हिज कंट्रीब्युशन : एन इंटरडिसीप्लिनरी पर्सपेक्टिव' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'बिटवीन डिवलपमेंट ऐंड डेप्रिवेशन : ए स्टडी आफ मार्जिनेलाइज्ड ग्रुप्स इन इण्डिया' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- शिवब्रत दास ने 1–3 अक्टूबर 2008 को क्रोनिक पावर रिसर्च सेंटर इण्डिया और सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, जेएनयू में आयोजित 'इराडिकेटिंग क्रोनिक पावर्टी इन इण्डिया : पालिसी इश्युज ऐंड चैलेंजिस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'सोशिआ–स्पेशिएल डायमेंशंस आफ पावर्टी : चाइल्ड हैल्थ ऐंड डिवलपमेंट द केस आफ उड़ीसा' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- शर्मिष्ठा बासु, क्लेयर नोरोनहा, अनुराधा दे और रोजर जेफरी, ने 3–5 दिसम्बर 2008 को 'न्यूपा' में आयोजित 'एज्यूकेशन एक्सेस, एक्सक्लुजन ऐंड आउटकम्स' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'फर्टिलिटी डिक्लाइन : इज इट एन आउटकम आफ वुमन स्कूलिंग' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- मशखूर अहमद ने 27–29 जनवरी 2009 को भूगोलशास्त्र विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'रिर्सोस डिवलपमेंट ऐंड एनवायरनमेंटल चैंज : इमर्जिंग इश्युज ऐंड चैलेंजिस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'स्पेशिएल पैटर्नस आफ इंटरबल माइग्रेशन इन उत्तर प्रदेश' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- ईश्वर सिंह (मिलाप शर्मा के साथ) ने 23–25 अक्टूबर 2008 को वाडिया इंस्टीट्यूट आफ हिमालयन जिओलाजी में आयोजित 'माउंटेन बिल्डिंग ऐंड क्लाइमेट टेक्टोनिक इंटरएक्शन' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डिफाइनिंग टाइमिंग्स आफ द गंगोत्री ग्लेशियर एक्सपेंशन ऐंड फ्लुक्चुऐशंस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

स्टाफ की विविध गतिविधियां

- एस. कुमार, हैल्थ इनफार्मेशन सर्विसिज इन टवंटीफर्स्ट सेंचुरी, गगनदीप पब्लिकेशंस, दिल्ली, जनवरी 2009
- एस. कुमार ने 18–20 दिसम्बर 2008 को जे.आई.आई.टी., नोएडा में आयोजित 'इमर्जिंग ट्रेंड्स ऐंड टेक्नालाजिस इन लाइब्रेरी ऐंड इनफार्मेशन सर्विसिस' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डिफाइनिंग टाइमिंग्स आफ द गंगोत्री ग्लेशियर एक्सप्रेशंस ऐंड फलक्चुएशंस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एम.टी. सेलवान ने 24–28 सितम्बर 2008 को बिजिंग, चीन में 'एशिया–यूरोप मीटिंग' में 'सस्टेनेबल डिवलपमेंट्स इनिशिएटिव्स इन इण्डिया : द 2008 माडल' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।

सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र

सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र की स्थापना वर्ष 1971 में समाजशास्त्र के दो मुख्य क्षेत्रों – (1) सामाजिक संरचना और (2) सामाजिक प्रक्रिया, में तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में शिक्षण एवं शोध कार्यक्रम चलाने के उद्देश्य से हुई थी। केंद्र को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक तथा अन्य ऐसी उप–पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक पद्धति के अध्ययन में एक अन्तरविषयक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता थी। मेकरो और माइक्रो स्तरों पर सामाजिक पद्धतियों और इसकी सह–पद्धतियों के अध्ययन हेतु तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य विकसित करने की योजना थी। इसके लिए केंद्र के शिक्षकों, छात्रों और शोध स्टाफ ने पिछले कई वर्षों से निम्नलिखित थ्रस्ट एरिया में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है :

- आधुनिकीकरण और विकास का समाजशास्त्र
- व्यवसाय और व्यावसायिकता का समाजशास्त्र
- सामाजिक स्तरीकरण का समाजशास्त्र
- सामाजिक आंदोलन और सामाजिक लामबंदी का समाजशास्त्र
- सीमांत वर्ग, अल्पसंख्यक और दलित अध्ययन
- आदिवासी और नरजातीय का समाजशास्त्र
- शिक्षा का समाजशास्त्र
- ज्ञान का समाजशास्त्र
- जेंडर और जेंडर सम्बन्धों का समाजशास्त्र
- भारतीय डायस्पोरा का समाजशास्त्र
- धर्म का समाजशास्त्र और
- संस्कृति अध्ययन का समाजशास्त्र

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद ने अपनी दिनांक 21 अप्रैल 2006 को हुई बैठक में जेएनयू में उत्तर–पूर्व भारत पर अध्ययन शुरू करने का अनुमोदन किया। यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेषज्ञ समिति को भेजा गया। इस समिति ने प्रो. टी. रामाराव की अध्यक्षता में 8–10 अगसत 2008 के दौरान विश्वविद्यालय का दौरा किया। विशेष समिति की सिफारिशों के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 12 अन्य कार्यक्रमों के साथ जेएनयू में उत्तर पूर्वी अध्ययन कार्यक्रम शुरू करने के लिए अपनी मंजूरी भेजी।

उत्तर–पूर्वी भारतीय अध्ययन कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के अध्ययन को शामिल करते हुए इसकी अन्तरविषयक संरचना तैयार की गई और इसे विश्वविद्यालय के पांच संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। ये संस्थान हैं – भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, सामाजिक विज्ञान संस्थान, पर्यावरण विज्ञान संस्थान, अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान और कला और सौंदर्यशास्त्र अध्ययन संस्थान। इसका मुख्य

उद्देश्य उत्तर–पूर्वी अध्ययन के लिए विभिन्न संस्थानों के माध्यम से गहन शोध कार्य किया जा सके। इस अध्ययन कार्यक्रम को शुरू करने के लिए कुलदेशिक और उपरोक्त पांच संस्थानों के डीन को शामिल करते हुए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया। कुलपति को पांच संस्थानों के डीन में किसी को समन्वयक के रूप में नियुक्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया।

वर्तमान में उत्तर–पूर्वी भारतीय अध्ययन कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान संस्थान के डीन (जो इसके समन्वयक हैं) के मार्गदर्शन में चल रहा है।

उपलब्धियां

समीक्षाधीन अवधि के दौरान उत्तर–पूर्वी भारत अध्ययन कार्यक्रम के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय और पांच विभागीय संगोष्ठियां आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त एक जन व्याख्यन और फिल्म शो पैनल परिचर्चा के साथ आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 13 से 15 मार्च 2009 के दौरान मणिपुर अध्ययन केंद्र, मणिपर विश्वविद्यालय के सहयोग से इम्फाल में 'वुमन इन द ट्रेडिशनल इंस्टिट्यूशंस ऐंड वर्ल्ड वियुज विद स्पेशल रिफ्रेंस टु ट्राइबल सोसायटीज आफ नार्थीस्ट इण्डिया' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसके लिए जेएनयू ने एक लाख रुपये और आदिवासी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने रुपये 50,000 की राशि वित्तीय सहायता प्रदान की।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयोजित संगोष्ठियां

- श्री लिपो कुमार दुविचु, सी.एच.एस. ने 26 सितम्बर 2008 को आयोजित संगोष्ठी में 'आन द मैप आफ द माइंड : ए हिस्ट्री आफ रोड बिल्डिंग्स इन द हिल ट्रेक आफ ब्रिटिश इण्डिया'स नार्थीस्ट फ्रंटीयर' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- श्री जान थामस, ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र, ने 10 अक्टूबर 2008 को आयोजित संगोष्ठी में 'मिशनरीज, कोलोनिआलिज्म ऐंड द राइटिंग्स आफ हिस्ट्री अमंग द नागास' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- श्री लागुलियन, सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र ने 24 अक्टूबर 2008 को आयोजित संगोष्ठी में 'द डायनेमिक्स आफ एथनिक आइडेंटिटी : ए सोशिओ–हिस्टोरिकल एनालिसिस आफ द चिन–कुकी–मिजो पीपल आफ नार्थीस्ट इण्डिया' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- सुश्री ई. लालरामलुनी, राजनीतिक अध्ययन केंद्र, ने 20 फरवरी 2009 को आयोजित संगोष्ठी में 'क्रिटिकल एसेसमेंट आफ द रोल आफ रीजनल पालिटिकल पार्टीज इन द स्टेट फार्मेशन इन द नार्थीस्ट : ए स्टडी आफ मिजोरम, नागालेण्ड ऐंड मेघालय' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- श्री ए.एस. शिमरीवुंग, सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र ने 20 फरवरी 2009 को आयोजित संगोष्ठी में 'परफार्मिंग कल्चर आफ द नागा'स : म्युजिकल परफार्मेंस आफ द तंगखुल नागास' विषयक आलेख प्रस्तुत किया।

जन व्याख्यान

- प्रो. ए.सी. सिन्हा, (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, नेहू, शिलांग) ने 23 जनवरी 2009 को 'इमर्जिंग आइडेंटिटी फार्मेशन इन सिक्किम' विषयक व्याख्यान दिया।

प्रलेखन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान उत्तर–पूर्वी भारतीय अध्ययन कार्यक्रम ने जेएनयू के सभी संस्थानों में अब तक लिखे गए एम.फिल./पी–एच.डी. शोध प्रबंधों का प्रलेखन कार्य शुरू किया है। यह कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाने की संभावना है।

केंद्र का शिक्षण और शोध कार्यक्रमों में एक तरफ तो सिद्धान्त और पद्धतियों का अध्ययन है और दूसरी तरफ सामाजिक पद्धतियों की संरचना और प्रक्रिया का विश्लेषण शामिल है। एम.ए. और एम.फिल. स्तर के कोर्सों की संरचना और विषय वस्तु अन्तरविषयक है। एम.ए. स्तर के कोर्स में भारतीय समाज से संबंधित मूल मुद्दों के अध्ययन में सैद्धांतिक और पद्धतिपरक पक्ष शामिल हैं। एम.फिल. स्तर के कोर्सों में तुलनात्मक और अन्तरविषयक परिप्रेक्ष्य पर बल दिया जाता है। एम.ए. और एम.फिल. स्तर पर विविध विषयों पर आधारित वैकल्पिक कोर्स भी चलाए जाते हैं। विश्वविद्यालय के अन्य संस्थानों के अनेक छात्र इन कोर्सों को पढ़ने के लिए पंजीकरण कराते हैं। इनके अतिरिक्त केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के स्नातक छात्रों के लिए समाजशास्त्र/समाज मानव विज्ञान में दो वैकल्पिक कोर्स चलाता है।

केंद्र द्वारा आयोजित संगोष्ठियां/कार्यशालाएं

- प्रो. आनंद कुमार, डा. विवेक कुमार, डा. जी. श्रीनिवास ने संयुक्त रूप से 1–3 अक्टूबर 2008 को 'इराडिकेटिंग क्रोनिक पावर्टी इन इण्डिया : पालिसी इश्युज ऐंड चैलेंजिस' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- प्रो. आनंद कुमार, प्रो. तिपलुत नोंगब्री, डा. विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से 7–8 मार्च 2009 को 'इकोनामी, सोसायटी ऐंड सोशिओलाजी' विषयक प्रो. एम.एन. पाणिनी अभिनन्दन अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।
- प्रो. आनंद कुमार ने 26–28 मार्च 2009 को 'डायनेमिक्स आफ माडर्नाइजेशन : अंडरस्टेंडिंग द गांधी एन अप्रोच' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- प्रो. तिपलुत नोंगब्री ने जेएनयू के उत्तर–पूर्वी भारतीय अध्ययन कार्यक्रम की ओर से 13–15 मार्च 2009 को मणिपुर विश्वविद्यालय, इम्फाल में 'वुमन इन ट्रेडिशनल इंस्टीट्यूशन ऐंड वर्ल्ड व्युज विद स्पेशल रिफ्रेंस टु द ट्राइबल सोसायटीज आफ नार्थ–ईस्ट इण्डिया' विषयक संगोष्ठी का संयुक्त रूप से आयोजन किया।
- डा. रेणुका सिंह ने 4–5 मार्च 2009 को आई.आई.सी., दिल्ली में 'फोसवालु के लिए बुद्धिज्म ऐज ए पीस–मैकर इन पोस्ट–माडर्न सार्क' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया।
- डा. वी. सुजाता ने 30–31 मार्च 2009 को पी–एच.डी. रिसर्च स्कालर्स सेमिनार का आयोजन किया।
- डा. वी. सुजाता ने 1–2 मई 2008 को जेएनयू में 'द पालिटिक्स आफ मेडिकल प्लुरलिज्म इन कनटेम्पोरेरि इण्डिया' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।

इनके अतिरिक्त, केंद्र में साप्ताहिक संगोष्ठियों का भी आयोजन हुआ। इनके समन्वयक थे डा. बिमल एकोईजम और डा. जी. श्रीनिवास। इसमें देश विदेश से आए विद्वानों ने निम्नलिखित व्याख्यान दिए :

- डा. लारा बाल्बो, यूनिवर्सिटी आफ पादोवा, इटली, ने 3 अप्रैल 2008 को 'द सोशियोलाजी आफ डेली लाइफ : ए रिसेंट री–डिस्कवर इन द सोशल साइंसिस' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. प्रीति मोंगा, शर्राफ आई होस्पिटल, ने 4 सितम्बर 2008 को '2120 एटिट्युड, फेसिंग चैलेंजिस : द सोशल कंटेक्स्ट आफ एवरीडे सर्वाइवल फार द विजुअलि हैंडिकेप्ड' विषयक व्याख्यान दिया।
- श्री राकेश कुमार, निदेशक, आल्टरनेटिव फ्यूचर्स, नई दिल्ली, ने 11 सितम्बर 2008 को 'मीडिया क्रिएटिविटी ऐंड सोसायटी इन इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. लारेंट अबर्ट, क्यूरेटर, जिनेवा एथनोग्राफिक म्युजियम, ने 22 सितम्बर 2008 को 'द म्युजिक आफ द अदर – द चैलेंजिस फार एथनोम्यूजिकोलाजी इन ए ग्लोबल ऐज' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. सर्वचेतन कटोक, जाकिर हुसैन कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 25 सितम्बर 2008 को 'इंटेरोगेटिंग इण्डियन डायस्पोरा' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. एम.जी. चतुर्वेदी, पूर्व प्रोफेसर, एन.सी.ई.आर.टी. ने 16 अक्टूबर 2008 को 'फिलास्फिकल फाउंडेशंस आफ वल्लभ सम्प्रदाय (ए डिवोशनल मूवमेंट आफ नार्थ–वेस्टर्न इण्डिया)' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. रोलेण्ड लार्डिनायज, फेलो, नेशनल सेंटर फार साइंटिफिक रिसर्च, पेरिस, ने 3 नवम्बर 2008 को 'हिस्ट्री आफ द सोशिओलाजी आफ इण्डिया इन फ्रांस 19थ–20थ सेंचुरीज' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. नंदुराम ने सी.एस.एस.एस. सा.वि.सं., जेएनयू में 6 नवम्बर 2008 को 'अंडरस्टेंडिंग सोशल एक्सक्लुजन ऐंड इनक्लुजन इन इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।
- श्री जोन जरजन, दर्शनशास्त्री, यू.एस.ए., ने 11 नवम्बर 2008 को 'जोन जरजन : ए क्रिटिक आफ सिविलाइजेशन' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. नीलिका मेहरोत्रा, सी.एस.एस.एस., सा.वि.सं., जेएनयू ने 20 नवम्बर 2008 को 'रिविजिटिंग ट्राइबल डिवलपमेंट : ए केस आफ बस्तर' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. अरी सितास, यूनिवर्सिटी आफ कावाजुलु नाताल डर्बन, साउथ अफ्रीका, ने 24 नवम्बर 2008 को 'माडर्निटी विदाउट वेबर ऐंड डुरखिम : फ्रीइंग सोशिओलाजी ऐंड गाजिंग डेविऐंस/रेसिस्टेंस इन ए श्रीकिंग वर्ल्ड' विषयक व्याख्यान दिया।

- श्री क्रिश्चियाना वास्तोस, पुर्तगाल ने 22 जनवरी 2009 को 'माइग्रेट'स, सेटलर्स ऐंड क्लोनिस्ट्स – द बायोपालिटिक्स आफ डिस्प्लेस्ड बाडीज' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. एस.टी. हेटिग, चेयर प्रोफेसर, डिपार्टमेंट आफ सोशिओलाजी, यूनिवर्सिटी आफ कोलम्बो, ने 29 जनवरी 2009 को 'एज्यूकेशन आइडेंटिटी फार्मेशन ऐंड सिटीजनशिप इन श्रीलंका' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. बिमल अकोईजम, सी.एस.एस.एस., सा.प.वि., जेएनयू ने 5 फरवरी 2009 को 'नेशन ऐंड इट्स अदर्स : ए सोशल साइकोलाजी आफ आइडेंटिटी पालिटिक्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. आर. रोबिंसन, सी.एस.एस.एस., सा.वि.सं., जेएनयू ने 12 फरवरी 2009 को 'प्रोटेस्टेटीज्म ऐंड प्रोटेस्ट : इण्डियन क्रिश्चियन थिओलाजी इन द नाइनटींथ सेंचुरी' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. अंजन घोष, सी.एस.एस.एस., सा.वि.सं., जेएनयू ने 19 फरवरी 2009 को 'कंटेस्टिंग पीपल स्पेस इन कलकता : दुर्गा पूजा ऐज परफार्मेंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- सुश्री सुपर्णा घोष, ट्रिबुनल एडजुडिकेटर, कनाडा, ने 25 फरवरी 2009 को 'माइग्रेशन टु नार्थ अमरीका : क्वेश्चन आफ रेस, क्लास ऐंड जैंडर' विषयक व्याख्यान दिया।
- डा. एलिस डब्ल्यू. क्लार्क, सेंटर फार साउथ एशियन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आफ केलिफोर्निया, बार्कले, ने 26 फरवरी 2009 को 'यंग वुमन इन हाई–टेक इण्डिया : नरेटिव्स आफ इंडिविजुऐशन ऐंड अपर्च्युनिटी' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. डेटलेफ ब्रिसेन, प्रोफेसर, जेएलयू यूनिवर्सिटी, डिर्पाटमेंट आफ हिस्ट्री गिसेन, ने 5 मार्च 2009 को 'फ्राम माडर्निटी टु पोस्ट–माडर्निटी : फिफ्टी फाइव इयर्स आफ न्यूट्रीशन इन जर्मनी' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. जी. ओबेसेकरे, इमिरेट्स प्रोफेसर आफ एंथ्रोपोलाजी, प्रिसंटन यूनिवर्सिटी, ने 12 मार्च 2009 को 'केनिनबलिज्म, क्वार्टरिंग ऐंड द मैन : इटिंग मिथ इन द यूरोपीयन एक्सप्लोरेशन आफ द साउथ पेसिफिक' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. जी. ओबेसेकरे, इमिरेट्स प्रोफेसर, एंथ्रोपालोजी, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, ने 19 मार्च 2009 को 'हू वर द वेदास ? ए री–एग्जामिनेशन आफ एब ओरिजनेलिटी ऐंड प्रीमिटिवनेस इन द एथनोग्राफिक रिप्रेजेंटेशन आफ श्रीलंकन हंटर्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. हेलमुट, इमिरेट्स प्रोफेसर ऑफ एनवायरनमेंटल सोसियोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रेमन ने 26 मार्च 2009 को 'थर्ड वर्ल्ड' एण्ड 'फर्स्ट वर्ल्ड' एनवायरनमेंटलिज्म : सम रिमार्क्स ऑन एनवायरनमेंटल प्रॉब्लम्स एंड एनवायरनमेंटल सोसियोलॉजी विषयक व्याख्यान दिया।

केंद्र में आए अतिथि

- डा. गेरनाट सालमन, एल्बर्ट लुदविग यूनिवर्सिटी, फ्रीबर्ग, जर्मनी, 17 मार्च 2008 से 13 अप्रैल 2008 तक केंद्र के दौरे पर आए।
- प्रो. अंजन घोष, सी.एस.एस.एस. कोलकाता, 12 से 16 फरवरी 2009 तक केंद्र के दौरे पर आए।
- प्रो. हेलमुथ लांग, जर्मनी, 9 से 31 मार्च 2009 तक केंद्र के दौरे पर आए।

कोई अन्य महत्त्वपूर्ण सूचना

केंद्र को उच्च अध्ययन केंद्र का दर्जा प्राप्त होने से उपलब्ध अनुदान राशि से इसका पुस्तकालय काफी समृद्ध हुआ है। पुस्तकालय आकार में छोटा होने के बावजूद अपने अद्वितीय संग्रह के कारण शिक्षकों एवं छात्रों को आकर्षित करता है। इसमें समसामयिक समाजशास्त्रीय सिद्धांत और सामाजिक विज्ञान के उभरते हुए क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध हैं। वर्तमान में इसके संग्रह में 2781 पुस्तकें हैं जो विशेष सहायता विभाग/उच्च अध्ययन केंद्र कार्यक्रमों के तहत खरीदी गई हैं। केन्द्र में एक डॉ. अम्बेडकर चेयर भी है। इसके अन्तर्गत अम्बेडकर के चिंतन और दर्शन के साथ–साथ दलित और अल्पसंख्यक विषयक पुस्तकों का संग्रह है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च अध्ययन केन्द्र कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र का चयन किया है और केन्द्र के संरचनागत ढांचे को मजबूत बनाने हेतु 5 वर्ष के लिए 59.50 लाख रुपये की अनुदान राशि भी मंजूर की है। केन्द्र ने इंस्टीच्युट ऑफ सोशिओलॉजी, एल्बर्ट लुदबिग्स यूनिवर्सिटी (फ्रीबर्ग, जर्मनी) और क्वाजुलु नटाल यूनिवर्सिटी (डर्बन, दक्षिण अफ्रीका) के साथ 2002 से विशेष रूप से सहयोगात्मक कार्य शुरू किया है। वैश्विक अध्ययन कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययनरत 29 छात्र विभिन्न देशों यानी आस्ट्रेलिया,

कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, टर्की, जर्मनी, मेक्सिको, बोस्निया, यू.के., यू.एस.ए., जापान, इक्वाडोर, बंगलादेश, आइसलैण्ड, ब्राजील, अर्जेनटिना, दक्षिण कोरिया, इटली, ग्वाटेमाला और चीन से है।

केन्द्र में समाजशास्त्र में डॉ. अम्बेडकर चेयर की स्थापना वर्ष 1992 में डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी। यह चेयर जारी है और डॉ. अम्बेडकर स्मारक वार्षिक व्याख्यानों का पुस्तक रूप में एक संग्रह प्रकाशित किया गया, जिसका शीर्षक है – 'अम्बेडकर, दलित्स ऐंड बुद्धिज्म'।

केन्द्र प्रत्येक वर्ष एम.ए. समाजशास्त्र पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को रु. 5000 का नकद पुरस्कार प्रदान करता है। इस पुरस्कार की स्थापना डॉ. टी.के. ऊमन द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी। इस वर्ष सर्वोच्च सी.जी.पी.ए. प्राप्त करने वाले दो छात्रों – सुश्री भक्ति अजीत पाटिल और सुश्री इशा भटनागर को दिया गया।

भावी योजनाएँ

केन्द्र के शिक्षकों द्वारा थ्रस्ट एरिया में व्यक्तिगत रूप से चलायी जा रही कुछ परियोजनाओं के पूरा हो जाने की सम्भावना के अतिरिक्त केन्द्र अपनी संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए परस्पर रुचि के विषयों पर संगोष्ठियां एवं परिचर्चाएं आदि का आयोजन करना चाहता है। इस सम्बन्ध में अन्य संस्थानों के साथ बातचीत चल रही है। केन्द्र को आशा है कि डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन और जेएनयू के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से अम्बेडकर चेयर की गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी।

विज्ञान नीति अध्ययन केन्द्र

विज्ञान नीति अध्ययन केन्द्र पूरे देश में अन्तरविषयक शिक्षण एवं शोध के लिए भारतीय विश्वविद्यालय सिस्टम में एक अकेला केन्द्र है। शिक्षण एवं शोध प्रयासों के साथ साथ केन्द्र का मुख्य उद्देश्य विज्ञान प्रौद्योगिकी – समाज के अंतरापृष्ठ के विभिन्न आयामों का पता लगाना है। केन्द्र के शोध कार्यक्रम में ऐसे प्रश्न व चुनौतियां शामिल की गई हैं जो समसामयिक नीति विषयक मामलों से सम्बन्ध रखती हैं। केन्द्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तनकारी नीतियों और सम्बन्धित क्षेत्रों – जैसे विश्वविद्यालय – उद्योग सम्बन्ध; बौद्धिक सम्पदा अधिकार; विज्ञान और प्रौद्योगिकी में जेंडर सम्बन्ध; नवप्रवर्तनकारी नीतियों का वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण, संगठनों में विज्ञानी; प्रौद्योगिकी भविष्य अध्ययन में शोध कार्यक्रम चलाना चाहता है।

केन्द्र में सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञानों, प्रौद्योगिकी अध्ययन, इंजीनियरी, चिकित्सा विज्ञान, विधि और प्रबन्धन आदि क्षेत्रों के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

केन्द्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति विश्लेषण से संबंधित क्षेत्रों के शिक्षण एवं शोध पर विशेष बल देता है। इसमें शामिल हैं – नवप्रवर्तनकारी नीतियां; विज्ञान और प्रौद्योगिकी का समाजशास्त्र; विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सामाजिक इतिहास; प्रौद्योगिकीय परिवर्तन का अर्थशास्त्र और नवप्रवर्तनकारी अध्ययन; विज्ञान और प्रौद्योगिकी में जेंडर अध्ययन; विकास हेतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी; विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अन्तरराष्ट्रीय मामले और बौद्धिक सम्पदा अधिकार का प्रबंधन।

केंद्र विश्वव्यापी ज्ञान के आदान–प्रदान, सूचना प्रसारण और शोध सम्प्रेषण के लिए अपना एक ब्लाग – सीएसएसपी रिसर्च अपडेट्स – चला रहा है।

केन्द्र एम.फिल./पी–एच.डी. तथा सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। एम.फिल. पाठ्यक्रम के लिए छात्रों को चार सत्रों में 24 क्रेडिट पूरे करने पड़ते हैं। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में उन छात्रों को प्रवेश दिया जाता है, जिनके पास सामाजिक या प्राकृतिक विज्ञान के विषयों में से एक विषय में एम.फिल. उपाधि है या छात्र ने विज्ञान नीति अध्ययन में एम.फिल. उपाधि के समतुल्य प्रकाशित कार्य के माध्यम से अपनी शोध क्षमता का प्रदर्शन किया हो। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम कर रहे छात्रों को शोध कार्य के दौरान 2 सत्रों के लिए एम.फिल. स्तर के कोर्स पूरे करने होते हैं। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल मानसून सत्र में दिया जाता है, जोकि प्रत्येक वर्ष जुलाई से शुरू होता है।

छात्रों को अपना शोध कार्य करते समय राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्येतावृत्ति, जवाहरलाल नेहरू स्मारक निधि अध्येतावृत्ति, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद आदि की वरिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति प्राप्त हुई हैं।

वर्तमान में वर्ष 2008–09 के दौरान विज्ञान नीति अध्ययन केन्द्र में 55 से अधिक शोध छात्र पंजीकृत हैं जो एम.फिल./पी–एच.डी. और सीधे पी–एच.डी. में शोध कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केन्द्र के छात्र सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों में नियुक्त हुए हैं।

अध्ययन कार्यक्रम

वर्ष 2008 से केन्द्र द्वारा मानसून और शीतकालीन सत्र में चलाए गए कोर्स।

मानसून–सत्र

एस.पी. 601पी : एनालिसिस इन साइंस ऐंड टेक्नालाजी पालिसी, (अनिवार्य 4 क्रेडिट)
एस.पी. 604पी : रिसर्च मैथडोलाजी, (अनिवार्य 4 क्रेडिट)

शीतकालीन सत्र

एस.पी. 602पी : साइंस ऐंड टेक्नोलाजी इन सोशल कनटेक्स्ट, (अनिवार्य, 4 क्रेडिट)
एस.पी. 605पी : टेक्नोलाजी फ्यूचर्स एनालिसिस, एम.फिल., (वैकल्पिक, 4 क्रेडिट)
एस.पी. 606पी : इकोनामिक्स आफ टेक्नोलाजिकल चैंज ऐंड इनोवेशन सिस्टम, (वैकल्पिक, 4 क्रेडिट)
एस.पी. 608पी : टेक्नोलाजी, एनवायरनमेंटलिज्म ऐंड सस्टेनेबल डिवलपमेंट, (वैकल्पिक, 4 क्रेडिट)
एस.पी. 609पी : इंटिलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट (आई.पी.आर.) : ए फाउंडेशन कोर्स, (वैकल्पिक, 4 क्रेडिट)

भाषा संस्थान, जेएनयू के छात्रों के लिए केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे स्नातक स्तर का अतिरिक्त कोर्स :

एस.पी. 210पी : साइंस ऐंड टेक्नालाजी ऐंड सोसायटी इंटरएक्शन

केन्द्र द्वारा आयोजित सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं

केन्द्र ने 31 मार्च से 10 अप्रैल, 2008 तक टेक्नालाजी फोरसाइट मैथडोलाजीस इन एग्रीकल्चरल इनोवेशन सिस्टम "विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला समन्वयक : प्रणव एन. देसाई

- 6 अगस्त 2008 को ब्रुन पायरसन, नेशनल एंडोमेंट फार साइंस, टेक्नोलाजी ऐंड आर्ट, यू.के. द्वारा 'न्यू फ्रंटियर्स : इनोवेशन पालिसी इन द यूनाइटिड किंगडम' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।
- 11 अगस्त, 2008 को जोन मैथ्यु, डिपार्टमेंट ऑफ हिस्ट्री ऑफ साइंस, डिपार्टमेंट ऑफ द हिस्ट्री ऑफ साइंस, हारवर्ड यूनिवर्सिटी, यू.के. ने इंटरडिसीप्लिनरिटी ऐंड द हिस्ट्री ऑफ साइंस : टु फैशन ए फाना फॉर ब्रिटिश इण्डिया" विषयक व्याख्यान दिया।
- 27 अगस्त 2008 को आर. मनोनित्य और राजबीर सिंह, सीएसएसपी, जेएनयू ने "अकादमिशियन ऐंड पॉलिसी मैकर्स : केन द ट्वेन मीट ?" विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
- 10 सितम्बर, 2008 को डॉ. देवदत्त राय, पॉवर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड, नयी दिल्ली ने ह्यूमन रिसोर्सिस इन द पॉवर सेक्टर : ए पालिसी फ्रेमवर्क फॉर डिवलपिंग सेक्टर पर्सनल" विषयक व्याख्यान दिया।
- 10 सितम्बर, 2008 को डॉ. मालती गोयल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नयी दिल्ली और डॉ. राजेश भाखर ने "इण्डियन एस. ऐंड टी. सिस्टम्स" विषयक व्याख्यान दिया।
- 26 सितम्बर 2008 को वृतचित्र निर्माता पंकज एच. गुप्ता ने "अपना आलू बाजार बेचा : फ्रॉम सबस्टेंस इकोलाजी टु द मार्किट" विषयक लघु चित्र दिखाया और चर्चा की।
- 15 अक्टूबर, 2008 को प्रो. मारिना फिशर–कोवास्की, इंस्टीच्युट फॉर सोशल इकोलाजी, कालगेनफुर्त यूनिवर्सिटी आस्ट्रिया ने "एनर्जी ऐंड मेटिरियल मेटाबोलिज्म ऑफ सोशल सिस्टम" विषयक व्याख्यान दिया।
- 18 नवम्बर, 2008 को डॉ. सुशांता गुनातिलेक, रायल एशियाटिक सोसायटी, कोलम्बो, श्रीलंका, ने नीड फॉर इंडिक कल्चरल इनपुट्स टु द बायोएथिक्स डिबेट" विषयक व्याख्यान दिया।
- 5 फरवरी, 2009 को डॉ. वालट्राट रिटर, रिसर्च डायरेक्टर, नालेज एन्टरप्राइजिस, हांग–कांग और एडजंक्ट फैकल्टी, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इनफार्मेशन मैनेजमेंट, यूनिवर्सिटी ऑफ मैसूर, ने "इमर्जिंग नॉलेज इकोनोमी इण्डिया : ए यूरोपीयन व्यु ऑफ द इण्डियन नेश्यानल नॉलेज कमीशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- 18 फरवरी, 2009 को जे.पी. सिंह, ग्रुप फॉर फोरकास्टिंग ऐंड एनालिसिस ऑफ सिस्टम्स ऐंड टेक्नालाजीस, डी.आर.डी.ओ. ने "आर. ऐंड डी. मैनेजमेंट ऐंड फोरकास्टिंग इन डी.आर.डी.ओ. विषयक व्याख्यान दिया।

- 24 फरवरी, 2009 को किम बिजले, डिपार्टमेंट ऑफ जिओग्राफी, डार्विन कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज, यू.के., 'पावरलेस' आउस्टीस ऐंड द टाइगर रिजर्व : चैलेंजिंग कनवेंशनल थिअरीज आन डिसप्लेसमेंट ऐंड सोशियो–पालिटिकल चैंज इन इण्डिया" विषयक व्याख्यान दिया।
- 18 मार्च, 2009 को डॉ. किरण अशर, क्लार्क यूनिवर्सिटी, यूएसए, ने 'रेस्डनेचर्स' जैण्डर्ड एनवायरनमेंट्स : द पालिटिकल इकोनोमी ऑफ बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- 27 मार्च 2009 को प्रो. हेलमुथ लेंज, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रेमन, जर्मनी ने क्लाइमेट चैंज ऐंड पालिटिकल डिसीजन मैकिंग अंडर अनसर्टेनिटी : द केस ऑफ फ्लड प्रोटेक्शन ऐट द जर्मन नार्थ सी कास्ट" विषयक व्याख्यान दिया।

केन्द्र में आए अतिथि

- इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग ऐंड इनोवेशन साइंसिस, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, नीटरलैण्ड से 2 प्रोफेसर और 22 छात्रों के एक शिष्टमण्डल ने केन्द्र का दौरा किया।
- प्रो. हेलमुथ लेंज, जर्मनी
- प्रो. मेरीना किशर – क्वालस्की, आस्ट्रिया
- प्रो. माइकल वॉरबायज, यू.के.
- सुश्री ब्रुन पायर्सन, यू.के.
- डॉ. जॉन मैथ्यू, यूएसए
- डॉ. किम बिंजले, यू.के.
- डॉ. किरण अशर, यू.एस.ए.
- डॉ. सुशांता गुनातिलके, श्रीलंका
- डॉ. वालट्राट रिटर, हांककांग

छात्रों की उपलब्धियां

- प्रवीण अरोड़ा (पी–एच.डी. छात्र) ने 2–7 फरवरी, 2009 को यूएन.यू0–'मेरिट', सी.डी.एस. और 'निस्तादस', नयी दिल्ली द्वारा आयोजित "डिजाइन ऐंड इवेल्युएशन ऑफ इनोवेशन पॉलिसी इन डिवलपिंग कंट्रीज" विषयक प्रशिक्षण कोर्स में भाग लिया।
- निमेशचंद्र (पी–एच.डी. छात्र) ने 12–14 नवम्बर 2008 को जवाहरलाल नेहरू अध्ययन केन्द्र जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नयी दिल्ली में आयोजित "नेहरूवियन लिगेसी इन ए नेशनल इरा" विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "एन एक्सप्लोरेशन इन टु मोड्स ऑफ नॉलेज प्रोडक्शन ऐंड ट्रांसफर ऐट अकेडमिक रिसर्च इंस्टीच्युट इन इण्डिया" विषयक आलेख प्रस्तुत किया
- निमेशचंद्र (पी–एच.डी. छात्र) ने 4–6 फरवरी 2009 को आईआईटी, कानपुर में आयोजित "लिबरलाइजिंग/रिसर्च इन साइंस ऐंड टेक्नालाजी" विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "नालेज ट्रांसफर स्ट्रेटिजीस ऐट इण्डियन इंस्टीच्युट्स ऑफ टेक्नालाजी" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- निमेशचंद्र (पी–एच.डी. छात्र) ने 22–24 सितम्बर, 2008 को मैक्सिको सिटी, मैक्सिको में आयोजित "न्यू इन साइट्स फॉर अंडरस्टैंडिंग इनोवेशन ऐंड कम्पिटेंस बिल्डिंग फॉर सस्टेनेबल डिवलपमेंट ऐंड सोशल जस्टिस" विषयक छठे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'पुटिंग रिसर्च रिजल्ट्स इन टु यूज : इटेरोगेटिंग नालेज ट्रांसफर पालिसीज ऐट द इण्डियन इंस्टीच्युट ऑफ टेक्नालाजी" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- प्रवीण कुमार कुशवाहा (पी–एच.डी. छात्र), "डिजास्टर स्टडीज ऐंड डिवलपमेंट : ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ इण्डिया'ज डिजास्टर मैनेजमेंट फ्रेमवर्क", जे.टी.सी.डी.एम. वर्किंग पेपर सीरीज नं. 5, मुम्बई : टाटा इंस्टीच्युट ऑफ सोशल साइंस, 2008
- राहुल सुधाकर माने (एम.फिल. छात्र) ने 2–7 फरवरी 2009 को यू.एन.–यू–'मैरिट', सी.डी.एस. और 'निस्तादस' द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित "डिजाइन ऐंड इवेल्युएशन ऑफ इनोवेशन पालिसी इ डिवलपिंग कंट्रीज" विषयक प्रशिक्षण कोर्स में भाग लिया।
- आर. मनोनित्य (एम.फिल. छात्र) ने मई से अगस्त 2008 तक राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री की इंटर्नशिप पूरी की।
- स्वप्न कुमार पात्रा (पी–एच.डी. छात्र) ने 2–7 फरवरी, 2009 को नयी दिल्ली में आयोजित यू.एन.यू. – 'मैरिट', सी.डी.एस. और 'निस्ताद'स' द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित 'डिजाइन ऐंड इवेल्युएशन ऑफ इनोवेशन पॉलिसी इन डिवलपिंग कंट्रीज' विषयक प्रशिक्षण कोर्स किया।

- स्वप्न कुमार पात्रा (पी–एच.डी. छात्र) ने 17–20 सितम्बर, 2008 को वियना, आस्ट्रिया में आयोजित 'साइंस ऐंड टेक्नालाजी इंडिकेटर्स" विषयक 10वीं अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एसेसिग कंपीटेंसी इन बायोटेक्नालाती : ए केस स्टडी ऑफ इण्डिया" विषयक संगोष्ठी में "असेसिंग कम्पीटेंसी इन बायोटेक्नालाजी : ए केस स्टडी ऑफ इण्डिया" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- स्वप्न कुमार पात्रा (पी–एच.डी. छात्र) ने 28 जुलाई से। अगस्त 2008 को बर्लिन, जर्मनी में आयोजिकत "वेबोमिट्रिक्स, इनफर्मिट्रिक्स ऐंड साइंटोमिट्रिक्स और 9वीं कोलनेट बैठक में भाग लिया और इज इण्डिया डिवलपिंग कम्पीटेंस इन हाई टेक्नोलाजी ? केस स्टडी बेस्ड ऑन इण्डियन पेटेंटिंग" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- टी. रेनी (एम.फिल. छात्र), "चेंजिंग सोशल कनट्रेक्ट ऑफ साइंस ऐंड सोसायटी : फ्रॉम अकादमिक टु द पोस्ट–अकादमिक साइंस कल्चर", साइंस ऐंड सोसाइटी, भाग–6, अंक–2, पृ. 191–195
- टी. रेनी (एम.फिल. छात्र), 21–23 नवम्बर 2008 को सैक्रिड हार्ट कालेज, द्वारा कोचीन, केरला में आयोजित 35वीं आल केरला सोशिओलाजिकल सम्मेलन में आलेख प्रस्तुत किया।
- टी. रेनी (एम.फिल. छात्र), 27–29 दिसम्बर 2008 को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित 34वीं "आल इण्डिया सोशिओलाजिकल कांफ्रेंस' में 'सोशल कांट्रेक्ट बिटवीन साइंस ऐंड सोसायटी : द सोशियोलाजिकल एनालिसिस ऑफ ए सिनारियो" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- अभिनन्दन सैकिया (सरदिन्दु भादुरी के साथ) (पी–एच.डी. छात्र) ने 21–22 नवम्बर 2008 को सेंट जोसफ कॉलेज, नागालैण्ड में आयोजित "रूरल डिवलपमेंट इन इण्डिया" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "काग्निटिव फ्रेम ऐंड इम्प्लायमेंट अपर्चुनिटी द केस ऑफ झुम कल्टीवेटर्स इन नागालैण्ड" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- अभिराम शर्मा (एम.फिल. छात्र) ने 21–23 नवम्बर 2008 को सेक्रिड हार्ट कॉलेज, केरला द्वारा आयोजित '35वीं आल केरला सोशिओलाजिकल कांफ्रेंस' में "यूथ ऐंड ससटेनेबल डिवलपमेंट" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- राजबीर सिंह (पी–एच.डी. छात्र) ने 17–21 नवम्बर 2008 को 'यूनिडो' द्वारा प्राग, चैक रिपब्लिक में आयोजित "माडल–2 : टेक्नोलाजी, फोरसाइट फॉर प्रेक्टिशनर्स ए स्पेशिएलाइज्ड कोर्स ऑन रोड–मैपिंग" विषयक प्रशिक्षण कोर्स पूरा किया।
- राजबीर सिंह (पी–एच.डी. छात्र) ने मई से अगस्त, 2008 तक राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री की इंटर्नशिप पूरी की।
- शशांक शेखर तिवारी (एम.फिल. छात्र) ने एथिक्स ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च इन डिवलपिंग कंट्रीज" विषयक योजना के अन्तर्गत 'वेलकम ट्रस्ट डॉक्टरल स्टुडेंटशिप अवार्ड 2009' प्राप्त किया।

कोई अन्य सूचना

विज्ञान नीति में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र निम्नलिखित शोध क्षेत्रों में अध्ययन कर सकते हैं –

- अर्थशास्त्र के विभिन्न क्षेत्रों सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीतियां, सरकार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी और भारत और अन्य देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति तथा विकास के मुद्दे;
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक अध्ययन, प्रौद्योगिकी का सामाजिक निर्माण; प्रयोगशालाओं और संगठनों में विज्ञानी; वैज्ञानिक समुदाय और विज्ञान का व्यवसायीकरण;
- प्रौद्योगिकीय परिवर्तन का अर्थशास्त्र और नवप्रवर्तनकारी अध्ययन; राष्ट्रीय, आंचलिक और क्षेत्रीय नवप्रवर्तनकारी पद्धतियां; समूह एवं प्रौद्योगिकीय परिवर्तन;
- प्रौद्योगिकी भविष्य विश्लेषण; जोखिम, शोध एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी; प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, नवप्रवर्तन, पद्धति विज्ञान आदि से सम्बन्धित आपदा प्रबन्धन सहित प्रौद्योगिकी और संकट आदि;
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी में जेंडर मामले;
- वैश्वीकरण और नई प्रौद्योगिकी : टी.एन.सी.'एस, एफ.डी.आई. और शोध एवं विकास पर प्रभाव; विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अन्तर्राष्ट्रीय मामले और संबंध; विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीतियों में क्षेत्रीय अध्ययन तथा विकासशील एवं विकसित देशों सहित विकास।

भावी योजनाएं

वर्ष 2009–2012 के दौरान किए जाने वाले शोध क्षेत्रों में शामिल हैं – शोध और विकास भूमंडलीकरण एवं अन्तर्राष्ट्रीयकरण तथा उच्च अध्ययन संस्थान : उद्योग पर प्रभाव विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षमता का साइंटोमिट्रिक्स और मूल्यांकन

- मानव संसाधन नियोजन का एकीकरण और प्रौद्योगिकीय नवप्रर्वन
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी अध्ययन में जोखिम एवं नीतिशास्त्र
- प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और सतत् विकास
- बौद्धिक सम्पदा अधिकार और डी–रेग्यूलेशन के युग में अन्य रेग्यूलेट्री मकैनिज्म

सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

वर्तमान कोर्सो में संशोधन

- सोशल साइंसिस – टुवर्डस ऐंड इंडिग्रेटिड अप्रोच
- कम्युनिटी हेल्थ ऐंड इट्स आरगेनाइजेशन इन इण्डिया।
- अर्बनाइजेशन ऐंड पब्लिक हेल्थ
- पाप्यूलेशन हेल्थ ऐंड डिवलपमेंट

केन्द्र द्वारा आयोजित सम्मेलन

- प्रो. ओलिवर रजूम और प्रो. सेवल एकगुन ने 4–5 फरवरी 2009 को "एपिडेमिओलाजी" विषयक कार्यशाला आयोजित की।

केन्द्र में अतिथि

- प्रो. ओलिवर नजूम, यूनिवर्सिटी ऑफ बिलेफेल्ड – जर्मनी
- प्रो. सेवल एकगुण, वासकेंट यूनिवर्सिटी, अंकारा, टर्की

केन्द्र द्वारा आयोजित व्याख्यान

- एस.पी. शुक्ला, (अध्यक्ष, नीति–विश्लेषण केन्द्र, नई दिल्ली) ने 13 फरवरी 2009 को "फ्राम जी.ए.टी.टी. ऐंड बियोंड" विषयक व्याख्यान दिया।
- ब्रेन डन डोनेगन ने 24 फरवरी 2009 को "स्पेसिस फॉर निगोसिएशन ऐंड मास एक्शन विदिन द नेशनल रूरल हेल्थ मिशन : क्युनिटी मानिटरिंग प्लस" ओर "पीपल्स आरगेनाइजेशंस इन ट्राइबल एरिया ऑफ महाराष्ट्र" विषयक व्याख्यान दिया।
- सिमरन जीत सिंह, सीनियर रिसर्चर और लेक्चरर, इंस्टीच्युट फॉर सोशल इकोलाजी, यूनिवर्सिटी ऑफ कलागेनफुर्त, आस्ट्रिया, ने 13 मार्च 2009 को "साइंस, सोसायटी इंटरफेस : एन इंट्रोडक्शन टु फार्मल अप्रोच" विषयक व्याख्यान दिया।
- डॉ. प्रवीण झा, (एसोसिएट प्रोफेसर, सेटर फॉर इकोनोमिक स्टडीज ऐंड प्लानिंग, जेएनयू) ने 27 मार्च 2009 को "लेबर मार्किट इन कनटेम्पोरेरि इण्डिया : सम इम्प्लिकेशन्स फॉर सोशल ऐंड हैल्दी पालिसी" विषयक व्याख्यान दिया।

जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केन्द्र

जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केन्द्र ने सामाजिक विज्ञानों के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा के अध्ययन के लिए एक अन्तर विषयात्मक अध्ययन कार्यक्रम के रूप में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू किया था, जो विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संस्थान के बीच इसके अस्तित्व की पुष्टि करता है। इस पाठ्यक्रम की अन्तर–विषयात्मक प्रकृति विश्वविद्यालय पद्धति के अन्य शिक्षा विभागों/संकायों की तुलना में अद्वितीय है। एम.फिल. पाठ्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में समसामयिक विश्व द्वारा की जा रही चुनौतियों पर नियन्त्रण पाने में सफल रहा है। केन्द्र पिछले दो वर्षो से पूर्णतः संशोधित एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चला रहा है। केन्द्र ने शैक्षिक वर्ष 2006–2007 के दौरान अपने एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में शैक्षिक अध्ययन क्षेत्र में हुए नवीनतम विकासों को शामिल करते हुए इनका पुनर्गठन किया और इसके अन्तर–विषयक परिप्रेक्ष्य को सुदृढ़ बनाया।

वर्ष 2008–09 ने केन्द्र को शिक्षा के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण तथ्यों की खोज करने के लिए एक अज्ञात पथ की ओर अग्रसर किया है। केन्द्र ने अपने नये पाठ्यक्रम को 21 कोर्सों से समृद्ध बना कर एक नया अनुभव हासिल किया। हमारे केन्द्र के शोधार्थियों ने शैक्षिक अध्ययन के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण नवप्रवर्तनकारी योगदान दिया है। संकाय सदस्यों ने अपने अपेक्षाकृत कुछ नए क्षेत्रों में पदार्पण करके शोध के क्षेत्रों को और अधिक गहन बनाया है। पिछले वर्षों की तरह, शिक्षकों के शोध और प्रकाशन तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय

सहयोगात्मक परियोजनाओं तथा सम्मेलनों में उनकी प्रतिभागिता सराहनीय रही है। इसके अतिरिक्त शिक्षकों ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों का भी आयोजन किया। शिक्षा, सांस्कृतिक विभिन्नता और भूमंडलीकरण को भविष्य में थ्रस्ट एरिया के रूप में स्वीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 5 वर्षों की अवधि – 1 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2014 तक मिलने वाली अनुदान राशि कार्यक्रम के अन्तर्गत चुना गया है।

केन्द्र के शिक्षक

केन्द्र ने अपने शैक्षिक अध्ययन में एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम के शिक्षण के लिए इतिहासकारों, मनोविज्ञानियों, अर्थशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों को एक मंच पर ला दिया है ताकि शैक्षिक अध्ययन को सामाजिक विज्ञान परिप्रेक्ष्य में किया जा सके और छात्रों तथा शोधार्थियों को अगली पीढ़ी के लिए तैयार किया जा सके। वर्तमान में केन्द्र में 10 शिक्षक हैं। इनमें एक मानद प्रोफेसर तापस मजुमदार शामिल हैं।

केन्द्र के कार्यक्रम

विशेष सहायता विभाग

शैक्षिक अध्ययन के क्षेत्र में केन्द्र के योगदान को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत इसे विशेष सहायता विभाग (चरण–3 के स्तर पर जारी रखने के लिए) का दर्जा प्रदान किया गया। समीक्षा समिति की बैठक 20 अक्टूबर 2008 को हुई। समीक्षा समिति ने प्रो. अजीत कुमार मोहन्ती को इस कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में चुना। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चुने गए शोध क्षेत्र हैं शिक्षा, संस्कृति, विभिन्नता और भूमंडलीकरण। जिन थ्रस्ट एरिया की पहचान की गई, वे हैं – (i) भूमंडलीय विश्व में समानता, विविधता और शिक्षा नीति, (ii) संस्कृति, संज्ञान और स्कूली शिक्षा, (iii) निजीकरण, भूमंडलीकरण और अन्तरराष्ट्रीय देशान्तरण और (iv) ज्ञान के पूर्व सिद्धान्त। इन थ्रस्ट एरिया को एक सूत्र में पिरोने के लिए समसामयिक विश्व में उभरते अन्तर–विषयक परिप्रेक्ष्य में बदलते ज्ञान के चरित्र तथा संस्थानों में शिक्षा नीति तैयार करना और इसे लागू करना होगा। भूमण्डलीकरण के समान प्रभावों और स्थानीकरण की विविध शक्तियों, बाजार की स्थिति के समान प्रभावों तथा मानवीय प्रकृति के सांस्कृतिक निर्माण की भिन्न–भिन्न भूमिका ऐसी महत्त्वपूर्ण ताकते हैं जो इन विवादों का निराकरण करती है। इस तरह विषय–वस्तु विस्तृत रहती है और इसके विभिन्न पक्ष कक्षा में शिक्षण, शोध कार्य के क्षेत्रों, संगोष्ठियों और शिक्षकों द्वारा चलाई जा रही शोध परियोजनाओं में परिलक्षित होते हैं। शोध के ये क्षेत्र केन्द्र की भावनाओं, बचनबद्धता और अन्तरविषयक शिक्षण और शोध में लगातार हो रही वृद्धि को दोहराते हैं।

'आसिस' कार्यक्रम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जाकिर हुसैन शैक्षणिक अध्ययन को मानविकी और सामाजिक अध्ययन की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र को पांच वर्ष की अवधि के लिए अनावृति और आवृति अनुदान के रूप में क्रमशः रु. 21 लाख और रु. 2.2 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षा नीति अध्ययन की पहचान थ्रस्ट एरिया के रूप में की गई। यह संकल्पना की गई थी कि शिक्षा नीति अध्ययन का क्षेत्र शैक्षिक शोध कार्य के लिए एक अन्तर–विषयक कार्यक्रम होगा। इसमें नीति निर्माण के सैद्धान्तिक संदर्भ और संस्थागत संरचना के माध्यम से इसकी मध्यस्थता की प्रक्रिया और इसके स्कूली/उच्च शिक्षा की दिनचर्या को प्रभावित करने की रीति पर विशेष बल दिया जाता है। ऐसा महसूस किया गया था कि इस क्षेत्र में शोध कार्य स्थानीय और वैश्विक आकांक्षाओं पर विशेष ध्यान देते हुए समानता, विविधता और अवसर के मामलों पर बल देगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र को पांच वर्ष के लिए शिक्षा नीति में प्रोफेसर का एक पद भी दिया गया है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय दो गतिविधियां हैं – (i) 13–14 मार्च 2009 को "एज्युकेशन पालिसी ऐंड प्रैक्टिस : इमर्जिंग सिनारियो' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। (ii) एम.फिल./ पी–एच.डी. के 'एज्यूकेशन इन इण्डिया' शीर्षक कोर्स के लिए एक सत्रीय व्याख्यान माला आयोजित की गई।

केन्द्र द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/सम्मेलन/व्याख्यान

एज्युकेशन इन इण्डिया – व्याख्यान माला

"एज्युकेशन इन इण्डिया : सोशल साइंस पर्सपेक्टिव" विषयक कोर्स के लिए मानसून सत्र 2008–2009 के प्रत्येक सप्ताह में इस कोर्स से सम्बद्ध भिन्न–भिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। व्याख्यान देने वाले विद्वानों का विवरण निम्नलिखित है :

- प्रो. इरफान एस. हबीब, निस्ताद, नई दिल्ली, ने 3 सितम्बर, 2008 को "भगतसिंह रिवोल्युशनरी आइडियाज ऐंड प्रोजेंट डे एज्युकेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. कृष्ण कुमार, निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी., ने 18 अगस्त, 2008 को "कनसेप्ट ऑफ एज्युकेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. करुणा चानना ने 10 सितम्बर 2008 को सोशल कनटेक्स्ट ऑफ एज्युकेशन ऐंड जेंडर विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. योगेन्द्र सिंह इमिरेटस प्रोफेसर, जेएनयू ने 17 सितम्बर, 2008 को "कल्चर ऐंड एज्युकेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- श्री अरशाद आलम सेंटर फॉर जवाहरलाल नेहरू स्टडीज, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 24 सितम्बर 2008 को "अंडरस्टेंडिंग कनटेम्पोरेरि मदरसा एज्यूकेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. रमाकांत अग्निहोत्री, भाषाविज्ञान संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय, ने 22 अक्टूबर, 2008 को "नेचर ऐंड स्ट्रक्चर ऑफ लैंग्यूवेज" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. प्रताप भानु मेहता, निदेशक, नीत अनुसंधान केन्द्र ने 15 अक्टूबर, 2008 को आब्स्ट्रक्शन्स टु रिवोल्युशन फ्यूचर ऑफ हायर एज्युकेशन" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. कुमकुम राय ने 6 नवम्बर, 2008 को इंट्रोड्यूसिंग हिस्ट्री इन द मिडिल स्कूल : चैलेंजिस ऐंड स्ट्रेटिजीस" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. सुधांशु भूषण, न्यूपा, नयी दिल्ली ने 12 नवम्बर, 2008 को "फार्मस् ऑफ प्राइवेटाइजेशन इन हायर एज्युकेशन इन इण्डिया" विषयक व्याख्यान दिया।

केन्द्र द्वारा आयोजित अन्य व्याख्यान

- प्रो. जेम्स एल्विस, यूनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड, यू.के., ने 2 अप्रैल, 2008 को "रिटर्न टु क्लास, इकोनोमिज्म, इंडिविजुअलाइजेशन ऐंड पोस्ट कम्पलसरी एज्युकेशन ऐंड ट्रेनिंग" विषयक व्याख्यान दिया।
- डॉ. सिद्धार्थ चंद्र, निदेशक, एशिया रिसर्च सेंटर, यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग, ने 13 अगस्त, 2008 को "द रिलेशनशिप बिटवीन रिजीम टाइप ऐंड एज्युकेशन स्पेंडिंग : ए क्रास नेशनल स्टडी" विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. टिम अलेंडर, डिपार्टमेंट ऑफ एज्युकेशन, सिडनी यूनिवर्सिटी, ने 21 जनवरी, 2009 को "मोर देन जस्ट वन 'टी' : लोरेटो एज्युकेशन इन इण्डिया (1890–1930) व्याख्यान दिया।
- डॉ. रोहित धनखड़, संस्थापक एवं निदेशक, दिगान्तर स्कूल, जयपुर, "नोशन ऑफ नॉलेज इन नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एन.सी.एफ.), 2008 विषयक व्याख्यान दिया।
- प्रो. रमाकांत अग्निहोत्री, डॉ. रोहित धनखड़, प्रो. अविजित पाठक ने 13 फरवरी 2009 को गोलमेज समारोह में भाग लिया।

शिक्षकों द्वारा आयोजित संगोष्ठियाँ

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हिस्टोरियन्स् ऑफ एशिया (आई.ए.एच.ए.) का 20वां सम्मेलन, 14–17 नवम्बर, 2008

केन्द्र ने शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट के सहयोग और मौलाना अबुल कलाम आजाद इंस्टीच्युट ऑफ एशियन स्टडीज कोलकाता, इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली, और परियोजना–इंटरनेशनल माइग्रेशन ऐंड डायस्पोरा स्टडीज, जेएनयू के साथ संयुक्त रूप से 14–17 नवम्बर, 2008 को जेएनयू, नई दिल्ली में 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हिस्टोरियन ऑफ एशिया' के 20वें सम्मेलन का आयोजन किया। निसन्देह ही यह एक ऐसा विरला अवसर था जब एशिया के लगभग 400 सुप्रसिद्ध विद्वानों ने एक मंच पर साथ मिल कर एशिया को निश्चित आकार देने वाली विभिन्न घटनाओं एवं विषयों पर विचार–विमर्श किया। जैसी कि सम्भावना थी, इसमें एशिया की सभ्यताओं, राजनीतिक अस्तित्व और हिंदुत्व, इस्लाम, बौद्ध और सिख जैसे धर्मों और अन्य विविध मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक मंच, जैसे 'सार्क', 'एसियान' पर भी विद्वानों के ध्यान को आकर्षित किया। अन्य देशों से आए विद्वानों ने विशेषकर भारत में जाति, संजातीयता की विशिष्टता और अन्य, विभिन्न सामाजिक संरचनाओं के बारे में गहन चर्चा की। सम्मेलन के उद्घाटन वक्तव्य का मुख्य विषय था 'आइडिया ऑफ एशिया'।

शिक्षा नीति

"एज्युकेशन पालिसी ऐंड प्रेक्टिस : इमर्जिंग सिनारिओ" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

केन्द्र ने 13–14 मार्च, 2009 को 'आसिस' कार्यक्रम के अन्तर्गत एज्युकेशन पालिसी विषयक थ्रस्ट एरिया के रूप में 'एज्युकेशन पालिसी ऐंड प्रेक्टिस : इमर्जिंग सिनारिओ" विषयक 2–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। भारत में शिक्षानीति और इसके निर्माण की समझ एवं विश्लेषण के लिए समाजशास्त्रियों के योगदान पर विचार–विमर्श करने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। यह महत्त्वपूर्ण है कि 1990 के दशक में शुरू की गई नव–उदारवादी आर्थिक नीतियों से विकासशील देशों सहित भारत में शिक्षा नीति की संरचना और ढांचे में परिवर्तन हुआ है। इसमें दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि राज्य शिक्षा नीति निर्माता संस्थाओं ने बदलते परिप्रेक्ष्य और राष्ट्रीय परिदृश्य के अनुसार शिक्षा–नीतियों की समीक्षा नहीं की ताकि देश विश्व की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया जा सके। अतः यह जरूरी हो गया है कि भारत में शिक्षा नीति की समीक्षा एक नये दृष्टिकोण से की जाए और विशेष कर शिक्षा–नीति अध्ययन पर भी बल दिया जाए। भारत में अभी तक शिक्षा नीति की ओर समाजशास्त्रियों ने अपना व्यवस्थित ध्यान नहीं दिया है। भारत में शिक्षानीति का विश्लेषण और इस पर विचार–विमर्श केवल राजनीतिक संगठनों और नीति निर्माता नौकरशाही का विषय बन कर रह गया है।

कुल मिलाकर देश–विदेश के 24 वक्ताओं ने संगोष्ठी के उद्घाटन एवं समापन सत्र सहित 7 सत्रों में अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं को निम्नलिखित शीर्षकों के लिए वक्ताओं के 7 ग्रुप बनाए गए।

- स्टेट, सोसायटी ऐंड एज्युकेशन पॉलिसी इन इण्डिया।
- एज्युकेशन पॉलिसी मैकिंग : कनटेक्स्ट, प्रोसेस ऐंड डायनेमिक्स।
- एक्सेस, इक्विटी, क्वालिटी फोकस इन एज्युकेशन पॉलिसी
- ग्लोबलाइजेशन ऐंड एज्युकेशन पॉलिसी शिफ्ट्स।
- एज्युकेशनल गवर्नेस, रेग्यूलेशन ऐंड पॉलिसी इश्यूज
- एज्युकेशन पॉलिसी स्टडीज : सोशल साइंस पर्सपेक्टिव्स।
- एज्युकेशन पॉलिसी – पालिटिक्स ऐंड प्रोसेस।

- संगोष्ठी का उद्घाटन वक्तव्य प्रो. जी.एस. चड्ढा, सी.ई.ओ., साऊथ–एशियन यूनिवर्सिटी और सदस्य, प्रधानमंत्री की आर्थिक मामलों पर सलाहकार समिति, ने दिया। मुख्य भाषण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. एस.के. थोरट ने दिया। इसमें विभिन्न केन्द्रों के अध्यक्षों सहित 36 प्रतिभागियों ने आलेख प्रस्तुत किए, 16 टीकाकार भी उपस्थित थे। इसमें 60 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया। कुल मिलाकर संगोष्ठी के प्रत्येक सत्र में 100 से 125 तक प्रतिभागी थे, प्रत्येक ने भारत में शिक्षा नीति पर अपने महत्त्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी का आयोजन संयुक्त रूप से डॉ. सौमन चौधरी, डॉ. एस. श्रीनिवास राव, श्री अरविंद के मिश्रा और डॉ. वी. राव परिमाला ने केन्द्र की अध्यक्ष प्रो. गीता बी. नाम्बिसन और अन्य सभी संकाय सदस्यों के सक्रिय सहयोग से किया गया।

- बिनोद खदरिया ने 14–17 नवम्बर, 2008 को जेएनयू और इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली पर आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हिस्टोरियंस ऑफ एशिया को 20वें सम्मेलन के आयोजन में सहयोग किया।

- बिनोद खदरिया ने 21–23 फरवरी, 2009 को विज्ञान भवन में मिनिस्ट्री आफ ओवरसिस इण्डियन अफेयर्स, भारत सरकार, और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्याकलय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंडिया ई.यू. पार्टनरशिप इन मोबिलिटी, डाटा एग्रीमेंट, ऐंड पॉलिसी इन इंटरनेशनल माइग्रेशन "विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक के रूप में कार्य किया।

- एम. पदमा ने 14–19 दिसम्बर, 2008 तक गोवाहाटी में नेशनल अकादमी ऑफ साइकोलॉजी के वार्षिक दीक्षान्त समारोह में "ऐट द एज ऑफ काग्निशन : काग्निशन इन ऐन इंटर सब्जेक्टिविटी शेयर्ड वर्ल्ड" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया।

- एम. पाण्डा 20–25 जुलाई 2008 को 29वीं इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ साइकोलाजी, बर्लिन, जर्मनी में आयोजित "रिसर्च ऐंड एप्लिकेशन्स इन कल्चरल साइकोलॉजी" विषयक संगोष्ठी के सह–आयोजक थे।

वर्किंग पेपर, पुस्तक समीक्षा

- ए.के. मिश्र, राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान के लिए सीनियर सेकेण्ड्री साइकोलाजी पाठ्यपुस्तक भाग–I, II और III की समीक्षा की।
- ए.के. मोहन्ती, मर्जर ऑफ एस.एस.ए. ऐंड मिड–डे मील स्कीम : टु मैनी कुक्स टु स्पायल द ब्रोथ ?, द इकोनोमिक टाइम्स।
- ए.के. मोहन्ती, शुड यूजीसी रेग्यूलेट फारेन एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूशंस ? द इकोनामिक टाइम्स।

भेदभाव और अपवर्जन अध्ययन हेतु कार्यक्रम

सामाजिक अपवर्जन और समावेश नीति अध्ययन केन्द्रों के निदेशकों की राष्ट्रीय कार्यशाला

(i) प्रो. सी.के. मुखोपाध्याय और प्रो. राजेन्द्र प्रसाद ने 23–24 अप्रैल, 2008 को हेल्मोत्ज इंस्टीट्यूट, जर्मनी के साथ संयुक्त रूप से "इंफेक्शियस डिजीज" विषयक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की।

(ii) केन्द्र ने "फ्रंटियर्स इन मोलक्यूलर मेडिसिन" विषयक चौथी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।

यह संगोष्ठी 13–14 फरवरी, 2009 को आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष विशेष केन्द्र, जेएनयू और उपासला यूनिवर्सिटी, सिडनी द्वारा संयुक्त रूप से सामाजिक विज्ञान संस्थान, जेएनयू के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई थी। संगोष्ठी की शुरुआत जेएनयू के कुलदेशिक प्रो. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा परिचय और स्वागत वक्तव्य से हुई। डॉ. राकेश के. त्यागी, अध्यक्ष, आणविक चिकित्साशास्त्र विशेष केन्द्र, जेएनयू और डॉ. शांतनु दास गुप्ता, उपासला यूनिवर्सिटी स्वीडन ने भी वक्तव्य दिए।

डॉ. अमित घोष, सुप्रसिद्ध विज्ञानी, एनआईसीईडी, कोलकाता ने बी.के. बछावत स्मारक व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने जीवन भर के योगदानों और अनुभवों को "ग्रोइंग जेनेटिक डाइवर्सिटी अमंग टॉक्सिजेनिक वाइब्रियो कोलेरा स्ट्रेंस : इवाल्युशन टुवर्डस हायर वायरलेंस" विषयक व्याख्यान के अन्तर्गत प्रस्तुत किया।

डॉ. अनूप मिश्रा, डिपार्टमेंट ऑफ डायबटीज ऐंड मेटाबॉलिक डिजीज्स, फोर्टीज हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने "द मेटाबॉलिक सिंड्रोम : स्कोर्ज फॉर मॉडर्न इंडिया" विषयक वी.के. रामालिंगास्वामी स्मारक व्याख्यान दिया। केन्द्र द्वारा निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार प्रथम स्मारक व्याख्यान सामान्यतः ख्याति प्राप्त आधारभूत शोधार्थी द्वारा दिया जाता है तथा दूसरा नैदानिक शोधार्थी द्वारा। प्रो. अनिंद्या दत्ता, यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया, यूएसए और प्रो. अनुराधा लोहिया, बोस इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा दो विशेष व्याख्यान दिए गए।

13–14 फरवरी, 2009 को पूर्ण दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी के सत्रों में कवर किए गए क्षेत्र हैं – इंफेक्शियस डिजीज्स; प्रोटीन : स्ट्रक्चर ऐंड फंक्शन; जीनोमिक्स, प्रोटियोमिक्स ऐंड सिस्टम्स बायोलॉजी; इम्युनोलॉजी; कैंसर बायोलॉजी; पैथोजन बायोलॉजी ऐंड रोल ऑफ न्यूट्रिएंटस इन डिजीज्स। ऐसे सक्रिय शोधार्थी जिन्होंने अपने विशेषज्ञता के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान

दिया है, को उपासला विश्वविद्यालय, स्वीडन और कई भारतीय आधारभूत और आयुर्विज्ञान संस्थानों तथा प्रसिद्ध विश्वविद्यालययों से आमंत्रित किया गया।

डॉ. वी.एम. कोटच, महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली और प्रो. समीर के ब्रह्मचारी, महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् ने प्रतिभागियों को अपने विचारों, संदर्शताओं और भारतीय विज्ञान में उनके संबंधित संगठनों की भूमिका के बारे में बताया। प्रो. समीर के. ब्रह्मचारी ने "ओपन सोर्स ड्रग डिस्कवरी" के महत्त्व पर चर्चा की। यह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की नई पहल है। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद ने 'द इबाल्युशन आफ जेएनयू विद टाइम, विषयक व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने जेएनयू की उपलब्धियां, उपलब्ध सुविधाएं और भावी शोध अपेक्षाओं का वर्णन किया। संगोष्ठी का समापन आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र में शिक्षक डॉ. सुमन कुमार धर के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र में आए मुख्य अतिथि

- डॉ. पूनम तनेजा, आर्कचरसएक्सटीटीएम माइक्रोडिसेक्शन सिस्टम, यूएसए ने नवम्बर, 2008 में "लेजर कैप्चर माइक्रोडिसेक्शन" विषयक व्याख्यान दिया।
- डॉ. शांतनु दास गुप्ता और लीफ किरसबॉम, उप्पासला यूनिवर्सिटी सिडनी, दिसम्बर, 2008 में केन्द्र में आए और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संयुक्त रूप से आयोजित करने के लिए डॉ. सुमन के. धर के साथ चर्चा की।
- डॉ. नीरजा करनानी, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमेस्ट्री ऐंड मोलक्यूलर जेनेटिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया स्कूल ऑफ मेडिसिन, यूएसए ने 18 मार्च, 2009 को "फंक्शनल जीनोमिक्स : फाइंडिंग न्यू एलेज इन ओल्ड टाउन" विषयक व्याख्यान दिया।
- डॉ. सुधाकर झा, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमेस्ट्री ऐंड मोलक्यूलर जेनेटिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया स्कूल ऑफ मेडिसिन, यूएसए ने 18 मार्च, 2009 को "रोल ऑफ क्रोमेटिन रिमोडलर्स इन ट्रांसक्रिप्शन ऐंड डीएनए डेमेज रिस्पांस" विषयक व्याख्यान दिया।

छात्रों की उपलब्धियाँ

- राम गोपाल निठारवाल, पी–एच.डी. छात्र ने डॉ. शांतनु दास गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ मोलक्यूलर ऐंड सेल बायोलॉजी, बायोमेडिकल सेंटर, उप्पासला यूनिवर्सिटी, स्वीडन की प्रयोगशाला का दौरा किया तथा 3 माह की अवधि (1 जून, 2008 से 31 अगस्त, 2009 तक) के लिए अपने प्रयोग किए।
- अतुल शर्मा, पी–एच.डी. छात्र ने 26 से 30 दिसम्बर, 2008 तक जापान सोसाइटी सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटीफिक रिसर्च, बंगलौर में संयुक्त रूप से आयोजित "जीनोम रेग्युलेशन : फ्राम नैनोबायोलॉजी टु पैथोजेनेसिस" विषयक जेएसपीएस–डीएसटी एशियन एकेडमिक संगोष्ठी 2008 में "हेलिकोबैक्टर पायलोरी सिंगल स्ट्रेंडिड डीएनए बाइंडिंग प्रोटीन (एचपीएसएसबी) : ए टूल टु स्टडी डीएनए रेप्लिकेशन इन स्लो ग्रोइंग पैथोजेनिक बैक्टेरिया" विषयक पोस्टर प्रस्तुत किया तथा व्याख्यान दिया।
- सुबोध कुमार, पी–एच.डी. छात्र ने 19 से 21 जनवरी, 2009 तक हैदराबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "नवल अपडेट्स इन रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी ऐंड कंपेरेटिव एंडोक्रिनोलॉजी" विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "ट्रांसक्रिप्शनल क्रास टॉक बिटवीन एंड्रोजन ऐंड जीनोबायोटिक रिसेप्टर पीएक्सआर : एन इमर्जिंग पर्सपेक्टिव इन प्रोस्टेट कैंसर थेरेपी" शीर्षक आलेख प्रस्तुत करने के लिए सर्वोत्तम मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया।
- मोहम्मद अशरफ डार, पी–एच.डी. छात्र ने 6–7 मार्च, 2009 को जीवन विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित "बायोस्पार्क्स–2009" विषयक वार्षिक शोध सम्मेलन में भाग लिया तथा "मैकेनिज्म ऑफ डीएनए कैप्चर बाई प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम गाइरेस बी सबयूनिट" विषयक पोस्टर प्रस्तुत किया।
- सुबोध कुमार, पी–एच.डी. छात्र ने 6–7 मार्च, 2009 को जीवन विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित "बायोस्पार्क्स–2009" विषयक वार्षिक शोध सम्मेलन में "इनहिबिटरी क्रास टॉक बिटवीन एंड्रोजन रिसेप्टर ऐंड जीनोबायोटिक रिसेप्टर पीएक्सआर डिफाइंस एन अनएक्सप्लोर्ड मैकेनिज्म ऑफ एक्शन ऑफ एंटी एंड्रोजेनिक ड्रग्स" शीर्षक मौखिक प्रस्तुति के लिए द्वितीय पुरस्कार जीता।
- मनीषा, पी–एस.डी. छात्रा ने 10 से 12 मार्च, 2009 तक भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर में आयोजित "मैकेनिज्म ऑफ माइक्रोबॉयल पैथोजेनेसिस" विषयक 10वीं सर दोराबजी टाटा संगोष्ठी में "इनवेंटरी ऑफ ड्रग इफलक्स पंप्स इन द पैथोजेनिक फंगी केंडिडा अल्बीकंस" विषयक पोस्टर प्रस्तुत किया।

कोई अन्य सूचना

शिक्षण एवं शोध सहयोग

केन्द्र ने विश्वविद्यालय के अन्य विज्ञान संस्थानों तथा अनेक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षण एवं शोध स्तर पर परस्पर सहयोग किया। केन्द्र ने एम्स, सफदरजंग अस्पताल, जी.बी. पंत अस्पताल, इंटरनेशनल सेंटर फार जैनेटिक्स इंजीनियरिंग ऐंड बायोटेक्नोलाजी, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इम्यूनोलाजी, क्लीवलैंड क्लिनिक फाउंडेशन, यू.एस.ए. हार्वर्ड स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ, बोस्टन, यूएसए; मिशिगन यूनिवर्सिटी सेंटर फार मेडिसन, यूनिवर्सिटी आफ मेडिसन, क्योटो, जापान और सेंट ज्यूड चिल्ड्रन'स रिसर्च हॉस्पीटल, यूएसए के साथ संयुक्त रूप से कई शोध आलेख पीयर रिव्यू जर्नल में प्रकाशित किए।

केन्द्र की भावी योजनाएं

जैसा कि देखने में आया है, केन्द्र मेडिकल स्नातकों को अपना कैरियर शोध में शुरू करने के लिए सफलतापूर्वक आकर्षित कर रहा है। यह इस बात से साबित होता है कि केन्द्र में पंजीकृत छात्रों में से 20% छात्र चिकित्सा–शास्त्र के क्षेत्र से होते हैं। केन्द्र ने सहयोगात्मक उच्च शोध कार्य भी शुरू किया है, जैसाकि प्रकाशनों से स्पष्ट होता है। केन्द्र के शिक्षकों और सम्बद्ध शिक्षकों तथा अन्य विज्ञानियों के बीच सहयोगात्मक शोध से केन्द्र की प्रारंभिक सफलता पर प्रकाश पड़ता है। इसके साथ ही अगले पाँच वर्षों में केन्द्र का उद्देश्य आयुर्विज्ञान और आधारभूत विज्ञानों के छात्रों को आधुनिक जीव विज्ञान में गहन शोध हेतु प्रशिक्षित करने के लिए आकर्षित करना है। यह आधुनिक जीव विज्ञान में विज्ञानियों की भावी पीढ़ियों के लिए उच्च स्तरीय शोध को सुनिश्चित करेगा, जिससे भारत की निश्चित रूप से पहचान बनेगी। अगले पाँच वर्षों में हम अपने वर्तमान लक्ष्यों को जारी रखेंगे और इसके अतिरिक्त, नए शिक्षकों की नियुक्तियाँ की जाएंगी तथा स्ट्रक्चर बेस्ड ड्रग डिजाइन, मोलक्यूलर थेराप्यूटिक्स, जेनेटिक्स डिसआर्डर्स, आंकोलॉजी, विरोलॉजी जैसे मोलक्यूलर मेडिसिन के अन्य क्षेत्रों के शोध पर अधिक बल दिया जाएगा।

राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- एस.के. धर ने अक्टूबर, 2008 में वेल्कम ट्रस्ट, लंदन में आयोजित सीनियर फेलोज की बैठक में भाग लिया।
- आर.के. त्यागी को 13 से 16 दिसम्बर, 2008 तक यूजीसी–एसएपी के अन्तर्गत मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई में आयोजित "मम्मालियन सेल कल्चर, जीन एक्सप्रेशन ऐंड एनालिसिस" विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में नामित किया गया।
- एस.के. धर ने 18–19 दिसम्बर, 2008 को भा.प्रौ.सं., चेन्नई में आयोजित 77वीं एस.बी.सी. बैठक में "रोल ऑफ ओरिजिन रिकाग्निशन कंपलेक्स (ओआरसी) इन डीएनए रेप्लिकेशन ऐंड सेल साइकल रेग्युलेशन इन ह्यूमन मलेरिया पैरासाइट प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम" विषयक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने 26–30 दिसम्बर, 2008 तक जेएनसीएएसआर, बंगलौर में आयोजित "जेएसपीएस–डीएसटी एशियन एकेडमिक संगोष्ठी में "प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम ओरिजन रिकाग्निशन कंपलेक्स (ओआरसी); ससेंशन रोल इन डीएनए रेप्लिकेशन ऐंड पॉसीबल लिंग विद साइलेंसिंग वायरूलेंस जींस" विषयक व्याख्यान दिया।
- आर.के. त्यागी ने 19 से 21 जनवरी, 2009 तक हैदराबाद विश्वविद्यालय में आयोजित सोसाइटी फार रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी ऐंड कंपेरेटिव एंडोक्रिनोलॉजी की 28वीं राष्ट्रीय बैठक में सत्र की अध्यक्षता की।
- एस. एजाज ने 13–14 फरवरी, 2009 को आणविक चिकित्साशास्त्र विशेष केन्द्र, जेएनयू, नई दिल्ली अैर उप्पासला विश्वविद्यालय, स्वीडन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "फ्रंटियर्स इन मोलक्यूलर मेडिसिन" विषयक चौथी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "टाइट जंक्शंस एज रेग्युलेटर्स ऑफ एपिथेलियाल सेल पालेरिटी ऐंड प्रॉलिफ्रेशन" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- डी. घोष ने 13–14 फरवरी, 2009 को आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र जेएनयू, नई दिल्ली और उप्पासला विश्वविद्यालय, स्वीडन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "फ्रंटियर्स इन मोलक्यूलर मेडिसिन" विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "बैक्टेरियल कॉलोनाइजेशन वीएस. इन्नेट इम्युनिटी इन द स्माल इनटेस्टाइन" विषयक व्याख्यान दिया।
- एस. एजाज ने 24–28 फरवरी, 2009 तक एस्चुएरी आइलैण्ड, पूवार, केरल में आयोजित यंग इनवेस्टिगेटर्स की बैठक में "मैकेनिज्म्स ऑफ रेग्युलेशन ऑफ एपिथेलियाल टाइट जंक्शंस" विषयक पोस्टर प्रस्तुत किया।
- एस.के. धर ने 10 से 12 मार्च, 2009 तक भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर में आयोजित 10वीं सर दोराब जी टाटा संगोष्ठी में "प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम आरिजन रिकाग्निशन कंपलेक्स (ओआरसी) : ए मास्टर रेग्यूलेटर ऑफ पैरासाइट डीएनए रेप्लिकेशन ऐंड वायरूलेंस जीन एक्सप्रेशन" विषयक व्याख्यान दिया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- सी.के. मुखोपाध्याय ने 23–24 अप्रैल, 2008 को हेमोलत्ज इंस्टीट्यूट, जर्मनी और जेएनयू द्वारा मानेसर, हरियाणा में संयुक्त रूप से आयोजित "इनफेक्शियस डिजीज" विषयक संगोष्ठी में "रोल ऑफ आयरन इन मैक्रोफेज लीशमेनिया इंटरएक्शन" विषयक व्याख्यान दिया।
- जी. मुखोपाध्याय ने 2 सितम्बर, 2008 को श्री बुद्ध कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अलप्पुझा, केरल में आयोजित "मोलक्यूलर मेडिसिन" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया।
- आर.के. त्यागी ने 2 सितम्बर, 2008 को श्री बुद्ध कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अलप्पुझा, केरल में आयोजित "मोलक्यूलर मेडिसिन" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में "रिटेंशन ऐंड ट्रांसमिश्यान ऑफ एक्टिव सेलुलर मेमोरी फ्राम प्रोजेनिटर टु प्रोजेनी वाया लिजेंड एक्टिवेटिड ट्रांसक्रिप्शन फैक्टस : द कंसेप्ट ऑफ बीआईओपीआई टिंग" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर.के. त्यागी ने 15 दिसम्बर, 2008 को इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास, चेन्नई में "ग्रीन फ्लुरेसेंट प्रोटीन : द जर्नी ऑफ ए नॉबल डिस्कवरी" विषयक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने अक्टूबर, 2008 में इम्टेक, चण्डीगढ़ में "प्लैज़्मोडियम फैल्सीपेरम ऑरिजन रिकाग्निशन कंपलेक्स (ओआरसी) : डाइवर्स रोल इन पैरासाइट डीएनए रेप्लिकेशन ऐंड वायरूलेंस जीन एक्सप्रेशन" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एस.के. धर ने नवम्बर, 2008 में आईसीजीईबी, नई दिल्ली में "यूनिक टॉपोआइसोमिरेजिज इन प्लैज्मोडियम फैल्सीपेरम" विषयक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने 26 मार्च, 2009 को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में "हेलिकोबैक्टर पायलोरी : रिवीलिंग डीएनए रेप्लिकेशन इन ए स्लो ग्रोइंग पैथोजेनिक बैक्टेरिया" विषयक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने अक्टूबर, 2008 में यूनिवर्सिटी ऑफ हीडलबर्ग, जर्मनी में "न्यूक्लियर ऐंड आर्गनेल डीएनए रेप्लिकेशन इन प्लैज्मोडियम फैल्सीपेरम" विषयक व्याख्यान दिया।

पुरस्कार / सम्मान / अध्येतावृत्तियाँ

- आर.के. त्यागी को सोसाइटी ऑफ रिप्रोडक्टिव बायोलौजी ऐंड कंपेरेटिव एंडोक्रिनोलाजी द्वारा फेलो, रिप्रोडक्शन ऐंड एंडोक्रिनोलॉजी (एफआरई) बनाया गया, 2009
- एस.के. धर को वर्ष 2009 के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वर्ण जयंती अध्येतावृत्ति प्रदान की गई।

मण्डलों / समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- सी.के. मुखोपाध्याय, सदस्य, इंटरनेशनल बायो आयरन सोसाइटी, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान की कई डॉक्टरल समितियाँ, शैक्षिक समिति, केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ; आईसीजीईबी, नई दिल्ली; समन्वयन–हेल्मोलज्ज इंस्टीट्यूट जर्मनी–जेएनयू कार्यशाला, 'इंफेक्शियस डिजीज्स' 2008; शैक्षिक समिति – इंटरनेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी ऐंड जेनेटिक इंजीनियरिंग, नई दिल्ली, 2008 से 2010 तक; शैक्षिक समिति – कोशिकीय और अणुजीव विज्ञान केन्द्र, 2008–2010; और नोडल अधिकारी, VI कार्यदल बैठक, बेसिक रिसर्च इन मॉडर्न बायोलॉजी, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग, 2008।
- आर.के. त्यागी, संपादकीय सदस्य, "द जर्नल ऑफ एंडोक्रिनोलॉजी ऐंड रिप्रोडक्टशन"; तदर्थ समीक्षक, जर्नल ऑफ हिस्टोकेमिस्ट्री ऐंड साइटोकेमिस्ट्री, बायोकिमा बायोफिजिका एक्टा (मोलक्यूलर सेल रिसर्च), एफईबीएसलेटर्स, बीएमसी कैंसर, इंडियन जर्नल ऑफ फार्माकोलौजी; विशेषज्ञ समीक्षक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदान की जाने वाली डॉ. डी.एस. कोठारी पोस्ट डॉक्टरल अध्येतावृत्ति; सदस्य, सोसाइटी ऑफ रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी ऐंड कंपेरेटिव एंडोक्रिनोलॉजी, भारत; सदस्य, इंडियन सोसाइटी ऑफ सेल बायोलॉजी (पंजी.); सदस्य, चयन समितियाँ, शोध प्रबंध सलाहकार समितियाँ, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ; और विजिटिंग प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज, भारतीदशन यूनिवर्सिटी, तिरूचिरापल्ली
- एस.के. धर, सदस्य, कई शोध प्रबंध सलाहकार समितियाँ, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली; शैक्षिक समिति, इम्टेक, चण्डीगढ़; और उप समन्वयक, वर्क पैकेज 2 (डब्ल्यू पी 2), एमएएलएसआईजी–यूरोपियन प्रोग्राम।

अकादमिक स्टाफ कालेज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अकादमिक स्टॉफ कालेज की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। पिछले 20 वर्षों के दौरान कॉलेज शिक्षकों, शोधार्थियों और नीति निर्माताओं के बीच बौद्धिक विचार–विमर्श के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभरा है।

इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय और कॉलेज–शिक्षकों को उनके बौद्धिक विकास के अतिरिक्त समसामयिक विषयात्मक वाद–विवाद और भाषण की कला में अद्यतन कराना है। कॉलेज विभिन्न विषयों में अपनी स्थापना से ही पुनश्चर्या कोर्स और अनुशीलन कोर्स आयोजित कर रहा है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है इनका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उन सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भों वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी देना है, जिनका आज की भारतीय उच्च शिक्षा सामना कर रही है। प्रतिभागियों को अच्छे शिक्षक बनाने हेतु उनकी दक्षता को बढ़ाया जाता है। बहु–विषयक दृष्टिकोण तथा शिक्षा शास्त्रियों और भारतीय समाज के बीच के संबंधों को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया जाता है। कॉलेज में आयोजित होने वाले विचार–विमर्श और वार्ताओं से यहाँ आने वाले शिक्षकों तथा विद्वानों को समसामयिक मुद्दों के बारे में समझने में सहायता मिलती है।

अनुशीलन कोर्सों का आयोजन कॉलेज के शिक्षकों द्वारा किया जाता है। कॉलेज द्वारा आयोजित किए जाने वाले कोर्सों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.सं.	कोर्स का नाम	अवधि	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	पी–एच.डी. धारक
1.	61वाँ अनुशीलन कोर्स	25 अगस्त से 19 सितम्बर 2008 तक	32	16	16	20
2.	62वाँ अनुशीलन कोर्स	05 जनवरी से 27 फरवरी 2009 तक	25	17	08	04
3.	63वाँ अनुशीलन कोर्स	2 फरवरी से 27 फरवरी 2009 तक	21	10	11	07
4.	64वाँ अनुशीलन कोर्स	2 मार्च से 27 मार्च 2009 तक	32	20	12	10

पुनश्चर्या कोर्स :

क्र.सं.	कोर्स का नाम	अवधि	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला धारक	पी–एच.डी.
1.	37वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र)	25 अगस्त से 19 सितम्बर 2008 तक	26	18	08	08
2.	28वाँ पुनश्चर्या कोर्स (इतिहास)	10 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2008 तक	22	13	09	10
3.	पहला विंटर स्कूल	29 दिसम्बर से 23 जनवरी 2008 तक	22	15	07	06
4.	11वाँ पुनश्चर्या कोर्स (कंप्यूटर विज्ञान)	10 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2008 तक	17	10	07	01
5.	14वाँ पुनश्चर्या कोर्स (जीवन विज्ञान)	5 से 30 जनवरी, 2009 तक	22	13	09	16
6.	दूसरी प्राचार्य कार्यशाला	19 से 23 जनवरी 2009 तक	07	06	01	06
7.	8वाँ पुनश्चर्या कोर्स (भौतिक विज्ञान)	2 से 27 फरवरी, 2009 तक	20	17	03	09
8.	38वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र)	2 से 27 मार्च, 2009 तक	22	12	10	06
9.	31वाँ पुनश्चर्या कोर्स (समाजशास्त्र)	2 से 27 मार्च, 2009 तक	27	17	10	11

कॉलेज के सभी पाठ्यक्रमों में देश के ख्यातिप्राप्त विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने सहायता की और भाग लिया।

पुनश्चर्या कोर्सों का समवयन प्रो. अमरेश दुबे और डॉ. हिमांशु (अर्थशास्त्र), डॉ. अरविन्द सिन्हा और डॉ. संगीता दासगुप्ता (इतिहास), प्रो. डी.के. लोबियाल (कंप्यूटर विज्ञान) और प्रो. एस.के. गोस्वामी (जीवन विज्ञान), डॉ. सुजाता (समाजशास्त्र), डॉ. सत्यब्रत पटनायक (भौतिक विज्ञान) और प्रो. सुब्रता गुहा (अर्थशास्त्र) द्वारा किया गया। जेएनयू के विभिन्न संस्थानों के अतिरिक्त अकादमिक स्टाफ कॉलेज उन सभी को धन्यवाद देता है जिन्होंने कोर्सों का सफल और नियोजित समन्वयन किया है।

अधिकतर विद्वानों ने अपनी विशेषज्ञता को प्रतिभागियों के साथ बांटने के लिए हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। यह उनका सहयोग ही है कि जेएनयू शैक्षिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने वाला एक उपयुक्त स्थान बन गया है। जेएनयू के विभिन्न संस्थानों के अतिरिक्त, कॉलेज कई संस्थानों से सहयोग प्राप्त करता है। ये संस्थान निम्नलिखित हैं जहाँ से हम विशेषज्ञ आमंत्रित करते हैं :

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज, गुड़गाँव
- कोलकाता विश्वविद्यालय
- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
- सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च, सीपीआर
- महिला विकास अध्ययन केन्द्र
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
- इंडियन मेट्रोलॉजीकल डिपार्टमेंट, नई दिल्ली
- इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
- भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, दिल्ली
- इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस ऐंड स्ट्रेटिजिक एनालिसिस, इड्सा
- जामिया मिल्लिया इस्लामिया
- राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला
- राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान
- अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिक इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र
- आईएनएमएएस, लखनऊ रोड, दिल्ली
- अन्तर विश्वविद्यालय त्वरिन केन्द्र
- पर्यावरण और वन मंत्रालय
- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- राष्ट्रीय शिक्षा योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय
- एनआईएटीएडीएस
- राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान
- योजना आयोग, नई दिल्ली
- योजना और वास्तुकला विद्यालय

वर्ष 2008–2009 के दौरान अकादमिक स्टाफ कॉलेज द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों में योगदान देने वाले विशेषज्ञ थे – प्रोफेसर बिपिन चन्द्र, तपस मजूमदार, योगेन्द्र सिंह, इमेरिटस प्रोफेसर, जेएनयू, प्रो. सतीश चन्द्र, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष, प्रो. इरफान हबीब, ख्याति प्राप्त इतिहासकार, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, प्रो. आन्द्रे बेटल, अध्यक्ष, आईसीएसएसआर, प्रो. जे.एस. ग्रेवाल, अध्यक्ष, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला, प्रो. मृणाल मिरी, पूर्व कुलपति, नेहु, प्रो. अमित रे, निदेशक, अंतर विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, ए.के. सिंह, महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, दीपक पेंटल, कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय, किरीत पारिक, सदस्य, योजना आयोग, प्रो. वी.एस. चौहान, निदेशक, आईसीजीईबी, सी.पी. भांबरी, पी.के. भट्टाचार्य, पैट्रिकदास गुप्ता, के.एल. कृष्णा, एस. महेश्वरी, कुलदीप माथुर, मनोरंजन मोहंती, टी.के. ऊमन, टी.एस. पापोला, ए.के. रे, अमरीक सिंह, सी. राजामोहन, वरिष्ठ निदेशक, पर्यावरण और वन मंत्रालय तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, तथा जेएनयू और कई अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थान। इनके अतिरिक्त, कई विदेशी विद्वानों ने भी कालेज में व्याख्यान दिए।

पी–एच.डी. धारक प्रतिभागी

कॉलेज के कोर्सों में ऐसे प्रतिभागी भी आते हैं जिन्होंने या तो पी–एच.डी. उपाधि प्राप्त कर ली है या पी–एच.डी. शोध प्रबंध पर कार्य कर रहे हैं। इससे कॉलेज को शैक्षिक चुनौति मिलती है क्योंकि अधिक से अधिक उच्च डिग्री धारक प्रतिभागी अपेक्षा करते हैं कि कोर्सों का स्तर और विषय–वस्तु उनके अनुभव तथा ज्ञान के अनुरूप हो।

अकादमिक स्टाफ कॉलेज में आए विद्वान

- प्रोफेसर डेविड वेबरमैन, अध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ फिलास्फी, सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी, बुडापेस्ट, हंगरी
- एलेन सरवांके, अध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ जेंडर स्टडीज, सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी, बुडापेस्ट, हंगरी
- डॉ. मैथ्यू मैककार्टने, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनामिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, इंग्लैण्ड
- प्रोफेसर राबर्ट डगलस जेसफ, डायरेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, लंकास्टर, प्रोफेसर आफ सोसियोलॉजी, लंकास्टर यूनिवर्सिटी, इंगलैण्ड

अकादमिक स्टॉफ कॉलेज ने इंटरनेशनल एज्यूकेशन इंस्टीट्यूट (यूएसए) के तत्वावधान में संयुक्त राज्य अमरीका के विभिन्न विश्वविद्यालय के शैक्षिक प्रतिनिधि मण्डलों को आमंत्रित करना शुरू किया है। डॉ. राकेश बाताबयाल, उप निदेशक ने उन्हें संगठन और भारतीय उच्च शिक्षा पद्धति की प्रकृति तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का इतिहास और इसकी वर्तमान गतिविधियों के बारे में बताया। राजनीति विज्ञान में पुनश्चर्या कोर्स के प्रतिभागियों (इनमें से अधिकतर जेएनयू के एल्युमनि थे) ने व्याख्यान के बाद विचार–विमर्श में भी भाग लिया।

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारतीय विद्वान

प्रो. विजय बरूआ	दर्शनशास्त्र
प्रो. के. राजेन्द्रन	रंगमंच (एनएसडी)
प्रो. के.के. मुखोपाध्याय	तंत्रिका विज्ञान (एम्स)
डॉ. लालजी सिंह	सी.सीएम.बी. (हैदराबाद)
भास्कर घोष	पूर्व सचिव, आई. एण्ड बी. कल्चर
जे.एम. लिनदोह	पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

कॉलेज ऐसा केंद्र रहा है जो पिछले 7 वर्षों से जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दे रहा है। इस वर्ष विश्वविद्यालय के 16 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिनकी पिछले कुछ वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय में नियुक्ति हुई। यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है और ये प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक भविष्य में कई अकादमिक स्टाफ कॉलेजों में विशेषज्ञ के रूप में अपना योगदान देंगे। इसलिए यह प्रशिक्षण काफी महत्त्वपूर्ण है। इस तरह जेएनयू के युवा शिक्षकों को मुद्दों, चिन्ताओं और शैक्षिक अनुशीलन और पृष्ठभूमि को बेहतर रूप से समझने का भी अवसर मिला।

विभिन्न क्षेत्रों से भारतीय विद्वान

डॉ. माधो गोविन्द	सा.वि.सं.	पुनश्चर्या कोर्स – समाजशास्त्र
डॉ. के.वी. विजयलक्ष्मी	अ.अ.सं.	पुनश्चर्या कोर्स – राजनीति विज्ञान
डॉ. मनीष दाभाड़े	सा.वि.सं.	पुनश्चर्या कोर्स – राजनीति विज्ञान
डॉ. तूलिका प्रसाद		पुनश्चर्या कोर्स
डॉ. प्रीति सिंह	अ.अ.सं.	पुनश्चर्या कोर्स
डॉ. स्वपन राज जैन		पुनश्चर्या कोर्स

अकादमिक स्टॉफ कॉलेज के शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियाँ

- प्रो. कुणाल चक्रवर्ती (निदेशक) : ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, जेएनयू
- डॉ. राकेश बातावयाल, एसोसिएट प्रोफेसर/उपनिदेशक

समन्वयन

4 अनुशीलन कोर्स

- 25 अगस्त से 19 सितम्बर, 2008 तक
- 5 जनवरी से 30 जनवरी, 2009 तक
- 2 फरवरी से 27 फरवरी, 2009 तक
- 2 मार्च से 27 मार्च, 2009 तक
- प्राचार्य कार्यशाला : 19 जनवरी से 23 जनवरी, 2009 तक
- प्रथम विंटर स्कूल "फ्रंटियर्स इन ह्युमैनटीज", 29 दिसम्बर, 2008 से 23 जनवरी, 2009 तक

प्रतिभागिता

- 18 जुलाई से 12 अगस्त, 2008 तक यूनिवर्सिटी ऑफ बुखारेस्ट में आयोजित "रोमानियन लैंगवेज ऐंड सिविलाइजेशन" विषयक समर स्कूल में भाग लिया तथा यूनिवर्सिटी ऑफ बुखारेस्ट का इसी समर स्कूल का डिप्लोमा प्राप्त किया।
- 29 जून से 12 जुलाई, 2008 तक द डिपार्टमेंट ऑफ जेंडर स्टडीज, सेंटर यूरोपियन यूनिवर्सिटी, बुडापेस्ट, हंगरी में आयोजित "पॉलिटिक्स ऑफ बिलांगिंग : जेंडर, रेस ऐंड नेशन" विषयक समर यूनिवर्सिटी में भाग लिया।

व्याख्यान

- अकादमिक स्टॉफ कॉलेज में आयोजित अनुशीलन कोर्स में "इंस्टीट्यूशनल हिस्ट्री : ए हिस्ट्री ऑफ जेएनयू" विषयक व्याख्यान।
- 1 मार्च, 2008 को कमला नेहरू कॉलेज, नई दिल्ली में "कंटेम्पोरेलिटी ऑफ हिस्ट्री" विषयक व्याख्यान।
- भारतीय जन–संचार संस्थान, नई दिल्ली में कोर्स में गुट निरपेक्ष देशों के प्रतिभागियों के लिए "इंट्रोड्यूसिंग इंडियन हिस्ट्री" विषयक व्याख्यान।

शोध आलेख

'जेंडर, स्टेट ऐंड वुमंस एक्टीविज्म', आगामी अंक में, (सं.) मार्टा वरात, डिपार्टमेंट ऑफ पाप्यूलेशन स्टडीज, इंस्टीट्यूट ऑफ सोसियोलॉजी, जेगिएलोनियन यूनिवर्सिटी, कराकोव, पोलैण्ड

अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ

- 14 से 18 जुलाई, 2008 तक यूनिवर्सिटी ऑफ वार्सा में आयोजित 5वें अंतरराष्ट्रीय ईस्टर्न यूरोपियन हिस्ट्री सम्मेलन में "आइडिया ऑफ एम्पायर" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- 17 से 19 मार्च, 2009 तक इतिहास विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली कला और वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित) "अंडरस्टेंडिंग वायलेंस इन कंटेम्पोरेरी इंडिया : इश्यूज ऐंड ट्रेंड्स" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "वायलेंस ऑफ नेशन बिल्डिंग" शीर्षक सत्र में "वायलेंस ऐंड नेशन" विषयक आलेख प्रस्तुत किया।
- 29–30 मार्च, 2009 को ओकेडी इंस्टीट्यूट, गुवाहाटी में नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली तथा ओमियो कुमार दास इंस्टीट्यूट फॉर सोशल चेंज ऐंड डिवलपमेंट, गुवाहाटी द्वारा आयोजित "एथनिसिटी, रीजन ऐंड नेशन : इंडिया'ज नार्थ ईस्ट" विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी में "इन डिफेंस ऑफ नेशन" शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

छात्र गतिविधियाँ

I. छात्रों की संख्या

विश्वविद्यालय में वर्ष 2008–2009 के दौरान दाखिल और 1.9.2008 को पंजीकृत छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी :

शैक्षिक वर्ष 2008–2009 के दौरान दाखिल छात्रों की संख्या का विवरण :

क. एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.पी.एच./ पी–एच.डी.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	64	27	20	05	36	152
सामाजिक विज्ञान संस्थान	116	37	24	03	30	210
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	73	12	10	05	29	129
जीवन विज्ञान संस्थान	09	03	02	01	05	20
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	07	02	02	02	07	20
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	08	02	–	–	06	16
भौतिक विज्ञान संस्थान	08	01	–	–	02	11
सूचना–प्रौद्योगिकी संस्थान	06	02	01	–	04	13
कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	15	06	03	–	01	25
जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान	01	01	–	–	01	03
आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र	02	01	–	–	02	05
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	07	02	01	–	02	12
विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	11	04	01	01	02	19
कुल	**327**	**100**	**64**	**17**	**127**	**635**

ख. एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	56	09	08	02	14	89
सामाजिक विज्ञान संस्थान	159	39	25	08	31	262
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	81	11	09	05	23	129
जीवन विज्ञान संस्थान	13	05	02	–	05	25
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	18	05	03	01	08	35
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	08	03	01	–	05	17
भौतिक विज्ञान संस्थान	14	02	01	–	02	19
कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	15	03	01	–	–	19
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	14	04	01	01	05	25
कुल	**378**	**81**	**51**	**17**	**93**	**620**

ग. बी.ए. (ऑनर्स)

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	133	44	13	04	86	280

घ. वर्ष 2008–2009 में पूर्णकालिक अध्ययन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विदेशी छात्रों का देश–वार विवरण –

क्र.सं.	देशों के नाम	छात्रों की संख्या	क्र.सं.	देशों के नाम	छात्रों की संख्या
1	आस्ट्रेलिया	02	19	नेपाल	19
2	अफगानिस्तान	05	20	नांबिया	01
3	बंगलादेश	02	21	ओमान	01
4	बेल्जियम	01	22	रूस	01
5	चीन	04	23	दक्षिण कोरिया	16
6	इथोपिया	03	24	स्विटजरलैंड	01
7	फ्रांस	01	25	श्री लंका	04
8	फिजी	02	26	सोमालिया	01
9	जार्जिया	01	27	स्पेन	02
10	इंडोनेशिया	01	28	सुडान	01
11	ईरान	08	29	थाईलैंड	06
12	इराक	01	30	तंजानिया	01
13	जापान	03	31	तिब्बत	03
14	पाकिस्तान	01	32	इंगलैंड	01
15	फिलिस्तीन	02	33	अमरीका	04
16.	मंगोलिया	03	34.	ताजिकिस्तान	01
17	मारीशस	02	35.	वियतनाम	02
18	बेलारूस	01	36.	यमन	01
			कुल		**109***

* – एब्सेंशिया श्रेणी में : 84
– प्रवेश परीक्षा के माध्यम से : 25

109

च. अंशकालिक पाठ्यक्रम (भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान)

पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व./शारी.रूपसे विक.	कुल
प्रवीणता प्रमाण–पत्र	35	05	01	16	57
प्रवीणता डिप्लोमा	24	08	04	06	42
उच्च प्रवीणता डिप्लोमा	26	05	–	12	43
कुल	**85**	**18**	**05**	**34**	**142**

छ. छात्रों की कुल संख्या (1.9.2008 के अनुसार)

अध्ययन पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक./ वि.छा./अ.पि.व.	कुल
एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./सीधे पी–एच.डी.	2267	483	293	656	3699
एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए.	911	193	121	373	1598
बी.ए.	367	161	47	153	728
कुल	**3545**	**837**	**461**	**1182**	**6025**

जेएनयू : एक अद्वितीय प्रयोग

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने पिछले 40 वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध एवं शिक्षण के लिए एक अद्वितीय प्रयोग के रूप में पहचान बनाई है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति का आधुनिक और परम्परागत लोकाचारों का मिश्रण है। यहाँ परम्परागत और गैर–परम्परागत, औपचारिक और अनौपचारिक तथा संरचनागत शिक्षा का मिश्रण करने का प्रयास किया गया है। यह विश्वविद्यालय अरावली पर्वतमाला की छोटी–छोटी पहाड़ियों पर स्थित होने के कारण आगन्तुकों को सहस ही आकर्षित कर लेता है। जब इस स्थान पर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई तो यहाँ पर छितरी हुई वनस्पतियां, बहुत कम लोग और सुविधाएं लगभग न के बराबर थी। यही क्षेत्र अब घनी वनस्पतियों के परिसर के रूप में बदल गया है तथा शैक्षिक और पठ्येत्तर गतिविधियाँ होती रहती हैं और छात्र–शिक्षक ज्ञानार्जन तथा परस्पर विचारों के आदान–प्रदान में संलग्न रहते हैं।

जिन शिक्षकों ने इस विश्वविद्यालय के विकास और विस्तार में अत्यधिक योगदान दिया है, वे सेवानिवृत्ति के बाद भी इससे अनौपचारिक रूप से जुड़े हुए हैं। इसी कारण इस विश्वविद्यालय ने विकास के साथ–साथ शैक्षिक ऊँचाइयों को प्राप्त किया है और बौद्धिक विशिष्टता के लिए विश्वस्तरीय केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस परिसर को शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध करने में छात्रों ने भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

चूँकि विश्वविद्यालय का मुख्य लक्ष्य छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराना है, इसलिए उन्हें सभी आवश्यक बौद्धिक और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वे सर्वोत्तम ज्ञानार्जन कर सकें। विश्वविद्यालय का अंतर–हाल प्रशासन छात्रों को छात्रावास, खेल–कूद, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और मनोरंजन जैसी शैक्षिक और पाठ्येत्तर सुविधाएं मुहैया करा रहा है। विश्वविद्यालय में सुविधाओं, नियमों–विनियमों का विवरण छात्र विवरणिका में उपलब्ध रहता है।

जेएनयू का आदर्श एवं दृष्टिकोण इसके परिसर में निर्मित विभिन्न भवनों के ले आउट प्लान और वास्तुकला में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। जेएनयू की स्थापना वास्तव में एक अद्वितीय प्रयोग था जिसमें शैक्षिक परिसर तथा छात्रों, शिक्षकों और गैर–शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के आवास साथ–साथ हैं। शैक्षणिक परिसर के चारों ओर सर्कुलर सड़क (विद्यापथ के रूप में प्रस्तावित) है। उत्तरी द्वार से आने वाली सड़क प्रशासन भवन के पास 'टी जंक्शन' (कला मार्ग) बनाकर सर्कुलर सड़क से मिलती है। पूर्वी द्वार (कुलपति आवास के पास) से आने वाली सड़क 'टी जंक्शन' बनाकर ओल्ड नर्सरी के पास (विज्ञान मार्ग) सर्कुलर सड़क से मिलती है। इस प्रकार, कला मार्ग उत्तर द्वार की ओर से आने के लिए एक प्रवेश प्वाइंट है तथा दूसरा प्रवेश प्वाइंट पूर्वी द्वार की ओर से आने के लिए विज्ञान मार्ग है। ये सड़कें विद्या पथ के साथ मिलती हैं। विद्या पथ संस्थानों, पुस्तकालय और प्रशासन–भवन के चारों ओर है।

वास्तविक अर्थों में जेएनयू एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, क्योंकि यहाँ भारत के सभी क्षेत्रों और विदेशों से छात्र तथा शिक्षक आते हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू ने 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अपने दीक्षान्त भाषण में विश्वविद्यालय की भूमिका के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया था। इस कथन को जेएनयू ने अपने लक्ष्य के रूप में अपनाया जो कि इसके सभी दस्तावेजों में दर्शाया जाता है, जैसे –

> "विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिंतन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है। इसका उद्देश्य मानव जाति को निरन्तर महत्तर लक्ष्य की ओर प्रेरित करना होता है। अगर विश्श्वविद्यालय अपने कर्तव्य ठीक से निभाएं तो यह देश और जनता के लिए अच्छा होगा।"

जब जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना के बारे में संकल्पना की जा रही थी उसी समय शिक्षा आयोग (1964–66) ने विचार–विमर्श लगभग पूरा कर लिया था और इसकी रिपोर्ट की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा की जा रही थी। रिपोर्ट ने उच्च शिक्षा के तेजी से बदलते परिदृश्य को नोट किया तथा टिप्पणी की कि :

"विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों, कार्यों, संगठन में गहन बदलाव कर रहे हैं तथा तीव्र विकास की प्रक्रिया में हैं। उनके कार्य शिक्षण और ज्ञान के प्रसार की परम्परागत कार्यप्रणाली को लम्बे समय तक सीमित नहीं रखा जा सकता। वे नए कार्यक्षेत्र ग्रहण कर रहे हैं तथा पुराने कार्यक्षेत्रों में भी गहन विस्तार हो रहा है। आधुनिक समय में विश्वविद्यालयों के निम्नलिखित कार्य हैं :

- नये ज्ञान की खोज करके इसका विस्तार करना और प्रबलता तथा निर्भीकता से सत्य का अनुसरण करना। पुराने ज्ञान और विश्वास की व्याख्या नयी अपेक्षाओं और अन्वेषणों के संदर्भ में करना;
- जीवन के सभी रास्तों पर सकारात्मक नेतृत्व प्रदान करना। कुशल युवाओं की पहचान करना और क्षमता को सम्पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए उनकी सहायता करना;
- शिक्षा के प्रसार से समानता और सामाजिक न्याय को उन्नत करने तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक मतभेदों को कम करने के प्रयास करना;
- शिक्षकों तथा छात्रों और उनके माध्यम से व्यष्टि तथा समाज में "आदर्श जीवन" के लिए अपेक्षित दृष्टिकोण एवं मूल्यों का पोषण करना (शिक्षा आयोग, 1966, पृ. 274–5)

शिक्षा आयोग ने उच्च शिक्षा के लिए अनुदेशात्मक तथा शोध कार्यों को स्वीकार करते हुए व्यक्तिगत रूप से छात्रों की अभिलाषाओं तथा कल्याण को स्पष्ट किया। आयोग ने व्यष्टि तथा समाज के विकास में उच्च शिक्षा की भूमिका पर बल दिया है। आयोग के उद्देश्य छात्रों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक जरूरतों तथा कल्याण का ध्यान रखते हुए छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

मौलिक रूप से अन्तर्निहित

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक छात्रों को प्रदान की गई सेवाओं एवं सुविधाओं से सम्बन्धित एक विस्तृत ब्लुप्रिंट तैयार किया। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के नाते अपने राष्ट्रीय चरित्र पर बल देते हुए विश्वविद्यालय ने अपनी प्रवेश नीति में देश के कोने–कोने से छात्रों को प्रवेश की सम्भावनाओं का समावेश किया। प्रवेश नीति में आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े और क्षेत्रीय रूप से अर्धविकसित पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। दूरदराज के क्षेत्रों से आए छात्रों ने दिल्ली महानगर की मंहगी सुविधाओं की तुलना में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और सुविधाओं पर निर्भर करना सहज समझा।

जीरो टालरेंस टुवर्डस रेगिंग

रेगिंग के प्रति जीरो टालरेंस पालिसी ने जेएनयू को अन्य संस्थानों की तुलना में एक विशिष्ट संस्थान बना दिया है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्र नये छात्रों का हर तरह से ध्यान रखते हुए उनका पूरे उत्साह से स्वागत करते हैं। हमने जेएनयू में सभी का आदर करना और उनके साथ मानवता तथा गरिमा के साथ व्यवहार करना सीखा है। हम वरिष्ठ और कनिष्ठ; पुरुष व महिला, छात्रों और कर्मचारियों के बीच परस्पर किसी प्रकार का ऐसा भेद नहीं करते जो मानवीय गरिमा के मूल्यों की अवहेलना करते हैं। विशिष्टता की ऊंचाइयों को पाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे से सीखना–सिखाना ही जेएनयू के लोकाचार को परिलक्षित करता है, जो एक दिन में नहीं हुआ।

आवासीय सुविधाएं

छात्रों को छात्रावासों की आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। जिनका प्रबन्धन खण्ड के रूप में हाल आफ रेजिडेंस द्वारा किया जाता है। प्रत्येक खण्ड में छात्रों तथा शिक्षकों के लिए आवास की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस तरह की व्यवस्था करने के पीछे मूल उद्देश्य यही था कि छात्रों के बीच परस्पर और छात्रों तथा शिक्षकों के बीच विचारों का आदान–प्रदान हो सके। प्रत्येक छात्रावास के दो खण्ड के चार कोनो पर वार्डनों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में शुरू से ही छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के लिए छात्रावासों के प्रबन्धन में उनकी प्रतिभागिता का प्रावधान किया गया है। इसके लिए छात्रावासों तथा मैस समितियों के प्रतिनिधियों का चयन किया जाता है।

जेएनयू में चार खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड में छात्रावासों की संख्या में भिन्नता है। इन खण्डों के नाम देश के चार दिशात्मक क्षेत्रों के अनुसार रखे गए हैं और छात्रावासों के नाम इन क्षेत्रों की नदियों के नाम पर हैं। ये खण्ड निम्न प्रकार से हैं –

1. **उत्तराखंड :** यह उत्तरी क्षेत्र में है तथा इस खंड में चार छात्रावास हैं : गंगा, यमुना, झेलम और सतलज। गंगा और यमुना महिला छात्रावास हैं तथा झेलम और सतलज पुरुष छात्रावास।

2. **दक्षिणापुरम्** : यह दक्षिण क्षेत्र में है तथा इस खंड में तीन छात्रावास हैं : कावेरी, पेरियार और गोदावरी। गोदावरी महिला छात्रावास है तथा कावेरी और पेरियार पुरुष छात्रावास।

3. **पूर्वांचल** : यह पूर्वी क्षेत्र में है तथा इस खंड में चार छात्रावास हैं। ब्रह्मपुत्र एक पुरुष छात्रावास है। एक विवाहित शोध छात्र छात्रावास है। इसमें दो ब्लॉक हैं, एक का नाम महानदी है तथा दूसरे का नाम सुबांसिर तथा एक छात्रावास पोस्ट डॉक्टर फैलोज के लिए है। लोहित और चन्द्रभागा मिश्रित छात्रावास है।

4. **पश्चिमाबाद** : यह पश्चिमी क्षेत्र में है। प्रारंभ में इसमें तीन छात्रावास – नर्मदा, साबरमती और ताप्ती बनाने की योजना थी। इसमें माही–माण्डवी एक जुड़वा छात्रावास भी जोड़ा गया है। नर्मदा और माही–माण्डवी पुरुष छात्रावास हैं। साबरमती और ताप्ती छात्रावास में पुरुषों और महिलाओं की अलग–अलग विंग है तथा इन छात्रावासों में मेस की कॉमन सुविधा है। पिछले कुछ वर्षों में जगह की कमी और अतिरिक्त छात्रावास सीटों की मांग के कारण इस खण्ड में माही, माण्डवी, लोहित और चन्द्रभागा छात्रावासो का भी निर्माण किया गया। महिलाओं हेतु बनाए गए 'कोयना' नामक एक बड़े छात्रावास का अब उपयोग किया जा रहा है तथा एक अन्य मिश्रित छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

अन्य सुविधाएं

1. स्वास्थ्य सेवाएं

परिसर में स्वास्थ्य सेवाएं विशेष महत्व की मानी जाती हैं क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं तथा अध्ययन करते हैं। जेएनयू ने निदान और उपचार सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की है। इस समय ये सुविधाएं प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक और शाम 4.00 बजे से 9.00 बजे तक उपलब्ध होती है। स्वास्थ्य केन्द्र प्रशिक्षित विशेषज्ञों के माध्यम से परामर्श सुविधाएं भी मुहैया कराता है। व्याख्यान, वाद–विवाद अैर परिचर्चाएं आयोजित करके बिमारियों की रोकथाम तथा जागरुकता अभियान पर भी जोर दिया जाता है।

2. पुस्तकालय सेवाएं

जेएनयू पुस्तकालय एक अति आधुनिक और सुसज्जित विश्वविद्यालय पुस्तकालय है। यह 9 मंलि टॉवरनुमा भवन विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर के बीचों बीच स्थित है। इसमें लगभग 10,90,208 पुस्तकें और 1,14,539 पत्रिकाओं के पुराने भाग उपलब्ध हैं। पुस्तकालय से एम.फिल./पी–एच.डी./एम.टेक. के प्रत्येक छात्र को 6 पुस्तकें और एम.ए./एम.एस.सी./एम.सी.ए. तथा बी.ए. के प्रत्येक छात्र को 04 पुस्तकें प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक दिन सामान्य कार्य अवधि के अतिरिक्त पुस्तकालय अंतिम सत्र की परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रत्येक सत्र में 45 दिन के लिए मध्य रात्रि तक खुला रहता है। यह पुस्तकालय सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ देश का एक अति आधुनिक पुस्तकालय है। पुस्तकालय में बड़ी संख्या में पाठ्य पुस्तकें, कैसेट/फ्लॉपी में भी उपलब्ध हैं। पिछले वर्षों में एम.फिल./पी–एच.डी. छात्रों द्वारा प्रस्तुत नक्शों के अतिरिक्त, पुस्तकालय के पास नक्शों और एटलस का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है।

केन्द्रीय पुस्तकालय के अतिरिक्त, एक्जिम बैंक पुस्तकालय, इतिहास केन्द्र का पुस्तकालय और प्रलेखन सुविधाएं ऐसे मुख्य केन्द्र हैं जहाँ विशेष रुचि के क्षेत्रों में परामर्श सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन समय–समय पर पुस्तकालय में पुस्तकें और पत्रिकाएं मंगाता रहता है। छात्र सही प्रकार से पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। यहाँ बड़ी संख्या में शोध छात्र बाहर से पुस्तकें और पत्रिकाएं पढ़ने के लिए आते हैं। छात्र हमेशा इन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का प्रयास करते हैं। हाल ही में पुस्तकालय में मरम्मत का कार्य चल रहा है। साइबर अनुभाग को खोलने के साथ ही शायद यह एक ही समय इतनी सारी साइबर सुविधाएं मुहैया कराने वाला एक मात्र पुस्तकालय बन गया है।

3. खेल–कूद

जेएनयू में खेल–कूद स्टेडियम है। यहाँ औपचारिक और अनौपचारिक खेल–कूद गतिविधियाँ चलती रहती हैं। खेल–कूद कार्यालय में विभिन्न खेलों के क्लब हैं, जो बहुत ही सक्रिय हैं इनमें से कुछ हैं :

(i) पर्वतारोहण क्लब
(ii) वैट और पॉवर लिफ्टिंग क्लब
(iii) फुटबाल क्लब
(iv) क्रिकेट क्लब

(vi) टेनिस क्लब
(vii) एथलेटिक क्लब
(viii) जूडो और ताइक्वांडो क्लब
(ix) स्केटिंग क्लब
(x) बैडमिंटन क्लब

ये सभी क्लब सदस्यता प्रदान करते हैं तथा संयोजक का चुनाव करते हैं। संयोजक गतिविधियों का आयोजन करता है। अंतर–संस्थान और वार्षिक खेल–कूद प्रतिभागिताओं के अतिरिक्त प्रति वर्ष अंतर–छात्रावास प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, सभी छात्रावास टेबलटेनिस और बैडमिंटन खेलने की व्यवस्था भी करते हैं। सभी छात्रावासों में छोटा जिम होता है जिसमें छात्र अपने आपको चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए कसरत कर सकते हैं। यह ठीक ही कहा जाता है कि मजबूत शरीर में ही कुशाग्र बुद्धि होती है। इनडोर बैडमिंटन कोर्ट छात्र गतिविधि केन्द्र में स्थित है।

योग केन्द्र प्रति दिन 50–60 व्यक्तियों को योगाभ्यास करा रहा है। यद्यपि, जगह की कमी है तथा इसे अधिक जगह की आवश्यकता है। इसकी सेवाएं शिक्षकों, स्टाफ–सदस्यों और छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। छात्रों के बीच अल्पकालीन क्रेश कोर्स काफी लोकप्रिय हैं।

4. राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत छात्रों को सामाजिक सेवा के प्रति संवेदन तथा उसमें शामिल करने के लिए काफी पहले मा.सं.वि.मं. द्वारा की गई है। छात्र उत्साही और समर्पित होते हैं। थोड़े से प्रोत्साहन तथा उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने से समाज में काफी सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। जेएनयू में राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रुप है जिसकी गतिविधियाँ संकाय सदस्य द्वारा समन्वित की जाती हैं। सामाजिक सेवा के शैक्षिक पहलू पर बल दिया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना परिसर इस योजना की महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

5. सांस्कृतिक गतिविधियाँ

मानव अपनी तीव्र इच्छाओं को अभिव्यक्त तथा उच्च आवश्यकताओं को पूरा करना चाहता है। भाषा अभिव्यक्ति का एक माध्यम है लेकिन दुर्भाग्यवश यह एक अधूरा माध्यम है। जेएनयू में सांस्कृतिक क्लब मानव के क्रियाकलापों को प्रोत्साहित कर रहा है। विभिन्न व्यक्तित्व लक्षणों का विकास करने के लिए क्लब वाद–विवाद, परिचर्चाएं, नाटक, संगीत, चित्रकला आदि गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि छात्रों में उपलब्धि हासिल करने का ज़ज्बा उत्पन्न हो सके। इसी उद्देश्य के लिए छात्र गतिविधि केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है। निम्नलिखित क्लब सदस्यता शुल्क के माध्यम से कई प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करने में सक्रिय रहे। क्लबों की सहायता अनुभवी और योग्य समन्वयक तथा शिक्षक द्वारा की जाती है जो सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करने में क्लब की सहायता करते हैं। ये क्लब हैं :

(क) संगीत क्लब
(ख) फिल्म क्लब
(ग) फोटोग्राफी क्लब
(घ) नाट्य क्लब
(च) वाद–विवाद क्लब
(छ) साहित्यिक क्लब
(ज) यूनेस्को क्लब
(झ) प्रकृति एवं वन्य–जीव क्लब
(ञ) ललित कला क्लब

क्लब संस्थाओं के सहयोग से केन्द्र और संस्थानों में भी सांस्कृतिक गतिविधियों का समन्वयन करते हैं। प्रत्येक छात्रावास मुख्यतः मार्च माह में 'कल्चरल नाइट' का आयोजन करते हैं। कभी–कभी दिल्ली के अन्य सांस्कृतिक ग्रुप भी परिसर में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं। दिल्ली और बाहर की क्षेत्रीय सांस्कृतिक संस्थाएं भी कभी–कभी परिसर में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करती हैं और विविधताएं प्रस्तुत करती हैं। छात्रों की अपनी क्षेत्रीय सांस्कृतिक संस्थाएं होती हैं जो विशेष अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन करती हैं।

6. विदेशी छात्र संघ

जेएनयू में विदेशी छात्रों की पर्याप्त संख्या है। उन्हें विश्वविद्यालय छात्रावासों में ही भारतीय छात्रों के साथ आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ताकि वे सांस्कृतिक आदान–प्रदान कर सके और अधिक से अधिक सीख सकें। इन छात्रों ने एक संघ का गठन किया है जो कि उनके चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जाता है। इसका संचालन अध्यक्ष द्वारा किया जाता है। इनकी गतिविधियाँ क्लब एक सलाहकार द्वारा समन्वित की जाती हैं, जो कि एक शिक्षक होता है। छात्र गतिविधि केन्द्र में संघ का कार्यालय होता है। विश्वविद्यालय में विभिन्न क्लबों द्वारा आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों की तरह वे सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं। यह विदेशी छात्रों को भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं से परिचय प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

छात्रावासों का विवरण

छात्रावास का नाम	छात्रावास की प्रकृति	छात्रावास की क्षमता
गंगा छात्रावास	छात्राएं	308
गोदावरी छात्रावास	छात्राएं	318
कोयना छात्रावास	छात्राएं	544
चन्द्रभागा छात्रावास	छात्र और छात्राएं	348
लोहित छात्रावास	छात्र और छात्राएं	294
ताप्ती छात्रावास	छात्र और छात्राएं	369
साबरमती छात्रावास	छात्र और छात्राएं	371
सतलज छात्रावास	छात्र	299
कावेरी छात्रावास	छात्र	308
नर्मदा छात्रावास	छात्र	204
ब्रह्मपुत्र छात्रावास	छात्र	384
माही छात्रावास	छात्र	170
माण्डवी छात्रावास	छात्र	170
झेलम छात्रावास	छात्र	282
पेरियार छात्रावास	छात्र	330
यमुना छात्रावास	कामकाजी महिला	191
महानदी (विवाहित शोध छात्र छात्रावास)	विवाहित छात्र	86
	कुल	4976

कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना जेएनयू अधिनियम 1966 (1966 का 53) के अन्तर्गत की गई थी। यह वर्ष 1969 में अस्तित्व में आया। अधिनियम की पहली अनुसूची में परिभाषित किए गए इसके उद्देश्य निम्नलिखित है :

> *"विश्वविद्यालय उन सिद्धांतों की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यंत काम किया जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अंतरराष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।*

इस लक्ष्य की दिशा में विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति का संवर्धन करेगा और ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और शिक्षकों को उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और शिक्षकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरुकता और बोध की अभिवृद्धि करेगा तथा उन्हें इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- विश्वविद्यालय में अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों;
- विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु विभिन्न देशों से आए छात्रों और शिक्षकों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।"

उपरोक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय का हमेशा यही प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियाँ और अध्ययन कार्यक्रम विकसित किए जाएं जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं में मात्र विस्तार न होकर राष्ट्रीय संसाधनों में महत्त्वपूर्ण वृद्धि करें तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय को विशिष्ट बनाएं। इस प्रकार विश्वविद्यालय ने ऐसे कार्यक्रमों को पहचाना है तथा उन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है जो राष्ट्र की उन्नति एवं विकास के लिए संगत हों।

विभिन्न आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमियों तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों को आकर्षित करने के लिए विश्वविद्यालय भारत में 51 शहरों (78 केन्द्रों) और एक विदेश में प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है ताकि दूर–दराज के क्षेत्रों सहित छात्र प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकें तथा विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय ने ऐसे महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं कि देश के सभी भागों से छात्र विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकें ताकि यह सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बन सके। भारत सरकार की राष्ट्रीय नीति के अनुसार विश्वविद्यालय का यह प्रयास रहा है कि शिक्षकों, शैक्षिक कार्यक्रमों और स्टॉफ सदस्यों में अ.जा./अ.ज.जा., अ.पि.व., शारीरिक रूप से विकलांग आदि से संबंधित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके। शैक्षिक संस्थानों में अ.पि.व. के लिए भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन से पहले विश्वविद्यालय में अ.पि.व. को प्रतिनिधित्व उपलब्ध कराने के लिए अ.पि.व. के उम्मीदवारों को प्रवेश में अतिरिक्त अंकों (डेप्रिवेशन प्वाइंट) का लाभ दिया जाता था। इस उद्देश्य के लिए विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रयास किए है :

प्रवेश में आरक्षण

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 22.5% सीट अ.जा./अ.ज.जा. (15% सीट अ.जा. और 7.5% सीट अ.ज.जा.) के उम्मीद्वारों, 3% सीट शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वारों और 27% सीट अ.पि.व. (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के उम्मीद्वारों के लिए आरक्षित हैं। अधिक विवरण के लिए वार्षिक प्रतिवेदन का छात्र गतिविधियाँ अध्याय देखें।

छात्रावासों में आरक्षण

छात्रावासों में भी 15% सीट अ.जा., 7.5% सीट अ.ज.जा. और 3% सीट विकलांग उम्मीदवारों (वी.एच, एच.एच., और ओ.एच. प्रत्येक

के लिए 1–1% सीट) के लिए आरक्षित हैं। अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों में से यदि किसी एक वर्ग में उम्मीद्वार उपलब्ध नहीं होते हैं तो अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों में दूसरे वर्ग के उपलब्ध उम्मीद्वारों को वह सीट दे दी जाती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 14 छात्रावासों और एक विवाहित शोध छात्रावास में छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या 1430 थी। इसमें अ.जा./अ.ज.जा./शा.वि. और विदेशी छात्र भी शामिल हैं। छात्रावास–वार विवरण निम्न प्रकार से है :

छात्रावास का नाम	1 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2009 के दौरान छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या
कावेरी छात्रावास	84
पेरियार छात्रावास	113
सतलज छात्रावास	117
झेलम छात्रावास	103
नर्मदा छात्रावास	84
गंगा छात्रावास	132
गोदावरी छात्रावास	98
साबरमती छात्रावास (छात्र)	31
साबरमती छात्रावास (छात्राएं)	43
ताप्ती छात्रावास (छात्र)	45
ताप्ती छात्रावास (छात्राएं)	49
ब्रह्मपुत्र छात्रावास	20
माही छात्रावास	72
मांडवी छात्रावास	54
लोहित छात्रावास (छात्र)	37
लोहित छात्रावास (छात्राएं)	90
चन्द्रभागा छात्रावास (छात्र)	79
चन्द्रभागा छात्रावास (छात्राएं)	67
* यमुना कामकाजी महिला छात्रावास	77
विवाहित शोध छात्र छात्रावास	35
कुल	**1430**

31.03.2009 को वर्ष 2008–2009 के दौरान छात्रावास आबंटन का विवरण :

			आवेदन किया	आबंटित	शेष
बी.ए. / एम.ए.	(पुरुष)	:	449	449	0
	(महिला)	:	365	205	160
एम.फिल.	(पुरुष)	:	363	363	0
	(महिला)	:	269	179	90
विदेशी छात्र	(पुरुष)	:	54	54	0
	(महिला)	:	72	72	0
जारी	(पुरुष)	:	41	41	0
	(महिला)	:	18	18	0
बी.ए. / एम.ए. / एम.फिल. (पी–II)	(पुरुष)	:	48	48	0
	कुल	:	1679	1429	250

श्रेणीवार विवरण निम्नलिखित हैं :

बी.ए. / एम.ए. / एम–एस.सी. / एम.सी.ए. (छात्र)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	अ.पि.व.	कुल
आवेदन किया	200	108	21	11	109	449
आबंटित	200	108	21	11	109	449

बी.ए. / एम.ए. / एम–एस.सी. / एम.सी.ए. (छात्राएं)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	अ.पि.व.	कुल
आवेदन किया	250	32	37	02	44	365
आबंटित	110	32	37	02	24	205

एम.फिल. / पी–एच.डी. (छात्र)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	अ.पि.व.	कुल
आवेदन किया	179	58	27	12	87	363
आबंटित	179	58	27	12	87	363

एम.फिल. / पी–एच.डी. (छात्राएं)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	अ.पि.व.	कुल
आवेदन किया	168	17	34	17	33	269
आबंटित	97	17	34	17	14	179

जारी छात्र (छात्र)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	कुल
आबंटित	35	03	01	02	41

जारी छात्र (छात्राएं)

	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	कुल
आबंटित	15	02	01	–	18

शैक्षिक पदों में आरक्षण

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अ.जा./अ.ज.जा.) :

विश्वविद्यालय ने सहायक प्रोफेसर के स्तर तक अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों हेतु क्रमशः 15% और 7.5% तक आरक्षण पहले ही लागू कर दिया है। अभी हाल ही में विश्वविद्यालय ने का.प. के संकल्प दिनांक 11.04.2007 के अनुसार प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के स्तर के शैक्षिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षण लागू है।

अन्य पिछड़ा वर्ग

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सहायक प्रोफेसर के स्तर तक आरक्षण का.प. के संकल्प दिनांक 11.04.2007 से लागू किया है।

शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वार

सहायक प्रोफेसर के स्तर तक आरक्षण का.प. के संकल्प दिनांक 29.11.1999 के अनुसार लागू किया गया था जबकि एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के स्तर तक शैक्षिक पदों के लिए आरक्षण का.प. के संकल्प दिनांक 11.04.2007 से लागू किया गया है।

शैक्षणिक पदों में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./शा.वि. के लिए आरक्षण की स्थिति :

पद	मंजूर पद	भरे गए	आरक्षित भरे गए पद					
			अ.जा.	अ.ज.जा.	ओ.एच.	वी.एच.	एच.एच	अ.पि.व.
प्रोफेसर	168	103	–	–		–	–	–
एसोसिएट प्रोफेसर	287	196	–	–		–	–	–
सहायक प्रोफेसर	273	193	27	11	02	–	–	–
			(13.98%)	(5.69%)	(1.4%)			

गैर–शैक्षणिक पदों के लिए आरक्षण

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति

विश्वविद्यालय ने अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों के लिए ग्रुप 'सी' और 'डी' पदों पर भर्ती में आरक्षण की शुरूआत 1975 में और ग्रुप 'ए' और 'बी' पदों में 1978 में की।

शारीरिक रूप से विकलांग

शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वारों के लिए गैर–शैक्षणिक पदों में आरक्षण की शुरूआत का.प. के संकल्प संख्या 6.5 दिनांक 29.11.1999 के अनुसार हुई थी।

अन्य पिछड़ा वर्ग

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गैर–शैक्षणिक पदों में आरक्षण नीति ग्रुप 'सी' और 'डी' पदों के लिए का.प. के संकल्प संख्या 5.8 दिनांक 17.01.1994 के अनुसार और ग्रुप 'ए' और 'बी' पदों के लिए का.प. के संकल्प संख्या 6.5 दिनांक 02.07.1997 के अनुसार प्रभावी हुई।

गैर–शैक्षणिक पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./शा.वि. के लिए आरक्षण की स्थिति :

ग्रुप	मंजूर पद	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	शा.वि.	कुल	खाली पद
ए	102	50	14 (13.7%)	03 (2.94%)	03 (2.94%)	01 (0.98%)	71	31
बी	142	83	16 (11.18%)	06 (4.19%)	07 (4.89%)	01 (0.69%)	113	30
सी	592	367	92 (15.54%)	17 (2.87%)	21 (3.54%)	06 (1%)	503	89
डी	680*	309	379 (55.73%)	17 (2.5%)	42 (6.17%)	08 (1.17%)	655	25
कुल	**1517**	**809**	**401**	**43**	**73**	**16**	**1342**	**175**

स्टाफ मकानों में आरक्षण

भारत सरकार की नीति के अनुसार विश्वविद्यालय के मकान आबंटन नियमों में अ.जा./अ.ज.जा. के लिए मकानों के आबंटन में भी आरक्षण का प्रावधान है। टाइप–I और टाइप–II के मकानों में 10% मकान अ.जा./अ.ज.जा. के लिए तथा टाइप–III और IV में 5% मकान आरक्षित हैं। **वर्ष 2008–2009 के अनुसार मकान आबंटन की स्थिति निम्न प्रकार है –**

अ.जा./अ.ज.जा. को मकान आबंटन की स्थिति :

टाइप	कुल मकान		अ.जा.		अ.ज.जा.	
	गै.शै.	शै.	गै.शै.	शै.	गै.शै.	शै.
जीरो	108		18		05	
टाइप–I	305		25		13	
टाइप–II	134		13		07	
टाइप–III	60		05		01	
टाइप–IV	29	80	02	05	–	02

- शै. – शैक्षणिक
- गै.शै. – गैर शैक्षणिक

क्र.सं.	मकान का टाइप	मकानों की कुल संख्या		को आबंटित मकान			
				अ.जा.		अ.ज.जा.	
1.	टाइप – जीरो	108		18		05	
2.	टाइप – I	305		25		13	
3.	टाइप – II	134		13		07	
4.	टाइप – III	60		05		01	
5.	टाइप – IV	109		07		02	
	शैक्षणिक – गैर-शैक्षणिक	शै.	गै.शै.	शै.	गै.शै.	शै.	गै.शै.
		80	29	05	02	02	–
6.	ट्रांजिट हाउस	100		05		02	

समान अवसर कार्यालय

विश्वविद्यालय में एक 'समान अवसर कार्यालय' है। इस प्रकार का कार्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों में शायद पहला है। यह विश्वविद्यालय के अ.जा./अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों को सलाह देता है। समान अवसर कार्यालय में एक मुख्य सलाहकार (प्रो. तुलसीराम); एक सलाहकार (डॉ. मिलाप चन्द शर्मा) हैं। इस कार्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल./पी–एच.डी. स्तर पर छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए उपचारात्मक कोर्सों सहित उपयुक्त कार्यक्रम/योजनाएं तैयार करना और इनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखना;
- विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय और अन्य शैक्षणिक सामग्री हेतु सरकार और अन्य वित्तीय एजेंसियों के साथ सम्पर्क स्थापित करना;
- शैक्षणिक, वित्तीय और अन्य मामलों में जानकारी प्रदान करना और एक सलाह केन्द्र के रूप में कार्य करना;
- विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के बीच स्वस्थ और अन्तर्वैयक्तिक संबंध बढ़ाने हेतु अनुकूल सामाजिक वातावरण तैयार करना;
- शैक्षणिक विचार–विमर्श हेतु शिक्षकों और अनुसूचित जाति के छात्रों के बीच अन्तर्वैयक्तिक संबंध विकसित करने में सहायता करना;
- यदि कोई भेदभाव की समस्या आती है तो उसको देखना और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की सहायता करना।

विकलांगों के लिए अवरोध मुक्त सुविधाएँ :

विश्वविद्यालय में विकलांगों के लिए विश्वविद्यालय परिसर में अवरोध मुक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय ने पहले ही अधिकतर छात्रावासों, केन्द्रीय पुस्तकालय और संस्थानों के भू–तल में ढलानदार रास्ते और शौचालय बनाए हैं ताकि विश्वविद्यालय शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए सुविधाजनक बना रहे। दृष्टिहीन छात्रों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय के भू–तल में हेलन–केलर इकाई नाम एक पृथक इकाई स्थापित की गई है। इस विशेष इकाई में दृष्टिहीन छात्रों को अध्ययन में सुविधा के लिए स्क्रीन रीडिंग और स्पीच साफ्टवेयर सहित 20 कंप्यूटर और एक स्केनर लगाया गया है। सभी संस्थान शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के प्रयोग के लिए वील चेयर और चार्जीएबल बैटरी के साथ टेप रिकार्डर उपलब्ध करा रहे हैं।

"डिसएबिलिटी ऐंड डिसचेंटमेंट : न्यू चैलेंजिज ऐंड इवाल्विंग डायरेक्शन" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन

यह सम्मेलन शैक्षिक जगत् में अपनी तरह का पहला सम्मेलन था। इसमें शारीरिक विकलांग लोगों के लिए कार्य कर रहे प्रसिद्ध शिक्षाविदों, युवा विद्वानों, प्रशासकों और कार्यकर्ताओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। यह सम्मेलन समान अवसर कार्यालय द्वारा जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी विजुअली चैलेंज्ड फोरम (परिसर में दृष्टिहीन छात्रों/विद्वानों का एक सक्रिय ग्रुप) के सहयोग से आयोजित किया गया।

2–3 मार्च, 2009 को आयोजित यह दो–दिवसीय सम्मेलन 5 सत्रों में विभाजित किया गया था। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले वक्ता प्रतिभागी विभिन्न संस्थानों से थे। उनके नाम हैं : प्रो. सरस्वती राजू (जियोग्राफर और शिक्षक, क्षे.वि.अ.के., सा.वि.सं., जेएनयू), श्री निरेदीमल्ली अन्नावारम (युवा विद्वान, सा.प.अ.के., सा.वि.सं., जेएनयू), डॉ. रमेश कुमार सरीन (राजनीति विज्ञान विभाग, सत्यवती कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. विनोद कुमार (मनोविज्ञान विभाग, लेडी श्रीराम कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. रामबाबू (टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुम्बई), डॉ. श्रीलता जुव्वा (विभागाध्यक्ष, डिसएबिलिटी स्टडीज, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुम्बई), डॉ. गंगाधरन (इतिहास विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), एस महेश पणिक्कर (युवा विद्वान और शिक्षक, लेडी श्रीराम कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. कृष्ण डोरा (जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली), प्रो. गोपाल गुरु (राजनीतिक अध्ययन केन्द्र, सा.वि.सं., जेएनयू), प्रो. जानकी अब्राहम (अध्यक्ष, महिला अध्ययन केन्द्र, सा.वि.सं., जेएनयू), डॉ. रेणुका अदलखा (वरिष्ठ फेलो, महिला विकास अध्ययन केन्द्र), डॉ. अनिता घई (स्कॉलर, जेंडर ऐंड डिसएबिलिटी और शिक्षक, जीसस और मैरी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. नवनीत सेठी (अंग्रेजी अध्ययन केन्द्र, भा.सा.सं.अ.सं., जेएनयू), प्रो. आनंद कुमार (सामाजिक पद्धति अध्ययन केन्द्र, सा.वि.सं., जेएनयू), डॉ. सैम तारापोरेवाला (विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र, सेंट जेवियर कॉलेज, मुम्बई विश्वविद्यालय और निदेशक, जेवियर्स रिसॉर्स सेंटर फॉर बिजुअली चैलेंज्ड), जॉर्ज अब्राहम (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्कोर फाउंडेशन और संथापक, दृष्टिहीनों के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड), ए.के. मित्तल (अध्यक्ष, आल इंडिया कंफीड्रेशन ऑफ द ब्लाइंड और कोषाध्यक्ष, वर्ल्ड ब्लाइंड यूनियन), श्री मानिक सहाय (महा प्रबंधक, उत्तर रेलवे) और श्रीमती शांति राघवन (प्रबंध निदेशक और न्यासी, इनेबल इंडिया फाउंडेशन, बंगलौर)

सम्मेलन की अध्यक्षता समान अवसर कार्यालय, जेएनयू के सलाहकार डॉ. मिलापचन्द शर्मा द्वारा की गई थी। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जेएनयू में कुलदेशिक–II प्रो. आर. कुमार मुख्य अतिथि थे।

विश्वविद्यालय प्रशासन

विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राधिकरण जेएनयू कोर्ट की बैठक 20 जनवरी, 2009 को कुलाधिपति प्रो. यश पाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर रिपोर्ट और विश्वविद्यालय का लेखा-परीक्षित प्राप्ति एवं व्यय का विवरण तथा तुलन-पत्र प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्रस्तुत किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की 03 बैठकें हुईं। ये बैठकें 21 अप्रैल ; 03 सितम्बर और 16 दिसम्बर, 2009 को हुईं। इन बैठकों में कार्यसूची की अनेक मदों पर विचार-विमर्श किया गया और प्रशासनिक मामलों पर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विद्या परिषद की बैठक 30 अप्रैल, 05 जून और 24 नवम्बर, 2008 को हुई। इसमें कार्य परिषद् के समक्ष पेश की जाने वाली मदों सहित अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वित्त समिति की बैठक में वर्ष 2008-2009 के संशोधित अनुमानों और वर्ष 2009-2010 के विश्वविद्यालय के बजट अनुमानों को अनुमोदित किया गया और कुछ महत्त्वपूर्ण वित्तीय मामलों पर निर्णय लिए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए चयन समितियों की कई बैठकें आयोजित हुईं। इस अवधि के दौरान 45 शिक्षक नियुक्त किए गए। इनमें 09 प्रोफेसर, 17 एसोसिएट प्रोफेसर और 19 सहायक प्रोफेसर शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, विभिन्न कैडरों में 67 गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों की नियुक्तियाँ भी की गईं।

50 शिक्षकों को आवधिक/असाधारण अवकाश/अध्ययन अवकाश मंजूर किए गए या उनके अवकाश में वृद्धि की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य पूरा करने/अन्य संस्थानों में नियुक्तियाँ/अध्येतावृत्तियाँ प्राप्त करने, आदि के लिए अवकाश लिया था। इस अवधि के दौरान, कुल 07 शिक्षक और 41 गैर-शैक्षणिक कर्मचारी विश्वविद्यालय की सेवा से सेवा-निवृत्त हुए/त्यागपत्र दिया।

सम्पदा शाखा

समीक्षाधीन अवधि के दौरान मकान आबंटन समिति की छः, परिसर विकास समिति की तीन तथा परिसर यातायात योजना समिति की नौ बैठकें हुईं। यद्यपि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान नए मकान नहीं बनाए गए फिर भी, मकान आबंटन समिति द्वारा खाली पड़े कई टाइप के मकान पात्र शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को आबंटित किए गए।

जन-सम्पर्क कार्यालय

विश्वविद्यालय के जन-सम्पर्क कार्यालय ने विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं। समाचारों में जेएनयू से संबंधित प्रकाशित रिपोर्ट और शिकायतों से संबंधित प्रेस कतरने प्रशासन की जानकारी हेतु भेजीं तथा आवश्यकतानुसार उचित स्पष्टीकरण/उत्तर-प्रत्युत्तर जारी किए। जन-सम्पर्क कार्यालय ने जन-साधारण को शैक्षिक तथा प्रशासनिक मामलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी तथा विश्वविद्यालय में आए महत्त्वपूर्ण अतिथियों तथा शिष्ट मण्डलों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी के लिए लिखित रूप से पूछताछ करने वालों को भी उत्तर भेजे।

जन-सम्पर्क अधिकारी ने विश्वविद्यालय की द्विमाषिक पत्रिका 'जेएनयू न्यूज' का प्रकाशन भी जारी रखा। इन्होंने इसका सम्पादन और प्रकाशन विश्वविद्यालय की ओर से किया। यह पत्रिका सूचनाओं की कमी को पूरा करती है तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न घटकों एवं शेष शैक्षिक विश्व समुदाय के मध्य सीधा संवाद स्थापित करती है। जन-सम्पर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को भी हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार करके प्रकाशित किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान जन-सम्पर्क अधिकारी कार्यालय ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित करने, नए नियुक्त शिक्षकों के लिए अनुशीलन कार्यक्रम आयोजित करने और विश्वविद्यालय के वार्षिक दिवस पर व्याख्यान आयोजित करने में विश्वविद्यालय की सहायता की।

अतिथि गृह

जेएनयू के दो अतिथि गृहों – अरावली और अरावली इंटरनेशनल में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 3500 से अधिक अतिथियों को कमरे उपलब्ध कराए गए। उक्त अवधि में तीसरे गोमती अतिथि गृह में मरम्मत कार्य चल रहा था। इन अतिथियों में शोध सामग्री या अन्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए देश–विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/शिक्षा संस्थानों से दिल्ली आए शिक्षक तथा शोध छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के सरकारी अतिथियों, शिक्षकों तथा स्टाफ के अतिथियों, छात्रों के माता–पिताओं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिथियों को भी अल्पकालिक अवधि के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

हिन्दी एकक

समीक्षाधीन अवधि के दौरान हिंदी एकक ने विश्वविद्यालय में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए 5–दिवसीय कार्यशाला और हिंदी टिप्पण तथा मसौदा लेखन का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला 8 से 12 सितम्बर, 2008 तक केन्द्रीय हिंदी संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई। इसमें 17 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया। सबसे अधिक अंक पाने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर कुलदेशिक, प्रो. रामाधिकारी कुमार ने नकद पुरस्कार प्रदान किए। इनके अतिरिक्त, इस वर्ष 05 सांत्वना नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र दिए गए। इसी प्रकार की कार्यशाला अधिकारियों के लिए भी आयोजित की गई ताकि वे अपने अधीनस्थ स्टाफ सदस्यों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित और मार्गदर्शित कर सकें। इसमें 08 अधिकारियों ने भाग लिया। उन्हें भी नकद पुरस्कार और प्रमाण–पत्र दिए गए।

हिंदी एकक ने 29 सितम्बर, 2008 को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के डीन प्रो. वरयाम सिंह ने अतिथि वक्ता, विश्वविद्यालय के ***कुलदेशिक प्रो. रामाधिकारी कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा*** महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. नामवर सिंह ने इस समारोह की अध्यक्षता की। हिंदी सलाहकार डॉ. रंजीत कुमार साहा और कुलसचिव श्री अवैस अहमद ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान हिंदी एकक ने 21–22 अगस्त, 2008 को 'हिंदी का भविष्य– भविष्य की हिंदी' विषयक दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में सात सत्र थे जिनमें मीडिया, अनुवाद, भाषा और साहित्य, शिक्षा, राजभाषा, विज्ञान और समाज विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात विद्वानों ने भाग लिया, विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता की और आलेख प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. बी. भट्टाचार्य ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की तथा प्रो. नामवर सिंह ने मुख्य व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सर मार्क टुली मुख्य अतिथि थे तथा ख्यातिप्राप्त लेखक श्री कुंवर नारायण मुख्य अतिथि वक्ता थे।

एकक ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट, प्रवेश सूचनाओं, भर्ती के लिए विज्ञापनों, अधिसूचनाओं/परिपत्रों, प्रेस विज्ञप्तियों आदि से संबंधित अनुवाद का कार्य भी किया।

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने से संबंधित विश्वविद्यालय के परिनियम–32 में उल्लेख है कि छात्रों से संबंधित सभी अनुशासन और अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी शक्तियाँ कुलपति में निहित होंगी। परिनियम 10 (3) में उल्लिखित है कि कार्यपरिषद् द्वारा मुख्य कुलानुशासक की नियुक्ति की जाएगी।

विश्वविद्यालय में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी। इस समय एक मुख्य कुलानुशासक और दो कुलानुशासक (इनमें से एक महिला कुलानुशासक है) हैं। मुख्य कुलानुशासक का कार्यालय विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। यह कार्यालय परिसर में शांति और सौहार्द बनाए रखने का कार्य करता है तथा यह दण्डात्मक उपायों की बजाय सुधारात्मक उपायों में अधिक विश्वास रखता है। फिर भी, अनुशासनात्मक नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों के विरुद्ध उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है।

विधि प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय में जेएनयू विधि प्रकोष्ठ की स्थापना हालही में की गई है।चूँकि विश्वविद्यालय को समय–समय पर बहुत से विधिक और तकनीकी प्रश्नों का सामना करना पड़ता है इसलिए इस प्रकोष्ठ की स्थापना की

गई है। विश्वविद्यालय में नियमित रूप से विधि विशेषज्ञ की आवश्यकता रहती है। कई न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के मुकदमेबाजी के मामले लंबित हैं जिनके लिए लगातार निगरानी की आवश्यकता है। विधिक सलाह का कार्य अब विधि प्रकोष्ठ में ही किया जाता है। विधि प्रकोष्ठ में विधिक दस्तावेजों, करारनामों, समझोता ज्ञापनों, निविदाओं का पुनरीक्षण, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न महत्त्वपूर्ण निर्णयों की व्याख्या तथा विश्लेषण, सुझाव आदि से संबंधित कार्य किए जाते है।

इसके अलावा, सहायक कुलसचिव (विधि प्रकोष्ठ) को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सहायक जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है।

सुरक्षा कार्यालय

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सुरक्षा शाखा द्वारा जेएनयू में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए :

- प्लासटिक के परिचय पत्र तैयार करने की प्रणाली की स्थापना।
- परिसर में विभिन्न जगहों पर 14 बार लगी आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण किया गया तथा उसे बुझाया गया।
- माननीय श्री मार्टिन लूथर किंग–3 के जेएनयू दौरे के समय सफल सुरक्षा इंतजाम।
- सभी संस्थान भवनों के लिए एक्सेस कंट्रोलिंग सिस्टम की सुविधा।
- सभी संस्थानों और जेएनयू परिसर के प्रवेश द्वार के लिए सीसीटीवी कैमरा सिस्टम्स।

विश्वविद्यालय वित्त

I. लेखा और लेखा–परीक्षा पद्धति

विश्वविद्यालय के लेखे पांच भागों में रखे जाते हैं :

1. अनुरक्षण (योजनेतर) खाता : यह खाता विश्वविद्यालय के राजस्व, प्राप्तियों और अनुरक्षण खर्च से सम्बन्धित है।
2. विकास (योजना) खाता : इस खाते में विश्वविद्यालय के खर्च से संबंधित लेन–देन का खाता रखा जाता है, जिसकी पूर्ति पंच–वर्षीय योजना के आबंटन तथा अन्य अनुमोदित योजनागत योजनाओं से की जाती है।
3. उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता : इस खाते में केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों, यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर. और आई. सी.एस.एस.आर., आदि द्वारा वित्त–पोषित विशेष शोध परियोजनाओं, सम्मेलनों और अन्य प्रयोजनों तथा विदेशी निकायों और वाहन अग्रिम निधि, गृह निर्माण अग्रिम निधि, शैक्षिक विकास निधि आदि से संबंधित लेखा–जोखा रखा जाता है।
4. ऋण, जमा आदि खाता : इस खाते में जमाओं और कार्पस निधि आदि से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का हिसाब रखा जाता है।
5. अध्येतावृत्ति खाता : इस खाते में "एट एनी वन गिविन टाइम बेसिस" योजना के अन्तर्गत शोध अध्येतावृत्तियों से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का लेखा–जोखा रखा जाता है।

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष भारत सरकार के अनुरूप यानी 1 अप्रैल से अगले वर्ष की 31 मार्च तक होता है। विश्वविद्यालय ने नकद आधार लेखा पद्धति के स्थान पर प्रोद्भूत लेखा पद्धति अपना ली है। विश्वविद्यालय के लेखों की वार्षिक लेखा–परीक्षा भारत के नियन्त्रक और महालेखा–परीक्षक की ओर से लेखा–परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व द्वारा की जाती है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के परीक्षित लेखे अगले वर्ष की 31 दिसम्बर तक सदन के पटल पर रखे जाने अपेक्षित होते हैं।

II. बजट

1. वर्ष 2008–2009 के संक्षिप्त बजट आकलन, संशोधित आकलन और प्राप्ति तथा व्यय के वास्तविक आंकड़े नीचे तालिका–1 और 2 में दिए गए हैं :

तालिका–1
(प्राप्तियाँ)

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2008–2009	संशोधित आकलन 2008–2009 (रुपये लाखों में)	वास्तविक 2008–2009
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	11662.49	13316.55	12181.82
2.	विकास (योजना) खाता	4820.95	9947.76	9745.25
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	2852.00	3560.89	9977.92
4.	ऋण, जमा आदि खाता	5126.11	5391.05	320.26#
5.	अध्येतावृत्ति खाता	1478.8	1888.1	581.93*

* "भविष्य निधि, विश्वविद्यालय अंशदान, गृहनिर्माण अग्रिम, वाहन" नामक कुछ शीर्षों की गणना प्रोद्भूत लेखांकन पद्धति के अन्तर्गत उद्दिष्ट निधि खाते में की जा रही है।

\# प्रायोजित अध्येतावृत्तियाँ भी शामिल है।

तालिका–2
(व्यय)

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2008–2009	संशोधित आकलन 2008–2009 (रुपये लाखों में)	वास्तविक 2008–2009
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	11662.49	13316.55	12119.96
2.	विकास (योजना) खाता	4820.95	9947.76	5360.16
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	2041.15	2144.85	5684.27
4.	ऋण, जमा आदि खाता	4784.54	5234.54	185.76#
5.	अध्येतावृत्ति खाता	1478.8	1888.10	610.12*

III. भाग–I – अनुरक्षण (योजनेतर) बजट/संशोधित आकलन/वास्तविक व्यय

वर्ष 2008–2009 के लिए अनुरक्षण, व्यय और बजट का संक्षिप्त विवरण :

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2008–2009	संशोधित आकलन 2008–2009 (रुपये लाखों में)	वास्तविक 2008–2009
1.	स्थापना व्यय	11662.49	13316.55	6912.80
2.	शैक्षिक व्यय			802.24
3.	प्रशासनिक व्यय			1906.65
4.	मरम्मत और अनुरक्षण व्यय			385.32
5.	पूर्व अवधि के व्यय			–
6.	सेवा निवृत्त लाभ हेतु भुगतान			1410.65
7.	पूर्व में भुगतान किए गए व्यय			0.94
8.	अनुरक्षण व्यय			498.24
9.	अनुरक्षण स्थायी परिसम्पत्तियाँ			203.12
		कुल		12119.96

* "भविष्य निधि, विश्वविद्यालय अंशदान, गृहनिर्माण अग्रिम, वाहन" नामक कुछ शीर्षों की गणना प्रोद्भूत लेखांकन पद्धति के अन्तर्गत उद्दिष्ट निधि खाते में की जा रही है।

\# प्रायोजित अध्येतावृत्तियाँ भी शामिल है।

भाग–II–विकास (योजना) व्यय

वर्ष 2008–2009 के विकास खर्च की मुख्य मदें नीचे दी गई हैं :

(क) राजस्व	(रुपये लाखों में)	
1. स्थापना व्यय	62.95	1306.60
2. शैक्षिक व्यय	1134.11	
3. प्रशासनिक व्यय	50.77	
4. मरम्मत और अनुरक्षण व्यय	58.77	
5. पूर्व अवधि के व्यय		
(ख) पूंजीगत व्यय –		
1. योजनागत स्थायी परिसम्पत्तियाँ	1254.81	4053.56
2. योजनागत अग्रिम	2798.75	
	कुल व्यय	**5360.16**

III. *परियोजनाएं*

विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के संबंध में प्राप्तियाँ और अदायगियाँ (2008–2009)

क्र.सं.	वित्त–पोषक एजेंसी का नाम	परियोजनाओं की संख्या	प्राप्तियाँ (रुपयों में)	व्यय (रुपयों में)
1	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	31	6565460.00	4143893.00
2	भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्	01	1400.00	5129.00
3	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	31	14718893.00	12915267.00
4	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	11	58767911.00	6069821.00
5	डीओईएन	04	4941000.00	4324296.00
6	विदेशी निकाय	41	43194411.00	32061195.00
7	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	68	50859500.00	45267373.00
8	जैव प्रौद्योगिकी विभाग	55	56089906.00	65125773.00
9	वेलकम ट्रस्ट	2	3751648.00	7460013.00
10	अन्य निकाय	37	53189207.00	27700423.00
11	भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	05	353528.00	163200.00
12	संगोष्ठियाँ		7822467.00	7669858.00
	कुल	**286**	**300255331.00**	**2129066241.00**

पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति (जीएसकैश)

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति की स्थापना विशाखा बनाम राजस्थान सरकार की याचिका में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 1997 में जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के आधार पर की गई थी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न रोकने और निवारण हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित किए हैं। सर्वोच्च न्यायालय की सिफारिशों का अनुपालन करते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने इन मार्गदर्शी सिद्धांतों का क्रियान्वयन करने हेतु वर्ष 1999 में यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति की स्थापना की थी।

यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति का मुख्य कार्य – शिकायतों को देखने और जाँच करने की औपचारिक प्रक्रिया के माध्यम से यौन उत्पीड़न की शिकायतों का निवारण करना है। द्वितीय, यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति हमारे जीवन में जेंडर की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य करती है ताकि जेंडर संवेदनशीलन और यौन उत्पीड़न के विरुद्ध रक्षा उपाय किए जा सकें तथा परिसर में जेंडर संवेदनशीलता, समानता और सहनशीलता की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके।

यह रिपोर्ट तीन भागों में प्रस्तुत है :

- गतिविधियाँ और कार्यक्रम
- मामले और सूचना का अधिकार
- चुनौतियाँ जिनका सामना किया गया
- सिफारिशें

गतिविधियाँ और कार्यक्रम

वर्ष 2008 के दौरान की गतिविधियाँ और कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :

- समिति ने 2 जुलाई, 2008 में प्रवेश के समय नए छात्रों के लिए पेम्फलेट निकाला। इस मेम्फलेट में जीएसकैश के आपातकालीन सुरक्षा नम्बर हैं। यह जीएसकैश की स्थापना, इसके कार्य और इसके साथ आसानी से सम्पर्क स्थापित करने, विशेषकर नए छात्रो को जीएसकैश के बारे में जानकारी देने के लिए निकाला गया था।
- 3 से 5 सितम्बर, 2008 तक तीन जन बैठकों व नए छात्रों के स्वागत का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ प्रोफेसरों व समिति के पूर्व सदस्यों ने व्याख्यान दिए।
- 17 से 19 अक्टूबर, 2008 तक 'छोड़ ना यार' विषयक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें जेएनयू के छात्र कलाकार थे। यह नाटक यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और छेड़छाड़ से संबंधित समस्याओं पर आधारित था। इस नाटक की पटकथा छात्र समुदाय के बीच कई दौर की चर्चा के बाद तैयार की गई थी। इसमें छः एपिसोड थे। प्रत्येक मंचन के बाद परिचर्चा का आयोजन किया गया।

स्वयं सेवकों के साथ बैठक और परिचर्चा

सर्वप्रथम स्वयं सेवक बनाए गए तथा उनके साथ जीएसकैश को मजबूत बनाने के विभिन्न तरीकों पर विचार–विमर्श किया गया। स्वयंसेवकों की बैठक में लगभग 30 लोगों ने भाग लिया तथा जीएसकैश की गतिविधियों के बारे में छात्रों से सुझाव प्राप्त किए गए।

छात्रावास अध्यक्षों के साथ बैठक और परिचर्चा

किसी प्रकार की अप्रत्यासित घटना को रोकने के लिए ऐहतियाती उपाय के रूप में छात्रावास अध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षों को माही–माण्डवी की वर्ष 2007 में हुई कल्चरल नाइट और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के बारे में संक्षिप्त में बताया गया। अध्यक्षों से उन कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में पूछा गया जो कि आने वाले वर्ष में आयोजित करना चाहते हैं।

इसका उद्देश्य जेंडर असंवेदनशील कार्यक्रमों को रोकना था। अध्यक्षों को उनके संबंधित छात्रावासों में जेंडर जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा यह जीएसकैश के सहयोग से किया जा सकता था।

ऐहतियाती उपाय के रूप में होस्टल नाइट के बारे में डीन (छात्र) को भी लिखित में देने का निर्णय लिया गया ताकि कार्यक्रम सभी समुदाय सदस्यों के लिए मनोरंजक रहे। अध्यक्षों से सुझाव देने के तथा जीएसकैश से किसी प्रकार की अपेक्षित सहायता लेने के लिए कहा गया।

प्रो. चिंतामणि महापात्रा, संकाय सदस्य, जीएसकैश ने सुझाव दिया कि अगले वर्ष से छात्रावासों की कल्चरल नाइट में जेंडर संवेदनशीलता पर छोटे से कार्यक्रम होने चाहिए। अध्यक्ष डॉ. मंदिरा दत्ता ने सुझाव दिया कि छात्रावास अध्यक्षों द्वारा जीएसकैश के साथ मिलकर जेंडर संवेदनशीलता पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएं। यह अधिक से अधिक छात्रों के पास पहुँचने का एक सही साधन है।

होली पोस्टर

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जीएसकैश ने ऐहतियाती उपाय के रूप में और जागरूकता फैलाने के लिए होली पर पोस्टर लगाए। छात्र प्रतिनिधियों ने निश्चय किया कि होली के ग्रिटिंग्स के साथ–साथ वे ग्रिटिंग पर कुछ कोटेशन भी लिखेंगे। चुने गए कुछ शीर्षक निम्नलिखित है :

- राइज अगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट
- साइलेंस इन नाट द आंसर टु सेक्सुअल हरासमेंट : प्रोटेस्ट
- द विकटिम इज नाट रिस्पांसीबल फॉर सेक्सुअल हरासमेंट
- स्पीक आउट

यह महसूस किया गया कि इस प्रकार के तरीके समुदाय में बड़े पैमाने पर विभिन्न तरह के संदेश पहुँचाने के लिए सचमुच काफी प्रभावी होते हैं। इनके विषय यौन उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न धारणाओं और बोध को ध्यान में रखते हुए चुने गए थे। प्रायः हम देखते हैं कि जब कोई व्यक्ति यौन उत्पीड़न का शिकार होता है तो वह स्वयं को इसका दोषी मानता है और शर्मिंदगी महसूस करता है। जिनके साथ यौन उत्पीड़न हुआ है वे आगे आकर यौन हिंसा या उत्पीड़न के बारे में नहीं बताते हैं। दूसरी तरफ वे इस प्रकार के कार्य को सहन करते रहते हैं और चुपचाप शिकार बनते रहते हैं।

वर्तमान जीएसकैश समिति के पास समुदाय को संवेदनशील बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का कार्य था। यौन उतपीड़न एक ऐसा कार्य है जिसे सहन नहीं करना चाहिए बल्कि पीड़ित अथवा अन्य कोई तीसरे व्यक्ति जो इस प्रकार के मामलों के प्रति जागरूक है, के द्वारा रिपोर्ट की जानी चाहिए या विरोध किया जाना चाहिए। जीएसकैश का विश्वास है कि कोई भी लगातार पीड़ित न हो। यहाँ तक कि इस प्रकार के मामलों के चश्मदीद भी अपनी तरफ से आवाज उठाए और मूक–दर्शक नहीं बनें।

- **प्रवेश के समय नए छात्रों के लिए पेम्फलेट**

विश्वविद्यालय ज्वाइन करने वाले नए छात्रों के आने से पहले समिति महसूस करती है कि जुलाई के अन्त में प्रवेश के समय नए छात्रों में जीएसकैश से संबंधित पेम्फलेट वितरित किए जाने चाहिए। विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमियों से जेएनयू आने वाले छात्रों को ध्यान में रखते हुए समिति ने जीएसकैश के बारे में नए छात्रों को संवेदनशील बनाने का निर्णय लिया तथा इसके द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ चलाई गई।

- **जन–बैठक व नए छात्रों का स्वागत**

नए प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन जन–बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जीएसकैश और इसके कार्यों के बारे में नए छात्रों को बताना था तथा समिति के कार्यों और समाज में इसकी वृहत्त भूमिका के बारे में विस्तृत परिचर्चा करना था।

इन बैठकों में छात्रों, कुछ स्टाफ–सदस्यों तथा शिक्षकों ने भाग लिया। पितृसत्तात्मक समाज में जीएसकैश की भूमिका के बारे में वक्ताओं और जेएनयू समुदाय द्वारा चर्चा की गई।

- **नुक्कड़ नाटक**

जीएसकैश की प्रत्येक टीम प्रत्येक वर्ष दर्ज मामलों की जाँच करती है तथा विभिन्न तरीकों से समुदाय के पास पहुँचने का प्रयास करती है। किसी परिसर को एक जेंडर संवेदनशील बनाने में समुदाय की प्रतिभागिता काफी प्रभाव डालती है। जैसे–जैसे जेएनयू का विस्तार हुआ, समुदाय को सक्रीय और प्रतिभागी बनाना एक बड़ी चुनौति बन गया।

छात्रों, अन्य सदस्यों और समुदाय के लोगों में आपस में गाली का बड़े स्तर पर प्रयोग करना दुःखद है। सहायता ग्रुप कुछ ही हैं। संक्षिप्त में कह सकते हैं कि ऐसी स्थिति में जीएसकैश के पास न्याय के लिए आए सभी मामलों पर जीएसकैश के नियम के अंतर्गत निर्धारित समय में सुनवाई करना आसान नहीं है। इस स्थिति में मामलों की सुनवाई की बजाय रोकथाम के उपाय अपनाना बेहतर होते हैं।

जीएसकैश ने लगातार तीन दिन नुक्कड़ नाटकों के आयोजन द्वारा इस प्रकार के उपाय लागू करने का प्रयास किया है। पिछले अनुभव के आधार पर जीएसकैश ने छात्रों और स्वयं सेवकों के सहयोग से कई गम्भीर परिचर्चाओं और विचार–विमर्शों के बाद नाटकों के विषय निर्धारित किए।

श्री लोकेश जैन नुक्कड़ नाटकों के समन्वयक थे, उन्होंने इसके लिए छात्रों को विश्वास और धैर्य के साथ तैयार करने में काफी प्रयास किए और समय दिया। समिति को विश्वास है कि यह छोटा सा प्रयास लक्षित ग्रुप पर सही प्रभाव डालेगा और जेंडर जागरूकता फैलाने तथा विश्वविद्यालय परिसर को जेंडर संवेदनशील बनाने में एक सही कदम होगा।

वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति

वार्षिक रिपोर्ट 8 दिसम्बर, 2008 को प्रस्तुत की गई। वार्षिक रिपोर्ट जेएनयू समुदाय के सामने प्रस्तुत की गई। इसमें जीएसकैश के कुछ पूर्व अध्यक्षों और जेएनयू समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। परिचर्चाओं के आधार पर कुछ सिफारिशें सुझाई गई। ये रिपोर्ट के अंत में दी गई हैं।

- **सूचना के अधिकार के मामले**

पिछले वर्ष के चार मामलों सहित सूचना के अधिकार के 13 मामले थे। इनमें से लगभग 11 सूचना के अधिकार के मामलों के उत्तर दिए गए। सभी मामले पूरे हो चुके हैं। दो मामलों में जाँच की सिफारिश की गई।

2008 में पंजीकृत मामलों का संक्षिप्त विवरण

क्र.सं.	शिकायत की प्रकृति	वर्ष	शिकायत की छानबीन/जाँच	परिणाम
1.	छात्र बनाम छात्र	2008	सीएससी–शिकायतकर्ता ने परिसर छोड़ा	केस बंद
2.	छात्र बनाम छात्र	2008	सीएससी–प्रतिवादी परिसर में नहीं था	केस बंद
3.	छात्र बनाम छात्र	2008	सीएससी–प्रतिवादी उपलब्ध नहीं था	केस बंद
4.	छात्र बनाम छात्र	2008	जाँच पूरी हो चुकी है।	शिफारिशें लागू की गईं
5.	छात्र बनाम शिक्षक	2008	सीएससी–जाँच पूरी होने वाली है।	–
6.	छात्र बनाम छात्र	2008	सीएससी–पूरी हो चुकी है।	जाँच की सिफारिश की गई
7.	छात्र बनाम छात्र	2008	सीएससी–पूरी हो चुकी है।	सिफारिशें लागू की गई
8.	शिक्षक बनाम स्टाफ	2008	सीएससी–पूरी हो चुकी है।	जाँच की सिफारिश की गई
9.	छात्र बनाम छात्र	2008	शिकायतकर्ता उपलब्ध नहीं है।	केस बंद
10.	छात्र बनाम बाहरी व्यक्ति	2008	–	वसंत विहार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज
11.	घरेलू हिंसा	2008	–	जीएसकेस ने पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई।

एल्युमनी मामले और प्लेसमेंट्स

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क : जेएनयू को इस बात का गर्व है कि पिछले 35 वर्ष के दौरान 80,000 से अधिक पूर्व छात्र – समाज विज्ञान, विज्ञान, लोक सेवा, साहित्य, मीडिया, विदेशी भाषा, पत्रकारिता, राजनीति, तकनीकी, प्रबंधन आदि क्षेत्रों में फैले हुए हैं। यह संस्था लगातार बढ़ रही है। विश्वविद्यालय ने वर्ष 2003 से कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस समय प्रो. आनंदकुमार जेएनयू के पूर्व छात्रों से संबंधित मामलों और प्लेसमेंट्स के मुख्य सलाहकार हैं।

समिति का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों तथा विश्वविद्यालय से संबंधित अन्य के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना है। जेएनयू अपने पूर्व छात्रों को महत्त्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में मान्यता देता है ताकि जेएनयू लगातार अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके। जेएनयू को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपने पूर्व छात्रों से 21वीं शताब्दी में अपनी योजना संबंधी दिशा–निर्देश तैयार करने में सहयोग प्राप्त हो सकता है।

जेएनयू के पूर्व छात्र सामुदायिक सेवा उपलब्ध करा सकते हैं, जेएनयू के लिए गुडविल एम्बेसेडर के रूप में कार्य कर सकते हैं, विश्वविद्यालय को शोध के सीमांत क्षेत्रों पर सुझाव, कैरियर सलाह और वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करा सकते हैं। शोध और परियोजनाओं में शैक्षिक और तकनीकी सहयोग भी हो सकता है।

इस कार्यालय के माध्यम से हमने भारत और विश्व के विभिन्न भागों में जेएनयू के पूर्व छात्रों और जेएनयू के पूर्व छात्रों के संगठनों के साथ सम्पर्क स्थापित किया है। हमने पहले ही जेएनयू के लगभग 5000 पूर्व छात्रों की निर्देशिका तैयार की है जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बचे हुए छात्रों की निर्देशिका शीघ्र ही तैयार करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कोई भी पूर्व छात्र इस निर्देशिका में शामिल होने के लिए alumnus@mail.ac.un पर विवरण भेज सकता है।

यह कार्यालय विभिन्न संभावित नियोजकों और जेएनयू के छात्रों के बीच अपने संस्थानों और केन्द्रों के माध्यम से सम्पर्क स्थापित करने में भी सहायकता करता है। इस उद्देश्य के लिए कई प्लेसमेंट एजेंसियों और विश्वविद्यालयों ने हमसे सम्पर्क स्थापित किया है।

जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान

संस्थान की सलाहकार व चयन समिति की बैठकें दिनांक 22.4.2008, 20.6.2008, 23.9.2008, 9.12.2008, 18.2.2009 और 12.3.2009 को हुई। इनका चुनाव जेएनयू के शैक्षिक समुदाय की रुचि के मुख्य क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि इन क्षेत्रों में शोध एवं परस्पर विचारों के आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके और विश्वविद्यालय के शैक्षिक समुदाय को इनकी उपस्थिति से लाभ प्राप्त हो सके।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान चयनित फेलोज में से निम्नलिखित फेलो में विभिन्न अवधियों के दौरान संस्थान ज्वाइन किया :

- डॉ. वेसिलियोइस सायरस, यूनिवर्सिटी ऑफ हेलसिंकी, फिनलैण्ड, 21.6.2008–02.9.2008
- प्रो. फिलिप ओल्डन बर्ग, अनुबद्ध सह–प्रोफेसर, डिपार्टमेंट आफ पॉलिटीकल साइंस, सदर्न एशियन इंस्टीट्यूट, कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, यूएसए, 01.07.2008–30.08.2008
- प्रो. वीणा तलवार ओल्डनबर्ग, डिपार्टमेंट ऑफ हिस्ट्री, बरूच कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क, यूएसए, 01.07.2008–30.08.2008
- प्रो. रिचर्ड विलियम एलेन, प्रोफेसर और अध्यक्ष, सिनेमा स्टडीज, न्यूयार्क यूनिवर्सिटी, यूएसए, 04.07.2008–23.08.2008
- प्रो. क्रिस्टाइन चोजनाकी, यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन, लियोन, फ्रांस, 11.07.2008–23.02.2009
- डॉ. वरेना विडॉर्न, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 01.10.2008–02.11.2008
- श्री सीन मैकएलिस्टर, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 01.10.2008–01.11.2008
- डॉ. क्लॉज वान्ड्रोवेक, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 04.10.2008–19.10.2008
- डॉ. निकोलस शिंडेल, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 06.10.2008–11.10.2008
- डॉ. मिशेल अलराम, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 06.10.2008–11.10.2008
- प्रो. देबोराह के. साल्टर, यूनिवर्सिटी ऑफ वियना, वियना, आस्ट्रिया, 06.10.2008–01.11.2008
- प्रो. अरी सितास, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलु–नाटाल, डरबन, दक्षिण अफ्रीका, 02.11.2008–31.12.2008
- प्रो. ब्रिंसले सेमारू, फेकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज ऐंड एज्यूकेशन, द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंडीज, सेंट आगस्टाइन, ट्रिनीडाड ऐंड टोबेको, वेस्ट इंडीज, 10.11.2008–19.01.2009
- प्रो. सी.जे. दे वेट, रोड्स यूनिवर्सिटी, दक्षिण अफ्रीका, 04.01.2009–17.01.2009
- डॉ. प्रितम सिंह, आक्सफोर्ड ब्रूक्स यूनिवर्सिटी, यूके, 19.01.2009–31.08.2009
- प्रो. एम. जन्नेती, यूनिवर्सिटी ऑफ सलेरनो, इटली, 08.01.2009–18.02.2009
- डॉ. मीरा नंदा, जॉन टेम्पलटन फाउंडेशन, यूएसए, 16.01.2009–15.01.2010
- प्रो. अलवीरा कारवाजल, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ रियो दे जनेरियो, ब्राजील, 18.01.2009–11.02.2009
- डॉ. एम. मैककार्टने, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, इंगलैण्ड, 18.01.2009–08.06.2009
- डॉ. ए.एल. केपलर, स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन, वाशिंगटन, यूएसए, 27.01.2009–03.03.2009

- डॉ. बेसिले लेकलेरे, लायसी चार्ली, डेनीनेस, फ्रांस, 20.02.2009—31.03.2009
- प्रो. राबर्ट डगलस जेसप, डायरेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, लंकास्टर, लंकास्टर यूनिवर्सिटी, इंगलैण्ड, 25.02.2009—06.04.2009
- डॉ. न्गाई—लिंग सुम, प्रोग्राम डायरेक्टर, ग्लोबलाइजेशन ऐंड इंफॉर्मेशन एज, लंकास्टर यूनिवर्सिटी, इंगलैण्ड, 25.02.2009—06.04.2009
- प्रो. एलेन सरवोंका, अध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ जेंडर स्टडीज, सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी, बेडापेस्ट, हंगरी, 02.03.2009—03.04.2009
- प्रो. डेविड वेबरमैन, डिपार्टमेंट ऑफ फिलास्फी, सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी, बेडापेस्ट, हंगरी, 02.03.2009—03.04.2009
- प्रो. चार्ल्स मियरवेदर, आस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया, 16.03.2009—24.04.2009

उपरोक्त सभी विद्वानों ने विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के बाहर संबंधित विभागों में व्याख्यान दिए तथा संगोष्ठी/सम्मेलनों में भाग लिया। लगभग सभी फेलो ने अपने शोध कार्य हेतु जेएनयू, नेहरू स्मारक संग्रहाल और पुस्तकालय और राष्ट्रीय अभिलेखागार पुस्तकालय का भरपूर उपयोग किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने अपनी स्वयं की वेबसाइट तैयार की है, जो निम्न है : www.jnu.ac.in/jnias

निम्नलिखित विद्वान फेलो के रूप में चुने गए तथा वे जून 2009 से ज्वाइन करेंगे :

- प्रो. ओलुतायो चार्ल्स एडेसिना, यूनिवर्सिटी आफ इबादान, नाइजीरिया।
- डॉ. मिशेल डच, यूनिवर्सिटी ऑफ इरफर्ट, जर्मनी।
- प्रो. जीन बौतियर, इकोल देज हौतेज एतुदेज अन साइंसेज सोशियाल, मर्सीले, फ्रांस।
- डॉ. एन्टी रूओत्सला, यूनिवर्सिटी ऑफ हेलसिंकी, फिनलैण्ड।
- डॉ. हेलेन सुसन्ना लैम्बर्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल, ब्रिस्टल, यूके।
- प्रो. स्टिफन बॉरबले, यूनिवर्सिटी क्लुज नेपोका, रोमानिया।
- प्रो. विलियम एस. साक्स, कॉर्ल जेस्पर्स सेंटर, साउथ एशियन इंस्टीट्यूट, हीडलबर्ग, जर्मनी।
- डॉ. डेयर क्लब, यूनिवर्सिटी ऑफ लोवा, यूएसए।
- प्रो. मार्टा द्वोराइ, पेरिस यूनिवर्सिटी, पेरिस, फ्रांस।
- प्रो. विनीता दयाल, रूटजर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए।
- प्रो. बी.आर. टॉलिंसन, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, इंगलैण्ड।
- प्रो. ईसा जी. शिवजी, यूनिवर्सिटी ऑफ दार—ए—सलाम, तंजानिया।
- प्रो. रॉय एम. मैकलियोड, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, सिडनी, आस्ट्रेलिया।
- प्रो. जेम्स जी. मनोर, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, इंगलैण्ड।
- प्रो. मारिया क्रिस्टिना मर्कुजो, यूनिवर्सिटी ऑफ रोम, इटली।
- डॉ. एम्मा एलिजाबेथ मावड्सले, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यूके।
- प्रो. पीटर एलेक्जेंडर, यूनिवर्सिटी ऑफ जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका।
- प्रो. पॉल ग्रीनफ, यूनिवर्सिटी ऑफ लोवा, यूएसए।
- डॉ. सुनील शर्मा, हारवर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए।
- प्रो. जयतीलाल, यूनिवर्सिटी ऑफ मिचिगन, यूएसए।
- प्रो. हंस हेनरिक हॉक, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस, यूएसए।
- प्रो. जोसफ बोरोज, रूटजर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए।
- प्रो. रजनी के. कंथ, हारबर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए।
- डॉ. मोती लर्नर, तेल अवीव यूनिवर्सिटी, इजरायल।
- डॉ. मानबेन्द्र नाथ दास, यूनिवर्सिटी ऑफ लुइसविले, केंटुकु, यूएसए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने अन्य संस्थानों के सहयोग से निम्नलिखित संगोष्ठियाँ/वार्ताएं आयोजित कीं :

- 14 अगस्त, 2008 को "ग्रीक लिगेसी इन मिडिवल ऐंड मॉडर्न इंडिया" विषयक कार्यशाला आयोजित की। इस संगोष्ठी में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध इतिहासकारों ने भाग लिया।

- अक्टूबर, 2008 में कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के सहयोग से संस्थान के आस्ट्रियाई फेलोज द्वारा काबुल म्यूजियम के क्यूरेटर्स और कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के छात्रों के लिए "आर्ट ऑफ इंडिया एशिया–अर्ली इकोनाग्राफी विद ए स्पेशल फोकस ऑन द आर्ट ऐंड आर्कियोलॉजी ऑफ सेंट्रल एशिया ऐंड गंधार" विषयक एक माह अवधि की कार्यशाला आयोजित की गई।
- कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के सहयोग से "गंधार ऐंड अफगानिस्तान" विषयक चार जन–व्याख्यान :
  - डॉ. नमन बहुजा, एसोसिएट प्रोफेसर, कला और सौन्दर्यशास्त्र, जेएनयू ने 6 अक्टूबर, 2008 को "द एपरीडे गोड्स ऐंड रिचुअल्स ऑफ गंधार" विषयक व्याख्यान दिया।
  - डॉ. मिशेल अलराम, संस्थान फेलो ने 10 अक्टूबर, 2008 को "मोनेटरी हिस्ट्री ऑफ गंधार फ्राम द ग्रेको – बैक्ट्रियंस टु द कुशाण'स" विषयक व्याख्यान दिया।
  - प्रो. देबोराह क्लिमबर्ग–साल्टर, संस्थान फेलो ने 20 अक्टूबर, 2008 को "द आर्ट ऑफ प्री–इस्लामिक कपिसा, पैरवा, बुककारा ऐंड हद्दा" विषयक व्याख्यान दिया।
  - डॉ. वरेना डिोर्न, संस्थान फेलो ने 24 अक्टूबर, 2008 को 'फंडुकिस्तान' विषयक व्याख्यान दिया।
- 10 नवम्बर, 2008 को संस्थान में डायरेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, प्रो. वी.सी. और वारविक विश्वविद्यालय के अन्य विद्वान और जेएनयू के विभिन्न संस्थानों, केन्द्रों के प्रतिनिधियों के बीच शैक्षिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए परिचर्चा आयोजित की गई।
- 15 से 17 नवम्बर, 2008 तक इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हिस्टोरियंस ऑफ एशिया के 20वें सम्मेलन का पेनल संख्या–4, संस्थान में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. आदित्य मुखर्जी ने की।
- 19 नवम्बर, 2008 को ग्राहम शॉ, हेड, एशिया पेसेफिक ऐंड अफ्रीका कलेक्शंस, पेनी बुक, हेड, इंडिया ऑफिस रिकॉर्डस और ब्रिटिश पुस्तकालय से अन्य व्यक्तियों के साथ "डिस्कवर द ब्रिटिश लाइब्रेरी" विषयक सत्र का आयोजन किया।
- 19 नवम्बर, 2008 को संस्थान में किंग्स कॉले संगोष्ठी आयोजित की गई इसमें प्रो. रिचर्ड ड्रेयटन, रोड्स प्रोफेसर, इंपीरियल हिस्ट्री, डॉ. जॉन विल्सन और डॉ. नंदिनी चटर्जी (सभी डिपार्टमेंट ऑफ हिस्ट्री, किंग्स कॉलेज लंदन से है) ने व्याख्यान दिए।
- 18–19 फरवरी, 2009 को "द डायनेमिक्स ऑफ रिलिजस प्लुरलिज्म–कंफिलक्ट्स, एसिमिलेशन ऐंड इनोवेशन इन प्री–मॉडर्न इंडिया" विषयक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का समन्वयन प्रो. किस्टाइन चोजनाकी, संस्थान फेलो और डॉ. नज़फ हैदर, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, जेएनयू द्वारा किया गया।
- 5–6 मार्च, 2009 को ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र के सहयोग से "सिटीज इन मिडिवल इंडिया, 1200–1800" विषयक एक दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

अन्तरराष्ट्रीय सहयोग

भारत सरकार और विभिन्न विदेशी सरकारों के बीच हुए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के तहत विश्वविद्यालय को विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों से शैक्षिक संबंध स्थापित करने, विनिमय कार्यक्रमों और द्विपक्षीय समझौतों के साथ–साथ सहयोगात्मक कार्यों में शामिल होने के लिए प्रस्ताव–पत्र प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय भी सुप्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कई विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग का प्रस्ताव विश्वविद्यालय के पास विचाराधीन है और अंतिम चरण में है। समझौते दो प्रकार के हैं – संस्थान स्तर पर सहयोग का समझौता और विश्वविद्यालय स्तर पर समझौता ज्ञापन जहाँ सहयोग में एक से अधिक संस्थान शामिल हैं।

समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के तहत सहयोग के क्षेत्र सामान्यतः निम्नलिखित हैं और ये निधि की उपलब्धता पर निर्भर हैं :

(क) शिक्षकों का विनिमय,
(ख) छात्रों का विनिमय,
(ग) संयुक्त शोध गतिविधियां,
(घ) संगोष्ठियाँ और शैक्षिक बैठकों में प्रतिभागिता,

(च) शैक्षिक सामग्री और अन्य सूचनाओं का आदान–प्रदान,
(छ) विशेष अल्पकालिक शैक्षिक कार्यक्रम,
(ज) प्रशासनिक प्रबन्धकों/समन्वयकों का विनिमय, और
(झ) संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम।

01 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2009 के दौरान निम्नलिखित विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों / संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए :

- मिनिसोटा स्टेट यूनिवर्सिटी , मंकाटो, यूएसए
- क्वींसलैण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, आस्ट्रेलिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ कोंसतांज, जर्मनी
- यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस सारबॉन (पेरिस–IV), पेरिस, फ्रांस
  क. *पेरिस सारबॉन (पेरिस–IV), और जेएनयू के बीच समझौता ज्ञापन का अनशेष
- यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबॉर्न, आस्ट्रेलिया
- कीमयुंग, दायगु, कोरिया
- यूनिवर्सिदाद देल नार्ते यूनिनार्ते, प्रागवे
- द यूनिवर्सिटी लिबर दे ब्रूसेल्स (यूएलबी), बेल्जियम व्रिजे यूनिवर्सितेत, ब्रूसेल
- यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक, कावेंट्री, यूके
- क्वींस यूनिवर्सिटी ऑफ बेलफास्ट, यूके
- किंग्स कॉलेज ऑफ लंदन, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन
- बायलोरूसियन स्टेट, मिंस्क, बेलारूस
- मार्क ब्लॉच (यूएमबी) स्ट्रासबर्ग, फ्रांस
- स्टॉकहाम यूनिवर्सिटी, स्वीडन

01 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2009 के दौरान निम्नलिखित विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों / संस्थानों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए :

- दाइतो बुंका यूनिवर्सिटी, टोकियो, जापान के साथ अनुबंध
- यूनिवर्सिटी ऑफ पादोवा, इटली
- सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी, रशिया
- क्युंग ही साइबर यूनिवर्सिटी, रिपब्लिक ऑफ कोरिया
- क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, ब्रिसबेन, आस्ट्रेलिया
- मोनाश यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया
- इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटीकल साइंसेज, पांटीफिसिया यूनिवर्सिदाद केटोलिका दे चिली
- यूनिवर्सिटी देल देसरॉलो
- फेकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड ह्यूमैनटीज, यूनिवर्सिटी ऑफ कालोन, जर्मनी
- इंटरनेशनल ऑफ मिटिरियोलॉजीकल इंस्टीट्यूट, स्टॉकहाम, यूनिवर्सिटी स्वीडन
- डिपार्टमेंट ऑफ पॉलिटीकल साइंस, पॉनिटीफिसिया यूनिवर्सिदाद जवेरियाना, बोगोटा, कोलम्बिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ वियना
- यूनिवर्सिटी ऑफ रूयेन
- किरगिज रशियन स्लाविक यूनिवर्सिटी (बिशकेक)
- फैकल्टी ऑफ पॉलिटीकल साइंस ऐंड लॉ ऑफ बुरुफा यूनिवर्सिटी, थाइलैण्ड

01 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2009 की अवधि के दौरान सृजित चेयरों का विवरण :

- मराठी चेयर

केन्द्रीय सुविधाएं

विश्वविद्यालय पुस्तकालय

जेएनयू पुस्तकालय एक अति आधुनिक और सुसज्जित विश्वविद्यालय पुस्तकालय है। यह 9 मंजिला टावरनुमा भवन विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर के बीचों बीच स्थित है तथा विश्वविद्यालय की सभी शैक्षिक गतिविधियों का केन्द्र है। पुस्तकालय के अधिकतर कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो गया है तथा बचे हुए कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो रहा है। पुस्तकालय वर्ष भर प्रातः 9.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक खुला रहता है तथा परीक्षा के दिनों में यह प्रत्येक सत्र में 45 दिन के लिए मध्य रात्रि तक खुला रहता है। तथापि, पठन कक्ष की सुविधाएं वर्ष भर मध्य रात्रि तक उपलब्ध रहती हैं। इसके सभी पठन कक्ष वातानुकूलित हैं।

विश्वविद्यालय के नेत्रहीन छात्रों की विशेष जरूरतों को देखते हुए पुस्तकालय के भू–तल में हाल ही में नवीकृत पठन कक्ष में एक विशेष इकाई 'हेलन केलर' के नाम पर स्थापित की गई है। पुस्तकालय के भू–तल में ओपेक और इंटरनेट पर पढ़ने हेतु छात्रों के प्रयोग के लिए बीस कंप्यूटर लगाए गए हैं। पुस्तकालय ने शिक्षकों और विकलांग छात्रों के लिए नए नवीकृत पठन कक्ष में इंफार्मेशन ब्राउजिंग यूनिट की भी स्थापना की है। पुस्तकालय ने छात्रों और शोधार्थियों के लिए आन लाइन स्रोत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु भू–तल पर एक साइबर पुस्तकालय की स्थापना की है और इसमें 200 कंप्यूटर उपलब्ध हैं।

पाठकों के लिए सेवाएं

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कुल मिलाकर 9153 छात्र, शिक्षक और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया।

स्रोत सामग्री का आदान–प्रदान

जेएनयू पुस्तकालय 'डिवलपिंग लाइब्रेरी' (डेलनेट), 'इंफॉर्मेशन ऐंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर' (इनफिलिबनेट) का सदस्य बन गया है। इनफलिबनेट द्वारा शुरू की गई दस्तावेज वितरण सेवा के अन्तर्गत पुस्तकालय ने अनुरोध पर पत्रिका आलेख उपलब्ध कराए हैं। पुस्तकालय ने डेलनेट के माध्यम से 364 दस्तावेज उधार लिए और 547 दस्तावेज उधार दिए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय ने लगभग 4698 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें से 1115 पुस्तकें सुप्रसिद्ध विद्वानों और संगठनों से उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में पुस्तकालय में कुल संग्रह 5,51,463 था। पुस्तकों की खरीद पर रु. 31.65 लाख की राशि खर्च हुई और पत्रिकाओं पर रु. 3.32 करोड़ की राशि खर्च की गई।

पुस्तकालय ने 941 पत्रिकाएं मंगाई और 105 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं।

मानविकी प्रभाग (अफ्रो–एशियाई और यूरोपीय भाषाएं)

पुस्तकालय में फ्रेंच, जर्मन, पुर्तगीज, रूसी और स्पेनी भाषाओं की दुर्लभ पुस्तकें उपलब्ध हैं। उर्दू, अरबी, फारसी जैसी प्राच्य भाषाओं और अन्य भारतीय भाषाओं की भी पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हैं और इनकी काफी मांग होती है। भारतीय और विदेशी विद्वान इन दुर्लभ पुस्तकों का उपयोग करते हैं।

एक्जिम बैंक – जेएनयू अर्थशास्त्र पुस्तकालय

जेएनयू अर्थशास्त्र पुस्तकालय – एक्जिम बैंक – की स्थापना जुलाई, 2000 में जेएनयू पुस्तकालय के भाग के रूप में हुई थी। यह पुस्तकालय लघु शैक्षिक परिसर में प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच स्थित है। इस पुस्तकालय में सामाजिक विज्ञान संस्थान और अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के शोध छात्रों और शिक्षकों के उपयोग के लिए 8957 से अधिक पुस्तकें और 56 पत्रिकाओं के 2270 पुराने भाग उपलब्ध हैं।

वेब–ओपेक

पुस्तकालय अपने प्रचालन में डिजिटल पुस्तकालय प्रौद्योगिकी अपना रहा है। पुस्तकालय ने अपना वेब–ओपेक (आन लाईन लाइब्रेरी कैटलाग) शुरू किया है, जिससे विश्व में कहीं भी सर्च किया जा सकता है। फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, अरबी, फारसी, उर्दू, हिंदी आदि की भाषायी पुस्तकों सहित जेएनयू पुस्तकालय की सभी पुस्तकों को जेएनयू पुस्तकालय के वेब ओपेक से सर्च किया जा सकता है। वेब ओपेक जेएनयू वेबसाइट के पुस्तकालय पेज पर स्थापित है।

पुस्तकालय स्टॉफ की संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रतिभागिता :

- कृष्ण गोपाल ने अप्रैल, 2008 में गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित "सार्क : प्रॉब्लम्स ऐंड प्रास्पेक्ट्स" विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।
- सोमेश ने 18 अगस्त, 2008 को इनफलिबनेट द्वारा जेसीसीसी के लिए बंगलौर में आयोजित "रिसोर्स शेयरिंग" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
- कृष्ण गोपाल ने 4–5 सितम्बर, 2008 को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित "पॉलिटीकल डिवलपमेंट इन भूटान" विषयक संगोष्ठी में भाग लिया तथा आलेख प्रस्तु किया।
- कृष्ण गोपाल ने 4से नवम्बर, 2008 तक करुन्या विश्वविद्यालय, कोयंबटूर में आयोजित "नालेज लाइब्रेरी ऐंड इंफॉर्मेशन नेटवर्किंग" विषयक एनएसीएलएलआईएन 2008 सम्मेलन में भाग लिया।
- हर्षबाला और एन.के. उप्पल ने 12 से 15 नवम्बर, 2008 तक टीआईएसएस, मुम्बई में आयोजित आईएलए सम्मेलन में भाग लिया।
- कृष्ण गोपाल ने 2 से 4 दिसम्बर, 2008 तक लंदन में आयोजित "नॉलेज अबाउट द आनलाइन इंफॉर्मेशन फॉर मॉडर्न लाइब्रेरी" विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
- शशि और अमर ने 3 से 6 दिसम्बर, 2008 तक लाइब्रेरियंस कल्चरल फोरम और दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली द्वारा केन्द्रीय पुस्तकालय, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित "डिजिटाइजेशन ऐंड डिजिटल लाइब्रेरी यूजिंग डी स्पेस" विषयक कार्यशाला में भाग लिया।
- एस. मूर्ति और सोमेश ने 24 से 27 फरवरी, 2009 तक इनफलिबनेट, अहमदाबाद द्वारा पाण्डीचेरी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केलिबर 2009 में भाग लिया।

विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र ने वैज्ञानिक उपस्करों की डिजाइन, विकास, और मरम्मत से संबंधित 243 कार्य किए। इनमें से अधिकतर कार्य मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कारपेन्ट्री और इलेकट्रोनिक क्षेत्र से संबंधित थे।

उपकरणों का निर्माण

विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र की डिजाइन और निर्माण सुविधा का उपयोग विभिन्न विज्ञान संस्थानों के शोधार्थियों द्वारा किया गया तथा उनके लिए कई उपकरणों तथा उपकरणों के पार्ट्स का निर्माण भी किया गया।

विश्वविद्यालय के कंप्यूटरों का अनुरक्षण

विश्वविद्यालय का कंप्यूटर अनुरक्षण प्रकोष्ठ लगभग 3000 कंप्यूटरों और इनसे संबंधित पेरिफेरल्स मुख्यतः प्रिंटर, यूपीएस और स्केनर तथा विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों को दिए गए कंप्यूटरों के हार्डवेयर का अनुरक्षण कार्य कर रहा है।

अतिथि व्याख्यान

समीक्षाधीन अवधि के दौरान उच्च यंत्रीकरण सुविधा, विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र के निदेशक शतेन्द्र कुमार शर्मा ने निम्नलिखित व्याख्यान दिए :

- 30 मार्च, 2009 को उच्च यंत्रीकरण सुविधा, जेएनयू में आयोजित सीएसआईआर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में "स्केनिंग ट्यूनलिंग माइक्रोस्कॉपी" विषयक व्याख्यान दिया।
- 30 मार्च, 2009 को उच्च यंत्रीकरण सुविधा, जेएनयू में आयोजित सीएसआईआर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में "एक्स–रे स्पेक्ट्रोस्कॉपी" विषयक व्याख्यान दिया।
- 13 मार्च, 2009 को एसएलआईईटी (पंजाब) में आयोजित "इमर्जिंग ट्रेंड्स इन केमिकल एनालिसिस ऐंड सिंथेसिस" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "रिसेंट ट्रेंड्स इन केमिकल एनालिसिस यूजिंग एक्स–रेज" शीर्षक व्याख्यान दिया।
- 21 से 23 नवम्बर, 2008 तक आईएचबीटी, पालमपुर में आयोजित "एनालिटीकल साइंस, एनालिटीकल इनोवेशंस फॉर प्रोसस ऐंड टेक्नोलॉजी डिवलपमेंट" विषयक संगोष्ठी में "रिसेंट ट्रेंड्स इन इलेक्ट्रान माइक्रोस्कॉपी" शीर्षक व्याख्यान दिया।

उच्च यंत्रीकरण सुविधा

उच्च यंत्रीकरण सुविधा एक विशेषकृत प्रयोगशाला है। इसमें 15 आधुनिकतम उपकरण हैं। इसकी स्थापना भौतिक, पर्यावरणीय, जीव, सम्बद्ध और अन्तरविषयात्मक विज्ञानों के क्षेत्र में शोध के लिए एक ही स्थान पर सभी एनालिटीकल उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यह जेएनयू के जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, पर्यावरण विज्ञान संस्थान, सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, जीवन विज्ञान संस्थान, भौतिक विज्ञान संस्थान, आणविक चिकित्साशास्त्र विशेष केन्द्र और सामाजिक विज्ञान संस्थान (भौतिक शोध के क्षेत्र में) के कुछ शोध में भी, के साथ–साथ दिल्ली और दिल्ली से बाहर के शैक्षिक शोध संस्थानों तथा निजी कंपनियों/उद्योगों को अन्तर विषयात्मक शोध सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

उच्च यंत्रीकरण सुविधा में उपलब्ध उपकरण

- टीईएम (जेओल) 2100 एफ, एसईएम (जैडईआईएसएस) ईवीओ 40, लेजर कंफोकल माइक्रोस्कॉप (ओलम्पस एफबी 1000), फ्लो साइटोमीटर और सेल सॉर्टर (डेको), ईडीएक्सआरएफ (पेनालिटीकल), रमन (वेरियन) के साथ एफटीआईआर, जीसीएमएमएस मास स्पेक्ट्रोमीटर (शिमात्जु), कैपिलरी इलेक्ट्रोफोरेसिस (एजिलेंट), एक्सआरडी (पाउडर), (पेनालिटीकल), एक्सआरडी प्रोटीन और मैक्रोकोलक्यूल्स (ब्रुकर), डब्ल्यूडीएक्सआरएफ (ब्रुकर), स्टॉप फ्लो (एप्लाइड फोटोफिजिक्स) के साथ सीडी, लिक्विड नाइट्रोजन प्लांट (स्टर्लिंग), टाइम रिजाल्वड फ्लोरसेंस/ल्युमिनिसेंस स्पेक्ट्रोमीटर (एडिनबर्ग), सर्फेस प्लाजमोन रिजोनेंस स्पेक्ट्रोमीटर (आटोलैब एसप्रिट)

उच्च यंत्रीकरण सुविधा निम्नलिखित सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया में है :

- एमएमआर 500 एमएचजेड (ब्रुकर), मास स्पेक्ट्रोमेट्री फेसिलिटी, लाइव इमेजिंग फेसिलिटी, पीपीएमएस (फीजीकल प्रोपटी मेजरमेंट सिस्टम)

इस समय उच्च यंत्रीकरण सुविधा उच्च यंत्रीकरण सुविधा के प्रयोक्ताओं के साथ–साथ दो मुख्य प्रशिक्षण गतिविधियों को तकनीकी और बौद्धिक सहायता उपलब्ध करा रहा है :

- इस सुविधा के प्रयोक्ताओं को तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराता है। उपकरणों पर विश्लेषणों के बारे में बताता है तथा बौद्धिक सहायता उपलब्ध कराता है। प्रयोग के परिणामस्वरूप उपलब्ध डाटाओं का विश्लेषण करके बताता तथा प्रयोक्ताओं के लिए भविष्य के प्रयोगों के लिए डिजाइन तैयार करता है।
- यह उच्च यंत्रीकरण सुविधा में उपलब्ध उपकरणों के लिए प्रशिक्षित/दक्ष मानव शक्ति तैयार करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए अन्य प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और उद्योगों के शोध विद्वानों, छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए उच्च यंत्रीकरण सुविधा में इन उपकरणों के अनुप्रयोग के बारे में अल्पावधि के कोर्स/कार्यशालाएं/संगोष्ठियाँ/वार्ताएं/ट्यूटोरियल्स/प्रशिक्षण आदि आयोजित किए जाते हैं।
- उच्च यंत्रीकरण सुविधा के वर्तमान स्टाफ सदस्यों को इन उपकरणों के अनुप्रयोग के बारे में नवीनतम विकास और अद्यतन के विषय में प्रशिक्षित करता है।

तकनीकी और बौद्धिक सहयोग

- इन उपकरणों पर प्रयोक्ताओं को विश्लेषणों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराकर इस सुविधा के प्रयोक्ताओं को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता है।
- प्रयोगों के परिणामस्वरूप उपलब्ध डाटाओं का विश्लेषण करके बताता है तथा प्रयोक्ताओं के लिए भविष्य के प्रयोगों के लिए डिजाइन तैयार करता है।
- सुविधा को सुचारू रूप से चलाने तथा सभी प्रयोक्ताओं के लिए प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित करने में मदद करता है।

शैक्षिक गतिविधियाँ

